भारत की प्रथम महिला शासिका रजिया सुल्तान को उसके विद्रोही सेनापति मलिक इख्तियार-उद-दीन अल्तुनिया ने बठिंडा के किले में कैद किया था। रजिया सुल्तान सल्तनत काल के गुलामवंशी शासक इल्तुतमिश की पुत्री थी। रजिया का शासनकाल 1236 ई0 से 1240 ई0 तक रहा है।

**49.** (a)
मध्यकालीन सूफी परम्परा के संदर्भ में 'वली' शब्द का अर्थ संत होता है। सूफी मत का बुनियादी सिद्धान्त प्रेम है। सूफी सिलसिला इस्लाम की ही एक परम्परा है।

**50.** (a)
कांग्रेस का विशेष अधिवेशन मार्च, 1931 ई. में सरदार बल्लभ भाई पटेल की अध्यक्षता में कराची में हुआ था। कराची अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज' के साथ गाँधी-इरविन पैक्ट को स्वीकार कर लिया गया। इस अधिवेशन में 'मौलिक अधिकार और कर्तव्य' शीर्षक प्रस्ताव भी स्वीकार किया गया। इसी समय गाँधी ने कहा था कि, ''गाँधी मर सकते है, परन्तु गाँधीवाद नहीं।''

**51.** (b)
स्वराज पार्टी की स्थापना 1 जनवरी, 1923 को देशबंधु चितरंजन दास तथा पं. मोतीलाल नेहरू ने की। इस पार्टी का प्रथम अधिवेशन इलाहाबाद (प्रयागराज) में सम्पन्न हुआ, इसके अध्यक्ष सी.आर. दास तथा महासचिव मोतीलाल नेहरू बनाये गये। जिसमें इसका संविधान और कार्यक्रम निर्धारित किया गया। इस दल के निम्नलिखित उद्देश्य थे–

(1) भारत को स्वराज दिलाना।

(2) विधान परिषदों में प्रवेश कर असहयोग कार्यक्रम को अपनाना और असहयोग आंदोलन को सफल बनाना।

(3) सरकार की नीतियों का घोर विरोध कर उसके कार्यों में अड़ंगा लगाना जिससे सरकार अपनी नीतियों में परिवर्तन के लिए विवश हो जाए।

**52. (c)**

| **स्थान/शहर** | **अवस्थिति (अक्षांशीय)** |
|---|---|
| ढाका शहर | 23.8103° N |
| इस्लामाबाद शहर | 33.6844° N |
| एवरेस्ट पर्वत | 27.9881° N |
| नई दिल्ली | 28.7041° N |
| अमरनाथ गुफा | 34.2157° N |

उपर्युक्त के आधार पर स्पष्ट है कि नई दिल्ली की अक्षांशीय अवस्थिति और एवरेस्ट की अक्षांशीय अवस्थिति में $\approx 1°$ का अंतर है।

**53. (b)**

| **दर्रें** | **राज्य** |
|---|---|
| रोहतांग | हिमाचल प्रदेश |
| लिपुलेख | उत्तराखण्ड |
| बोमडिला | अरुणाचल प्रदेश |
| नाथूला | सिक्किम |



Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**54. (b)**

भारत की प्रमुख झीलें–

| **झील** | **स्थिति** |
|---|---|
| अष्टमुडी झील | केरल |
| कोलेरू झील | आंध्र प्रदेश |
| लोकटक झील | मणिपुर |
| लोनार झील | महाराष्ट्र |

**55. (b)**

कॉफर बाँध ऐसा अस्थाई बाँध है जिसे जलीय क्षेत्र में काफी बड़े क्षेत्र का निर्माण कार्य हेतु जल रहित करने के लिए बनाया जाता है। इसका प्रयोग किसी नदी या झील पर पुल आदि बनाने के लिए पिलर ढालने या बनाने हेतु चुने हुए स्थान से पानी निकालने के लिए किया जाता है।

**56.** (c)

भारतीय संविधान के भाग 7 के अन्तर्गत राज्यों की श्रेणियों का उल्लेख था लेकिन 7 वें संविधान संशोधन, 1956 द्वारा इसे निरसित कर दिया गया।

केन्द्रशासित क्षेत्र का उल्लेख भाग 8 (VIII) के अन्तर्गत अनुच्छेद 239 से अनुच्छेद 242 तक में।

पंचायतों का उल्लेख भाग 9 के अन्तर्गत अनुच्छेद 243 से अनुच्छेद 243 (क-ण) तक में।

**57.** (d)

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 338 B (1) में कहा गया है कि 'सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए एक आयोग होगा जिसे राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के रूप में जाना जाएगा'।

102वां संविधान संशोधन अधिनियम, 2018 में इस आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया है।

**58.** (d)

लोकसभा की बहस हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में मुद्रित होती है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद-120 में कहा गया है कि संसद का कार्य हिन्दी में या अंग्रेजी में किया जाएगा परन्तु यथास्थिति लोकसभा अध्यक्ष या राज्यसभा अध्यक्ष (सभापति) किसी सदस्य को जो हिन्दी में या अंग्रेजी में अपनी अभिव्यक्ति नहीं कर पाता उसकी मातृभाषा में सदन को संबोधित करने की अनुमति दे सकता है।

**59.** (b)

**अनुच्छेद 140**- उच्चतम न्यायालय की आनुषांगिक शक्तियां।

**अनुच्छेद 143** - उच्चतम न्यायालय से परामर्श करने की राष्ट्रपति की शक्ति।

**अनुच्छेद 138** - उच्चतम न्यायालय की अधिकारिता की वृद्धि

**अनुच्छेद 150** - संघ के और राज्यों के लेखाओं का प्रारूप

**60.** (b)

भारत के संविधान में सातवां संशोधन 1956 भाषा के आधार पर भारतीय राज्यों के पुनर्गठन को संवैधानिक रूप से बदलने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ पारित किया गया था।

**61. (b)**

भारतीय संविधान के अनुच्छेद-148 के तहत भारत का एक नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक होगा जिसकी नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी और उसे उसके पद से केवल उसी रीति से और उन्हीं आधारों पर हटाया जाएगा जिस रीति से और जिन आधारों पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को हटाया जाता है। इसका कार्यकाल 6 वर्ष की अवधि या 65 वर्ष की आयु जो भी पहले हो तक होता है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को 'राष्ट्रीय वित्त' का संरक्षक भी कहा जाता है। वह देश की समस्त वित्तीय प्रणाली पर नजर रखता है तथा कार्यपालिका के वित्तीय आदान-प्रदान का औचित्य तथा अनौचित्य तय करता है।

**62. (b)**

भारत में प्रथम बार वैज्ञानिक तरीके से राष्ट्रीय आय की गणना करने वाले प्रमुख अर्थशास्त्री विजयेन्द्र कस्तूरी रंगा वरदराजा राव (V.K.R.V Rao) थे।

$\Rightarrow$ जगदीश एन. भगवती एक भारतीय अर्थशास्त्री हैं। इन्हें अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में अनुसंधान के लिए जाना जाता है भारत सरकार ने इन्हें वर्ष 2000 में 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया था।

**63. (b)**

दुनिया के सभी देशों का सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक आधार पर एक दूसरे से जुड़ना वैश्वीकरण कहलाता है। वर्ष 1991 में आर्थिक सुधार को अपनाकर भारतीय अर्थव्यवस्था को विश्व के लिए खोला गया। वैश्वीकरण के तहत देशों के बीच आर्थिक दूरियां कम हो जाती है और आवागमन की सभी तरह की रूकावटें समाप्त कर दी जाती हैं या न्यूनतम कर दी जाती हैं। इसमें सरकार द्वारा आर्थिक संबंधों को अन्य देशों के अनुरूप सुदृढ़ किया जाता है।

**64.** (a)

प्रधान उधार दर (PLR- Prime Lending Rate) वह ब्याज दर है जो वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अपने सबसे अधिक क्रेडिट वाले ग्राहकों से वसूल की जाती हैं।

**65.** (c)

'NPCI' नेशनल पेमेंट्स कार्पोरेशन ऑफ इंडिया का संक्षिप्त रूप है। यह भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा स्थापित एक निगम है, जिसे भारत में विभिन्न खुदरा भुगतान प्रणालियों के लिए एक मातृ संस्था के रूप में मान्यता मिली है। इसकी स्थापना वर्ष 2008 में हुई थी।

**66. (c)**

राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन (NHM) 15 अगस्त, 2021 को शुरु किया गया था। राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन का प्रस्ताव 2021 के बजट में ''हरित ऊर्जा स्रोतों से'' हाइड्रोजन के उत्पादन को सक्षम बनाने के लिए किया गया था। एक किलोग्राम हाइड्रोजन के दहन से एक किलोग्राम गैसोलीन की तुलना में तीन गुना अधिक अर्थ उत्पन्न होती है।

**67. (c)**

ग्रामीण बेरोजगारी, भूख और गरीबी से निजात पाने के लिए केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना का शुभारम्भ तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 2 फरवरी, 2006 को आन्ध्र प्रदेश के अनन्तपुर जिले से किया। वर्ष 2009 में 'राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम (NREGA) जो कि 2005 में बना था, का नाम औपचारिक रूप से 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम' (MNREGA) करने का प्रावधान किया गया। यह योजना प्रत्येक वर्ष किसी भी ग्रामीण परिवार के उन वयस्क सदस्यों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराती है, जो प्रतिदिन 220 रूपये की मजदूरी पर सार्वजनिक कार्य संबंधी अकुशल श्रम करने को तैयार रहते हैं।

**68.** (a)

भारत के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन को अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार वर्ष 1998 में प्रदान किया गया। उन्हें भारत सरकार द्वारा वर्ष 1999 में 'भारत रत्न' से भी नवाजा गया। श्री अमर्त्य सेन हावर्ड विश्वविद्यालय, ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, तथा दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में प्राध्यापक भी रहे हैं।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**69.(c)**
जवाहर लाल नेहरू पुरस्कार भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला एक अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार है, जिसकी शुरूआत वर्ष 1965 में की गयी। यह पुरस्कार दुनिया के लोगों के बीच अन्तर्राष्ट्रीय समझदारी, सद्भावना और मैत्री को बढ़ावा देने के लिए दिया जाता है। सर्वप्रथम यह पुरस्कार म्यांमार के राजनयिक यू. थांट को वर्ष 1965 में दिया गया था। यह पुरस्कार भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् द्वारा दिया जाता है।

**70.(c)**
ओलम्पिक खेल विश्व का सबसे बड़ा खेल आयोजन हैं। इसके छः प्रमुख स्तम्भों में ओलम्पिक रिंग या छल्ले हैं, ये पाँच प्रमुख महाद्वीपों-एशिया, यूरोप, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका को दर्शाते है। इन छल्लों को 'पियरे डी कोबर्टिन' ने डिजाइन किया था, जिन्हें आधुनिक ओलंपिक्स गेम्स का सह-संस्थापक माना जाता है। इनको सार्वजनिक रूप से पहली बार वर्ष 1913 में प्रस्तुत किया गया था। अन्य पाँच स्तम्भ हैं – ओलम्पिक ध्वज, ओलम्पिक शुभंकर, ओलम्पिक मशाल, ओलम्पिक मोटो।

**71. (c)**
हमारे देश की सबसे प्राचीन भाषा संस्कृत है। यह विश्व की सबसे प्राचीन भाषा है। इसे देववाणी अथवा सुरभारती भी कहा जाता है। संस्कृत में वैदिक धर्म से संबंधित लगभग सभी धर्मग्रन्थ लिखे गये हैं। बौद्ध धर्म तथा जैन धर्म के भी कई महत्वपूर्ण ग्रन्थ संस्कृत में लिखे गये हैं। आज भी हिन्दू धर्म के अधिकतर यज्ञ और पूजा संस्कृत में ही होती है। डॉ. भीम राव अम्बेडकर का मानना था कि संस्कृत पूरे भारत की भाषाई एकता के सूत्र में बांध सकने वाली इकलौती भाषा हो सकती है। अतः इसे देश की आधिकारिक भाषा बनाने का सुझाव दिया था। भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में संस्कृत को भी सम्मिलित किया गया है। यह उत्तराखण्ड की द्वितीय राजभाषा है।

**72.** (a)
नवीनतम पुस्तकें एवं लेखक–

| **पुस्तक** | | **लेखक** |
|---|---|---|
| द इकाबॉग | – | जे.के. रॉउलिंग |
| हाऊ टू बी ए राईटर | – | रस्किन बॉन्ड |
| योर बेस्ट डे इज टुडे | – | अनुपम खेर |
| अमेजिंग अयोध्या | – | नीना राय |
| स्वच्छ भारत क्रांति | – | गजेन्द्र सिंह शेखावत एवं स्मृति ईरानी |

**73.(a)**
श्रीलंका भारत के दक्षिण में स्थित एक द्वीपीय देश है। पाक जलडमरूमध्य इसे भारत से अलग करता है। इसके पश्चिम में मन्नार की खाड़ी व दक्षिण में हिंद महासागर स्थित है। श्रीलंका की पहली आधिकारिक भाषा सिंहली है तथा वर्तमान में तमिल और अंग्रेजी भी है। 'कोलंबो' (पूर्व राजधानी) श्रीलंका की आर्थिक राजधानी होने के साथ सबसे बड़ा नगर भी है। इसकी वर्तमान राजधानी 'श्री जयवर्द्धनेपुरा कोटे' है।

**74. (c)**
महान वैज्ञानिक सीवी रमन द्वारा खोजा गया रमन प्रभाव फोट्रान कणों के लचीले वितरण के बारे में है। यह खोज 28 फरवरी, 1928 को कोलकता में हुई तथा इसके लिए उन्हें वर्ष 1930 में नोबल पुरस्कार मिला।

**75. (d)**
प्रेरण कुंडली कम वोल्टता वाले स्रोत से उच्च वोल्टता प्राप्त करने वाली एक युक्ति है। प्रेरण कुंडली का आविष्कार वर्ष 1836 में निकोलस कालन द्वारा किया गया।

**76.(c)**

$$A = P\left(1+\frac{R}{100}\right)^2\left(1+\frac{\frac{5}{7}R}{100}\right)$$

$$= 10000\left(1+\frac{14}{100}\right)^2\left(1+\frac{\frac{5}{7}\times 14}{100}\right)$$

$$= 10000\times\frac{57}{50}\times\frac{57}{50}\times\frac{11}{10}$$

$= 14296$ रु. (निकटतम)

$C.I. = A - P = 14296 - 10000 = 4296$ रु.

**77.**(c)

2 वर्ष के लिए CI तथा SI में अन्तर $= P\left(\frac{R}{100}\right)^2$

$$160 = 25000\left(\frac{R}{100}\right)^2$$

$$R^2 = \frac{160\times 100\times 100}{25000}, \quad R = 8\%$$

**78.** (b)
त्रिभुज ABC में,

$AB = AC$

त्रिभुज का परिमाप $P = a + b + c$

$$8(2+\sqrt{2}) = a + a + \sqrt{2}a$$

$$8(2+\sqrt{2}) = a\times\left(2+\sqrt{2}\right)$$

$\therefore \quad \boxed{a = 8}$




ऊँचाई $\quad h = \sqrt{a^2 - \frac{a^2}{2}} = \sqrt{\frac{a^2}{2}}$

$\Delta ABC$ का क्षे0 $= \frac{1}{2}\times$ आधार $\times$ ऊँचाई

$$= \frac{1}{2}\times\sqrt{2}a\times\sqrt{\frac{a^2}{2}}$$

$$= \frac{a^2}{2} = \frac{8^2}{2} = \frac{64}{2}$$

$= 32 cm^2$

**79. (a)**

त्रिज्यखण्ड का क्षेत्रफल $= \frac{\theta}{360}\times\pi r^2 = \frac{150}{360}\times\frac{22}{7}\times 21\times 21$

$$= \frac{5}{12}\times 22\times 63 = \frac{6930}{12} = \boxed{577.5 cm^2}$$



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**80.** (a)
दिए गए बार ग्राफ से,
स्कूल B में लड़कों और लड़कियों की कुल संख्या का योग

$B + G = 2600$ __________ (1)

स्कूल B में लड़कों और लड़कियों की संख्या का अन्तर

$B - G = 520$ __________ (2)

समीकरण (1) तथा (2) से-

$B = 1560$

अभीष्ट अनुपात $= \frac{1560}{2600} = \frac{3}{5}$

अतः स्कूल B में लड़कों की संख्या, उस स्कूल में विद्यार्थियों की कुल संख्या का $\frac{3}{5} \times 100 = 60\%$ है।

**81.**(c)
प्रश्नगत बार ग्राफ से,
स्कूल E में लड़कों और लड़कियों की कुल संख्या

$B + G = 2800$ ______ (1)

स्कूल E में लड़कों और लड़कियों की संख्या का अन्तर

$B - G = 700$ ________ (2)

समी. (1) तथा (2) से

$B = 1750$

और $G = 1050$

अतः स्कूल E में लड़कों की संख्या तथा लड़कियों की संख्या का अनुपात $= \frac{1750}{1050} = 5:3$

**82. (d)**
प्रश्नानुसार,

भाजक $= 3 \times$ शेषफल $= 3 \times 40 = 120$

भाजक $= 15 \times$ भागफल

भागफल $= \frac{\text{भाजक}}{15} = \frac{120}{15} = 8$

$\because$ भाज्य $=$ भाजक $\times$ भागफल $+$ शेषफल

$= 120 \times 8 + 40 = 960 + 40 = 1000$

$\therefore$ भाज्य $= 1000$

**83.** (b)
$(a^n - b^n)$, $(a + b)$ तथा $(a - b)$ से विभाजित होगा। यदि n एक सम संख्या है।

$(2^3)^6 - (1^3)^6$

$8^6 - 1^6$ (यहाँ, n = 6 एक सम संख्या है।)

$n = (8 - 1)(8 + 1)$

$n = 7, 9$ (अतः यहाँ 7 से विभाज्य है।)

**84. (c)**

$$0.001040 = \frac{0.00104 \times 100000}{100000} = \frac{104}{100000}$$

**85. (d)**

$5 - [96 \div 4 \text{ of } 3 - (16 - 55 \div 5)]$

$5 - [96 \div 12 - (16 - 55 \div 5)]$

$5 - [8 - (5)]$

$5 - 3 = 2$

**86. (c)**
12 संख्याओं का योग $= 12 \times 42 = 504$
अन्तिम 5 संख्याओं का योग $= 40 \times 5 = 200$
पहली 4 संख्याओं का योग $= 44 \times 4 = 176$
माना 6वीं संख्या x है।
5वीं संख्या $= x + 6$
7वीं संख्या $= x + 5$
प्रश्नानुसार,

$176 + x + 6 + x + x + 5 + 200 = 504$

$3x + 387 = 504$

$3x = 117$

$x = 39$

अतः 5वीं और 7वीं संख्या का औसत $= \frac{45 + 44}{2} = 44.5$

**87. (d)**
पाँच संख्याओं का कुल योग $= 5 \times 612 = 3060$
प्रथम दो संख्याओं का योग $= 2 \times 418 = 836$
अंतिम दो संख्याओं का योग $= 2 \times 521 = 1042$
$\therefore$ तीसरी संख्या $= 3060 - (836 + 1042)$
$= 3060 - 1878 = 1182$

**88. (a)**
माना संख्याएं A, B तथा C है
प्रश्नानुसार,

$A + B + C = 280$

$A : B = 2 : 3$

$B : C = 4 : 5$

$\therefore$ $A : B : C = 8 : 12 : 15$

$\Rightarrow 35x = 280$

$x = 8$

अतः दूसरी संख्या $= 12 \times 8 = 96$

**89. (a)**

$$\frac{12 + x}{28 + x} = \frac{21 + x}{45 + x}$$

$12 \times 45 + 12x + 45x + x^2 = 28 \times 21 + 28x + 21x + x^2$

$57x - 49x = 28 \times 21 - 12 \times 45$

$8x = 588 - 540$

$x = \frac{48}{8}$

$x = 6$

मध्यानुपाती $= \sqrt{(x+3) \times (4x+1)}$

$= \sqrt{9 \times 25}$

$= 15$

**90. (b)**
माना संख्या x जोड़ी जाए–
प्रश्नानुसार,

$$180 \times 15 \times \frac{1}{100} + x = 360 \times 20 \times \frac{1}{100}$$

$27 + x = 72$

$\boxed{x = 45}$

**91. (b)**
माना संख्याएँ क्रमशः 20, 30 व 50 हैं।

$\therefore$ नया अनुपात $= 20 \times \frac{120}{100} : 30 \times \frac{140}{100} : 50 \times \frac{160}{100}$

$= 24 : 42 : 80$

$= 12 : 21 : 40$



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**92. (c)**

$$A = P\left(1+\frac{R_1}{100}\right)\left(1-\frac{R_2}{100}\right)$$

$$11050 = P\left(1+\frac{30}{100}\right)\left(1-\frac{15}{100}\right)$$

$$11050 = P\times\frac{13}{10}\times\frac{17}{20}$$

P = 50 × 10 × 20 = 10000

**93. (b)**

यदि x वस्तुओं का क्रय मूल्य y वस्तुओं के विक्रय मूल्य के बराबर है, तो लाभ/हानि प्रतिशत

$$= \left(\frac{x-y}{y}\times 100\right)$$

$$= \frac{25-35}{35}\times 100$$

$$= \frac{-10\times 100}{35} = \frac{-200}{7}$$

$= -28.57$

= 28.57% हानि

**94. (d)**

38 SP = (38–6) CP

38SP = 32 CP = ₹ 2240

$$CP = \frac{2240}{32} = ₹70$$

**95. (b)**

$-8\% \xrightarrow{+18.5\%} 10.5\%$

∵ 18.5% = 92.50 रु.

∴ $112\% = \frac{92.5}{18.5}\times 112 = 560$ रु.

अतः उसे वस्तु 560 रु. पर बेचना चाहिए।

**96. (b)**

अंकित मूल्य (MP) = ₹550

विक्रय मूल्य (SP) = ₹ 470

दिया है,

∴ CP (100 + P) = MP (100 – D)

जहाँ CP = क्रय मूल्य

D = छूट %

P = लाभ %

CP (100 + 10) = 550 × (100 – 20)

CP × 110 = 550 × 80

CP = 400 रु.

∴ $\text{लाभ } \% = \frac{SP-CP}{CP}\times 100$

$$= \frac{70}{400}\times 100 = 17.5\%$$

**97. (a)**

25% और 5% का समतुल्य छूट%

$$= -25-5+\frac{(-25)\times(-5)}{100}$$

= –30 + 1.25

= –28.75%

= 28.75

अन्तर = 30 – 28.75

= 1.25%

अन्तर (रु. में) $= 2000\times\frac{1.25}{100} = 25$ रु.

**98. (c)**

ब्याज = मिश्रधन – मूलधन

= 7800 – 6000 = 1800

$$\text{ब्याज} = \frac{\text{मूलधन}\times\text{दर}\times\text{समय}}{100}$$

$$1800 = \frac{6000\times R\times 4}{100} \Rightarrow R = 7.5\%$$

प्रश्नानुसार,

$$\text{ब्याज} = \frac{6000\times 10\times 4}{100} = 2400$$

अभीष्ट राशि = (6000 + 2400) = ₹8400

**99. (d)**

5 वर्ष में राशि = ₹500

7 वर्ष में राशि = ₹600

2 वर्ष के लिए साधारण ब्याज = 600 – 500

= ₹ 100

∴ 5 वर्ष का साधारण ब्याज $= \frac{100\times 5}{2} = 50\times 5$

= ₹ 250

∵ मूलधन = राशि – साधारण ब्याज

= 500 – 250

= ₹ 250

**100. (b)**

माना प्रारम्भ में इंजीनियरों की संख्या = x

2 वर्ष में इंजीनियरों की संख्या $= 2^1 x$

4 वर्ष में इंजीनियरों की संख्या $= 2^2 x$

इसी प्रकार इंजीनियरों की संख्या $1024x = 2^{10}x$

20 वर्ष में हो जाएगा।

**101. (a)**

माना C का निवेश = x रु.

B का निवेश = (x + 6000) रु.

और A का निवेश = (x + 6000) + 5000 = (x + 11,000) रु.

अतः

x + x + 6000 + x + 11000 = 53000

3x = 53000 – 17000

x = 12,000

निवेश का अनुपात,

| A | : | B | : | C |
|---|---|---|---|---|
| 23000 | : | 18000 | : | 12000 |
| 23 | : | 18 | : | 12 |

अतः A का हिस्सा $= \frac{23\times 31800}{53} = 600\times 23 = ₹13,800$

**102. (b)**

अम्ल : जल = 6 : 1 = 6x : x

प्रश्नानुसार,

$$\frac{6x}{x+12} = \frac{3}{2}$$

12x = 3x + 36

9x = 36

$\boxed{x = 4}$

प्रारम्भिक मिश्रण में जल की मात्रा x = 4 लीटर



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**103. (b)**

X = 15 → 6
Y = 30 → 3 → 90
X+Y+Z = 9 → 10

Z का एक दिन का काम = 10 – (6+3) = 1 यूनिट

Z अकेला पूरे काम को करेगा = $\frac{90}{1} = 90$ दिन

**104. (d)**

(A + B + C) के द्वारा किया गया कुल कार्य

$= 16 \times 35 = 560$

(A + B) द्वारा 28 दिन में किया गया कुल कार्य

$= 28 \times 12 = 336$

शेष कार्य को C द्वारा पूरा करने में लगा समय

$= \frac{560 - 336}{4} = \frac{224}{4} = 56$ दिन

**105.** (a)

P द्वारा काम को पूरा करने में लगा समय = 10 दिन

तथा Q द्वारा काम को पूरा करने में लगा समय = 5 दिन

∵ Q द्वारा 2 दिन में किया गया काम $= \frac{2}{5}$ भाग

∴ शेष काम $= 1 - \frac{2}{5} = \frac{3}{5}$ भाग

∴ P द्वारा काम का $\frac{3}{5}$ भाग पूरा करने में लगा समय

$= 10 \times \frac{3}{5} = 6$ दिन

**106. (c)**

रघु = 16 → 3 → 48
रघु+सहयोगी=12 → 4

कार्य क्षमता = रघु : सहयोगी = 3 : 1

तो सहयोगी के पारिश्रमिक का अंश = $8400 \times \frac{1}{4} =$ ₹2100

**107. (a)**

चाल $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} = \frac{800\,m}{96\,sec} = \frac{25}{3} m/sec = \frac{25}{3} \times \frac{18}{5}$

चाल = 30 km/h

**108. (c)**

आदमी की गति $= 45 km/h = 45 \times \frac{5}{18} = \frac{25}{2}$ m/s

तय दूरी = 225m

∴ दूरी तय करने में लगा समय $= \frac{\text{तय की गयी दूरी}}{\text{आदमी की गति}}$

$= \frac{225}{\left(\frac{25}{2}\right)} = \frac{450}{25}$

$= \frac{90}{5} = 18$ से.

**109. (b)**

माना ट्रेन की सामान्य चाल = V km/h

दूरी $= \frac{V \times (V+10)}{10} \times 2$

$400 = \frac{V(V+10)}{5}$

V (V+10) = 2000

= 40 × 50

V = 40 km/h

सा. समय $= \frac{400}{40} = 10$ घण्टे

**110. (d)**

माना शांत जल में नाव की चाल = x km/h

प्रश्नानुसार-

$\frac{13}{x+3} = \frac{7}{x-3}$

13x – 39 = 7x + 21

6x = 60

x = 10

समय $= \frac{44.8}{10} = \frac{448}{100} = \frac{112}{25} = 4\frac{12}{25}$ घण्टे

**111. (b)**

माना A की वर्तमान आयु 3x तथा B की वर्तमान आयु 5x वर्ष है।

प्रश्नानुसार,

$\frac{3x+5}{5x+5} = \frac{13}{20}$

60x + 100 = 65x + 65

5x = 35

x = 7

अतः B की वर्तमान आयु = 5x = 5 × 7 = 35 वर्ष

**112. (c)**

माना A की वर्तमान आयु 4x + 4 वर्ष तथा B की वर्तमान आयु 5x + 4 वर्ष है।

प्रश्नानुसार,

$\frac{4x+4+8}{5x+4+8} = \frac{11}{13}$

$\frac{4x+12}{5x+12} = \frac{11}{13}$

$52x + 156 = 55x + 132$

3x = 24

$\boxed{x = 8}$

अतः: A की वर्तमान आयु = 4x + 4 = 36 वर्ष

B की वर्तमान आयु = 5x + 4 = 44 वर्ष

A और B की वर्तमान आयु का कुल योग = 36 + 44

= 80 वर्ष



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**113.(d)**
कम्प्यूटर मानव जाति के महानतम नवाचारों में से एक है क्योंकि कम्प्यूटर ने मानव जाति को लाभान्वित किया है। अतः केवल निष्कर्ष 2 पालन करता है।

**114.** (a)
कथन से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष I ही अनुसरण करता है।

**115.** (d)
दिये गये कथन के अनुसार निष्कर्ष I और II दोनों उपयुक्त है।

**116.(b)**
जैविक खेती खेतों की उर्वरा शक्ति अधिक समय तक बनाये रखने में सहायक है क्योंकि इसमें पूर्णतः जैविक खादों का ही प्रयोग किया जाता है जो किसानों द्वारा घर पर ही गोबर अपशिष्ट आदि को सड़ाकर बनायी जाता है, इसलिए जैविक खेती किसानों के लिए अधिक लाभप्रद है। अतः धारणा (II) सही है जबकि धारणा (I) सही नहीं है।

**117.** (a)
कुल गेंदों की सं. = 10

कथनों के अनुसार –

(1) 3 लाल > 2 हरी

(2) 2 गुलाबी सबसे छोटी (> दो गुलाबी)

(3) 2 नीली सबसे बड़ी (< 2 नीली)

(4) हरी > पीली

अर्थात् 2 नीली > 3 लाल > 2 हरी > पीली > 2 गुलाबी = नीली > लाल > हरी > पीली > गुलाबी

अत: स्पष्ट है कि सभी कथन एक साथ पर्याप्त है।

**118. (a)**
प्रश्नानुसार, रक्त संबंध आरेख इस प्रकार है-




अतः आरेख से स्पष्ट है कि लड़के की माँ सुरेश की मौसी होगी।

**119. (a)**
प्रश्न के अनुसार आरेख बनाने पर,




आरेख से स्पष्ट है कि अखिल के पिता की माँ, सुप्रिया की दादी है।

**120.** (a)




अतः F का E से मामा का संबंध है।

**121.(d)**
प्रश्नानुसार,

| | |
|---|---|
| P → 8 | S → 4 |
| A → 3 | C → 9 |
| I → 5 | O → 0 |
| N → 2 , | R → 6 |
| T → 7 | E → 1 |

उपरोक्त कोडो का प्रयोग करने पर,

R → 6
E → 1
C → 9
E → 1
N → 2
T → 7

अतः RECENT = 619127

**122.** (b)
जिस प्रकार

VEIL → 2592

उसी प्रकार

MEET → 3550

नोट-यहाँ अक्षरों के स्थानों की संख्या के इकाई अंक को लिखकर कोड किया गया है।

**123.(b)**
जिस प्रकार लेखक को लिखने के लिए कलम की आवश्यकता होती है उसी प्रकार दर्जी को सिलाई करने के लिए सुई की आवश्यकता होती है।

**124.** (c)
शृंखला का क्रम इस प्रकार है–




अतः $? = QI_7$

**125.** (c)
जिस प्रकार Pediatrics (बाल चिकित्सा विद्या) के अंतर्गत Children (बच्चों) का इलाज किया जाता है उसी प्रकार Neurology (तन्त्रिका-विज्ञान) के अंतर्गत brain (मस्तिष्क) का इलाज किया जाता है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**126. (b)**

जिस प्रकार 'कार्डियोलॉजी' के अंतर्गत 'हृदय' का अध्ययन किया जाता है। उसी प्रकार 'नेफ्रोलॉजी' के अन्तर्गत 'वृक्क' का अध्ययन किया जाता है।

**127.(d)**

दिए गए शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार क्रम में व्यवस्थित करने पर,

Sparrow → Spit → Spoil → Sports → Spouse

स्पष्ट है कि बीच में आने वाला शब्द Spoil होगा।

**128. (a)**

जिस प्रकार,

Surat is a hot place → a hot is place Surat

तथा water vapour to air here → to air vapour here water

उसी प्रकार,

Shimla is a hill place → A hill is place Shimla

**नोट**-प्रथम एवं द्वितीय सांकेतिक के आधार पर, तीसरा सांकेतिक होगा।

**129.(c)**

तीन भुजाओं वाले बहुभुज को त्रिभुज कहते हैं लेकिन प्रश्न में त्रिभुज को 'वर्ग' कहा गया है।

अतः विकल्प (c) अभीष्ट उत्तर है।

**130.(d)**




वेन आरेख से स्पष्ट है कि सभी कारें, वाहन हैं।

अतः केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

**131. (b)**

दिए गए कथन से स्पष्ट है कि उद्घोषक प्रदर्शन को देख अभिभूत है। अत: केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

**132.(d)**

| विद्यार्थी | चश्मा पहने | रेड हाउस | ग्रीन हाउस | लंबा कद | छोटा कद |
|---|---|---|---|---|---|
| अनिल | ✓ | ✓ | × | × | ✓ |
| बिनु | × | ✓ | × | × | ✓ |
| चिराग | ✓ | × | ✓ | × | ✓ |
| देवी | ✓ | × | ✓ | ✓ | × |
| इवान | × | × | ✓ | × | ✓ |
| फराह | × | × | ✓ | ✓ | × |

ग्रीन हाउस के फराह लंबे कद का है और चश्मा नहीं पहना हुआ है।

**133. (b)**

ग्रीन हाउस का इवान छोटा कद का विद्यार्थी है और चश्मा नहीं पहना हुआ है।

**134.** (d)

प्रश्नानुसार–

| | | |
|---|---|---|
| H | तीरंदाजी | डेनमार्क |
| I | फुटबॉल | स्विट्जरलैंड |
| G | मुक्केबाजी | स्वीडन |
| J | वॉलीबॉल | फ्रांस |
| F | एथलेटिक्स | हंगरी |
| K | टेनिस | ग्रीस |
| L | राइफल शूटिंग | इग्लैंड |

I फुटबॉल में हिस्सा लेता है।

**135.(c)**

पेन, मार्कर तथा चॉक से लिखा जाता है जबकि पुस्तक से पढ़ा जाता है। अतः विकल्प (c) 'पुस्तक' असंगत है।

**136. (a)**

विकल्पों से,

$0 : 6 = 0 \times 2 + 4 = 4$ (असंगत)

$21 : 46 = 21 \times 2 + 4 = 46$ (संगत)

$12 : 28 = 12 \times 2 + 4 = 28$ (संगत)

$5 : 14 = 5 \times 2 + 4 = 14$ (संगत)

**137.(c)**

विकल्प (c) की आकृति में गुणा के चिह्न (×) के बजाय जोड़ का चिह्न (+) है जबकि अन्य आकृतियों में दिए गए चारों चिह्न समान है।

**138. (d)**

प्रश्नानुसार, बैठक-व्यवस्था निम्न प्रकार है–




उपरोक्त बैठक व्यवस्था में स्पष्ट है कि बीनी के बाएं ओर ईवा या फिन बैठी है।

चूँकि विकल्पों में 'फिन' का नाम 'नहीं' है। इसलिए ईवा, बीनी के बाएं बगल बैठ सकता है।

**139. (a)**

प्रश्नानुसार, बैठने का क्रम निम्नवत् है-




अतः स्पष्ट है कि $B_5$, $B_2$ के बाएँ ओर दूसरे स्थान पर है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**140.(b)**
पाँच मित्रों के बैठने का क्रम निम्न है-




अतः स्पष्ट है कि मध्य में B बैठा हुआ है।

**141.(c)**
5 1 7 9 9 7 5 7 9 8 7 8 7 9 5 7 9
अभीष्ट संख्या = 2

**142 (d)**
समान आकृति वाले समूह इस प्रकार हैं-
(8, 1, 4); (5, 2, 9); (7, 6, 3)

**143.(b)**
पुर्नव्यवस्थित करने पर–

| | | |
|---|---|---|
| OLENV | ⇒ | NOVEL (उपन्यास) |
| EISTSH | ⇒ | THESIS (लेख) |
| AGZEANIM | ⇒ | MAGAZINE (पत्रिका) |
| TCAYRIDION | ⇒ | DICTIONARY (शब्दकोष) |

THESIS के अतरिक्त अन्य सभी पुस्तकें हैं।

**144. (d)**
विद्यांशु के चलने का क्रम निम्न प्रकार है-




उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि अंत में विद्यांशु 'पश्चिम' दिशा की ओर चल रहा है।

**145.(a)**
मुकेश का पथ क्रम निम्न प्रकार है-




अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि अब मुकेश अपनी वास्तविक स्थिति से 'दक्षिण–पश्चिम' दिशा में होगा।

**146.** (a)
अल्बर्ट के चलने का क्रम निम्न प्रकार है–




∵ BD = 3 km और BD = FE
∴ FE = 3 km
∵ FB = 4 km और FB = DE,
∴ DE = 4 km
∵ (CE = CD + DE)
∴ CE = 12 km
और AE = 5 km , (AE = AB + FE)

$\therefore AC = \sqrt{AE^2 + CE^2}$

$\therefore AC = \sqrt{5^2 + 12^2}$

$\therefore AC = \sqrt{25 + 144}$

$\therefore AC = \sqrt{169} = 13 Km$

अर्थात् अल्बर्ट के घर से हवाई मार्ग द्वारा उसका कार्यालय 13 किमी. दूर है।

**147. (a)**
प्रश्नानुसार,
अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों को उल्टे क्रम में लिखने पर,




अतः स्पष्ट है, की 13वें अक्षर (N) और 25वें अक्षर (B) के बीच में 'H' अक्षर आयेगा।

**148.**(c)
P 3 R I M J 3 Q % W @ / N $ E 5 X Y 1# 8
उपरोक्त व्यवस्था में निम्न तीन ऐसे प्रतीक हैं जिनके तुरंत पहले एक अक्षर है, परन्तु बाद में एक संख्या नहीं है-
N $ E, W @ /, Q % W.
अत: विकल्प (c) सही है।

**149. (d)**
प्रश्न आकृति में विकल्प आकृतियों में से आकृति B तथा आकृति C का प्रयोग किया गया है। अतः विकल्प (d) सही है।

**150. (c)**
दिए गए वर्गों के समुच्चय के बीच सर्वाधिक उचित सम्बन्ध प्रदर्शित करने वाला वेन आरेख निम्न प्रकार है –






GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# PRACTICE SET - 2

## सामान्य हिन्दी

**निर्देश (प्रश्न संख्या 1 से 5) : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

**देश की हित-चिंता में जिसने शरीर पर थोड़े से वस्त्र रखना ही अपना कर्त्तव्य समझा और जो क्षीणकाय होकर भी महान् आत्मा का स्वामी था, उस मोहनदास करमचन्द्र गाँधी को हमारा नमस्कार हो। वही महात्मा था, वही राष्ट्रपिता था। नये भारत के निर्माण में जो कार्य उन्होंने किया, वह स्वर्णाक्षरों में लिखा हुआ है। उस महान् आत्मा की भौतिक देह पिस्तौल की गोलियों से 30 जनवरी, 1948 को समाप्त हो गई। सत्य, अहिंसा के पुजारी उस महात्मा को हमारा प्रणाम है। गाँधी जयन्ती गाँधी का जन्म दिवस है। यह प्रतिवर्ष 2 अक्टूबर को मनाया जाता है।**

**1. महान् आत्मा का स्वामी कौन है?**
(a) मोहनदास (b) करमचन्द
(c) मोहनदास करमचन्द गाँधी (d) इनमें से कोई नहीं

**2. 'गाँधी जयन्ती' कब मनाते हैं?**
(a) 30 जनवरी (b) 2 अक्टूबर
(c) 1948 (d) 1 अक्टूबर

**3. 'क्षीणकाय' का अर्थ है–**
(a) लम्बा शरीर (b) मोटा शरीर
(c) दुबला-पतला शरीर (d) चौड़ा शरीर

**4. सत्य और अहिंसा किसके हथियार थे?**
(a) नेहरू (b) नत्थूराम गोडसे
(c) सरदार पटेल (d) गाँधी जी

**5. गाँधीजी के द्वारा किये गये कार्य लिखे गये है-**
(a) इतिहास में (b) स्वर्णाक्षरों में
(c) संविधान में (d) पुस्तकों में

**6. प्रत्यक्ष के द्वारा अप्रत्यक्ष का चमत्कारपूर्ण वर्णन किस अलंकार का लक्षण है?**
(a) अनुमान (b) एकावली
(c) परिकर (d) कारणमाला

**7. जायसी किस धारा के कवि हैं?**
(a) प्रेममार्गी भक्ति धारा (b) कर्ममार्गी भक्ति धारा
(c) ज्ञानमार्गी भक्तिधारा (d) उक्त में कोई नहीं

**8. नीचे दिये तत्सम्-तद्भव शब्दों के युग्म में से कौन-सा युग्म त्रटिपूर्ण है?**
(a) क्षीर-खीर (b) दधी-दही
(c) दुग्ध-दूध (d) घृत-घी

**9. निम्नलिखित में से संयुक्त व्यंजन कौन सा है?**
(a) ढ (b) ज्ञ
(c) ङ (d) ड़

**10. निम्नलिखित में से दंत्य ध्वनि है–**
(a) क (b) छ
(c) त (d) प

**11. कवि बिहारी का जन्म कहाँ हुआ था।**
(a) फैजाबाद (b) रीवां
(c) ग्वालियर (d) भोपाल

**12. 'उसी तपस्वी से लम्बे थे देवदार दो-चार खड़े' में अलंकार है–**
(a) श्लेष (b) अतिशयोक्ति
(c) परिसंख्या (d) प्रतीप

**13. 'अष्ट' का तद्भव रूप है –**
(a) अष्ट (b) अस्सी
(c) अठारह (d) आठ

**14. ''जेते तुम तारे, तेते नभ में न तारे हैं'' इस वाक्य पंक्ति में दिए गए विकल्पों में सही अलंकार का चयन कीजिए।**
(a) उपमा (b) रूपक
(c) यमक (d) श्लेष

**15. मेरे तो गिरिधर गोपाल दूसरो न कोई।**
**जाके सिर मोर मुकुट मेरो पति सोई।।**
**इन पंक्तियों में कौन सा रस है?**
(a) शांत (b) श्रृंगार
(c) करुण (d) हास्य

**16. 'गोबर-गणेश' यह किस समास का उदाहरण है?**
(a) संबंध तत्पुरुष (b) संप्रदान तत्पुरुष
(c) करण तत्पुरुष (d) अधिकरण तत्पुरुष

**17. रहिमन चुप ह्वै बैठिये देखि दिनन के फेर।**
**जब नीके दिन आइहैं, बनत न लगिहें बेर।।**
**उपर्युक्त पंक्तियों में कौन-सा छंद है?**
(a) दोहा (b) सोरठा
(c) रोला (d) चौपाई

**18. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी है-**
(a) चर्मोत्तकर्ष (b) चर्मात्कर्ष
(c) चरमोत्कर्ष (d) चरर्मोकर्ष

**19. दिये गये वाक्य खण्डों में से कौन-सा वाक्य खण्ड त्रुटिपूर्ण है–**
(a) भारतवर्ष के पर्वतीय क्षेत्र की (b) सुन्दरता, सारे विश्व में
(c) सबसे सर्वोत्तम है (d) कोई त्रुटि नहीं

**20. उपसर्ग को कहते हैं-**
(a) शब्दांश (b) वाक्यांश
(c) शब्द (d) पद

**21. 'पवन' शब्द में कौन-सी संधि है–**
(a) गुण संधि (b) यण संधि
(c) अयादि संधि (d) वृद्धि संधि

**22. जिस समास के पूर्व एवं उत्तर दोनों ही पद समान रूप से प्रधान हों, उसे कहते हैं–**
(a) तत्पुरुष समास (b) बहुब्रीही समास
(c) द्विगु समास (d) द्वन्द्व समास

**23. 'तिरस्कार' शब्द का सन्धि विच्छेद होगा–**
(a) तिरस + कार (b) तिरः + कार
(c) तिः + कार (d) तिर + कार

**24. तत्सम शब्द वाला विकल्प चुनिए -**
(a) कान्ह (b) कन्हैया
(c) किशन (d) कृष्ण



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

वाक्यों में उनके प्रथम तथा अन्तिम अंश संख्या 1 और 6 के अन्तर्गत दिए गए हैं। बीच वाले चार अंश (य), (र), (ल), (व) के अन्तर्गत बिना क्रम के हैं। चारों अंशों को उचित क्रमानुसार व्यवस्थित कर सही विकल्प चुनिए।

**25.** 1. समय को परखने वाला
(य) और समय की    (र) रंक से धनाढ्य
(ल) करोड़पति से भिखारी    (व) उपेक्षा करने वाला
6. हो जाता है।
(a) र ल य व    (b) ल य र व
(c) र य व ल    (d) ल र य व

**26.** ''खूँटी'' शब्द का बहुवचन बताइए।
(a) खूँटिया    (b) खूँटियों
(c) खूँटियाँ    (d) खूँटियों

**27.** निम्नलिखित में से कौन-सा छंद दोहा का विपरीत छंद है?
(a) रोला    (b) छप्पय
(c) चौपाई    (d) इनमें से कोई नहीं

**28.** निम्नांकित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार बताइये :
रुनित भृंग घंटावली झरित दान मधुनीर।
मंद-मंद आवत चल्यो कुंजरु कुंज समीर।।
(a) उत्प्रेक्षा    (b) रूपक
(c) यमक    (d) श्लेष

**29.** 'दीन दुखियों को भोजन देने की व्यवस्था' – वाक्यांश के लिए एक शब्द है :
(a) भंडारा    (b) दातव्य
(c) सदावर्त्त    (d) धर्मार्थ

**30.** 'कीचड़ उछालना' मुहावरा का सही अर्थ है -
(a) मल फेंकना    (b) दूसरे के कपड़े गन्दे करना
(c) बदनाम करना    (d) दलदल में फँसना

**31.** ''उससे अच्छे तो आप हैं'' में कौन सा कारक है?
(a) अधिकरण    (b) अपादान
(c) करण    (d) संबोधन

**32.** निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द कमल का पर्यायवाची नहीं है?
(a) सरोज    (b) जलद्
(c) पंकज    (d) जलजात

**33.** 'प्रत्यक्ष' का विलोम है –
(a) समक्ष    (b) विपक्ष
(c) परोक्ष    (d) अदृश्य

**34.** लिंग की दृष्टि से 'दही' क्या है?
(a) स्त्रीलिंग    (b) पुल्लिंग
(c) नपुंसक लिंग    (d) उभय लिंग

**35.** 'प्रत्येक' का सन्धि विच्छेद होगा –
(a) प्रत्य + एक    (b) प्रति + एक
(c) प्रति + ऐक    (d) प्रत्ये + एक

**36.** निम्नलिखित में 'यथा विधि' का सही समास कौन-सा है?
(a) अव्ययीभाव    (b) तत्पुरुष
(c) कर्मधारय    (d) बहुब्रीहि

**37.** 'लौकिक' शब्द में प्रत्यय है–
(a) लोइक्    (b) किक
(c) अक    (d) इक

**38.** निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द है –
(a) पूज्यनीय    (b) पुज्यनीय
(c) पूजनीय    (d) पुजनीय

## सामान्य जानकारी

**39.** सूर सरोवर रामसर स्थल के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं ?
1. यह उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में स्थित है।
2. यह एक मानव-निर्मित जलाशय है।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए।
कूट :
(a) केवल 1    (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों    (d) न तो 1 न ही 2

**40.** ''चन्द्र प्रभा वन्य जीव अभयारण्य'' उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख वन्य जीव अभयारण्य है, निम्नलिखित में से कहाँ पर अवस्थित है?
(a) जनपद पीलीभीत    (b) जनपद चंदौली
(c) जनपद उन्नाव    (d) जनपद महाराजगंज

**41.** उत्तर प्रदेश के भाबर क्षेत्र में निम्नलिखित में से किस प्रकार की मृदा पाई जाती है।
(a) महीन जलोढ़    (b) दलदली
(c) कंकरीली व पथरीली    (d) भूर

**42.** उ.प्र. का कौन क्षेत्र आद्य कल्प की प्राचीनतम शैलों से निर्मित है:
(a) शिवालिक    (b) विन्ध्याचल
(c) रूहेलखण्ड    (d) बुन्देलखण्ड

**43.** भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल में उत्तर प्रदेश का कितना भौगोलिक प्रतिशत है ?
(a) 7.33%    (b) 8.99%
(c) 9.02%    (d) 10.04%

**44.** हाल ही में 'ग्लोबल वेल्थ कान्फ्रेंस 2023' का आयोजन किस देश में हुआ?
(a) यू.के.    (b) संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) इटली    (d) जर्मनी

**45.** इक्कीसवीं सदी की आर्थिक साझेदारी हेतु अटलांटिक घोषणा किन देशों द्वारा की गई?
(a) यूएसए-जर्मनी    (b) यूएसए-यूके
(c) यूएसए-ताइवान    (d) जर्मनी-आस्ट्रेलिया

**46.** जून 2023 में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) का एक उप-कार्यालय कहाँ खोला गया?
(a) आगरा    (b) कोहिमा
(c) दिसपुर    (d) इनमें से कोई नहीं।

**47.** 16 महाजनपदों में से किसकी राजधानी तक्षशिला थी?
(a) कोशल    (b) कुरु
(c) वज्जि    (d) गांधार

**48.** गुजरात मे ——— झील वस्तुतः एक कृत्रिम जलाशय है जो मौर्यो के शासन के दौरान बनायी गयी थी।
(a) पुष्कर    (b) लोनार
(c) लोकटक    (d) सुदर्शन

**49.** पोलो या चौगान खेलते समय निम्नलिखित में से किस सुल्तान की मृत्यु हुई?
(a) कुतुबुद्दीन ऐबक    (b) बलबन
(c) इल्तुतमिश    (d) नसीरूद्दीन मुहम्मद



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**50. टीपू सुल्तान के शासन-काल में, उनके राज्य मैसूर की राजधानी क्या थी?**

(a) बैंगलोर (b) मदुरै
(c) बीदर (d) श्रीरंगपट्टनम

**51. 1919 में निम्नलिखित में से कौन-सी घटना नहीं हुई थी?**

(a) रॉलेट एक्ट पारित किया गया था
(b) बंगाल का विभाजन हुआ था
(c) मोंटेग्यू चेम्सफोर्ड सुधार की घोषणा की गई थी
(d) जलियाँवाला बाग हत्याकांड हुआ था

**52. आंदोलन ''रेड शर्ट'' के अगुवा कौन थे?**

(a) मौलाना आजाद
(b) मोहम्मद अली
(c) खान अब्दुल गफ्फार खान
(d) अशफाक उल्ला खान

**53. निम्न में से कौन-सी पहाड़ी असम में स्थित है?**

(a) जवादी पहाड़ियां (b) कार्बी आंग्लोंग पहाड़ियां
(c) शेवरॉय पहाड़ियां (d) अरावली पहाड़ियां

**54. उस दर्रे का नाम बताएं जिसे उत्तराखंड में तीर्थयात्रियों द्वारा कैलाश- मानसरोवर यात्रा के लिए प्रयोग किया जाता है।**

(a) पेन्सी ला (b) खरदुंग ला
(c) बनिहाल दर्रा (d) लिपु लेख

**55. निम्नलिखित में से कौन भारत के 'लेक डिस्ट्रीक्ट' के रूप में जाना जाता है?**

(a) नैनीताल (b) शिमला
(c) सिक्किम (d) माथेरन

**56. भारत के कौन से राज्य में अधिकतम संख्या में ऑर्किड होते हैं?**

(a) असम (b) अरूणाचल प्रदेश
(c) मेघालय (d) सिक्किम

**57. वह कौन सा अधिनियम था जिसने भारत में सत्ता ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटिश क्राउन में स्थानांतरित की थी?**

(a) भारत सरकार अधिनियम, 1833
(b) भारत सरकार अधिनियम, 1835
(c) भारत सरकार अधिनियम, 1947
(d) भारत सरकार अधिनियम, 1858

**58. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 31C ''नीति निदेशक सिद्धांतों को प्रभावी करने के कानूनों का संरक्षण'' किससे संबंधित है?**

(a) भारतीय नागरिक के मौलिक अधिकार
(b) राज्य सरकार
(c) केन्द्र सरकार
(d) राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत

**59. निम्नलिखित में से किस राज्य का विधानमंडल द्विसदनीय है?**

(a) तमिलनाडु (b) पंजाब
(c) सिक्किम (d) कर्नाटक

**60. नीति आयोग के अध्यक्ष कौन है?**

(a) उद्योग मंत्री (b) प्रधानमंत्री
(c) वित्त मंत्री (d) वाणिज्य मंत्री

**61. संविधान सभा को भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 की धारा ______ द्वारा मान्यता दी गई थी।**

(a) 6(2) (b) 12(2)
(c) 10(1) (d) 8(1)

**62. भारत सरकार का कौन-सा अधिकारी सदस्य न होते हुए भी भारतीय संसद की कार्यवाही में भाग लेने का अधिकार रखता है?**

(a) उप राष्ट्रपति
(b) भारत का अटॉर्नी जनरल
(c) नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
(d) चुनाव आयुक्त

**63. राज्य की आय, जो लोगों द्वारा बिना कानूनी उत्तराधिकारी के छोड़ी गई संपत्ति से उत्पन्न होती है, ________ कहलाती है।**

(a) डे नोवो (b) प्रदेश (रिट)
(c) राजगामित्व (d) आपराधिककार्य (फेलनी)

**64. भारत में कर्मचारियों हेतु महँगाई भत्ता तय करने का आधार.......... है।**

(a) राष्ट्रीय आय (b) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
(c) रहन-सहन का स्तर (d) मुद्रास्फीति की दर

**65. निम्नलिखित में से कौन-सा चतुर्थ क्षेत्र के अंतर्गत आता है?**

(a) मछली पालन (b) सूचना प्रौद्योगिकी
(c) विनिर्माण (d) खनन

**66. 'ग्रीन बैंकिंग' का क्या अर्थ है?**

(a) कृषि का वित्त पोषण करने वाले बैंक
(b) सिंचाई परियोजनाओं का वित्त पोषण करने वाले बैंक
(c) किसानों का वित्त पोषण करने वाले बैंक
(d) पर्यावरण संरक्षी परियोजनाओं का वित्त पोषण करने वाले बैंक

**67. एक सुलभ मुद्रा वह है, जिसमें अन्य मुद्राओं के सापेक्ष मूल्यों में ....... की अपेक्षा की जाती है।**

(a) स्थिरता (b) बढ़ोतरी
(c) गतिशीलता (d) कमी

**68. यदि भारतीय रिजर्व बैंक नकद रिजर्व अनुपात कम करती है तो क्या परिणाम होगा?**

(a) ऋण सृजन बढ़ेगा
(b) ऋण सृजन घटेगा
(c) ऋण सृजन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा
(d) ऋण सृजन पर कोई निश्चित प्रभाव नहीं पड़ेगा

**69. किस राज्य केन्द्र शासित प्रदेश में 'हिमायत' बेरोज़गार युवकों के लिए एक प्रशिक्षण व नियोजन कार्यक्रम है?**

(a) हरियाणा (b) पंजाब
(c) जम्मू-कश्मीर (d) हिमाचल प्रदेश

**70. प्रथम पंचवर्षीय योजनावर्ष .......... में जारी की गई थी।**

(a) 1961 (b) 1951
(c)1952 (d) 1960

**71. भारत की प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता महिला का नाम बताइए।**

(a)इंदिरा गाँधी (b) मदर टेरेसा
(c)कविता कृष्णन (d) सरोजिनी नायडू



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**72. किस क्रिकेट खिलाड़ी के पास सबसे तेज टेस्ट शतक बनाने का रिकॉर्ड है?**

(a) ब्रेंडन मैकुलम (b) वीरेंदर सहवाग
(c) विवयन रिचर्ड्स (d) एडम गिलक्रिस्ट

**73. 'फ्लाइट ऑफ पीजन' पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

(a) गीता पीरामल (b) शोभा डे
(c) रस्किन बॉन्ड (d) सुधा मूर्ति

**74. म्यांमार की मुद्रा क्या है?**

(a) म्यांमार रिएल (b) म्यांमार डॉन्ग
(c) म्यांमार क्यात (d) म्यांमार रिंगित

**75. 1800 ईस्वी में, विद्युत का एक विश्वसनीय स्रोत प्रदान करने वाले कुछ पहले उपकरणों में से एक, पॉवर बैटरी का आविष्कार किसने किया था?**

(a) माइकल फैराडे (b) लुइगी गलवानी
(c) एलेसेंड्रो वोल्टा (d) हेनरी बेकुरल

## संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता

**76. एक निश्चित अवधि के लिए, किसी निश्चित दर पर निवेश की गई 60000 रु. की राशि, जिसका ब्याज वार्षिक संयोजित होता है, बढ़कर 63,654 रु. हो जाती है। यदि उसी दर पर, आधी अवधि के लिए उस राशि को निवेश किया जाता तो वह बढ़कर कितनी हो जाती?**

(a) 61800 रु. (b) 61675 रु.
(c) 61827 रु. (d) 61809 रु.

**77. 6.5% प्रति वर्ष की दर से ₹X पर 2 वर्ष के लिए चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज में ₹ 33.80 का अंतर है। X का मूल्य क्या है?**

(a) ₹ 8,000 (b) ₹ 7,500
(c) ₹ 7,800 (d) ₹ 8,500

**78. यदि समकोण समद्विबाहु त्रिभुज का परिमाप $8(\sqrt{2}+1)$ cm है, तो उस त्रिभुज के कर्ण की लंबाई कितनी होगी?**

(a) 10 cm (b) 12 cm
(c) 8 cm (d) 24 cm

**79. एक वृत्ताकार उद्यान की त्रिज्या 42 cm है। इस वृत्त के 8 चक्कर लगाने में तय की गई कुल दूरी (m में) $\left(\pi=\frac{22}{7}\right)$ है।**

(a) 3248 (b) 2112
(c) 1124 (d) 4262

**80. निम्नलिखित दंड आरेख (बार–ग्राफ) का अध्ययन कीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए:**




**कंपनी C, D और E के द्वारा मोटरसाइकिलों का कुल उत्पादन, पाँच वर्षों के दौरान सभी कंपनियों की मोटरसाइकिलों की कुल मांग से कितने प्रतिशत कम है?**

(a) 47 (b) 43
(c) 38 (d) 32

**81. A, C और E कंपनियों की मोटरसाइकिलों की कुल मांग तथा कंपनी B और C के कुल उत्पादन का अनुपात क्या है?**

(a) 1 : 1 (b) 2 : 1
(c) 11 : 10 (d) 3 : 2

**82. यदि नौ अंकों की संख्या 985x3678y, 72 से विभाज्य है, तो (4x–3y) का मान होगा–**

(a) 5 (b) 4
(c) 3 (d) 6

**83. 800 से लेकर 2000 के बीच कितनी संख्याएं 13 से विभाज्य हैं?**

(a) 92 (b) 90
(c) 91 (d) 93

**84. 1 + 3 + 5 + 7 + ................(2n – 1) का मान क्या होगा?**

(a) $(2n-1)\times(2n-1)$ (b) $n\times n$
(c) $\frac{n}{2}$ (d) $\frac{n(n+1)}{2}$

**85. निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य है?**

I. $\frac{2}{3\sqrt{5}}<\frac{3}{2\sqrt{5}}<\frac{5}{4\sqrt{3}}$

II. $\frac{3}{2\sqrt{5}}<\frac{2}{3\sqrt{3}}<\frac{7}{4\sqrt{5}}$

(a) केवल I
(b) केवल II
(c) I तथा II दोनों
(d) न तो I न ही II

**86. भिन्न $\frac{4}{9}$ के अंश तथा हर प्रत्येक में कौन-सी संख्या घटाई जानी चाहिए जिससे भिन्न को $\frac{1}{6}$ के बराबर बनाया जा सके?**

(a) 3 (b) 7
(c) 2 (d) 5

**87. यदि $\frac{8+2\sqrt{3}}{3\sqrt{3}+5}=a\sqrt{3}-b$ है, तो a + b का मान ज्ञात कीजिए।**

(a) 16 (b) 18
(c) 15 (d) 24

**88. 3.8 + (8.2 ÷ 4.1 × 2) – 4 × 3 ÷ 1.2 का मान है–**

(a) –1.2 (b) –2.2
(c) 2.2 (d) 1.2

**89. बारह संख्याओं का औसत 45.5 है। पहली चार संख्याओं का औसत 41.5 है और अगली पाँच संख्याओं का औसत 48 है। 10वीं संख्या, 11वीं संख्या से 4 अधिक और 12वीं संख्या से 9 अधिक है। 10वीं और 12वीं संख्याओं का औसत क्या है?**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

(a) 47.8 (b) 46.5
(c) 47 (d) 46

**90.** **4.8 और 10.8 के बीच मध्यानुपाती तथा 0.4 और 2.4 के बीच तृतीयानुपाती का अनुपात है?**
(a) 2 : 3 (b) 1 : 2
(c) 3 : 2 (d) 2 : 1

**91.** **यदि 21, 22, 60 और 64 में से, प्रत्येक से x घटाया जाता है तो इस क्रम में प्राप्त संख्याएँ समानुपात में हैं। (x + 1) और (7x + 8) के बीच मध्यानुपाती (mean proportional) क्या होगा?**
(a) 24 (b) 21
(c) 18 (d) 27

**92.** **A और B के वजन का योग 80 kg है। A के वजन का 50%, B के वजन का $\frac{5}{6}$ गुना है। दोनों के वजन का अंतर ज्ञात कीजिए।**
(a) 20 kg (b) 25 kg
(c) 15 kg (d) 10 kg

**93.** **किसी व्यक्ति का वेतन ₹8,100 से बढ़कर ₹9,000 हो जाता है। उसके वेतन में हुई प्रतिशत वृद्धि ज्ञात करें।**
(a) $9\frac{1}{9}\%$ (b) $13\frac{7}{9}\%$
(c) $11\frac{1}{9}\%$ (d) $6\frac{1}{9}\%$

**94.** **चीनी की कीमत में 20% की वृद्धि की गई है। चीनी की खपत में कितने प्रतिशत की कटौती की जानी चाहिए, जिससे चीनी पर हुए व्यय में कोई अतिरिक्त वृद्धि न हो?**
(a) 80% (b) $16\frac{2}{3}\%$
(c) 20% (d) $83\frac{1}{3}\%$

**95.** **उत्तीर्ण होने हेतु आवश्यक अंक 40% है। किसी छात्र को 250 अंक मिलते हैं परन्तु फिर भी वह 38 अंकों से अनुत्तीर्ण जो जाता है। अधिकतम अंक क्या है?**
(a) 720 (b) 750
(c) 800 (d) 840

**96.** **यदि 40 वस्तुओं का विक्रय मूल्य 50 वस्तुओं के क्रय मूल्य के बराबर है। तब प्रतिशत लाभ या हानि होगा।**
(a) 25% लाभ (b) 25% हानि
(c) 20% लाभ (d) 20% हानि

**97.** **सुषमा ने 12,000 रु. में 6 मेज और 12 कुर्सियाँ खरीदी। उसने मेज 15% के लाभ पर और कुर्सियाँ 10% की हानि पर बेच दी। यदि उसे कुल 300 रु. का लाभ हुआ था, तो मेजों की कुल लागत थी–**
(a) 5,400 रु. (b) 6,000 रु.
(c) 5,000 रु. (d) 4,800 रु.

**98.** **एक वस्तु को 25% और x% की क्रमिक छूट के बाद 612 रु. में बेचा जाता है। यदि वस्तु का अंकित मूल्य 960 रु. है तो x का मान क्या है?**
(a) 15 (b) 14
(c) 12 (d) 10

**99.** **एक विक्रेता एक वस्तु के अंकित मूल्य पर 25% की छूट देता है और 20% लाभ कमाता है। यदि वस्तु के लागत मूल्य में 20% की वृद्धि हो जाती है, तो उसी अंकित मूल्य पर कितने प्रतिशत की छूट दी जानी चाहिए ताकि लाभ के प्रतिशत में कोई परिवर्तन न हो?**
(a) 12% (b) 7.25%
(c) 10% (d) 8.5%

**100.** **एक व्यापारी लागत मूल्य से 60% ऊपर अपने माल को चिह्नित करता है और 25% की छूट देता है। उसका लाभ % क्या है?**
(a) 40% (b) 25%
(c) 30% (d) 20%

**101.** **एक व्यक्ति ₹25,000 की राशि के एक–चौथाई भाग का साधारण ब्याज की एक निश्चित दर पर और शेष राशि को 4% प्रतिवर्ष की उच्च दर पर निवेश करता है। यदि 2 वर्षों के लिए कुल ₹4,125 ब्याज प्राप्त होती है, तो निवेश की गई द्वितीय राशि की ब्याज दर क्या थी?**
(a) 9.25% (b) 9.5%
(c) 7.5% (d) 5.25%

**102.** **किसी राशि पर साधारण ब्याज, प्रतिशत दर के बराबर वर्षों के लिए, उस राशि के बराबर है। वर्षों की संख्या है:**
(a) 5 (b) 10
(c) 8 (d) 1

**103.** **मिश्र धातु A में तांबा और जस्ता की मात्रा 4:3 के अनुपात में है, तथा मिश्र धातु B में ताँबा और जस्ता की मात्रा 5:2 के अनुपात में है। एक नई मिश्र धातु बनाने के लिए A और B को 5:6 के अनुपात में लेकर मिलाया जाता है। इस नई मिश्र धातु में जस्ता का प्रतिशत निम्नलिखित में से किसके निकटतम होगा?**
(a) 54 (b) 34.2
(c) 35 (d) 36.8

**104.** **किसी कार्य को 10 पुरुष प्रतिदिन 8 घंटों तक कार्य कर 30 दिनों में पूरा कर सकते हैं। 12 पुरुष प्रतिदिन 4 घंटे कार्य कर उसी कार्य को कितने दिनों में पूरा करेंगे?**
(a) 30 दिन (b) 50 दिन
(c) 40 दिन (d) 60 दिन

**105.** **A अकेला किसी काम को 14 दिनों में पूरा कर सकता है और B अकेला उसी काम को 11 दिनों में पूरा कर सकता है। A और B एक साथ काम शुरू करते हैं लेकिन A काम शुरू होने के 4 दिन बाद छोड़ देता है। B शेष काम को कितने दिनों में पूरा कर लेगा?**
(a) 9 दिन (b) 16 दिन
(c) 12 दिन (d) 11 दिन

**106.** **एक व्यक्ति ने 5 घंटे में 42 km की दूरी तय की। उसने यात्रा का कुछ भाग पैदल 6 km/h की चाल से और कुछ भाग साइकिल से 10 km/h की चाल से तय किया। उसने पैदल कितनी दूरी तय की?**
(a) 15 km (b) 12 km
(c) 10 km (d) 18 km



GET IT ON Google Play **Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"**

**107.** एक आदमी P से Q की ओर 60km/h की गति से यात्रा करता है तथा Q से P की ओर 90 km/h की गति से यात्रा करता है। आदमी की पूरी यात्रा की औसत गति कितनी है?

(a) 75 km/h (b) 78 km/h
(c) 70 km/h (d) 72 km/h

**108.** दो बाइक सवार A और B एक दूसरे की ओर क्रमशः 75 कि.मी./घंटा और 60 कि.मी./घंटा की गति से एक ही समय में चलना प्रारंभ करते हैं। वे 20 मिनट बाद एक दूसरे से मिलते हैं। जब उन्होंने चलना प्रारंभ किया था तब उनके बीच की दूरी (कि.मी. में) क्या थी?

(a) 60 (b) 45
(c) 30 (d) 15

**109.** एक रेलगाड़ी बिना रूके 80 km/h की औसत गति से और रूकने के साथ 64 km/h की औसत गति से चलती है। रेलगाड़ी, औसतन प्रति घंटा कितने मिनट रूकती है?

(a) 8 (b) 12
(c) 14 (d) 10

**110.** एक आदमी नाव द्वारा, धारा के प्रतिकूल 900 मीटर की दूरी 12 मिनट में तय कर सकता है और आरंभिक बिन्दु पर 9 मिनट में वापस आ सकता है। उस आदमी की स्थिर जल में गति (किमी/घंटे में) कितनी है?

(a) 6 (b) $4\frac{1}{2}$
(c) 5 (d) $5\frac{1}{4}$

**111.** A और B की वर्तमान आयु का अनुपात 8 : 15 है। आठ वर्ष पहले, उनकी आयु का अनुपात 6 : 13 था। अब से 8 वर्ष बाद A और B की आयु का अनुपात क्या होगा?

(a) 9 : 14 (b) 5 : 8
(c) 5 : 9 (d) 10 : 17

**112.** पिता और माँ की उम्र का अनुपात 11:10 था, जब उनके बेटे का जन्म हुआ था। पिता और माँ की उम्र का अनुपात 19:18 होगा, जब पुत्र की आयु अपने वर्तमान आयु से दोगुनी हो जाएगी। पिता और माँ के वर्तमान आयु का क्या अनुपात है?

(a) 15 : 14 (b) 14 : 13
(c) 16 : 15 (d) 17 : 16

## मानसिक योग्यता और तर्क क्षमता

निर्देश (113-114) : दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सही है, भले ही यह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न हों, यह तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुपालन करता है/करते हैं।

**113.** कथन :
शिक्षक ने पूरी कक्षा की उपस्थिति में अमित को डांटा।
निष्कर्ष :
I. शिक्षक अमित को नापसंद करता है।
II. कक्षा अमित को पसंद नही करती थी।

(a) या तो निष्कर्ष I या तो निष्कर्ष II पालन करता है।
(b) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II पालन करता है।
(c) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।
(d) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।

**114.** कथन :
कश्मीर पृथ्वी का स्वर्ग है।
निष्कर्ष :
1. कश्मीर सबसे सुंदर स्थान है।
2. कश्मीरी लोग सबसे अच्छे लोग है।

(a) केवल निष्कर्ष 1 तर्कसंगत है।
(b) न तो निष्कर्ष 1 और न ही 2 तर्कसंगत है
(c) 1 और 2 दोनों ही निष्कर्ष तर्कसंगत है।
(d) केवल निष्कर्ष 2 तर्कसंगत है।

**115.** कथनः
डॉक्टर ने रोगी की मां को बताया, 'वह पिछले एक वर्ष से छींक रही है और उसकी नाक बह रही है। वह एलर्जिक रायनाइटिस से पीड़ित हो सकती है।'
धारणा :
(I) बहुत कम बीमारियों में लंबे समय तक छींकने और नाक बहने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।
(II) लंबे समय तक छींकना और नाक बहना, एलर्जिक राइनाइटिस का एक लक्षण है।
(III) बहुत सारी बीमारियों में लंबे समय तक छींकने और नाक बहने के लक्षण दिखाई देते हैं।

(a) धारणा II और या तो I या III निहित है
(b) केवल धारणाएं I और II निहित हैं
(c) केवल धारणा I निहित है
(d) केवल धारणा II निहित है।

**116.** दिए गए प्रश्न को पढ़ें और निर्णय लें कि निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है/हैं।
प्रश्नः
$B_1$, $B_2$ और $B_3$ में से सबसे हल्का बॉक्स कौन सा है?
कथनः
1. $B_1$ में पैक किया गया खाना है।
2. $B_3$ का भार एक साथ जोड़े गए सभी अन्य बक्सों के भार का चौथाई हिस्सा है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

(a) कथन 1 और 2 दोनों पर्याप्त हैं।
(b) केवल कथन 2 पर्याप्त है।
(c) केवल कथन 1 पर्याप्त है।
(d) कथन 1 और 2 दोनों पर्याप्त नहीं हैं।

**117. सुमन, महेश और कुमेश का अपने बेटे के चाचा के बेटों के रूप में परिचय करवाती है। लड़के सुमन के ______ हैं।**
(a) चचेरे भाई (b) भांजे
(c) मित्र (d) भतीजे

**118. X, Y का भाई है, V, Y की माँ है, M, V के पति की बहन है, N, V का भाई है तो N का पुत्र Y का–**
(a) बहन (b) चाची/मामी/मौसी
(c) चचेरा/ममेरा भाई/बहन (d) भांजा/भतीजा

**119. किसी कूट भाषा में FORWARD को 1234536 और WATER को 45783 लिखा जाता है तो उस भाषा में RETARD को किस प्रकार से लिखेगें ?**
(a) 387546 (b) 386536
(c) 387536 (d) 386546

**120. यदि LIT को 12920 के रूप में कोड किया जाता है, तो THAT के लिए क्या कोड होगा?**
(a) 206120 (b) 205120
(c) 208120 (d) 207120

**121. एक निश्चित कूट भाषा में, 'SUN' को 'RTTVMO' लिखा जाता है और 'JOB' को 'IKNPAC' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'PIE' को किस प्रकार लिखा जाएगा ?**
(a) KOLPGY (b) RSIJFG
(c) OQHJDF (d) OSJKCG

**122. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से वही सम्बन्ध रखता हो, जो पहला शब्द दूसरे शब्द से रखता है।**
**गुरुत्वाकर्षण : खोज : टेलीफोन :?**
(a) प्रयोग (b) अन्वेषण
(c) निर्माण (d) आविष्कार

**123. दिए गए विकल्पों में से उस अक्षरांकीय समूह का चयन करें, जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता हो।**
**z1, x4, v9, t16, ?**
(a) s24 (b) v25
(c) r25 (d) t26

**124. निम्नलिखित श्रृंखला को पूरा करें-**
**C – 3, E – 5, G – 7, I – 9, ........**
(a) K – 11, M – 13 (b) J – 10, K – 11
(c) J – 11, L – 13 (d) K – 11, N – 13

**125. दिए गए विकल्पों में से कौन सी संख्या निम्नलिखित श्रेणी से संबंधित नहीं है?**
**4, 7, 13, 26, 49, 97**
(a) 97 (b) 13
(c) 26 (d) 49

**126. निम्नलिखित को तर्कसंगत क्रम में व्यवस्थित करें:**
**A. बिहार B. नागालैंड C. उत्तर प्रदेश**
**D. राजस्थान E. असम**
(a) $C \rightarrow D \rightarrow A \rightarrow E \rightarrow B$
(b) $C \rightarrow D \rightarrow B \rightarrow A \rightarrow E$
(c) $D \rightarrow C \rightarrow E \rightarrow A \rightarrow B$
(d) $D \rightarrow C \rightarrow A \rightarrow E \rightarrow B$

**127. किसी निश्चित कूट भाषा में 257 का अर्थ 'I like you', 746 का अर्थ 'You are good' तथा 263 का अर्थ 'I am good' है। 'Are' के लिए किस संख्या को कोडित किया गया है?**
(a) 3 (b) 6
(c) 5 (d) 4

**128. यदि अंक समूह 395 और 727 का योग 101112 को निरूपित करता है, और इसी कूट के द्वारा, अंक समूहों 276 और 957 का योग 111213 को निरूपित करता है, तो अंक समूहों 689 और 877 के योग के लिए निम्नलिखित में से कौन सा कूट हो सकता है?**
(a) 141312 (b) 131415
(c) 121314 (d) 141516

**निर्देश ( 129-130 ) : दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सही है, भले ही यह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न हों, यह तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुपालन करता है/करते हैं।**

**129. कथन:**
**सभी पत्तियां, पौधे है।**
**सभी पौधे, बगीचे है।**
**निष्कर्ष:**
**1. सभी बगीचों, पत्तियां हैं।**
**2. सभी बगीचों, पौधा है।**
(a) निष्कर्ष 2 पालन करता है।
(b) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों पालन करते हैं।
(c) निष्कर्ष 1 पालन करता है।
(d) न तो निष्कर्ष 1 और न ही 2 पालन करता है।



Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**130. कथन:**

**सर्टिफिकेशन कोर्स में उत्तीर्ण होने के लिए, नरेश को कठोर परिश्रम करना चाहिए।**

**निष्कर्ष :**

**(1) नरेश सर्टिफिकेशन कोर्स पास करना चाहता है**

**(2) नरेश कठोर परिश्रम के बिना उत्तीर्ण नहीं हो सकता है।**

(a) केवल निष्कर्ष 1 अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष 2 अनुसरण करता है।
(c) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों अनुसरण करते हैं।
(d) या तो निष्कर्ष 1या 2 अनुसरण करता है।

**निर्देश (131-132) : एक परिवार में छः सदस्य K, L, M, N, O और P हैं। निम्नलिखित जानकारियों के आधार पर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दें।**

**1. K और L सबसे वरिष्ठ दंपति है।**
**2. O और P बैंकर की संतान हैं।**
**3. P अवकाश प्राप्त व्यक्ति की पोती है।**
**4. N, जो L की पुत्री है, बैंकर से विवाहित है।**
**5. K, M की सास है।**

(d) राज्य के नीति निर्देशक सिद्धान्त

59. लोकसभा में किसी विशेष दिन पर चर्चा के लिए स्वीकृत मौखिक उत्तरों के लिए तारांकित प्रश्नों की अधिकतम संख्या कितनी होती है?
(a) 15 (b) 10
(c) 12 (d) 20

60. विधान परिषद की सदस्यता के लिए न्यूनतम आयु सीमा क्या है?
(a) 21 वर्ष (b) 25 वर्ष
(c) 30 वर्ष (d) 35 वर्ष

61. संविधान में निम्नलिखित में से किसके बारे में उपबंध नहीं है?
(a) निर्वाचन आयोग (b) वित्त आयोग
(c) लोक सेवा आयोग (d) योजना आयोग

62. भारत के संविधान में किस संशोधन ने 'टैक्सेस ऑन सर्विसेज' नामक संघ सूची में एक नया विषय जोड़ा?
(a) 56वें (b) 62वें
(c) 78वें (d) 88वें

63. नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक प्राथमिक रूप से संसद की निम्नलिखित में से किस समिति से जुड़ा हुआ है?
(a) प्राक्कलन समिति (b) सार्वजनिक उपक्रम समिति
(c) लोक लेखा समिति (d) सभी विकल्प सही हैं

64. छोटे किसान और मौसमी मजदूर जैसे लोग, जो नियमित रूप से गरीबी दायरे के अंदर और बाहर होते रहते हैं, उन्हें —— के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।
(a) स्थाई गरीब (b) कदाचित गरीब
(c) विलोडन गरीब (d) सामान्य गरीब

65. वह दर जिस पर आर.बी.आई. वाणिज्यिक बैंकों को अल्पावधि के लिए उधार देता है, ________ कहलाती है।
(a) रिवर्स रेपो दर (b) रेपो दर
(c) बैंक दर (d) नकदी आरक्षित दर

66. बड़े वाणिज्यिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण कब हुआ?
(a) 1947 (b) 1956
(c) 1969 (d) 1980

67. भारत में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के बारे में असत्य कथन को पहचानें।
(a) गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों को रियायती मूल्य पर खाद्यान्न मिलता है।
(b) वर्ष 1997 से, पीडीएस, लक्षित उपभोक्ताओं के लिए टीपीडीएस बन गया है।
(c) पीडीएस की परिकल्पना 1967 में उपभोक्ताओं की सहायता के लिए मूल्य समर्थन कार्यक्रम के रूप में की गई थी।
(d) देश में पीडीएस को 2007 से बन्द कर दिया गया है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

68. **PMGY का पूर्ण रूप क्या है ?**
(a) प्रधानमंत्री ग्राम योजना
(b) प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना
(c) प्रधानमंत्री गुरुकुल योजना
(d) प्रधानमंत्री गरीब योजना

69. **12वीं पंचवर्षीय योजना का कार्यकाल क्या है?**
(a) 2007–10 (b) 2012–17
(c) 2015–20 (d) 2005–10

70. **प्रसिद्ध सम्पादक, कवयित्री, विदुषी और लेखिका इन्दिरा गोस्वामी को कौन सी भाषा के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया?**
(a) बंगाली (b) उड़िया
(c) असमिया (d) हिन्दी

71. **डकवर्थ-लुईस-स्टर्न विधि निम्नलिखित में से किस खेल से संबंधित है?**
(a) फुटबाल (b) हॉकी
(c) पोलो (d) क्रिकेट

72. **लघुगणक का आविष्कार किसने किया था?**
(a) इडन स्नोडेन (b) लैरी पेज
(c) थॉमस एडिसन (d) जॉन नेपियर

73. **विश्व की मुद्राओं के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही ढंग से मेल खाता है?**
(a) रूस - येन (b) भूटान - पेसो
(c) म्यांमार - क्यात (d) चीन - रूबल

74. **ऑस्ट्रिया की राजधानी क्या है?**
(a) ब्यूनस आर्यस (b) रोम
(c) वियना (d) डब्लिन

75. **सिस्मोमीटर का.............द्वारा आविष्कार किया गया था।**
(a) अलेक्जेंडर पार्केस (b) लुइगी पलमिरी
(c) एलेक्सी पैजित्नोव (d) रैनसम ऐली ओल्ड्स

## संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता

76. **कोई राशि एक निश्चित वार्षिक प्रतिशत दर पर, 3 वर्षों के बाद 18,600 रु. और 6 वर्षों के बाद 27,900 रु. हो जाती है, जब ब्याज प्रतिवर्ष संयोजित किया जाता है। तो राशि है–**
(a) 14,600 रु. (b) 11,800 रु.
(c) 14,400 रु. (d) 12,400 रु.

77. **₹x की राशि पर 9% प्रतिशत की दर से दो वर्ष के लिए चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण का अंतर ₹20.25 है। x का मान होगा?**
(a) 2,800 (b) 2,500
(c) 2,200 (d) 2,400

78. **प्रत्येक भुजा $x$ मीटर वाले एक त्रिकोणीय मैदान का क्षेत्रफल, 50 m, 70 m और 80 m भुजाओं वाले एक अन्य त्रिकोणीय मैदान के क्षेत्रफल के बराबर है। x का मान किसके निकटतम है?**
(a) 63.2 (b) 62.4
(c) 65.5 (d) 61.8

79. **एक गोलाकार ट्रैक की आंतरिक और बाहरी त्रिज्या क्रमशः 29m और 23 m है। ₹7/$m^2$ की दर से ट्रैक समतल करने की लागत क्या है?**
(a) ₹3,284 (b) ₹5,300
(c) ₹7,215 (d) ₹6, 864

80. **दिए गए बार–ग्राफ में 2013 से 2017 के दौरान किसी देश में स्टील का आयात और निर्यात (2 करोड़ में) दर्शाया गया है।**




**2015 और 2017 में कुल आयात तथा 2013 और 2016 में कुल निर्यात का अनुपात क्या है?**
(a) 9 : 11 (b) 25 : 21
(c) 11 : 4 (d) 9 : 8

81. **2014, 2016 और 2017 में स्टील का कुल आयात 2013, 2015 और 2017 में स्टील के कुल निर्यात से कितने प्रतिशत कम है? (एक दशमलव स्थान तक सही)**
(a) 15.8 (b) 14.5
(c) 16.2 (d) 13.4

82. **यदि छह अंकों की संख्या 4x573y, संख्या 72 से विभाज्य है, तो (x + y) का मान है–**
(a) 4 (b) 8
(c) 9 (d) 6

83. **x, y तथा z अभाज्य संख्याएँ है तथा x+y+z = 38 है। x का अधिकतम मान क्या है?**
(a) 19 (b) 23
(c) 33 (d) 79

84. **$16^2 + 17^2 + 18^2 + ......25^2$ का मान क्या है?**
(a) 4325 (b) 4465
(c) 4105 (d) 4285

85. **निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है?**
I. $\sqrt[3]{11} > \sqrt{7} > \sqrt[4]{45}$
II. $\sqrt{7} > \sqrt[3]{11} > \sqrt[4]{45}$
III. $\sqrt{7} > \sqrt[4]{45} > \sqrt[3]{11}$
IV. $\sqrt[4]{45} > \sqrt{7} > \sqrt[3]{11}$
(a) केवल I (b) केवल II
(c) केवल III (d) केवल IV

86. **निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 7, 11 और 13 से पूर्णतः विभाज्य है?**
(a) 15004 (b) 14993
(c) 14982 (d) 15015

87. **यदि '+' का अर्थ '–', '–' का अर्थ '+', '×' का अर्थ '÷' और '÷' का अर्थ '×' होता हो, तो समीकरण**
$\frac{42 - 12 \times 3 + 8 \div 2 + 15}{8 \times 2 - 4 + 9 \div 3}$ **का मान .......... होगा–**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

(a) $-\frac{15}{19}$ (b) $\frac{15}{19}$
(c) $\frac{5}{3}$ (d) $-\frac{5}{3}$

**88.** **कुछ संख्याओं का औसत 54.6 है। यदि 75% संख्याओं में से प्रत्येक में 5.6 की वृद्धि कर दी जाए, और शेष में से प्रत्येक में 8.4 की कमी कर दी जाए, तो इस तरह प्राप्त संख्याओं का औसत क्या होगा?**
(a) 55.8 (b) 55.6
(c) 56.3 (d) 56.7

**89.** **44 क्रमागत विषम संख्याओं का औसत 144 है। सबसे बड़ी संख्या कौन सी है?**
(a) 189 (b) 191
(c) 187 (d) 193

**90.** **यदि a : b = 2 : 5, c : b = 3 : 4 है, तो a : b : c बराबर है–**
(a) 2 : 5 : 4 (b) 2 : 5 : 3
(c) 8 : 20 : 15 (d) 6 : 15 : 20

**91.** **फिल्म के टिकट की कीमत 9: 10 के अनुपात में बढ़ी थी। यदि सिनेमा हॉल में मूल किराया 180 रु. था और 2200 टिकट बेचे गए थे, तो सिनेमा हॉल के राजस्व (रुपए में) में वृद्धि क्या है?**
(a) 44000 (b) 440000
(c) 39600 (d) 396000

**92.** **A की आय B से 40% अधिक है। यदि A की आय में 25% वृद्धि होती है और B की आय में 40% वृद्धि होती है, तो A और B के संयुक्त आय में वृद्धि प्रतिशत है–**
(a) 28.25 (b) 34.5
(c) 24.5 (d) 31.25

**93.** **यदि किसी भिन्न के अंश में 60% की वृद्धि और हर में 40% की वृद्धि होती है तो परिणामी भिन्न $\frac{16}{63}$ हो जाता है।**
(a) $\frac{5}{9}$ (b) $\frac{4}{9}$
(c) $\frac{2}{9}$ (d) $\frac{2}{11}$

**94.** **एक चुनाव में, उम्मीदवार X को कुल वैध मतों के 70% मत मिले। यदि कुल मतों के 20% मतों को अवैध घोषित कर दिया गया हो और मतों की कुल संख्या 640000 हो, तो इस उम्मीदवार के पक्ष में पड़े वैध मतों की गणना करें।**
(a) 358400 (b) 400000
(c) 450000 (d) 358000

**95.** **राम एक वस्तु को बेचकर 30% लाभ कमाता है। इसे क्रय मूल्य के स्थान पर यदि विक्रय मूल्य पर गणना की जाए, तो लाभ प्रतिशत कितना होगा? (दशमलव के एक स्थान तक सही)**
(a) 20.1% (b) 24.2%
(c) 23.1% (d) 22.4%

**96.** **एक कैमरे का क्रय मूल्य उसके विक्रय मूल्य का 90% है। लाभ प्रतिशत है :**
(a) $11\frac{1}{9}\%$ (b) 10%
(c) 12% (d) $9\frac{1}{11}\%$

**97.** **4 कलम, 6 नोटबुक तथा 9 फाइल का मूल्य 305 रु0 है। 3 कलम, 4 नोटबुक तथा 2 फाइल का मूल्य 145 रु0 है। 5 कलम, 8 नोटबुक तथा 16 फाइल का मूल्य (रु0 में) क्या है?**
(a) 415
(b) 465
(c) 440
(d) ज्ञात नहीं किया जा सकता

**98.** **बिस्कुट के 1 पैकेट की कीमत 16 रु. है परन्तु उसी बिस्कुट के 4 पैकेट के एक पैक की कीमत 56 रु. है। पैक पर प्रभावी छूट (% में) कितनी होगी?**
(a) 8 (b) 10
(c) 7.5 (d) 12.5

**99.** **एक दुकानदार किसी वस्तु को खरीदते समय लागत मूल्य का 12%, कर के रूप में चुकाता है जिसकी लागत ₹500 है। वह अंकित मूल्य पर 16% की छूट देने के बाद 20% का लाभ अर्जित करना चाहता है तो, अंकित मूल्य क्या होना चाहिए?**
(a) ₹800 (b) ₹960
(c) ₹840 (d) ₹780

**100.** **रु. 36,000 की धनराशि को दो भागों A और B में इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि 15% वार्षिक दर पर A और B पर क्रमशः दो वर्ष और चार वर्ष बाद प्राप्त साधारण ब्याज बराबर बनता है। A से प्राप्त कुल ब्याज (रु. में) ज्ञात करें।**
(a) ₹3,600 (b) ₹1,800
(c) ₹5,400 (d) ₹7,200

**101.** **साधारण ब्याज पर किसी वार्षिक ब्याज दर से ₹4,300 की एक राशि 2 वर्ष में बढ़कर ₹4,644 हो जाती है। कौन सी राशि साधारण ब्याज द्वारा इसी ब्याज दर पर 5 वर्ष में बढ़कर ₹10,104 हो जायेगी?**
(a) ₹5,710 (b) ₹7,200
(c) ₹8,420 (d) ₹9,260

**102.** **A तथा B ने 5 : 6 के अनुपात में कुछ राशि का निवेश करके साझेदारी का बिजनेस प्रारंभ किया। 6 महीने बाद C, B द्वारा निवेश की गयी राशि के 2/3 के बराबर राशि निवेश करके बिजनेस से जुड़ गया। यदि C को उसके हिस्से के रूप में 21,600 रु. मिलते है तो वर्ष के अंत में उनका लाभ (रु में) कितना था?**
(a) 46800 (b) 56160
(c) 70200 (d) 140400

**103.** **एक बीकर में एसिड और पानी का अनुपात 1 : x है। जब 300 ml मिश्रण और 50 ml पानी को मिलाया जाता है तो एसिड और पानी के मिश्रण का अनुपात 2:5 हो जाता है। x का मान क्या होगा?**
(a) 2 (b) 1
(c) 3 (d) 4



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**104.** **A किसी काम के 50% भाग को 16 दिनों में कर सकता है, B उसी काम के एक-चौथाई भाग को 24 दिनों में कर सकता है। एक साथ काम करते हुए वे, काम के 7/4 (seven-fourth) भाग को कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं?**

(a) 24 (b) 28
(c) 27 (d) 42

**105.** **आठ व्यक्ति किसी काम को 20 दिन में पूरा कर सकते हैं। 5 दिन के बाद उनसे अगले 8 दिनों में काम पूरा करने का अनुरोध किया गया था। उस काम को पूरा करने के लिए कितने और व्यक्तियों को समूह में शामिल किया जाना चाहिए?**

(a) 23 (b) 12
(c) 15 (d) 7

**106.** **A, B और C इन तीन मजदूरों की मजदूरी का अनुपात 10:12:15 है। A का वेतन 5:6 के अनुपात में बढ़ता है, B का वेतन 3:4 के अनुपात में बढ़ता है और C का वेतन 3:5 के अनुपात में बढ़ता है। A:B:C की मजदूरी का नया अनुपात ......... है।**

(a) 15:18:20 (b) 12:16:25
(c) 6:7:9 (d) 8:6:5

**107.** **एक राइफल से 2520 कि.मी. प्रति घंटा की रफ्तार से एक गोली दागी गई। यह 0.2 सेकंड के बाद लक्ष्य को हिट करती है। राइफल से लक्ष्य कितनी दूर (मी. में) है?**

(a) 70 (b) 140
(c) 100 (d) 200

**108.** **एक व्यक्ति ने स्टेशन A से स्टेशन B तक 40 km/h और B से A तक 30 km/h की चाल से दूरी तय की। पूरी यात्रा में उसे 6.3 घंटे लगे। A और B की बीच की दूरी (km में) कितनी है?**

(a) 117 (b) 108
(c) 99 (d) 91

**109.** **रेनू 50 किमी/घंटा की गति से चल रही ट्रेन A में बैठी थी। A की लंबाई से 3 गुना अधिक लंबी एक और ट्रेन B विपरीत दिशा में उसे 15 सेकंड में पार कर देती है। यदि ट्रेन B की गति 58 किमी./घंटा थी, तो ट्रेन A की लंबाई (मीटर में) है–**

(a) 150 (b) 180
(c) 210 (d) 160

**110.** **धारा की दिशा में एक मोटरबोट 2 घंटे में 24 km और धारा के विपरीत 1 घंटे में 10 km जाती है। किलोमीटर प्रति घंटे में मोटरबोट की शान्त जल में चाल ज्ञात करें।**

(a) 11 (b) 14
(c) 10 (d) 12

**111.** **सात वर्ष पहले A और B की आयु का अनुपात 4:5 था। आठ वर्ष बाद A और B की आयु का अनुपात 9:10 होगा। उनकी वर्तमान आयु में कितना अंतर (वर्ष में) है?**

(a) 3 (b) 6
(c) 4 (d) 2

**112.** **रवि, सूर्या से 12 साल छोटा है। रवि की आयु उसकी और सूर्या की आयु के योग का 40% है। आज से 9 वर्ष बाद सूर्या की आयु क्या होगी?**

(a) 36 (b) 24
(c) 33 (d) 45

# मानसिक योग्यता और तर्क क्षमता

**निर्देश (113-115) : दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सही है, भले ही यह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न हों, यह तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुपालन करता है/करते हैं।**

**113.** **कथनः**
**केरल के लोग बहुत से व्यंजन नारियल तेल में पकाते हैं।**
**निष्कर्षः**
**1. नारियल तेल, बहुत से व्यंजन मे उपयोग होने वाला देश का प्रमुख तेल है।**
**2. केरल नारियल तेल का एक बड़ा उपभोक्ता है।**

(a) केवल निष्कर्ष 2 पालन करता है।
(b) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों पालन करते हैं।
(c) केवल निष्कर्ष 1 पालन करता है।
(d) या तो निष्कर्ष 1 या तो 2 पालन करता है।

**114.** **कथन :**
**माता-पिता अच्छी शिक्षा के लिए उच्च शुल्क का भुगतान करने के लिए तैयार हैं।**
**निष्कर्ष :**
**I. माता-पिता अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करना चाहते हैं।**
**II. अच्छी शिक्षा केवल उच्च शुल्क पर प्रदान की जा सकती है।**

(a) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) निष्कर्ष I तथा II दोनों अनुसरण करते हैं।
(d) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

**115.** **कथनः**
**स्कूल में ठीक से व्यवहार न करने वाला छात्र अपना और स्कूल का नाम बदनाम करता है।**
**निष्कर्षः**
**I. ऐसे छात्र को स्कूल से निकाल देना चाहिए।**
**II. कड़ा अनुशासन छात्रों के व्यवहार को नहीं सुधार सकता।**

(a) निष्कर्ष I और II दोनों ही उपयुक्त हैं।
(b) केवल निष्कर्ष I उपयुक्त है।
(c) केवल निष्कर्ष II उपयुक्त है।
(d) न तो निष्कर्ष I और न ही II उपयुक्त है।

**116.** **युक्तिः वर्ष 2020 एक अधिवर्ष है।**
**पूर्वधारणाः**
**1. 2020 में फरवरी में 29 दिन होंगे।**
**2. वर्ष 2017 एक अधिवर्ष नहीं है।**

(a) न तो 1 और न ही 2 अंतर्निहित है।
(b) केवल पूर्वधारणा 2 अंतर्निहित है।
(c) केवल पूर्वधारणा 1 अंतर्निहित है।
(d) 1 और 2 दोनों पूर्वधारणाएं अंतर्निहित हैं।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**117.** **निम्नलिखित प्रश्न और उसके बाद के कथनों पर विचार करें और निर्णय लें, कि प्रश्न का उत्तर देने के लिए कौन सा कथन पर्याप्त है?**
**प्रश्नः**
**E, F, G, H और I एक पंक्ति में खड़े हैं। कथनों में दी गई जानकारी के आधार पर यदि हम सबसे छोटे से सबसे बड़े क्रम में व्यवस्था करते हैं, तो पता लगाएँ कि दूसरे स्थान पर कौन खड़ा है।**
**कथनः**
**1. G सबसे लम्बा है।**
**2. E, F से लम्बा है।**
**3. H सबसे छोटा है।**
**4. F, I से लम्बा है।**
(a) कथन 1, 2, 3 सभी एक साथ पर्याप्त हैं।
(b) 1 और 2 कथन पर्याप्त हैं।
(c) कथन 1, 2, 3 और 4 सभी एक साथ पर्याप्त हैं।
(d) कथन 1, 3 और 4 पर्याप्त है।

**118.** **एक महिला की ओर इशारा करते हुए, रमन ने कहा, '' उसके इकलौते भाई का पुत्र मेरी पत्नी का भाई है''। उस महिला का रमन से क्या संबंध है?**
(a) पत्नी के पिता की बहन (b) पिता की बहन
(c) पत्नी की माँ (d) पत्नी के भाई की पत्नी

**119.** **नीचे दिए गए कथनों के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें:**
**कथन:**
**K, R का भाई है।**
**P, K की बहन है।**
**T, S का भाई है।**
**S, R की पुत्री है।**
**प्रश्न:**
**P का T से क्या सम्बन्ध है?**
(a) साली (b) बहन
(c) दादी (d) मौसी/बुआ

**120.** **यदि A = 26 और H = 19 है, तो FASHION = ?**
(a) 2126819181217 (b) 2126819181215
(c) 2126819181213 (d) 2126819181214

**121.** **यदि PICTURE को 6 के रूप में और STUDIO को 5 के रूप में कोड किया जाता है तो TELEVISION का कोड क्या होगा?**
(a) 6 (b) 9
(c) 8 (d) 7

**122.** **एक कूटभाषा में 'INDIGENCE' को 'DNIEGIECN' लिखा जाता है। उसी कूटभाषा में 'INDIRECTS' को किस प्रकार लिखा जाएगा ?**
(a) DNREIISTC (b) DNIESIRTC
(c) DNIERISTC (d) DNIIRESTC

**123.** **उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से वही संबंध रखता है, जो पहला शब्द दूसरे शब्द से रखता है।**
**प्रसन्नता : दु:ख :: वैषम्य : ?**
(a) प्रतिस्पर्धा (b) समरसता
(c) युद्ध (d) गुस्सा

**124.** **उस अक्षर का चयन करें, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न ( ? ) के स्थान पर आ सकता है।**
**70, V, 63, R, 56, O, 49, ?**
(a) L (b) M
(c) N (d) K

**125.** **दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।**
**0, 6, 20, 42, ?**
(a) 72 (b) 86
(c) 68 (d) 70

**126.** **उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका तीसरे शब्द से वही संबंध है, जो दूसरे शब्द का पहले शब्द से है।**
**Entomology : Insects :: Etymology : ?**
(a) Plants (b) Words
(c) Books (d) Statellites

**127.** **दिए गए विकल्पों में से, उस एक विकल्प का चयन कीजिए, जिसमें नीचे दिए गए शब्दों को सार्थक क्रम में व्यवस्थित किया गया है।**
**1. पेंट, 2. योजना, 3. फर्निश, 4. बनाना, 5. रहना**
(a) 2, 1, 4, 3, 5 (b) 2, 4, 5, 1, 3
(c) 2, 3, 5, 1, 4 (d) 2, 4, 1, 3, 5

**128.** **एक विशिष्ट कोड भाषा में Horses are animals को lu # @ लिखा जाता है। Animals are mammals को kt lu # लिखा जाता है। Are horses mammals को kt # @ लिखा जाता है। इस कोड भाषा में Animals का कोड क्या है?**
(a) # (b) kt
(c) lu (d) @

**129.** **किसी कूट भाषा में-**
**'123' का अर्थ है 'good to taste'**
**'456' का अर्थ है 'see you soon'**
**'789' का अर्थ है 'be right back'**
**तो उस भाषा में निम्नलिखित में से कौन सी संख्या का अर्थ 'be' है ?**
(a) 9 (b) 4
(c) 1 (d) 7

**130.** **कथनः**
**1. सभी कविताएं, कहानियां हैं।**
**2. सभी लेख, कविताएं हैं।**
**निष्कर्षः**
**1. सभी लेख, कहानियां हैं।**
**2. कोई कहानी, लेख नहीं है।**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

(a) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों पालन करते हैं।
(b) न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 पालन करता है।
(c) केवल निष्कर्ष 1 पालन करता है।
(d) केवल निष्कर्ष 2 पालन करता है।

**131. कथन :**
**Y ने अपने मित्र से कहा, ''मेरे बच्चे हमारे बाग में खेलकर आनंद लेते हैं।''**
**निष्कर्ष :**
**i. Y के घर में एक बाग है।**
**ii. Y के बच्चे हैं।**
(a) केवल निष्कर्ष i तर्कसंगत है।
(b) दोनों ही निष्कर्ष तर्कसंगत हैं।
(c) केवल निष्कर्ष ii तर्कसंगत है।
(d) न तो निष्कर्ष i और न ही निष्कर्ष ii तर्कसंगत है।

**निर्देश (132-133) अमर, बाबू, सेरा और दीया से कहा गया कि वे 4 बहुविकल्पों वाले प्रश्न-पत्र को हल करें, जिसमें विकल्प 1, 2, 3, 4, हैं। उनकी ओर से जो उत्तर-पुस्तिका चिन्हित की गई है, उसे यहाँ बताया गया है।**

| | अमर | बाबू | सेरा | दीया |
|---|---|---|---|---|
| Q1 | 2 | 1 | 1 | 3 |
| Q2 | 4 | 3 | 2 | 4 |
| Q3 | 3 | 4 | 3 | 1 |
| Q4 | 3 | 2 | 2 | 4 |

**बाबू के सभी उत्तर गलत थे। अमर के पहले दो जवाब निश्चित रूप से गलत थे। दीया के दो उत्तर सही थे, लेकिन उसका चौथा उत्तर निश्चित रूप से गलत था। अमर व सेरा का केवल एक ही उत्तर सही था।**

**132. किसका Q4 का उत्तर सही है?**
(a) अमर (b) बाबू
(c) दीया (d) कोई भी नहीं

**133. सेरा का कौन सा प्रश्न सही है?**
(a) Q1 (b) Q2
(c) Q3 (d) Q4

**134. एक कोड में, यदि SKYJACKING को AJYKSGNIKC लिखा जाता है तो इसी कोड में CHEAPJACKS को कैसे लिखा जाएगा?**
(a) PAEHCSKCAJ (b) PAAEHCSKCAJ
(c) PAEHCCSKCAJ (d) PAEHCSKAJ

**135. निम्नलिखित चार सामाग्रियों में से तीन किसी दृष्टि से एक समान है और एक असंगत है। असंगत का चयन करें।**
(a) चाँदी (b) सोना
(c) पीतल (d) एल्युमीनियम

**136. निम्न में से भिन्न चित्र का चयन करें:**

a. 

b. 

c. 

d. 


**137. निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।**
**पाँच मित्र A, B, C, D और E उत्तर की ओर मुंह करके एक बेंच पर बैठे हैं। A, B के बगल में बैठा हुआ है। D, C के बगल में बैठा हुआ है। D, E के साथ नहीं बैठा है। E बेंच के बाएं किनारे पर बैठा है। C दांए से दूसरे स्थान पर बैठा है। A,C एक साथ बैठे हैं।**
**बेंच के बीच में कौन बैठा है ?**
(a) A (b) C
(c) B (d) D

**138. छः लोग राज, श्रुति, प्रिया, मोहन, अजीत और गीत एक वृत्ताकार मेज के चारो ओर अंदर की ओर मुंह करके बैठे हुए हैं। मोहन, प्रिया के दाई ओर दूसरे स्थान पर बैठा है और प्रिया, राज के बाई ओर तीसरे स्थान पर बैठी है। अजीत, मोहन के दाई ओर दूसरे स्थान पर बैठा है और गीत, मोहन के बगल में नहीं बैठी है। गीत के दाईं ओर चौथे स्थान पर कौन बैठा है?**
(a) मोहन (b) राज
(c) प्रिया (d) श्रुति

**139. 7 सदस्य A, B, C, D, E, F तथा G एक विशिष्ट क्रम में कार्यालय जा रहे हैं (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों)। C सबसे अंत में कार्यालय पहुँचा। उनमें से कोई भी समान समय पर कार्यालय नहीं पहुँचा। G के बाद कम से कम 3 सदस्य कार्यालय पहुँचे। E, A के ठीक बाद कार्यालय पहुँचा तथा G, E के ठीक बाद कार्यालय पहुँचा। F, A से ठीक पहले कार्यालय पहुँचा लेकिन D के बाद कार्यालय नहीं पहुँचा?**
**उनमें से सबसे पहले कार्यालय कौन पहुँचा?**
(a) D (b) G
(c) F (d) B

**140. निम्नलिखित श्रृंखला में, ऐसे कितने 8 है, जिसके बाद संख्या 4 नहीं आती है, परंतु जिसके पहले संख्या 5 आती है ?**
**6 5 8 2 3 5 8 1 2 5 8 3 4 3 5 6 5 4 5 8 6 5 8 4 5 8**
(a) 2 (b) 4
(c) 5 (d) 3

**141. उस विकल्प का चयन करें जो निम्न आकृतियों को तर्कसंगत रूप से समूहबद्ध करेगा।**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"




(a) 1, 3, 5; 2, 7, 8; 4, 6, 9
(b) 1, 2, 9; 3, 4, 5; 6, 7, 8
(c) 1, 3, 5; 2, 7, 9; 4, 6, 8
(d) 1, 3, 5; 2, 4, 8; 6, 7, 9

**142. P 3 R I M J 3 Q % W @ / N $ E 5 X Y 1# 8**
उपर्युक्त श्रृंखला का उपयोग करते हुए, वह शब्द पता करें जो नीचे दिए गए समूह से संबंधित नहीं है:

(a) M Q @ (b) P I 3
(c) W N 5 (d) % / 5

**143. अपने घर से निकलकर अनया ने एक सड़क को पार किया। सड़क के दूसरी तरफ पहुँचकर वह बाएँ मुड़ी और सीधे चली गई। यदि वह अब पश्चिम दिशा में हैं, तो सड़क पार करने से पहले वह किस दिशा में थी?**

(a) उत्तर (b) दक्षिण
(c) पूर्व (d) पश्चिम

**144. बिंदु O से पश्चिम की ओर मुंह करके एक व्यक्ति 4 किमी चलकर बिंदु A पर पहुंचता है, फिर वहां से दाएं ओर 4 किमी चलकर वह बिंदु B पर पहुंचता है, फिर दाएं ओर 4 किमी चलकर बिंदु C पर पहुंचता है, दाएं ओर मुड़कर वह 3 किमी चलकर बिंदु D पर पहुंचता है, बाएं मुड़कर 4 किमी चलकर बिंदु E पर पहुंचता है, दाएं ओर 5 किमी चलकर बिंदु F पर पहुंचता है।**
**बिंदु B और बिंदु F के बीच सबसे कम दूरी है।**

(a) $4\sqrt{2}$ (b) $3\sqrt{2}$
(c) $5\sqrt{2}$ (d) $8\sqrt{2}$

**145. यदि अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों को उल्टे क्रम में लिखा जाए, तो बाएं से 13वें अक्षर के दाईं ओर 5वां अक्षर कौन-सा होगा?**

(a) K (b) J
(c) L (d) I

**146. P 3 R I M J 3 Q % W @ / N $ E 5 X Y 1 # 8**
**उपरोक्त श्रेणी में बाएँ से 15वें पद, के बाएँ का 6वाँ पद है:**

(a) 8 (b) W
(c) % (d) #

**147. नीचे दी गयी आकृति को बनाने के लिए एक पारदर्शी शीट पर निम्नलिखित में से किस आकृति कट का उपयोग किया गया है ?**

**प्रश्न आकृतिः**



**विकल्प आकृतियांः**




(a) D (b) A
(c) B (d) C

**149. दिए गए पैटर्न को ध्यानपूर्वक पढ़े और वह संख्या चयन करें जो उसमें प्रश्न चिन्ह (?) को प्रतिस्थापित करेगा।**




(a) 8 (b) 10
(c) 12 (d) 6

**149.**




**नीचे के विकल्प चित्रों में से कौन ऊपर के ? के लिए उपयुक्त होगा?**



A B C D

(a) D (b) A
(c) B (d) C

**150. उस वेन आरेख का चयन करें, जो दिए गए वर्गों के बीच के संबंध को सर्वोत्तम ढंग से निरूपित करता है।**
**क्रॉकरी, प्लेट, कटोरा**

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# SOLUTION : PRACTICE SET- 3

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (b) | 2. (a) | 3. (c) | 4. (b) | 5. (c) | 6. (a) | 7. (b) | 8. (b) | 9. (c) | 10. (a) |
| 11. (b) | 12. (a) | 13. (d) | 14. (c) | 15. (c) | 16. (a) | 17. (c) | 18. (c) | 19. (d) | 20. (d) |
| 21. (c) | 22. (b) | 23. (b) | 24. (c) | 25. (c) | 26. (b) | 27. (c) | 28. (d) | 29. (b) | 30. (b) |
| 31. (c) | 32. (b) | 33. (d) | 34. (c) | 35. (b) | 36. (b) | 37. (b) | 38. (a) | 39. (a) | 40.(a) |
| 41.(c) | 42.(c) | 43.(b) | 44.(c) | 45. (d) | 46. (c) | 47. (b) | 48. (a) | 49. (c) | 50. (c) |
| 51. (d) | 52. (d) | 53. (b) | 54. (d) | 55. (d) | 56.(a) | 57. (a) | 58.(d) | 59. (d) | 60. (c) |
| 61. (d) | 62. (d) | 63. (c) | 64. (c) | 65. (b) | 66. (c) | 67. (d) | 68. (b) | 69. (b) | 70.(c) |
| 71.(d) | 72.(d) | 73. (c) | 74. (c) | 75. (b) | 76. (d) | 77. (b) | 78. (a) | 79.(d) | 80.(b) |
| 81. (b) | 82.(b) | 83. (c) | 84. (d) | 85. (c) | 86.(d) | 87. (a) | 88.(d) | 89.(c) | 90. (c) |
| 91.(a) | 92. (d) | 93.(c) | 94.(a) | 95. (c) | 96. (a) | 97. (b) | 98. (d) | 99. (a) | 100. (d) |
| 101. (c) | 102. (d) | 103. (a) | 104. (d) | 105. (d) | 106. (b) | 107. (b) | 108. (b) | 109. (a) | 110. (a) |
| 111. (a) | 112. (d) | 113. (a) | 114. (d) | 115. (d) | 116. (d) | 117. (c) | 118. (a) | 119. (d) | 20.(c) |
| 121. (b) | 122. (c) | 123.(b) | 124. (b) | 125. (a) | 126. (b) | 127. (d) | 128. (c) | 129. (d) | 130. (c) |
| 131. (b) | 132.(a) | 133. (b) | 134. (a) | 135. (c) | 136. (b) | 137. (a) | 138.(b) | 139. (c) | 140. (c) |
| 141. (a) | 142. (d) | 143. (b) | 144. (d) | 145. (d) | 146. (c) | 147. (d) | 148. (d) | 149. (c) | 150. (d) |

## SOLUTION

**1.(b)**
'शनि' क्रमानुसार और मण्डल का छठां ग्रह है। यह बृहस्पति और यूरेनस के बीच की कक्षा में सूर्य की परिक्रमा करता है। सूर्य से बृहस्पति ग्रह जितना दूर है, लगभग उतना ही बृहस्पति से शनि ग्रह दूर है।

**2. (a)**
शनि ग्रह इतना बड़ा है कि इसमें हमारी 750 पृथ्वियां समा सकती हैं, परन्तु इस ग्रह का भार केवल 95 पृथ्वियों के बराबर है। इसका कारण यह है कि शनि की द्रव्यराशि का औसत घनत्व बहुत कम है, पानी से भी कम। अतः शनि ग्रह को किसी महासागर में डालना सम्भव हो तो यह डूबेगा नहीं बल्कि तैरने लग जाएगा।

**3. (c)**
सौरमण्डल का सबसे कम घनत्व वाला पिण्ड 'शनि' है। 'शनि' ग्रह की द्रव्यराशि का औसत घनत्व पानी से भी कम है।

**4. (b)**
'शनि' ग्रह इतना बड़ा है कि इसमें 750 पृथ्वियाँ समा सकती हैं। जबकि इस ग्रह का भार केवल 95 पृथ्वियों के बराबर है।

**5. (c)**
सौरमण्डल में सूर्य से दूरी 'शनि' क्रमानुसार 'छठां ग्रह' है।

**6. (a)**
महादेवी वर्मा छायावाद की प्रसिद्ध लेखिका है। अन्य छायावादी लेखक हैं-जयशंकर प्रसाद, सुमित्रानन्दन पन्त और रायकृष्णदास।

**7. (b)**
हिन्दी-वर्णमाला में व्यंजनों की संख्या 33 है।

**8. (b)**
अँखिया हरि दरसन की भूखी। कैसे रहें रूप रस राँची ए बतियाँ सुनि रूखीं। इसमें वियोग रस है, क्योंकि इसमें हरि के दर्शन के लिये आँख तरस रही उनसे मिलने के लिये। 'सूरसागर' का यह पद्यांश गोपियों की विरह बता रहा है।

**9. (c)**
मात्रा क्रम की दृष्टि से 'दोहा' के ठीक विपरीत पड़ने वाला छन्द सोरठा है। दोहा अर्द्धसम मात्रिक छन्द है। इसके विषम चरणों (प्रथम और तृतीय) में 13-13 मात्राएँ तथा सम चरणों (द्वितीय और चतुर्थ) में 11-11 मात्राएं होती हैं। दोहा छंद के ठीक विपरीत सोरठा छंद में विषम चरणों (प्रथम और तृतीय) में 11-11 तथा सम (द्वितीय एवं चतुर्थ) में 13-13 मात्राएँ होती हैं। इस प्रकार दोहा तथा सोरठा दोनों में कुल 48-48 मात्राएं होती हैं। चौपाई के चार चरणों में प्रत्येक में 16 मात्राएँ (कुल-64) होती हैं। मात्रिक सम छँद रोला के दो चरणों में से प्रत्येक चरण में 24 मात्राएँ (कुल - 24+24=48) होती हैं। मात्रिक सम छंद हरिगीतिका के दो चरणों में से प्रत्येक चरण में 28 मात्राएँ (कुल - 28+28=56) होती हैं।

**10. (a)**
'खिली हुई हवा आई फिरकी सी आई, चल गई' में उपमा अलंकार है 'जब एक वस्तु की तुलना दूसरी वस्तु से की जाए' तो उसे उपमा अलंकार कहा जाता है। तुलना प्रकट करने वाले शब्द, सा, सी, से. सरिस, समान। जहाँ वर्णों की आवृत्ति हो अनुप्रास अलंकार कहा जाता है। जैसे - चारू चंद की चंचल किरणे। 'च' वर्ण कई बार आया है।
उत्प्रेक्षा अलंकार ''जहाँ उपमेय में उपमान की सम्भावना की जाए'' सम्भावना करने वाले शब्द जनु, जानों, मनु, मानों, मनुहुँ, जनहुँ इत्यादि।

**11. (b)**
'क' वर्ग का उच्चारण स्थान कण्ठ है। अतः निर्दिष्ट विकल्पों में 'घ' का उच्चारण-स्थान कण्ठ है।

**12. (a)**
जिस समास में दोनों पद मिलकर एक नया अर्थ प्रकट करें बहुव्रीहि समास कहलाता है। जैसे- चन्द्रशेखर, गजानन, पीताम्बर, लम्बोदर। जिस समास का दोनों पद प्रधान हो द्वन्द्व समास है। जैसे– माता-पिता, भाई-बहन, पिता-पुत्र। जिस समास का पहला पद विशेषण तथा दूसरा पद विशेष्य (संज्ञा) हो कर्मधारय समास है। जैसे- महाकवि, पीतसागर, महावीर, महात्मा। तत्पुरुष समास में दूसरा पद प्रधान होता है, जैसे राजपुत्र, कठफोडवा चिड़ीमार, देशभक्ति।



Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**13. (d)**
उक्त निर्दिष्ट विकल्पों में त ध्वनि अल्पप्राण है। अल्प प्राण के अंतर्गत हर वर्ग का पहला, तीसरा और पाँचवा व्यंजन आता है।

**14. (c)**
उक्त पंक्ति में लाटानुप्रास है जहाँ शब्दों या वाक्यों की आवृत्ति समान हो और उसका अर्थ भी एक हो केवल अन्वय करने पर तात्पर्य बदल जाता है। वहाँ लाटानुप्रास होता है।

**15. (c)**
उपमा, रूपक तथा उत्प्रेक्षा अलंकार, सादृश्यमूलक अलंकार है जबकि विशेषोक्ति सादृश्यमूलक अलंकार नहीं है।

**16. (a)**
'विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने रीति काल को 'शृंगार काल कहा है, जबकि रमाशंकर शुक्ल 'रसाल' ने रीतिकाल को 'कलाकाल', मिश्र बन्धु ने इसे 'अलंकार काल' और हजारी प्रसाद द्विवेदी, राम कुमार वर्मा, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने इसे 'रीतिकाल' कहा है।

**17. (c)**
'मृगनयनी' वृन्दावन लाल वर्मा की रचना है जिसमें ग्वालियर के महाराजा मानसिंह एवं मृगनयनी के प्रणय, रोमांस का चित्रण है। शेष रचनायें 'दिनकर' की हैं।

**18. (c)**
तिरंगा शब्द में द्विगु समास है। द्विगु समास वहाँ होता है जहां पहला शब्द संख्यावाचक होता है और दूसरा पद संज्ञावाचक एवं प्रधान होता है जैसे - चौराहा, पंचवटी, पंचामृत इत्यादि।

**19. (d)**
जहाँ उपमेय में उपमान का आरोप (निषेध सहित) हो वहाँ अपह्नुति अलंकार होता है। जैसे–यह चंद्र नहीं मुख है।

**20. (d)**
'गधा' का तत्सम रूप 'गर्दभ' होता है।

**21. (c)**
'अलकेश' कुबेर शब्द का पर्यायवाची शब्द है। 'बादल' के पर्यायवाची मेघ, नीरद, जलद, घन आदि हैं। चपला का विद्युत, बिजली, दामिनी आदि है।

**22. (b)**
संशोधित वाक्य है - धनवान को व्यर्थ में सहायता देकर कोई लाभ न होगा, है। अतः विकल्प (b) में 'बेकार' शब्द का प्रयोग निरर्थक है।

**23. (b)**
'जिसके पास कुछ न हो' के लिए एक शब्द 'अकिंचन' है, जबकि 'जिसमें कुछ करने की क्षमता न हो' के लिए 'अक्षम' तथा 'जो कुछ नहीं जानता हो' के लिए 'अज्ञ' तथा 'जिसमें सामर्थ्य नहीं है' के लिए एक शब्द 'असमर्थ' होगा।

**24. (c)**
'खाना' क्रिया में 'वैया' प्रत्यय लगाने से 'खवैया' शब्द बनता है। यह एक कृदन्त प्रत्यय है। कृदन्त प्रत्यय क्रियाओं में लगते हैं। इसके अतिरिक्त 'डाटना' में 'ऐया' प्रत्यय लगाकर 'डटैया' तथा 'बचाना' में 'ऐया' प्रत्यय लगाकर 'बचैया' शब्द बनता है।

**25. (c)**
पितृ + अनुमति = पित्रनुमति
**यण संधि** ऋृ + इ = रि
यदि इ, ई, उ, ऊ, ऋृ के बाद भिन्न स्वर आये तो इ और ई का **''या''** उ और ऊ का **''व''** तथा ऋ का **'र'** हो जाता है।

**26. (b)**
'वर्तिका' का तद्भव रूप बाती है। जबकि दिए गये अन्य विकल्प सही नहीं है।

**27. (c)**
वाक्य का सही क्रम है- जिस प्रकार अग्नि का धर्म दहकना है, उसी प्रकार मनुष्य का धैर्य उसके स्वभाव का पर्याय होना चाहिये।

**28. (d)**
चाकू एक अकारान्त पुल्लिंग है। अतः चाकू का बहुवचन 'चाकू' ही होगा, क्योंकि अकारान्त आकारान्त, इकारान्त ईकारान्त, उकारान्त ऊकारान्त, पुल्लिंग का एक वचन और बहु वचन समान होता है।

**29. (b)**
'परिश्रम' शब्द का विलोम विश्राम है। शेष सभी विकल्प विलोम की दृष्टि से असंगत है।

**30. (b)**
''मंगल भवन अमंगल हारी
द्रवहु सो दशरथ अजिर बिहारी।''
इसमें चौपाई छन्द है। चौपाई एक सममात्रिक छन्द है। इसमें चार चरण होते हैं तथा प्रत्येक चरण में 16-16 मात्राएँ होती हैं। कुल 64 मात्राएँ होती हैं।

**31. (c)**
क्रिया का आधार सूचित करने वाला कारक 'अधिकरण कारक' कहलाता है, जबकि जहाँ किसी वस्तु के अलग होने का भाव प्रकट हो उसे अपादान कारक तथा जिस शब्द से किसी के साथ सम्बन्ध या लगाव प्रतीत हो वहाँ सम्बन्ध कारक तथा जहाँ कोई वस्तु किसी को पूर्ण रूप से दान दी जाती हो वहाँ पर अपादान कारक होता है।

**32. (b)**
ठाकुर शब्द का स्त्रीलिंग ठाकुराईन होता है। यहाँ आईन स्त्रीलिंग प्रत्यय जोड़कर पुल्लिंग को स्त्रीलिंग बनाया गया है। आईन प्रत्यय से बनने वाले अन्य स्त्रीलिंग शब्द–
पण्डित – पण्डिताईंन

**33. (d)**
जगन्नाथ (जगत्+नाथ) में व्यंजन संधि है। यदि किसी वर्ग के पहले वर्ण (क्, च्, ट्, त्, प्) का मेल किसी अनुनासिक वर्ण (वस्तुतः केवल न, म) से हो तो उसके स्थान पर उसी वर्ग का पाँचवाँ वर्ण (ङ्, ञ्, ण्, न्, म्) हो जाता है, जैसे–
उत् + मत = उन्मत
चित् + मत = चिन्मय

**34. (c)**
कर्मधारय समास में प्रथम पद विशेषण होता है तथा उत्तर पद विशेष्य होता है। अतः नीलोत्पल में कर्मधारय समास है। जहाँ पर कोई शब्द अन्य अर्थ प्रकट करता है वहाँ पर बहुव्रीहि समास होता है अतः चक्रपाणि का अर्थ है - चक्र है जिसके हाथ में अर्थात् विष्णु भगवान। यहाँ बहुव्रीहि समास है। जबकि चतुर्युगम् में द्विगु समास माता और पिता में द्वन्द समास है।

**35. (b)**
'मेंढकी को जुकाम होना' का अर्थ है बिना योग्यता के योग्य होने का नखरा। शेष विकल्प असंगत है।

**36. (b)**
'प्रत्युत्पन्न' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग 'प्रति' है। शेष दिए गए उपसर्ग शब्द असंगत है।

**37. (b)**
'कवयित्री' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है इस स्त्रीलिंग शब्द का पुल्लिंग रूप - कवि होता है। प्रश्न में दिए गए शेष तीनों शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**38. (a)**
शास्त्री जी की मृत्यु से हमें बड़ा दुःख हुआ है। वाक्य शुद्ध नहीं है इसका शुद्ध वाक्य होगा- 'शास्त्री जी की मृत्यु से हमें बड़ा दुःख हुआ।'। शेष सभी वाक्य शुद्ध है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**39. (a)**
गंगा नदी उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद से प्रवेश करती है और उत्तर प्रदेश के 28 जिलों से होकर बहती है। गंगा नदी के किनारे स्थित उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहर प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर, कन्नौज, मिर्जापुर, गाजीपुर, बलिया आदि हैं।
भारत सरकार द्वारा नवम्बर 2008 में गंगा नदी को भारत की राष्ट्रीय नदी घोषित किया गया है।

**40.(a)**
'विजय सागर पक्षी विहार' उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में स्थित है। जो एक पक्षी अभयारण्य है जो विजय सागर झील के किनारे स्थित है।

**41.(c)**
लाल मृदा दक्षिणी प्रयागराज, झांसी, मिर्जापुर, सोनभद्र तथा चन्दौली जिलों में पायी जाती है। इस मृदा का निर्माण बालुकामय लाल विन्ध्य चट्टानों के टूटने-फूटने से हुआ। इस मृदा में नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, चूना तथा जैव तत्वों की कमी तथा लौह अंश की अधिकता पायी जाती है।

**42.**(c)
सही सुमेल इस प्रकार हैं-

| **उत्तर प्रदेश के जनपद** | **अधिकतम/न्यूतम क्षेत्र** |
|---|---|
| लखीमपुर खीरी | अधिकतम भौगोलिक क्षेत्रफल |
| सोनभद्र | अधिकतम वन आच्छादित क्षेत्रफल |
| सीतापुर | सर्वाधिक अनुसूचित जाति जनसंख्या वाला जिला |
| संत रविदासनगर | न्यूनतम वन आच्छादित क्षेत्रफल |
| संत रविदासनागर | न्यूनतम भौगोलिक क्षेत्रफल |

**43.**(b)
उत्तर प्रदेश सरकार ने लखनऊ के रूमी दरवाजा ऐतिहासिक स्मारक से जुड़वा मछली का राजचिन्ह अंगीकार किया है। रूमी दरवाजा लखनऊ के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। इसका निर्माण नवाब आसफउद्दौला ने 1784 ई. में करवाया।

**44.**(c)
जून 2023 में अरुणाचल प्रदेश में प्रसिद्ध 'बिहू कुह' महोत्सव मनाया गया। यह महोत्सव राज्य की तांगसा जनजाति द्वारा मनाया जाता है। इस उत्सव का अर्थ है 'धान रोपाई उत्सव' जो कि कृषि मौसम की शुरुआत का प्रतीक है।

**45.** (d)
जून 2023 में स्पेसएक्स ने SATRIA-1 नामक संचार उपग्रह को इंडोनेशिया देश के लिए लांच किया। इसे फाल्कन-9 राकेट द्वारा यूएसए के केप फ्लोरिडा स्पेस फोर्स स्टेशन से लांच किया गया।

**46.** (c)
जून 2023 में गुवाहाटी रेलवे स्टेशन 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाण से सम्मानित होने वाला पूर्वोत्तर रेलवे का पहला स्टेशन बन गया। उल्लेखनीय है कि मानक खाद्य भंडारण और स्वच्छता का पालन करने वाले रेलवे स्टेशनों को भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा 'ईट राइट स्टेशन' प्रमाणन प्रदान किया जाता है। यह उन रेलवे स्टेशनों को प्रदान किया जाता है, जो यात्रियों को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन प्रदान करने में FSSAI के मानक को पूर्ण करते हैं।

**47.** (b)
'चीन-भारत सीमा विवाद' भारत और चीन के बीच में एक युद्ध था, जो वर्ष 1962 में हुआ था। चीनी सेनाओं ने 20 अक्टूबर, 1962 को भारत पर आक्रमण कर दिया। युद्ध के लिए भारतीय सेना तैयार नहीं थी। पश्चिमी यूरोपीय शक्तियों के भय से चीन ने 21 नवम्बर, 1962 को एक पक्षीय युद्ध विराम घोषित कर 20 किमी. पीछे हट गया।

**48. (a)**
हर्यंक वंश का संस्थापक बिम्बिसार मगध की गद्दी पर 544 ई. पू. में बैठा था। वह बौद्ध धर्म का अनुयायी था। बिम्बिसार ने गिरिव्रज (राजगृह) की स्थापना कर उसे अपनी राजधानी बनाया तथा इसने मगध पर 52 वर्षों तक शासन किया था। बिम्बिसार की हत्या उसके ही पुत्र अजातशत्रु ने कर दी तथा 492 ई. पू. में मगध की गद्दी पर बैठा।

**49. (c)**
गयासुद्दीन तुगलक अलाउद्दीन खिलजी के शासनकाल में पंजाब (पश्चिमोत्तर प्रांत) प्रांत का राज्यपाल था। इसी ने खिलजी वंश के पश्चात 1320 ई. में 'तुगलक वंश' की स्थापना की। खिलजी वंश का संस्थापक जलालुद्दीन फिरोज खिलजी था तथा इसकी हत्या 1296 ई. में अलाउद्दीन खिलजी ने कड़ा मानिकपुर (इलाहाबाद) में कर दी। अलाउद्दीन ने सेना को नगद वेतन देने एवं स्थायी सेना की नींव रखी तथा घोड़े दागने और सैनिकों का हुलिया लिखने की प्रथा के साथ-साथ इसका प्रमुख कार्य 'मूल्य नियंत्रण प्रणाली' को लागू करना था। इसके शासनकाल के प्रमुख अधिकारी एवं उनके कार्य निम्न थे-
दीवान-ए-रियासत- बाजार नियंत्रण की पूरी व्यवस्था
शहना-ए-मंडी- बाजार का अधीक्षक
बरीद- बाजार का निरीक्षक
मुनहियान- गुप्त सूचना प्राप्त करना

**50. (c)**
भारत में ब्रिटिश ऑपनिवेशिक सरकार द्वारा मान्ट-फोर्ड सुधार रिपोर्ट 1918 में प्रस्तुत की गई थी। जिसे वर्ष 1919 में भारत शासन अधिनियम (माण्टेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार) के नाम से लागू किया गया।

**51. (d)**
1932 का पूना पैक्ट महात्मा गाँधी और बी.आर. अम्बेडकर के बीच एक समझौता था। यह समझौता सरकार द्वारा सांप्रदायिक पंचाट में दलितों के लिए पृथक निर्वाचन मण्डल के समाप्त करने के लिए था।

**52.** (d)
'धौलागिरी' पर्वत का नाम संस्कृत के 'धवल' शब्द से व्युत्पन्न है, धवल का अर्थ 'श्वेत' होता है, अतः इसे श्वेत पर्वत भी कहा जाता है। 'धौलागिरि' हिमालय पर्वत श्रृंखला का ही भाग है जो कि नेपाल में स्थित है। नेपाल में इसका विस्तार पश्चिम में भेरी नदी से पूर्व में काली गंडक नदी तक है।

**53. (b)**
अरूणाचल प्रदेश के प्रमुख दर्रे बोम्डिला, यांग्याप दर्रा, दिफू दर्रा है। जिसमें बूम ला दर्रा (बोम्डिला) त्वांग और ल्हासा को आपस में जोड़ता है तथा यांग्याप दर्रा के पास से ही ब्रह्मपुत्र नदी भारत में प्रवेश करती है। यहीं से चीन के लिए मार्ग गुजरता है तथा दिफू दर्रा अरूणाचल प्रदेश के पूर्व में म्यामांर तथा चीन की सीमा पर स्थित है।

**54.** (d)
उपर्युक्त झीलों में सबसे बड़ी झील पैंगोंग झील (134 किमी.) है हालांकि यह भारत व चीन दोनों देशों में स्थित है। उपर्युक्त झीलों में वेम्बनाद झील भारत में स्थित सबसे लम्बी झील है। इसकी लंबाई 96.5 किमी. है। पुलीकट एवं कोलेरू झीलों की लम्बाई (लगभग बराबर) 60 किमी. है।

**55. (d)**
अम्बाला शहर भारत के हरियाणा राज्य का मुख्य एवं ऐतिहासिक शहर है। गंगा और सिन्धु नदी तन्त्र के बीच अम्बाला शहर है, जो इसके जल क्षेत्र को पृथक करता है। हरिद्वार एवं अलकनंदा पूर्णरुपेण गंगा नदी तंत्र में आते हैं। नामचाबर्वा गंगा बेसिन से दूर अरूणांचल प्रदेश के निकट तिब्बत क्षेत्र में अवस्थित है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**56.(a)**
दामोदर घाटी निगम अधिनियम 1948 के तहत स्थापित दामोदर वैली कारपोरेशन (दामोदर घाटी निगम) एक सांविधिक निकाय है। अमेरिका की टेनेसी घाटी प्राधिकरण के आधार पर इसकी स्थापना 7 जुलाई 1948 को दामोदर घाटी परियोजना के तहत की गयी है। मूल परियोजना में 7 प्रमुख बाँधों का निर्माण किया जाना था लेकिन दामोदर घाटी निगम द्वारा केवल चार बाँधों तिलैया, मैथन, कोनार और पचेंत का निर्माण किया गया। दामोदर घाटी परियोजना स्वतंत्र भारत की प्रथम बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना है।

**57.** (a)
संविधान सभा का दसवां अधिवेशन 6-17 अक्टूबर 1949 तक आयोजित किया गया था। भारतीय संविधान के निर्माण हेतु गठित संविधान सभा की कुल 12 बैठकें/अधिवेशन हुए थे।
प्रथम अधिवेशन 9 दिसम्बर 1946
ग्यारहवां अधिवेशन 26 नवम्बर 1949
12वां अधिवेशन 24 जनवरी 1950 (हस्ताक्षर हेतु)

**58.(d)**
भारतीय संविधान के भाग-4 में अनुच्छेद 36 से 51 तक राज्य के नीति निर्देशक सिद्धातों का वर्णन है। इसमें 48-A ''पर्यावरण का संरक्षण तथा संवर्धन और वन तथा वन्य जीवों की रक्षा से सम्बन्धित है। ग्रेनविल ऑस्टिन के अनुसार निर्देशक तत्वों की प्रकृति गैर-न्यायोचित है। यानी कि इनके हनन पर इन्हे न्यायालय द्वारा लागू नहीं कराया जा सकता है। अतः सरकार इन्हें लागू करने के लिए बाध्य नहीं है। ये विधायिका और कार्यपालिका के लिए अनुदेश है।

**59. (d)**
लोकसभा में किसी विशेष दिन पर चर्चा के लिए स्वीकृत मौखिक उत्तरों के लिए तारांकित प्रश्नों की अधिकतम संख्या 20 होती है। तारांकित प्रश्न ऐसे प्रश्न होते हैं जिसका उत्तर प्रश्नकर्ता सदन में तत्काल मौखिक रूप से चाहता है। ज्ञात हो कि इसके बाद पूरक प्रश्न भी पूछे जा सकते हैं। प्रश्नकाल सामान्यतया प्रतिदिन संसद के दोनों सदनों में बैठक के पश्चात् कार्यवाही का प्रथम घण्टा दोपहर '11 बजे से 12 बजे' तक का होता है। भारत में संसदीय प्रश्न पूछने की प्रक्रिया सर्वप्रथम वर्ष 1892 के भारत परिषद अधिनियम से शुरू हुई थी। संसद में पूछे जाने वाले प्रश्न तीन प्रकार के होते है। (1) तारांकित प्रश्न (2) अतारांकित प्रश्न (3) अल्प सूचना प्रश्न

**60. (c)**
किसी राज्य में विधान परिषद के स्थापना और समाप्ति का प्रावधान अनुच्छेद-169 में दिया गया है। विधान परिषद का सदस्य बनने के लिए अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष है। राज्य सभा की भांति विधान परिषद भी एक स्थाई सदन है।

**61. (d)**
योजना आयोग एक गैर–संवैधानिक आयोग रहा है। इसका गठन वर्ष 1950 में केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पारित प्रस्ताव के तहत नियोगी समिति (1946) के सुझावों के आधार पर किया गया था। प्रधानमंत्री इस आयोग के पदेन अध्यक्ष होते हैं। 17 अगस्त, 2014 को भंग कर दिया गया। वर्तमान में इस आयोग की जगह 'नीति आयोग' का गठन वर्तमान सरकार द्वारा किया गया है।

**62. (d)**
88वें संविधान संशोधन द्वारा संविधान के 7वीं अनुसूची के संघ सूची में एक नया विषय जोड़ा गया, जिसे 'सेवाओं पर कर' (Taxes on services) कहा जाता है। गौरतलब है कि संघ सूची में 15 विषय ऐसे हैं जिन पर संसद को कर लगाने का विशेष अधिकार प्राप्त है।

**63. (c)**
नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक वित्तीय प्रशासन के क्षेत्र में भारत के संविधान एवं संसदीय विधि के अनुरक्षण के प्रति उत्तरदायी होता है। महालेखा परीक्षक संसद का एजेंट होता है और उसी के माध्यम से लेखा परीक्षण करता है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक संसद की लोक लेखा समिति के गाइड, मित्र और मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है।

**64. (c)**
छोटे किसान और मौसमी मजदूर जैसे लोग जो नियमित रूप से गरीबी के दायरे के अन्दर और बाहर होते रहते है। उन्हें विलोडन गरीब के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

**65. (b)**
वह दर जिस पर RBI वाणिज्यिक बैंकों को अल्पावधि के लिए उधार देती है, 'रेपो दर' कहलाता है। मुद्रास्फीति के समय RBI रेपो दर को बढ़ा देता है जिससे बैंकों द्वारा धन उधार लेने और अर्थव्यवस्था में धन की आपूर्ति कम होने को हतोत्साहित किया जाता है।

**66. (c)**
भारत में बैंकों का राष्ट्रीयकरण दो चरणों में सम्पन्न हुआ है।
प्रथम चरण - 17 जुलाई 1969 को 14 बड़े व्यावसायिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण हुआ।
द्वितीय चरण- 15 अप्रैल 1980 को 6 अन्य बैंकों का राष्ट्रीयकरण हुआ।
प्रश्नकाल में राष्ट्रीयकृत बैंकों की संख्या - 19 तथा 2022 में राष्ट्रीयकृत बैंकों की संख्या 12 है।
निजी बैंकों की संख्या - 9

**67.** (d)
सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) भारत सरकार द्वारा स्थापित एक खाद्य सुरक्षा प्रणाली है। इस प्रणाली के अन्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे वाले लोगों को विशेष राशन कार्ड जारी करने तथा न्यूनतम मूल्य पर खाद्यान्न की आपूर्ति की नीति अपनाई गयी है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से वर्ष 1997 में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (TPDS) की शुरूआत की गई। यह प्रणाली वर्तमान में भी संचालित की जा रही है।

**68.** (b)
PMGY का पूरा नाम प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना है यह योजना भारत सरकार की बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है इसके अन्तर्गत गाँव के विकास के लिये आवश्यक पहलुओं को ध्यान में रखकर सरकार द्वारा विभिन्न सहयोग किया जाता है। इसके अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यक्रम चलाया जा रहा है।
1. मिड-डे-मिल योजना
2. समेकित बाल विकास योजना
3. किशोरी शक्ति योजना

**69. (b)**
12वीं पंचवर्षीय योजना का कार्यकाल 2012–17 है, इसमें वार्षिक 8.0% विकास दर निर्धारित की गयी है।
इसका प्रमुख लक्ष्य त्वरित सम्पोषणीय एवं अधिक समावेशी संवृद्धि है।

**70.(c)**
इन्दिरा गोस्वामी को असमिया भाषा के लिए 36वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार सन् 2000 में दिया गया। यह प्रसिद्ध सम्पादक, कवयित्री, विदुषी और लेखिका थी। इनकी प्रसिद्ध पुस्तक का नाम ''रामायण-गंगा से ब्रह्मपुत्रतक'' है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**71.**(d)
**डकवर्थ-**लुईस स्टर्न मैथेड या नियम (DLS) एक गणितीय सूत्रीकरण है, जिसका इस्तेमाल मौसम या अन्य परिस्थितियों से प्रभावित सीमित ओवरों के क्रिकेट मैंच में बल्लेबाजी करने वाले टीम के लिये टारगेट स्कोर की गणना करने के लिये किया जाता है।

**72.(d)**
लघुगणक का आविष्कार जॉन नेपियर ने सन् 1614 ई. में किया था। स्कॉटलैण्ड निवासी जॉन नेपियर द्वारा प्रतिपादित लघुगणक एक ऐसी गणितीय युक्ति है, जिसके प्रयोग से गणनाओं को छोटा किया जा सकता है। गुणा और भाग जैसी जटिल प्रक्रियाओं को लघुगणक के प्रयोग से अपेक्षाकृत सरल जोड़ और घटाने जैसी प्रक्रियाओं में बदला जा सकता है।

**73.** (c)

| **देश** | | **मुद्रा** |
|---|---|---|
| रूस | - | रूसी रूबल या रूबल |
| चीन | - | रेनमिन्मी या यूआन |
| भूटान | - | नगुल्ट्रम |
| म्यांमार | - | क्यात |

**74. (c)**

| **राजधानी** | **देश** |
|---|---|
| ब्यूनस आर्यस | अर्जेन्टीना |
| रोम | इटली |
| वियना | ऑस्ट्रिया |
| डब्लिन | आयरलैण्ड |

**75. (b)**
लुइगी पलमिरी एक भौतिक विज्ञानी एवं मौसमविज्ञानी थे। इन्होंने 'भूकंपमापी' (सिस्मोमीटर) यन्त्र का आविष्कार किया था।
अलेक्जेण्डर पार्केस ने 'प्लास्टिक' का आविष्कार किया था।
एलेक्सी पैजित्नोव एक वीडियोगेम डिजायनर है इन्होंने टैड्रिस नामक गेम डिजाइन किया था।

**76. (d)**
हम जानते है कि,

$$\boxed{\text{मिश्रधन} = \text{मूलधन}\left(1+\frac{\text{दर}}{100}\right)^{\text{समय}}}$$

या, $A = P\left(1+\frac{R}{100}\right)^T$

$$P\left(1+\frac{R}{100}\right)^3 = 18600 \quad ...........(i)$$

$$P\left(1+\frac{R}{100}\right)^6 = 27900 \quad ...........(ii)$$

समी. (ii) ÷ समी. (i)

$$\left(1+\frac{R}{100}\right)^3 = \frac{27900}{18600}$$

$$\left(1+\frac{R}{100}\right)^3 = \frac{279}{186} \quad ..........(iii)$$

समी. (iii) का मान समी. (i) में रखने पर,

$$P\left(\frac{279}{186}\right) = 18600$$

$$P = \frac{18600\times186}{279} \Rightarrow \quad P = \frac{3459600}{279}$$

$\boxed{P = 12400}$ रु.

**Trick :**




$$\text{स्केलिंग फैक्टर} = \frac{27900}{18600} = \frac{3}{2}$$

$$\therefore \quad P\times\frac{3}{2} = 18600$$

$P = 12400$ रु.

**77.** (b)

$$\boxed{\text{मूलधन} = D\times\frac{100}{R}\times\frac{100}{R}}$$

$$\therefore \text{ मूलधन } = 20.25\times\frac{100}{9}\times\frac{100}{9}$$

(जहाँ D = चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज का अन्तर)

$$x = \frac{2025\times100}{81} = 25\times100$$

$\therefore x = 2500$ रू.

**नोट–** यह सूत्र चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज में दो वर्ष का अन्तर होने पर ही मान्य है।

**78. (a)**




प्रश्नानुसार,

$$S = \frac{a+b+c}{2}$$

$$S = \frac{80+70+50}{2}$$

$$S = \frac{200}{2} = 100$$

समबाहु $\Delta ABC$ का क्षे. = विषमबाहु $\Delta PQR$ का क्षे.

$$\frac{\sqrt{3}}{4}\times x^2 = \sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{\sqrt{3}}{4}x^2 = \sqrt{100(100-50)(100-70)(100-80)}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{\sqrt{3}}{4}x^2 = \sqrt{100\times50\times30\times20}$$

$$\frac{\sqrt{3}}{4}x^2 = \sqrt{3000000}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{\sqrt{3}}{4}x^2 = \sqrt{3}\times1000$$

$$\Rightarrow \quad x^2 = 4000$$

$$\Rightarrow \quad x = 20\sqrt{10}$$

$$= 20\times3.16$$

$$x = 63.20$$



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**79.**(d)

ट्रैक का क्षेत्रफल = $\pi[R^2 – r^2)$

$= \frac{22}{7}\left[29^2 - 23^2\right]$

$= \frac{22}{7}[(29+23)(29-23)]$

$= \frac{22}{7}\times 52\times 6$

ट्रैक को समतल कराने की लागत = $\frac{22}{7}\times 52\times 6\times 7$

= ₹6864

**80.(b)**

ग्राफ द्वारा

2015 एवं 2017 में कुल आयात = 450 + 550 = 1000

2013 और 2016 में कुल निर्यात = 400 + 440 = 840

$\therefore$ आयात एवं निर्यात में अनुपात = 1000 : 840

= 100 : 84 = 25 : 21

**81. (b)**

2014, 2016 और 2017 में स्टील का कुल आयात = 360 + 500 + 550 = 1410 (करोड़ में)

2013, 2015 और 2017 में स्टील का कुल निर्यात = 400 + 600 + 650 = 1650 (करोड़ में)

$\therefore$ प्रतिशत कमी $= \frac{1650-1410}{1650}\times 100$

$= \frac{240}{1650}\times 100 = 14.5$

**82.(b)**

$\frac{4x573y}{72} = \frac{4x573y}{8\times 9}$

$\Rightarrow$ यदि दी गयी संख्या के अंतिम तीन अंक 8 से भाज्य हो तो वह संख्या 8 से भाज्य होगी

$\therefore \frac{73y}{8}$, y = 6 लेने पर

$\frac{736}{8} = 92$

$\Rightarrow$ यदि दी गयी संख्या का योग 9 से विभाज्य हैं तो वह संख्या 9 से विभाजित होगी।

$\frac{4+x+5+7+3+y}{9} = \frac{19+x+y}{9}$

$= \frac{19+6+x}{9} = \frac{25+x}{9}$ (जहाँ y = 6)

x = 2 लेने पर

$\therefore = \frac{25+2}{9} = \frac{27}{9} = 3$

अतः x + y = 2 + 6 = 8

**83. (c)**

x + y + z = 38

x के अधिकतम होने के लिए y और z का मान 2 और 3 होना चाहिए।

x + 2 + 3 = 38

x = 33

**84. (d)**

n संख्याओं के वर्गों का योग $= \frac{n(n+1)(2n+1)}{6}$

$\therefore$ अभीष्ट योग =

$(1^2 + 2^2 + 3^2 + ......... + 25^2) - (1^2 + 2^2 + 3^2 + ......+ 15^2)$

$\frac{25(25+1)(25\times 2+1)}{6} - \frac{15(15+1)(15\times 2+1)}{6}$

$= \frac{25\times 26\times 51}{6} - \frac{15\times 16\times 31}{6} = 5525 - 1240 = 4285$

**85. (c)**

$\sqrt[3]{11}$, $\sqrt{7}$, $\sqrt[4]{45}$

3, 1, 4 का ल०स० = 12

$\therefore \sqrt[3]{11} = (11)^{4/12} = (14641)^{1/12}$

$\sqrt{7} = (7)^{6/12} = (117649)^{1/12}$

$\sqrt[4]{45} = (45)^{3/12} = (91125)^{1/12}$

$\therefore (117649)^{1/12} > (91125)^{1/12} > (14641)^{1/12}$

$\Rightarrow \sqrt{7} > \sqrt[4]{45} > \sqrt[3]{11}$

**86.(d)**

7, 11 और 13 का ल.स. =1001

विकल्प (d) से,

$\frac{15015}{1001} = 15$

अत: संख्या 15015, 7, 11 और 13 से पूर्णत: विभाजित होगी।

**87. (a)**

$\frac{42-12\times 3+8\div 2+15}{8\times 2-4+9\div 3}$

प्रश्नानुसार चिन्ह परिवर्तन करने पर,

$\frac{42+12\div 3-8\times 2-15}{8\div 2+4-9\times 3}$

$= \frac{42+4-16-15}{4+4-27} = \frac{46-31}{8-27} = \frac{-15}{19}$

**88.(d)**

माना कुल 100 संख्याएँ हैं।

औसत में कुल वृद्धि $= \frac{75\times 5.6-25\times 8.4}{100}$

$= \frac{25(16.8-8.4)}{100}$

$= \frac{8.4}{4} = 2.1$

$\therefore$ प्राप्त संख्याओं का औसत = 54.6 + 2.1 = 56.7

**89.(c)**

माना क्रमागत विषम संख्याएँ-

x, (x+2), (x+4), (x+6).............44 संख्याएँ

प्रश्नानुसार,

x+(x+2) + (x+4) + (x+6)..........= 44×144

$S_{44} = \frac{44}{2}\left[2x+(44-1)\times 2\right]$

$6336 = 22\left[2x+86\right]$

$2x + 86 = \frac{6336}{22}$



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

$2x = 202$
$x = 101$

अन्तिम पद $(\ell) = a + (n-1)d$

$= 101 + (44-1)\times 2$

$= 101 + 86 = 187$

**90. (c)**

$\because$ a : b =(2 : 5) × 4     c : b = (3 : 4) × 5

अर्थात्   a : b : c = 8 : 20 : 15

**91.(a)**

सिनेमा हाल का मूल राजस्व = 180×2200
= 396000 रु.

सिनेमा हाल के राजस्व में वृद्धि=$396000\times\left(\frac{10-9}{9}\right)$

= ₹ 44000

**92. (d)**

माना B की आय = 100

A की आय = 140

प्रश्नानुसार,

A = 140 ↓ +25% → 175      B = 100 ↓ +40% → 140

$\therefore$ संयुक्त वृद्धि % $= \frac{(175+140)-(100+140)}{(100+140)}\times 100$

$= \frac{315-240}{240}\times 100 = \frac{75}{240}\times 100 = 31.25\%$

**93.(c)**

माना भिन्न का अंश x तथा हर y है।

प्रश्नानुसार,

$$\frac{x\times\frac{160}{100}}{y\times\frac{140}{100}} = \frac{16}{63}$$

$$\frac{16x}{14y} = \frac{16}{63}$$

$$\frac{x}{y} = \frac{14}{63}$$

$$\boxed{\frac{x}{y} = \frac{2}{9}}$$

**94.(a)**

उम्मीदवार X को प्राप्त कुल वैध मत

$= 640000\times\frac{80}{100}\times\frac{70}{100} = 358400$

**95. (c)**

माना वस्तु का क्रय मूल्य = 100 रु.

विक्रय मूल्य = 130 रु.

यदि विक्रय मूल्य पर लाभ की गणना की जाए तो

लाभ % $= \frac{30}{130}\times 100 = 23.1\%$

**96. (a)**

एक कैमरे का क्रय मूल्य, विक्रय मूल्य का 90% है

माना विक्रय मूल्य = 100 रु.

तब क्रय मूल्य = $\frac{100\times 90}{100} = 90$ रु.

लाभ प्रतिशत $= \frac{\text{लाभ}}{\text{क्रय मूल्य}}\times 100 = \frac{10}{90}\times 100\% = \frac{100}{9}\%$

लाभ % $= 11\frac{1}{9}\%$

**97. (b)**

4 कलम + 6 नोटबुक + 9 फाइल = 305___ (i)

3 कलम + 4 नोटबुक + 2 फाइल = 145 _____(ii)

(समी. 1 में 2 से गुणा करने पर)

8 कलम + 12 नोटबुक + 18 फाइल = 610 ______(iii)

समी.(iii) – समी.(ii) से,

5 कलम + 8 नोटबुक + 16 फाइल = 610 – 145

= ₹ 465

**98. (d)**

$\because$ 1 पकेट की कीमत = ₹16

$\therefore$ 4 पैकेट की कीमत = 4 × 16 = 64

प्रश्नानुसार,

4 पैकेट की कीमत = 56

$\therefore$ पैक पर प्रभावी छूट % $= \frac{64-56}{64}\times 100$

$= \frac{8}{64}\times 100 = 12.5\%$

**99.** (a)

कुल लागत मूल्य (CP) $= 500 + 500\times\frac{12}{100}$

= (500 + 60) = 560

$\because \frac{CP}{MP} = \frac{(100-D)}{(100+P)}$

$\frac{560}{MP} = \frac{84}{120}$

$MP = \frac{560\times 120}{84} = ₹800$

**100. (d)**

माना A की धनराशि x Rs. है।

$\therefore$ B की धनराशि = (36000–x) Rs.

प्रश्नानुसार,

$\because$ साधारण ब्याज $= \frac{\text{मू.}\times\text{दर}\times\text{समय}}{100}$

$\frac{x\times 15\times 2}{100} = \frac{(36000-x)\times 15\times 4}{100}$

3x = 72000

x = 24000 Rs.

अतः A को प्राप्त कुल ब्याज $= \frac{24000\times 15\times 2}{100}$

= 7200 Rs.



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**101. (c)**

2 वर्ष का सा. ब्याज = 4644 – 4300

= 344 रु.

1 वर्ष ब्याज = 172 रु.

$$दर(R\%)=\frac{172}{4300}\times100=4\%$$

$$पुनः\ \ A=P\left(1+\frac{RT}{100}\right)$$

$$10104=P\left(1+\frac{20}{100}\right)$$

$$P=10104\times\frac{5}{6}=8420\text{ रु.}$$

**Trick :**

$$4300\text{ रु.}\xrightarrow[+344\text{ रु.}]{2\text{ वर्ष}}4644\text{ रु.}$$

1 वर्ष का ब्याज = 172 रु.

$$ब्याज\ दर\ =\frac{172}{4300}\times100$$

= 4%

5 वर्ष के लिए ब्याज दर = 20%

120% = 10104 रु.

20% = 1684 रु.

100% = 8420 रु.

**102. (d)**

| A | : | B | : | C |
|---|---|---|---|---|
| 5×12 | : | 6×12 | : | $6\times\frac{2}{3}\times6$ |
| 5 | : | 6 | : | 2 |

प्रश्नानुसार–

∵ C का हिस्सा = 2 unit = 21600 (दिया है)

1 unit = 10800

∴ (A+B+C) का लाभ = (5+6+2)

= 13×10800 = 140400

**103. (a)**

एसिड : पानी

1 : x

जब मिश्रण में 50 m*l* पानी मिलाया जाता है तो अनुपात 2:5 हो जाता है–

प्रश्नानुसार–

$$\frac{\frac{1}{(x+1)}\times300}{\left(\frac{x}{x+1}\times300\right)+50}=\frac{2}{5}$$

$$=\frac{\frac{300}{x+1}}{\frac{300x+50x+50}{x+1}}=\frac{2}{5}$$

300 × 5 = 2 [300x + 50x + 50]

1500 = 700x + 100

x = 2

**104. (d)**

∵ A, 50% कार्य करता है = 16 दिन

∴ A, 1 भाग (100%) कार्य करेगा है = 32 दिन

तथा

∵ B, $\frac{1}{4}$ भाग कार्य करता है = 24 दिन

∴ B, 1 भाग कार्य करेगा = 24×4 = 96 दिन

जिस प्रकार मोर भारत का राष्ट्रीय पक्षी है

उसी प्रकार भालू रूस का राष्ट्रीय पशु है।

**115. (d)**

जिस प्रकार,

B D C E → F H G I (+4, +4, +4, +4)

उसी प्रकार,

R T S U → V X W Y (+4, +4, +4, +4)

अत: $\boxed{? = \text{VXWY}}$

**116. (c)**

6 → 2×3 → 2+3 → 5

8 → 2×2×2 → 2+2+2 → 6

अत: $\boxed{? = 6}$

**117. (a)**

मंगल, शुक्र, बृहस्पति ग्रह हैं जबकि चन्द्रमा उपग्रह है।

**118. (d)**

(a) A C E G (+2, +2, +2) (b) I K M O (+2, +2, +2)

(c) F H J L (+2, +2, +2) (d) T U W Y (+1, +2, +2)

अत: विकल्प 'd' विषम है।

**119. (c)**

64 एक पूर्ण वर्ग संख्या है जबकि अन्य पूर्ण वर्ग संख्या नहीं है।

**120. (d)**

(a) Approach → (b) Appropriate → (c) Approval → (d) Approve

अत: $\boxed{? = \text{abcd}}$

**121. (b)**

a →(+6) g →(+6) **m** →(+6) s →(+6) y

j →(+6) p →(+6) **v** →(+6) b →(+6) h

s →(+6) y →(+6) **e** →(+6) k →(+6) q

अत: $\boxed{? = \text{mve}}$



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**122. (a)**




अत: $\boxed{? = 13}$

**123. (b)**
प्रश्नानुसार,
रक्त सम्बन्ध आरेख खीचने पर–




अतः रक्त सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि आनंद रश्मि का पौत्र है।

**124. (d)**
माना रोहन की आयु = x वर्ष
निखिल की आयु = (x–8) वर्ष
∴ प्रश्नानुसार,
माना y वर्ष पश्चात् रोहन निखिल की उम्र का दोगुना होगा।
$x+y=2(x-8+y)$
$\Rightarrow x+y= 2x-16+2y$
$\Rightarrow x+y-2x-2y = -16$
$\Rightarrow -x-y= -16$
$\therefore x+y=16$
अत: रोहन की आयु = 16 वर्ष

**125. (d)**
शब्द ORGANISATION से ORANGE शब्द नहीं बनाया जा सकता है, क्योंकि दिए हुए शब्द में E अक्षर नहीं है।

**126. (c)**
जिस प्रकार




उसी प्रकार




अतः $\boxed{\text{ELECTORATE} \rightarrow \text{ETAROTCELE}}$

**127. (b)**
8 a 3c 24 b 12 d 19
= 8×3 +24 ÷12–19
= 8×3+2–19
= 24+2–19
= 26–19
= 7

**128. (b)**

| | | |
|---|---|---|
| 2+4+6=48 | ⇒ | 2×4×6 = 48 |
| 3+ 2+8 = 48 | ⇒ | 3×2×8 = 48 |
| 2+5+7 = ? | ⇒ | 2×5×7 = 70 |

अत: $\boxed{? = 70}$

**129. (d)**
जिस प्रकार,
$$28 = \frac{20\times7}{5}$$
तथा
$$84 = \frac{35\times12}{5}$$
उसी प्रकार,
$$45 = \frac{\boxed{25}\times9}{5}$$
अत: $\boxed{? = 25}$

**130. (d)** प्रश्नानुसार,




इस स्थिति में वह दक्षिण-पश्चिम दिशा की ओर जा रहा है।

**131. (d)** प्रश्नानुसार,
वेन आरेख बनाने पर,




अत: वेन आरेख से स्पष्ट है कि न तो निष्कर्ष I सही है और न ही निष्कर्ष II.

**132. (c)**
एक आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या =10
दो आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या =4
तीन आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या =4
अतः कुल त्रिभुजों की संख्या =10+4+4=18

**133. (c)**
चूँकि हाथी पशु है और शेर भी एक पशु है।




**134. (a)** प्रश्नानुसार,
वेन आरेख बनाने पर,




अतः वेन आरेख से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष I निकलता है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**135. (c)**
दी गयी प्रश्न-आकृति, उत्तर-आकृति विकल्प (c) में निहित है।

**136. (c)**
प्रश्न आकृति में दिखाए अनुसार कागज को मोड़कर काटने तथा खोलने के बाद वह उत्तर आकृति विकल्प (c) जैसा दिखाई देगा।

**137. (b)**
प्रश्न आकृति का सही दर्पण प्रतिबिम्ब उत्तर आकृति विकल्प (b) होगा।

**138. (c)**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 86, | 67, | 33, | 44 | |
| | P | P | S | E | (गलत) |
| (b) | 88, | 76, | 31, | 32 | |
| | R | R | A | E | (गलत) |
| (c) | 95, | 75, | 02, | 32 | |
| | R | O | S | E | (सही) |
| (d) | 57, | 87, | 32, | 33 | |
| | R | O | E | S | (गलत) |

**139. (b)**
$C > A$ —— C केवल A से भारी है
$B > D > E$ — D, B से हल्का परन्तु E से भारी है।
**Note : भारी > हल्का**
चूँकि C केवल A से भारी है अतः $B > D > E > C > A$ क्रम होगा और B सबसे भारी होगा।

**140. (d)**
न ही निष्कर्ष I और न ही II सही है।

**141. (a)**
एक आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या = 8
दो आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या = 4
चार आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या = 4
अतः कुल त्रिभुजों की संख्या = 8 + 4 + 4 =16

**142. (a)**
जिस प्रकार, $83 + 87 = 80$
$\Rightarrow 8 \times 3 + 8 \times 7$
$\Rightarrow 24 + 56 = 80$
तथा $77 + 57 = 84$
$\Rightarrow 7 \times 7 + 5 \times 7$
$\Rightarrow 49 + 35 = 84$
उसी प्रकार, $95 + 47 = ?$
$\Rightarrow 9 \times 5 + 4 \times 7 = ?$
$\Rightarrow ? = 45 + 28 \Rightarrow$ **? = 73**

**143. (c)**
विषम दिनों की संख्या-
जनवरी $\frac{5}{7} = 5$, (31 – 26 = 5 दिन शेष)
फरवरी $\frac{28}{7} = 0$
मार्च $\frac{31}{7} = 3$
अप्रैल $\frac{30}{7} = 2$
मई $\frac{31}{7} = 3$
जून $\frac{30}{7} = 2$
जुलाई $\frac{31}{7} = 3$
अगस्त $\frac{31}{7} = 3$
सितम्बर $\frac{30}{7} = 2$
अक्टूबर = 2 (केवल 2 दिन)
कुल विषम दिन = $\frac{25}{7} = 4$ दिन
अतः 2 अक्टूबर को (सोमवार + 4) = शुक्रवार होगा

**144. (b)**




**145. (a)**
आकृति 2, 3, 4 में एक वृत्त के भीतर 2 रेखायें दी गयी है। जबकि आकृति 1 में वृत्त के भीतर केवल एक ही रेखा है अतः 1 भिन्न है।

**146. (b)**
जब किसी सभा में N व्यक्ति होते हैं तो उनके एक दूसरे से हाथ मिलाने की संख्या

$= \frac{N(N-1)}{2}$ होती है।

जब N = 8 तो संख्या $= \frac{8(8-1)}{2} = 28$

**147. (c)**
प्रश्नानुसार,




अतः रमेश का चेहरा दक्षिण दिशा में है।

**148. (b)**
दूरदर्शन देखने तथा समाचार पत्र पढ़ने वाले कुल व्यक्तियों की संख्या
$(A \cup B) = A + B - (A \cap B)$
$= 62 + 44 - 24 = 82\%$
अतः न दूरदर्शन देखने, न ही समाचार पत्र पढ़ने वाले व्यक्तियों की संख्या = 100 – 82 = 18%

**149. (c)**
प्रश्नानुसार, कागज को काटने के बाद खोलने पर उत्तर आकृति विकल्प (c) के समान दिखेगी।

**150. (d)**
आरोही = बढ़ता हुआ क्रम
$\frac{292}{1}, \frac{376}{2}, \frac{476}{3}, \frac{568}{4}, \frac{776}{5}, \frac{843}{6}, \frac{988}{7}$
ऊपर से चौथी संख्या = 568 का मध्य अंक = 6



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# PRACTICE SET - 7

## सामान्य जानकारी

**1. प्रसिद्ध वादक उस्ताद बिंदा खान द्वारा बजाने वाला वाद्य है-**

(a) सारंगी (b) वायलिन
(c) मृदंग (d) संतूर

**2. नेतृत्व का कौन सा सिद्धान्त सम्पूर्ण व वैज्ञानिक माना जाता है?**

(a) स्थिति का सिद्धान्त
(b) बहुकारक का सिद्धान्त
(c) व्यक्तिगत गुणों व स्थिति का सिद्धान्त
(d) आनुवांशिक सिद्धान्त

**3. 7 फरवरी 2023 को ड्रोन के लिए भारत का पहला ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम किसने लॉन्च किया है?**

(a) जेन टेक्नोलॉजीस
(b) स्काई एयर
(c) इन्फोशिस
(d) इंफो एड्ज इंडिया

**4. भारतीय नौसेना में सर्वोच्च स्थान पर कौन-सा कमिशन्ड अधिकारी होता है ?**

(a) जनरल (b) एयर चीफ मार्शल
(c) एडमिरल (d) उप-लेफ्टिनेन्ट

**5. फरवरी 2023 में, किस राज्य सरकार ने 'वन फैमिली, वन आईडी' के निर्माण के लिए पोर्टल लान्च किया?**

(a) बिहार (b) उत्तर प्रदेश
(c) महाराष्ट्र (d) केरल

**6. सविनय अवज्ञा आन्दोलन की शुरूआत के पहले वायसराय को गांधी जी का 11 सूत्रीय चेतावनी दिया गया था।**
**इन चेतावनियों के सन्दर्भ में क्या सही है ?**

(1) रुपया-डॉलर विनिमय दर को कम करना।
(2) भू-राजस्व में 50 प्रतिशत की कमी करना।
(3) राजनैतिक कैदियों को रिहा करना।

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**7. दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे छोटा दिन**

(a) 22 दिसम्बर (b) 21 जून
(c) 21 मार्च (d) 23 सितम्बर

**8. अनुसूचित जनजाति के संरक्षण के लिये एक क्षेत्र को अनुसूची क्षेत्र के रूप में घोषणा करने की शक्ति किसके पास होती है ?**

(a) भारत के प्रधानमंत्री (b) भारत के राष्ट्रपति
(c) राज्य के मुख्यमंत्री (d) भारत के उपराष्ट्रपति

**9. फरवरी 2023 में, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने बच्चों के लिए उनके मूलभूत वर्षों में शिक्षण और अध्यापन सामग्री का शुभारम्भ किया, इसका नाम क्या है?**

(a) जादुई पिटारा (b) जादुई खजाना
(c) जादुई पुस्तक (d) इनमें से कोई नहीं

**10. भारत के संविधान के किस अनुच्छेद के अधीन राज्यों के राज्यपाल को अध्यादेश जारी करने की शक्ति प्राप्त है?**

(a) अनुच्छेद 123 (b) अनुच्छेद 211
(c) अनुच्छेद 213 (d) अनुच्छेद 212

**11. निम्न में से कौन-सी किताब सरोजनी नायडू द्वारा लिखित नहीं है ?**

(a) द ब्रोकेन विंग (b) द गोल्डेन थ्रेशहोल्ड
(c) द गोल्डेन बर्ड (d) द बर्ड ऑफ टाईम

**12. निम्नलिखित में से कौन-सी 'मिश्रित खेती' की प्रमुख विशेषता है ?**

(a) नकदी और खाद्य दोनों फसलों की साथ-साथ खेती
(b) दो या दो से अधिक फसलों को एक ही खेत में उगाना
(c) पशुपालन और फसल उत्पादन को एक साथ करना
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**13. निम्नलिखित में से किस राज्य में 'बहिनी दरबार' समाचार-पत्र महिलाओं द्वारा और महिलाओं के लिये प्रकाशित होता है ?**

(a) पश्चिम बंगाल (b) झारखण्ड
(c) महाराष्ट्र (d) मध्य प्रदेश

**14. किस सिख गुरू ने आदि ग्रंथ संकलित किया है?**

(a) गुरू अंगद (b) गुरू रामदास
(c) गुरू अर्जुन देव (d) गुरू हरराय

**15. तुलुव के राजवंश की स्थापना किसने की ?**

(a) नरसा नायक (b) कृष्णदेव राय
(c) अच्युत राय (d) वीर नरसिंह

**16. पहली बार भारत पर आक्रमण करने वाला मुस्लिम कौन था?**

(a) फिरदौस शाह (b) मुहम्मद गौरी
(c) मोहम्मद बिन कासिम (d) महमूद गजनवी

**17. निम्न में से कौन-सा उपवेद नहीं है ?**

(a) धनुर्वेद (b) शस्त्रशास्त्र
(c) आयुर्वेद (d) योगवेद

**18. निम्नलिखित में से कौन-सा प्राकृतिक अम्ल-क्षारक सूचक है?**

**I. लिटमस** **II. हल्दी**

(a) न ही I, न ही II (b) I तथा II दोनों
(c) केवल II (d) केवल I

**19. निम्नलिखित देशों में से किस एक के देशों में से भूमध्य रेखा गुजरती है ?**

(a) ब्राजील, जाम्बिया और मलेशिया
(b) कोलम्बिया, केन्या और इंडोनेशिया
(c) ब्राजील, सूडान और मलेशिया
(d) बेनेजुएला, इथियोपिया और इंडोनेशिया



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**20. हेमिस गोम्पा नामक मठ कहाँ स्थित है?**

(a) गैंग्टॉक (b) थिम्पू
(c) बोधगया (d) लद्दाख

**21. भारत का चुनाव आयोग पहली बार कब बहु-सदस्यीय निकाय बना था?**

(a) 1985 (b) 1994
(c) 1989 (d) 1995

**22. भारत में काजू का प्रथम परिचय किन लोगों ने कराया?**

(a) डच (b) ब्रिटिश
(c) फ्रांसीसी (d) पुर्तगाली

**23. किस भारतीय राष्ट्रपति ने आइरिश स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और इसके लिए जेल भी गये?**

(a) वी.वी. गिरि (b) नीलम संजीवा रेड्डी
(c) डॉ. शंकर दयाल शर्मा (d) डॉ. एस. राधाकृष्णन्

**24. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?**

(a) 1 अप्रैल (b) 6 मई
(c) 5 दिसम्बर (d) 5 जून

**25. सहारा मरुस्थल निम्नलिखित में से किस महाद्वीप में स्थित है?**

(a) ऑस्ट्रेलिया (b) अफ्रीका
(c) दक्षिण अमेरिका (d) उत्तर अमेरिका

**26. भारतीय संविधान सभा में कुल कितनी महिला सदस्य थी?**

(a) 12 (b) 13
(c) 15 (d) 17

**27. उत्तर प्रदेश में शेर सफारी स्थित है–**

(a) कन्नौज (b) लखनऊ
(c) नोएडा (d) इटावा

**28. प्रसिद्ध चरकुला नृत्य संबंधित है–**

(a) अवध से (b) बुन्देलखण्ड से
(c) ब्रजभूमि से (d) रूहेलखण्ड से

**29. निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय अर्थव्यवस्था का प्राथमिक क्षेत्र है?**

(a) कृषि (b) उद्योग
(c) सहकारिता (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**30. मान्यखेत के कृष्ण तृतीय का संबंध किस राजवंश से था?**

(a) राष्ट्रकूट (b) पाल
(c) चेर (d) गुर्जर-प्रतिहार

**31. आयात निर्यात (एग्जिम) बैंक स्थापित हुआ था–**

(a) 1981 में (b) 1982 में
(c) 1985 में (d) 1989 में

**32. प्रथम भारतीय महिला जिसने एशियाई खेल में 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण जीता?**

(a) एम. एल. वालसम्मा (b) पी. टी. उषा
(c) कमलजीत संधु (d) के. मलेश्वरी

**33. SAARC की पहली बैठक कहाँ हुई?**

(a) ढाका, बांग्लादेश (b) बेंगलौर, भारत
(c) काठमाण्डु, नेपाल (d) इस्लामाबाद, पाकिस्तान

**34. सोडियम क्लोराइड के क्रिस्टल जालक में सोडियम आयन को कितने ऋणायन घेरते हैं?**

(a) छः (b) सात
(c) नौ (d) आठ

**35. किसी अर्थव्यवस्था के भुगतान संतुलन खाते का संबंध ________ से होता है।**

(a) कृषि क्षेत्र
(b) बाह्य क्षेत्र
(c) निजी क्षेत्र
(d) सरकारी क्षेत्र

**36. 'लौह और रक्त' की नीति किसने अपनाई?**

(a) बलबन (b) अलाउद्दीन खिलजी
(c) मो. बिन तुगलक (d) बाबर

**37. टीपू सुल्तान कहाँ का शासक था?**

(a) हैदराबाद (b) मदुरई
(c) मैसूर (d) विजय नगर

**38. संविधान का 52 वां संशोधन संबंधित है–**

(a) दलबदल से (b) आरक्षण से
(c) निर्वाचन से (d) अल्पसंख्यकों के संरक्षण से

## General Hindi/सामान्य हिन्दी

**निर्देश (39–43) : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**39. सूरदास के गुरु कौन थे?**

(a) रामानन्द (b) रामदास
(c) वल्लभाचार्य (d) विट्ठलनाथ

**40. छंद पढ़ते समय आने वाले विराम को क्या कहते हैं?**

(a) गति (b) यति
(c) तुक (d) गण

**41. विशेषण शब्द जिस संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बतलाते हैं, उसे कहते हैं –**

(a) क्रिया विशेषण (b) विशेष्य
(c) प्रविशेषण (d) उपमान

**42. 'प्राचीन' शब्द विशेषण के किस प्रकार में आता है?**

(a) सार्वनामिक (b) परिमाण वाचक
(c) संख्यावाचक (d) गुणवाचक

**43. 'अभ्यास' का विशेषण रूप है –**

(a) अभ्यासिक (b) अभ्यासी
(c) आभास (d) आभासित

**निर्देश (प्रश्न संख्या 44–45) : निम्नलिखित मुहावरों के लिए उचित विकल्प चुनिए।**

**44. ''द्रोपदी का चीर'' का अर्थ है–**

(a) नारी का अपमान करना (b) शर्मनाक कार्य
(c) कभी समाप्त न होना (d) सुन्दर स्त्री

**45. ''कूप मंडूक होना'' का अर्थ है–**

(a) कुएँ में गिरना
(b) मूर्ख होना
(c) मात देना
(d) सीमित ज्ञान या सीमित अनुभव होना



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**46. इस प्रश्न में वाक्य के पहले और अन्तिम भाग को क्रमशः (1) और (6) की संख्या दी गई है। बीच में आने वाले अंश को चार भागों में बांटकर (य), (र), (ल), (व) संख्या दी गई है। यह चारों उचित क्रम में नहीं है। इन चारों को उचित क्रम में लगाइए। ताकि एक शुद्ध वाक्य का निर्माण हो।**

(1) सामाजिक जीवन में
(य) क्रोध की जरूरत बराबर पड़ती है
(र) मनुष्य दूसरों के द्वारा पहुँचाए जाने वाले बहुत से
(ल) यदि क्रोध न हो तो
(व) कष्टों की चिर निवृत्ति का
(6) उपाय ही न कर सके।

(a) य ल र व (b) व य र ल
(c) र य ल व (d) ल र व य

**47. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन कीजिए।**
**पूरब और उत्तर के बीच की दिशा**

(a) आग्नेय (b) ईशान
(c) वायव्य (d) नैऋत्य

**48. ''वलय'' शब्द का अर्थ चिन्हित कीजिए।**

(a) वृक्ष की छाल (b) गोलाकार घेरा
(c) मृग छाल (d) आवरण

**49. नीचे दिए गए शब्दों में से अव्यवीभाव समास का चयन कीजिए।**

(a) पाप–पुण्य (b) आजीवन
(c) घुड़सवार (d) पीताम्बर

**50. ''ठीक समय पर आ जाना'' में कौन–सा कारक है?**

(a) कर्म (b) करण
(c) सम्प्रदान (d) अधिकरण

**51. ''मंदिर – मंदिरा'' युग्म का उपयुक्त अर्थ वाला युग्म कौन सा होगा?**

(a) पूजाघर – पुजारी (b) घर – सवारी
(c) गुफा – बड़ी गुफा (d) देवालय – अश्वशाला

**52. निम्नलिखित में मिश्र वाक्य है –**

(a) मेरे आते ही वर्षा होने लगी।
(b) उसके जाने के बाद वर्षा होने लगी।
(c) वह घर से निकला और वर्षा होने लगी।
(d) ज्यों ही वह घर से निकला, वर्षा होने लगी।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 53–56) : काव्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

आज बरसों बाद उठी है इच्छा
हम कुछ कर दिखाएँ
एक अनोखा जश्न मनाएँ
अपना कोरा अस्तित्व जमाएँ
आज बरसों बाद सूखे पत्तों पर
बसंत ऋतु आई है
विचार रूपी कलियों पर
बहार खिल आई है
गहनता की फसल लहलहाई है
शायद इसी कारण
आज बरसों बाद
उठी है इच्छा हम कुछ कर दिखाएँ
अपना कोरा अस्तित्व जमाएँ।

**53. कवि के मन में इच्छा उत्पन्न हुई है ........।**

(a) कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य करने की
(b) मन से बातें करने की
(c) खुशियाँ मनाने की
(d) अपनी पहचान बनाने की

**54. 'सूखे पत्ते' प्रतीक हैं ............................।**

(a) पतझड़ के (b) अकाल के
(c) मन के सूनेपन के (d) शुष्कता के

**55. किन कलियों पर बहार का आगमन हुआ है?**

(a) भाव रूपी कलियों पर (b) विचारों की कलियों पर
(c) छोटी नई कलियों पर (d) शुष्क कलियों पर

**56. 'गहनता की फ़सल' से कवि का क्या आशय है?**

(a) विचारों में परिपक्वता (b) अपना अस्तित्व
(c) लहलहाती फ़सलें (d) विचारों की गंभीरता

**57. रिक्त स्थान हेतु दिए गए विकल्पों में उचित विकल्प चुनिए।**
**रामू की ..............केवल इसलिए हुई, क्योंकि राजीव उसकी .......... अधिक बुद्धिमान है।**

(a) अपेक्षा, अपेक्षा (b) अपेक्षा, उपेक्षा
(c) उपेक्षा, अपेक्षा (d) उपेक्षा, उपेक्षा

**58. निम्न पंक्ति में सही अलंकार का चयन कीजिए।**
**पानी विच मीन प्यासी।**
**मोहि सुनि सुनि आवै हासी।।**

(a) विभावना (b) अतिशयोक्ति
(c) विशेषोक्ति (d) उपमा

**59. निम्नलिखित विकल्पों में से किस विकल्प में सभी शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ हैं?**

(a) राम, रामचरितमानस, गंगा
(b) कृष्ण, कामायनी, मिठास
(c) लखनऊ, आम, बुढ़ापा
(d) ममता, वकील, पुस्तक

**60. निम्नलिखित में क्या 'गंगा' का पर्यायवाची नहीं है?**

(a) मंदाकिनी (b) भागीरथी
(c) कालिन्दी (d) सुरसरिता

**61. सही वर्तनी शब्द का चयन कीजिए।**

(a) अवन्नति (b) शृंगार
(c) मुशकिल (d) मात्रभूमि

**62. समूहार्थक शब्द चिन्हित कीजिए।**

(a) पुरुष (b) स्त्री
(c) मनुष्य (d) भीड़

**63. ''आंशिक'' शब्द में प्रत्यय क्या है?**

(a) अ (b) क
(c) इक (d) शिक



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

64. नीचे दिए गए वाक्य के त्रुटिपूर्ण खण्ड को चिन्हित कीजिए, यदि कोई त्रुटि न हो तो (d) भाग को चिन्हित कीजिए।

पुलिस द्वारा चोरी / का माल बरामद /
(a) (b)
हो गया है / कोई त्रुटि नहीं /
(c) (d)

65. वधूर्मि का सन्धि विच्छेद है –
(a) वधू + उर्मि (b) वधू + ऊर्मि
(c) वधु + उर्मि (d) वधु + ऊर्मि

66. भिन्नार्थक शब्द का चयन कीजिए।
(a) पावक (b) अनिल
(c) अनल (d) कृशानु

67. ''हर्ष'' का विलोम बताएँ–
(a) खुशी (b) विषाद
(c) उल्लास (d) आनन्द

68. गँदला, मैला, मलिन किस शब्द के पर्यायवाची हैं?
(a) प्रलय (b) धवल
(c) पंकिल (d) पामर

69. ''कर्कश'' का विलोम, नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनें।
(a) कठोर (b) विवेकी
(c) मधुर (d) विभ्रम

निर्देश प्र॰सं॰ (70-71) : वाक्यांशों के लिए एक उचित विकल्प चुनें-

70. जो इन्द्र पर विजय प्राप्त कर चुका हो।
(a) इन्द्रजेय (b) इन्दु
(c) इन्द्रजीत (d) जितेन्द्रिय

71. उच्च कुल में पैदा व्यक्ति।
(a) धनी (b) सवर्ण
(c) श्रेष्ठ (d) कुलीन

72. ''ईश्वर तुम्हें दीघार्यु दें''। अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताएँ।
(a) प्रश्नवाचक वाक्य (b) विस्मयवाचक वाक्य
(c) इच्छावाचक वाक्य (d) निषेधवाचक वाक्य

73. ''श्री गणेश'' का विलोम शब्द है-
(a) श्री राधा (b) इति श्री
(c) विनाश (d) इनमें से कोई नहीं

74. ''फूल'' का पर्यायवाची नहीं है-
(a) सुमन (b) पुष्प
(c) तनुजा (d) कुसुम

75. किस रस को रसराज कहा जाता है?
(a) वीर रस (b) हास्य रस
(c) शृंगार रस (d) शांति रस

## संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता

76. 105 मी. और 90 मी. लम्बी दो ट्रेनें दो समानान्तर पटरियों पर क्रमशः 45 कि.मी./घंटे और 72 कि.मी./घंटे की रफ्तार से एक दूसरे की तरफ आ रही हैं। एक दूसरे को पार करने में इन्हें कितना समय लगेगा?
(a) 5 सेकेन्ड्स (b) 6 सेकेन्ड्स
(c) 7 सेकेन्ड्स (d) 8 सेकेन्ड्स

77. एक पंखे को 1200 रु. में बेचकर संजय 200 रु. की हानि करता है। कितने में बेचने से उसे 10% का लाभ होगा?
(a) 1500 (b) 1520
(c) 1560 (d) 1540

78. यदि 10 पुस्तकों का विक्रय मूल्य 12 पुस्तकों के क्रय मूल्य के बराबर है, तो लाभ प्रतिशत कितना है?
(a) 20% (b) 18%
(c) 16% (d) 25%

79. किसी संख्या को 52 से भाग देने पर 44 शेष बचता है। यदि उस संख्या को 13 से भाग दिया जाए, तो कितना शेष बचेगा?
(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 5

80. यदि $x = \sqrt{6+\sqrt{6+\sqrt{6}}} + ....\infty$ का मान क्या है?
(a) 3 (b) 2
(c) –2 (d) 3,–2

81. A और B के काम करने की दर 2:3 के अनुपात में है। उनके द्वारा काम को पूरा करने में लिए गए दिनों का अनुपात क्या होगा?
(a) 2:3 (b) 4:9
(c) 3:2 (d) 9:4

82. दो धनात्मक संख्याओं का अनुपात 3:4 है। उनके वर्गों का योग 400 है। संख्याओं का योग कितना है?
(a) 28 (b) 22
(c) 24 (d) 26

83. यदि बिक्री मूल्य पर 10% की हानि होती है, तो लागत मूल्य पर हानि की दर क्या होगी?
(a) $11\frac{1}{9}\%$ (b) $9\frac{1}{11}\%$
(c) 10% (d) 11%

84. ध्वनि 330 मीटर प्रति सेकेण्ड की गति से यात्रा करती है। यदि बादलों के गर्जने की आवाज बिजली चमकने के 10 सेकेंड बाद सुनाई दे तो उसकी दूरी (किलोमीटर में) कितनी होगी?
(a) 0.33 km (b) 3.3 km
(c) 33 km (d) 33.3 km

85. कितनी राशि पर 2 वर्ष की R% पर साधारण ब्याज R होगा?
(a) ₹ 100 (b) ₹ 25
(c) ₹ 50 (d) ₹ 200



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**86.** यदि $P^2+\frac{1}{P^2}=47$, हो, तो $P+\frac{1}{P}$ का मान बताएँ।

(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 8

**87.** एक दुकानदार घड़ी बेचते समय 5% की छूट देता है। यदि वह 7% की छूट देता है तो वह लाभ के रूप में ₹15 कम कमाता है। घड़ी का अंकित मूल्य क्या है?

(a) ₹ 697.5 (b) ₹ 712.5
(c) ₹ 750 (d) इनमें से कोई नहीं

**88.** '*' के स्थान पर कितना न्यूनतम मान रखा जाए कि 63576*2 संख्या 8 से विभाजित हो जाए?

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**89.** एक छात्र ने दी गई 10 संख्याओं का औसत ज्ञात करते समय गलती से 46 के बजाय 64 लिखा और औसत 50 निकाला, संख्याओं का सही औसत ज्ञात कीजिए?

(a) 48.2 (b) 48
(c) 48.1 (d) 49

**90.** चार मोमबत्तियों जिनके जलने की क्षमता क्रमशः 5 घण्टे, 4 घण्टे, 3 घण्टे एवं 2 घण्टे हैं, को एक कक्ष में एक ही समय ज्वलित किया जाता है। उन्हें कक्ष में उस समय तक जलाया जाता है जब तक कक्ष में तीन मोमबत्तियाँ बुझ न जायें। यदि प्रत्येक मोमबत्ती को जलाने का खर्च ₹ 1.50 प्रति घण्टा हो तो कुल खर्च कितना होगा ?

(a) ₹ 16.50 (b) ₹ 18.00
(c) ₹ 19.50 (d) ₹ 21.00

**91.** यदि किसी घड़ी में 7 बजकर 30 मिनट हो रहे हों, तो उस समय घण्टे एवं मिनट की सुइयों के बीच कितने डिग्री का कोण बनेगा ?

(a) $120^0$ (b) $95^0$
(c) $75^0$ (d) $45^0$

**92.** नीचे एक पासे के चार प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में अंक 3 के विपरीत फलक पर कौन सा अंक होगा ?




(i) (ii) (iii) (iv)

(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 6

**93.** निम्नलिखित प्रश्न में एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए जो अनुक्रम को पूरा करें

**BMY, DNW, FOU, ?**

(a) GHO (b) HGO
(c) HPS (d) HPT

**94.** राम, श्याम से 315 दिन बड़ा है और कृष्ण, राम से 70 सप्ताह बड़ा है। यदि कृष्ण का जन्म बुधवार को हुआ था तो श्याम का जन्म किस दिन हुआ था?

(a) सोमवार (b) बुधवार
(c) शुक्रवार (d) शनिवार

**95.** निम्नलिखित प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये है, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएं, I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः शर्त तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन-सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?

**वक्तव्य :** 1. कुछ लड़कियां स्टार हैं।
2. मीना लड़की हैं।

**निष्कर्ष :** I. मीना स्टार हैं।
II. कुछ स्टार लड़कियाँ नहीं है।

(a) केवल निष्कर्ष I सही है।
(b) केवल निष्कर्ष II सही है।
(c) निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं।
(d) ना तो निष्कर्ष I सही है और ना ही निष्कर्ष II सही है।

**96.** एक व्यक्ति 'A' स्थान से 'B' स्थान तक 40 किमी प्रति घण्टा की गति से यात्रा करता है एवं अपनी गति 50% बढ़ाकर लौटता है। दोनों यात्राओं के लिये उसकी औसत गति क्या है?

(a) 36 किमी/घण्टा (b) 45 किमी/घण्टा
(c) 48 किमी/घण्टा (d) 50 किमी/घण्टा

**97.** छह व्यक्ति A, B, C, D, E और F, तीन व्यक्ति प्रति पंक्ति के अनुसार दो पंक्तियों में बैठे हैं। E किसी भी पंक्ति के अन्त में नहीं है। D, F के बाईं ओर दूसरे स्थान पर है। C, E का पड़ोसी है और D के विकर्णवत सम्मुख है। B, F का पड़ोसी है। उपरोक्त सूचना के आधार पर B के सम्मुख कौन है?

(a) D (b) F
(c) A (d) E

**98.** 10 लीटर प्रति सेकेण्ड के दर से पानी भरने वाले पम्प द्वारा 80 सेमी × 60 सेमी × 50 सेमी आकार का हौज भरने में कितना समय लगेगा?

(a) 12 सेकेण्ड (b) 24 सेकेण्ड
(c) 36 सेकेण्ड (d) 48 सेकेण्ड

**99.** छह व्यक्तियों L, M, N, P, Q और R में से प्रत्येक की लम्बाई अलग–अलग है। N, Q और P से लम्बा है परन्तु M से छोटा है। P सिर्फ Q से लम्बा है जबकि R सिर्फ L से छोटा है। निम्न में से कौन-सा युग्म सबसे लम्बे और सबसे छोटे को प्रदर्शित करता है?

(a) M तथा P (b) P तथा Q
(c) M तथा L (d) L तथा Q

**100.** निम्नलिखित प्रश्न में दी गई श्रृंखला में प्रश्न वाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आयेगा?

**1331, 2197, 3375, 4913, ?**

(a) 8288 (b) 7110
(c) 6859 (d) 9826

**101.** किसी आयताकार ब्लाक जिसका आयाम 4×6×8 सेमी है, को यदि 2 सेमी आयाम वाले छोटे-छोटे घनों में परिवर्तित कर दिया जाये, तो कुल कितने घन प्राप्त होंगे?



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

(a) 12 (b) 24
(c) 36 (d) 48

**102.** **एक लड़के की ओर इशारा करते हुए श्रीमती मीरा ने कहा, ''वह मेरे दादा की इकलौती संतान का इकलौता पुत्र हैं।'' उस लड़के का मीरा से सम्बन्ध बताइए।**
(a) भतीजा (b) चाचा
(c) बहन (d) भाई

**103.** **एक परीक्षा में 70% विद्यार्थी पेपर–I में उत्तीर्ण हुए और 60% विद्यार्थी पेपर–II में उत्तीर्ण हुए। 15% विद्यार्थी दोनों पेपरों में अनुत्तीर्ण हुए। जबकि 270 विद्यार्थी दोनों पेपरों में उत्तीर्ण हुए। विद्यार्थियों की कुल संख्या कितनी है?**
(a) 600 (b) 580
(c) 560 (d) 540

**104.** **निम्नलिखित प्रश्न में दी गई शृंखला में प्रश्न वाचक चिन्ह ( ? ) के स्थान पर क्या आयेगा?**




(a) 37 (b) 47
(c) 56 (d) 42

**105.** **इस प्रश्न में एक शब्द तथा उसके चार विकल्प दिये गये हैं। चार विकल्पों में से केवल एक ही विकल्प ऐसा है जो दिये गये शब्द के अक्षरों से नहीं बनाया जा सकता। उस विकल्प को चुनिये।**
**INTERVENTION**
(a) ENTER (b) INVENTION
(c) INTENTION (d) ENTERTAIN

**106.** **निम्नलिखित दी गई शृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आयेगा?**
**1, 5, 14, 30, 55, 91, ?**
(a) 121 (b) 136
(c) 142 (d) 140

**107.** **निम्न प्रश्न में चिन्ह के बाईं ओर दी गई संख्याओं के अनुरूप दाईं ओर दी गई शृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह ( ? ) के स्थान पर सही विकल्प बतायें?**
**11529 : 72135 :: 23687 : ?**
(a) 36999 (b) 47261
(c) 12968 (d) 69981

**108.** **निम्नलिखित दी गई शृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह ( ? ) के स्थान पर क्या आयेगा ?**
$\frac{4}{9}, \frac{9}{20}, ?, \frac{39}{86}$
(a) $\frac{17}{40}$ (b) $\frac{19}{42}$
(c) $\frac{20}{45}$ (d) $\frac{29}{153}$

**109.** **इस प्रश्न में दिये गये चार विकल्पों में से तीन विकल्प तार्किक रूप से सम्बन्धित हैं। उस शब्द को चुनिये जो अलग है –**
(a) आचार्य कृपलानी (b) डॉ. राधाकृष्णन
(c) सी. वी. रमन (d) राजगोपालाचारी

**110.** **किसी वर्ग जिसकी परिमिति 48 सेमी. है का क्षेत्रफल होगा–**
(a) 144 वर्ग सेमी. (b) 156 वर्ग सेमी.
(c) 170 वर्ग सेमी. (d) 175 वर्ग सेमी.

**111.** **50 का 860% + 860 का 50% किसके बराबर होगा?**
(a) 430 (b) 516
(c) 860 (d) 960

**112.** **एक परीक्षा में 35% छात्र पास हुए और 455 छात्र फेल हुए तो परीक्षा में कितने छात्र बैठे थे?**
(a) 490 (b) 700
(c) 845 (d) 1300

**113.** **एक चतुर्भुज के चारों कोणों का योगफल होता है–**
(a) $180^0$ (b) $360^0$
(c) $720^0$ (d) $1440^0$

## मानसिक योग्यता और तर्क क्षमता

**114.** **किसी कोड में, 'jo ka ra' का मतलब है 'go for walk' 'ma fo ka' का मतलब है 'do not walk' और 'sa to jo' का मतलब है 'good for you' इसमें 'go' का कोड क्या है?**
(a) ka (b) ra
(c) fo (d) jo

**115.** **किसी ब्लॉक को नीचे चार आकृतियों में दिखाए अनुसार, उसके छः फलकों को पीला, लाल, काला, नारंगी, गुलाबी और नीला पेंट किया गया है। आकृति 3 में लाल के ठीक सामने कौन–सा रंग होगा?**




(a) काला (b) नारंगी
(c) पीला (d) गुलाबी

**116.** **यदि '@' का मतलब है '×', '©' का मतलब है '÷', '%' का मतलब है '+' और '$' का मतलब है '–', तो 6 % 12 © 3 @ 8 $ 3 का मान है?**
(a) 37 (b) 35
(c) 45 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**117.** **Q 9 K # P @ 3 E N S A C * G © U M 7 F I V % 4 Z 8 Y.**
**यदि उपर्युक्त व्यवस्था में से सारी संख्याओं को हटा दिया जाए, तो इनमें से कौन-सा दाहिने अंत से सत्रहवें स्थान पर होगा?**
(a) P (b) I
(c) @ (d) E



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**118.** **प्रेक्षणों के एक सेट**
**13, 6, 31, 25, 20, 39, 15, 36**
**में, यदि *Y*(13) = 7, *Y*(20) = 5 तथा *Y*(36) = 2 हो, तो *Y*(25) हैं**
(a) 8 (b) 6
(c) 4 (d) 10

**119.** **निम्न शृंखला में, ऐसे कितने $ हैं जिनके ठीक बाद एक प्रतीक है तथा ठीक पहले एक सम संख्या है?**
**53 ÷ $ ? 674 $ ? @ 2 $ 5 × + ? ÷ 47 ? $ 4 $ ?**
(a) तीन (b) दो
(c) शून्य (d) चार

**120.** **यदि 'गुलाब' को 'पॉपी' कहा जाए, 'पॉपी' को 'लिली' कहा जाए, 'लिली' को 'कमल' कहा जाए और 'कमल' को 'ग्लैडीओला' कहा जाए, तो फूलों का राजा कौन है?**
(a) कमल (b) पॉपी
(c) ग्लैडीओला (d) गुलाब

**121.** ***T*, *S*, *V* और *W* चार बैग हैं, जिनमें प्रत्येक का वजन अलग है। बैग *T*, केवल *S* से हल्का है। *V*, *W* से हल्का है और *W*, *T* से हल्का है। चार बैगों में से कौन-सा बैग सबसे हल्का है?**
(a) *W* (b) *T*
(c) *V* (d) *S*

**122.** **मेघना दक्षिण की ओर 10 किमी. गाड़ी चलाती है, फिर वह दायें मुड़ती है और 6 किमी. गाड़ी चलाती है। वह फिर एक बार दायें मुड़ती है और 10 किमी. गाड़ी चलाकर रुक जाती है। वह अपनी शुरुआती जगह से कितनी दूरी पर है?**
(a) 10 किमी. (b) 6 किमी.
(c) 4 किमी. (d) 16 किमी.

**123.** **निम्न में (?) क्या है?**
**लोमड़ी : चालाक :: खरगोश : ?**
(a) खतरनाक (b) डरपोक
(c) क्रूर (d) साहसी

**124.** **निम्न में (?) क्या है?**
**AZCX : BYDW :: HQJO : ?**
(a) IPKM (b) IPKN
(c) GRJP (d) GRFP

**125.** **निम्न में (?) क्या है?**
**24 : 126 :: 48 : ?**
(a) 192 (b) 240
(c) 344 (d) 433

**126.** **अगर P का अर्थ ÷, Q का अर्थ ×, R का अर्थ + और S का अर्थ – हो, तो 18Q12P4R5S6 का मान बताइए?**
(a) 64 (b) 53
(c) 81 (d) 24

**127.** **'?' का मान है**




(a) 37 (b) 45
(c) 47 (d) 35

**128.** **'?' का मान है**

| | | |
|---|---|---|
| **9** | **6** | **8** |
| 5 | 8 | 4 |
| 7 | 4 | ? |
| 11 | 2 | 7 |

(a) 7 (b) 3
(c) 6 (d) 4

**129.** **'?' का मान है**




(a) 224 (b) 225
(c) 227 (d) 223

**130.** **निम्न में से कौन-सा वेन डायग्राम आम, फल और सब्जी के बीच के सम्पर्क को सबसे अच्छी तरह दर्शाता है?**

(a)


(b)


(c)


(d)


**131.** **निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित तरीके से एक-जैसे हैं और एक समूह के रूप में आते हैं। इनमें से एक वह कौन-सा है जो उस समूह से संबंध नहीं रखता है?**
(a) 143 (b) 247
(c) 91 (d) 215

**132.** **अक्षरों RBAE में से प्रत्येक को प्रत्येक शब्द में केवल एक बार प्रयोग कर कितने सार्थक अंग्रेजी शब्द बनाए जा सकते हैं?**
(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) एक भी नहीं

**133.** **किसी कोड में, TRAIN को '39#7%' लिखा जाता है और MEAL को '4$#@' लिखा जाता है। उस कोड में ITEM को कैसे लिखा जाता होगा?**
(a) 73$4 (b) 79$4
(c) 73#4 (d) 7$34

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 134 से 136 तक) दिये गये विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/अक्षरों/संख्या को चुनिए।**

**134.** **मुद्रा : टकसाल :: ईंट : ?**
(a) भट्टी (b) ढलाई घर
(c) सिमेंट्री (d) पूँजी



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**135. MOLTU : ? :: HOPE : IPQF**
(a) MPNUV (b) NPMUV
(c) NPMVU (d) MPNVU

**136. 456 : 15 :: 789 : ?**
(a) 22 (b) 24
(c) 26 (d) 28

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 137 से 139 तक) दिए गए विकल्पों में से विषम शब्द/संख्या/अक्षर/युग्म चुनिए।**

**137.** (a) TOP (b) COP
(c) MOP (d) JOP

**138.** (a) BDF (b) NQS
(c) TVX (d) HJL

**139.** (a) (3, 12) (b) (2, 6)
(c) (6, 42) (d) (5, 35)

**140. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश में दिए गए क्रम के अनुसार लिखिए।**
**1. Diffident 2. Difficult**
**3. Different 4. Diffidence**
(a) 1, 2, 3, 4 (b) 3, 2, 4, 1
(c) 2, 1, 3, 4 (d) 3, 2, 1, 4

**141. विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए जो अनुक्रम को पूरा करे**
$\frac{W}{S}, \frac{U}{O}, \frac{S}{K}, \frac{Q}{G}, ?$
(a) P/R (b) C/O
(c) R/J (d) O/C

**142. दी गई श्रृंखला में से गलत संख्या ज्ञात कीजिए।**
**225, 206, 188, 176, 165, 158, 153**
(a) 225 (b) 188
(c) 176 (d) 153

**143. एक पिता और उसके पुत्र की आयु का योग 70 साल है। 10 साल बाद पुत्र की उम्र पिता की उम्र से आधी होगी। अब उनकी उम्र कितनी है?**
(a) 45 वर्ष, 25 वर्ष (b) 50 वर्ष, 20 वर्ष
(c) 47 वर्ष, 23 वर्ष (d) 50 वर्ष, 25 वर्ष

**144. यदि किसी महीने का तीसरा दिन मंगलवार हो तो उस महीने का 25वाँ दिन कौन-सा होगा?**
(a) मंगलवार (b) सोमवार
(c) बुधवार (d) रविवार

**145. निम्नलिखित विकल्पों में से वह शब्द चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता है।**
**CIRCUMSTANCES**
(a) DISTANCE (b) STANCE
(c) MUSIC (d) CIRCUS

**146. दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या ज्ञात करें**




(a) 125 (b) 175
(c) 225 (d) 250

**147. कुछ समीकरणों को एक निश्चित प्रणाली के आधार पर हल किया जाता है। उसी आधार पर इस समीकरण का सही उत्तर बताइए।**
**$4 \times 5 \times 8 = 584$, $7 \times 3 \times 9 = 397$, $9 \times 7 \times 3 = ?$**
(a) 397 (b) 793
(c) 973 (d) 739

**148. दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए?**

| | | |
|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 |
| 4 | 9 | 6 |
| 2 | 1 | 5 |
| 69 | 91 | ? |

(a) 58 (b) 65
(c) 64 (d) 51

**149. निम्नलिखित प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये हैं, जिनके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएँ, I और II निकाले गये है। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यो से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गये वक्तव्य में से कौन–सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है।**

**कथन :** 1. कुछ प्रधानाचार्य शिक्षक हैं।
2. सभी शिक्षक छात्र हैं।

**निष्कर्ष :** I. सभी प्रधानाचार्य छात्र हैं।
II. कुछ छात्र प्राधानाचार्य हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I सही है
(b) केवल निष्कर्ष II सही है
(c) निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं।
(d) ना तो निष्कर्ष I सही है और ना ही निष्कर्ष II सही है।

**150. निम्नलिखित प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये हैं, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएं, I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः शर्त तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन-सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?**

**वक्तव्य–**हँसो और दुनिया तुम्हारे साथ हँसेगी।

**मान्यता :** I. लोग आम तौर पर हँसते हैं।
II. हँसी खुशी का प्रतीक है।

(a) केवल निष्कर्ष I सही है।
(b) केवल निष्कर्ष II सही है।
(c) दोनों निष्कर्ष I और II सही हैं।
(d) ना तो निष्कर्ष I और ना ही निष्कर्ष II सही है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# SOLUTION : PRACTICE SET-7

## ANSWER

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (a) | 2. (b) | 3. (b) | 4. (c) | 5. (b) | 6. (b) | 7. (b) | 8. (b) | 9. (a) | 10. (c) |
| 11. (c) | 12. (c) | 13. (d) | 14. (c) | 15. (d) | 16. (c) | 17. (d) | 18. (b) | 19. (b) | 20. (d) |
| 21. (c) | 22. (d) | 23. (a) | 24. (d) | 25. (b) | 26. (c) | 27. (d) | 28. (c) | 29. (a) | 30. (a) |
| 31. (b) | 32. (c) | 33. (a) | 34. (a) | 35. (b) | 36. (a) | 37. (c) | 38. (a) | 39. (c) | 40. (b) |
| 41. (b) | 42. (d) | 43. (b) | 44. (c) | 45. (d) | 46. (a) | 47. (b) | 48. (b) | 49. (b) | 50. (d) |
| 51. (d) | 52. (d) | 53. (a) | 54. (c) | 55. (b) | 56. (a) | 57. (c) | 58. (c) | 59. (a) | 60. (c) |
| 61. (b) | 62. (d) | 63. (c) | 64. (c) | 65. (b) | 66. (b) | 67. (b) | 68. (c) | 69. (c) | 70. (c) |
| 71. (d) | 72. (c) | 73. (b) | 74. (c) | 75. (c) | 76. (b) | 77. (d) | 78. (a) | 79. (d) | 80. (d) |
| 81. (c) | 82. (a) | 83. (b) | 84. (b) | 85. (c) | 86. (c) | 87. (c) | 88. (c) | 89. (a) | 90. (d) |
| 91. (d) | 92. (c) | 93. (c) | 94. (b) | 95. (b) | 96. (c) | 97. (d) | 98. (b) | 99. (d) | 100. (c) |
| 101. (b) | 102. (d) | 103. (a) | 104. (d) | 105. (d) | 106. (d) | 107. (c) | 108. (b) | 109. (a) | 110. (a) |
| 111. (c) | 112. (b) | 113. (b) | 114. (b) | 115. (b) | 116. (b) | 117. (c) | 118. (c) | 119. (b) | 120. (c) |
| 121. (c) | 122. (b) | 123. (b) | 124. (b) | 125. (c) | 126. (b) | 127. (a) | 128. (b) | 129. (b) | 130. (d) |
| 131. (d) | 132. (b) | 133. (a) | 134. (a) | 135. (b) | 136. (b) | 137. (d) | 138. (b) | 139. (d) | 140. (b) |
| 141. (d) | 142. (b) | 143. (b) | 144. (c) | 145. (a) | 146. (c) | 147. (d) | 148. (b) | 149. (b) | 150. (d) |

## SOLUTION

**1. (a)**
उस्ताद बिंदा खान प्रसिद्ध सारंगी वादक हैं। पं. रामनारायण जी, आशिक अली खां, सावरी खान, संतोषी मिश्रा, ध्रुव घोष आदि अन्य प्रसिद्ध सारंगी वादक हैं।

**2. (b)**
प्रसिद्ध प्रबन्धशास्त्री प्रो. थर्स्टन द्वारा प्रतिपादित नेतृत्व का 'बहुकारक सिद्धान्त' सम्पूर्ण व वैज्ञानिक माना जाता है। इस सिद्धान्त के अन्तर्गत नेतृत्व के लिए एक कारक नहीं बल्कि एक से अधिक व अनेकों कारक उत्तरदायी होते है, जिसके माध्यम से एक नेतृत्वकर्ता कुशलतापूर्वक संचालन व नेतृत्व करता है।

**3. (b)**
7 फरवरी 2023 को स्काई एयर ने ड्रोन के लिए भारत का पहला ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लॉन्च किया है। यह ड्रोन संचालकों को ड्रोन-आधारित संचालन करने से पहले मार्गों की योजना बनाने, उड़ान योजना बनाने और जोखिमों का आंकलन करने में मदद करेगा।

**4. (c)**
एडमिरल भारतीय नौसेना का सर्वोच्च अधिकारी होता है। यह रैंक का 'चीफ ऑफ द नेवल स्टॉफ' होता है। भारतीय नौसेना का मुख्यालय दिल्ली में है। इसे तीन (पूर्वी, पश्चिमी, दक्षिणी) कमान में बांटा गया है। इन कमान का अधिकारी 'वाइस एडमिरल' होता है।

**5.** (b)
फरवरी 2023 में, उत्तर प्रदेश सरकार ने 'वन फैमिली, वन आई डी' के निर्माण के लिए पोर्टल लॉन्च किया है। इस पोर्टल को प्रति परिवार, एक नौकरी, प्रस्ताव को लागू करने के लिए एक इकाई के रूप में परिवारों की पहचान करने के लिए शुरु किया गया। इसके तहत ऐसे परिवार जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लिए पात्र नहीं हैं, वे पहचान पत्र का लाभ उठा सकेंगे और परिवारों का राशन कार्ड पहचान पत्र ही उनका परिवार पहचान पत्र माना जाएगा।

**6. (b)**
सविनय अवज्ञा आंदोलन (1930–31 ई.) प्रारम्भ करने के पूर्व गाँधीजी ने सरकार से एक बार फिर समझौता करने का प्रयास किया और गाँधी जी ने 'यंग इण्डिया' में एक लेख प्रकाशित कर सरकार के समक्ष 11 सूत्री मांगें रखी तथा इन मागों को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने के लिए 31 जनवरी, 1930 ई. तक का समय दिया जो सरकार द्वारा अस्वीकार कर दिया गया।

**11 सूत्री मांगें निम्नलिखित है–**

(i)भू राजस्व में 50% की कमी।

(ii)राजनैतिक कैदियों को रिहा करना।

(iii)डाक आरक्षण बिल पास किये जायें।

(iv) नमक कर समाप्त किया जाये एवं नमक पर सरकारी एकाधिकार समाप्त कर दिया जाये।

(v)तटीय यातायात रक्षा विधेयक पास किया जाये।

(vi)रक्षात्मक शुल्क लगाये जायें तथा विदेशी कपड़ों का आयात नियंत्रित किया जाये।

(vii)रुपये विनिमय दर घटाकर 1 शीलिंग 4 पेन्स की जाये।

(viii) सिविल सेवाओं तथा सेना के व्यय में 50% कमी की जाये।

(ix)नशीली वस्तुओं के विक्रय पर पूर्ण रोक लगायी जाये।

(x)गुप्तचर विभाग पर सार्वजनिक नियन्त्रण हो या उसे खत्म कर दिया जाये।

(xi) शस्त्र कानून में परिवर्तन किया जाये तथा भारतीयों को आत्मरक्षा हेतु हथियार रखने का लाइसेन्स दिया जाये।

**7. (b)**
21 जून की स्थिति को कर्क संक्रान्ति कहा जाता है। क्योंकि इस दिन सूर्य कर्क रेखा पर लम्बवत चमकता है। इसी कारण 21 जून को उत्तरी गोलार्द्ध में दिन की लम्बाई सबसे अधिक पायी जाती है तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे छोटा दिन होता है। वस्तुतः 21 मार्च के बाद सूर्य की लम्बवत किरणें भूमध्य रेखा से उत्तरी गोलार्द्ध की ओर अग्रसर हो जाती है। जिससे उत्तरी गोलार्द्ध में दिन बड़ा व रात्रि छोटी होने लगती है और वहां ग्रीष्म ऋतु का आगमन होता है। दक्षिणी गोलार्द्ध में इस समय रातें लम्बी होती हैं तथा शीत ऋतु पायी जाती है।

**8. (b)**
अनुसूचित जनजाति के संरक्षण के लिए एक क्षेत्र को अनुसूचित क्षेत्र घोषणा करने की शक्ति भारत के राष्ट्रपति के पास है। जिसका उल्लेख संविधान के पाँचवी अनुसूची में किया गया है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**9. (a)**
20 फरवरी 2023 को, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द प्रधान ने नई दिल्ली में बच्चों के प्रारम्भिक वर्षों के लिए एक शिक्षण अध्यापन सामग्री 'जादुई पिटारा' का शुभारम्भ किया। इसमें प्लेबुक्स, एक्टिविटी बुक्श, फ्लैश, कार्ड्स गेम्स आदि चीजें शामिल हैं।

**10. (c)**
भारत के संविधान के अनुच्छेद-213 के अधीन राज्यों के राज्यपाल को अध्यादेश जारी करने की शक्ति प्राप्त है। जब विधान सभा या विधान मंडल सत्र में न हो और राज्यपाल को यह समाधान हो जाये कि तुरन्त कार्यवाही करना आवश्यक है तो वह अध्यादेश जारी कर सकता है। यह अध्यादेश 6 माह तक ही प्रभावी रहेगा। यदि विधान मंडल इसे पारित न कर दे। राज्यपाल इसे कभी भी वापस ले सकता है। जिन विधेयकों पर राज्यपाल अनुमति देने के पूर्व राष्ट्रपति के सहमति के लिए आश्रित रहता है, उन विधेयकों से सम्बन्धित विषय पर राज्यपाल अध्यादेश जारी नहीं कर सकता है।

**11. (c)**
'द ब्रोकेन विंग', 'द गोल्डेन थ्रेशहोल्ड' और 'द बर्ड ऑफ टाइम' पुस्तकें सरोजनी नायडू द्वारा लिखी गयी हैं, जबकि 'द गोल्डेन बर्ड' पुस्तक के लेखक ग्रीम ब्रदर्स (Grim Brothers) हैं। 'द ब्रोकेन विंग' नामक शीर्षक से खलील जिब्रान ने भी एक पुस्तक लिखी है।

**12. (c)**
'मिश्रित खेती' एक ऐसी कृषि प्रणाली है, जिसमें पशुधन के साथ-साथ खेती भी शामिल होती है। जब एक खेत पर फसल उत्पादन के साथ-साथ मुर्गीपालन जैसे कुछ अन्य कृषि आधारित जैसे डेयरीफार्मिंग या मधुमक्खी पालन आदि एक साथ किया जाता है तो खेती की इस प्रणाली को मिश्रित खेती के रूप में जाना जाता है।

**13. (d)**
'बहिनी दरबार' समाचार पत्र मध्य प्रदेश के रीवा जिले की जावा तहसील के डाभोरा ब्लाक से वर्ष 2008 से प्रकाशित किया जा रहा है। यह हस्तलिखित मासिक समाचार पत्र बघेली बोली में प्रकाशित होता है, जिसे महिलाओं द्वारा महिलाओं के लिए लिखा जाता है।

**14. (c)**
गुरु अर्जुन देव ने 'आदि ग्रन्थ' को संकलित किया। गुरु अर्जुन देव सिक्खों के पाचवें गुरु (1581–1601 ई.) थे। इन्होंने अमृतसर नगर (पूर्व नाम रामदासपुर) का निर्माण कार्य पूरा कराया और उसमें अमृतसर एवं संतोष नगर नामक तालाब बनवाया। इन्होंने अमृतसर तालाब के मध्य हरमिन्दर साहिब का निर्माण करवाया जिसकी नींव सूफी सन्त मियामीर के द्वारा रखा गया था। जहाँगीर ने अपने विद्रोही पुत्र खुसरो की मदद के आरोप में गुरु अर्जुन देव को फाँसी दे दी।

**15. (d)**
तुलुव वंश (1505–1570 ई) की स्थापना नरसा नायक के पुत्र 'वीर नरसिंह' ने की थी। इतिहास में इसे 'द्वितीय बलापहार' की संज्ञा दी गयी है।

**16. (c)**
भारत में प्रथम मुस्लिम आक्रमणकारी मुहम्मद-बिन-कासिम था। 711 ई. में मुहम्मद-बिन-कासिम के नेतृत्व में सिंध पर अरबों का आक्रमण हुआ, किन्तु उसका कोई स्थायी परिणाम नहीं हुआ। अरबों ने 712 ई. में दाहिर को परास्त कर सिंध पर विजय पायी।

**17. (d)**
धनुर्वेद, शस्त्रशास्त्र, आयुर्वेद उपवेद हैं जबकि योगवेद उपवेद नहीं है। धनुर्वेद यजुर्वेद का उपवेद, आयुर्वेद ऋग्वेद का उपवेद है।

**18. (b)**
लिटमस तथा हल्दी दोनों प्राकृतिक अम्ल-क्षारक सूचक हैं। प्राकृतिक अम्ल क्षार सूचक प्राकृतिक स्रोतों से प्राप्त किए जाते हैं। इसके अन्य उदाहरण हैं- लाल गोभी, चेरी, चुकन्दर आदि है।

**19. (b)**
स्थल एवं जल पर भूमध्य रेखा (Equator Line) कुल 13 देशों से होकर गुजरती है इनका विवरण निम्नवत् है–
(1) साओ टोम और प्रिंसप (2) गैबन (3) कांगो गणराज्य (4) कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (5) युगान्डा (6) केन्या (7) सोमालिया (8) मालदीव (9) इण्डोनेशिया (10) किरिबाटी (11) इक्वेडोर (12) कोलम्बिया (13) ब्राजील।
स्पष्ट है कि अभीष्ट उत्तर विकल्प (b) होगा।

**20. (d)**
हेमिस मठ :- लद्दाख में लेह से लगभग 45 किमी. दूर एक कस्बा है जिसे हेमिस कहते हैं। यहाँ एक बड़ा तथा आकर्षक मठ है जिसे हेमिस मठ या हेमिस गोप्पा कहा जाता है। सिन्धु नदी के पश्चिम में स्थित यह मठ लगभग 12000 फुट की ऊँचाई पर स्थित है। हेमिस मठ तिब्बती स्थापत्य शैली में बना है जो बौद्ध जीवन तथा संस्कृति को प्रदर्शित करता है।

**21.** (c)
भारतीय चुनाव आयोग पहली बार 16 अक्टूबर 1989 में बहु-सदस्यीय निकाय बना। जब पहली बार दो अतिरिक्त आयुक्तों की नियुक्ति की गई परन्तु उनका कार्यकाल बहुत कम था जो 01 जनवरी, 1990 तक चला। तत्पश्चात, 01 अक्टूबर, 1993 को दो अतिरिक्त निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति की गई थी तब से आयोग की बहु-सदस्यीय अवधारणा प्रचलन में है, जिसमें निर्णय बहुमत के आधार पर लिया जाता है। भारतीय निर्वाचन आयोग अनुच्छेद 324 के तहत एक संवैधानिक निकाय है। निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को की गई थी। वर्तमान में मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार हैं।

**22. (d)**
भारतीय कृषि पुर्तगालियों की महत्वपूर्ण देन है। भारत में तम्बाकू, मूँगफली, आलू, लाल मिर्च, मकई, टमाटर, शकरकंद, चीकू, काजू, अमरुद, पाईन एप्पल, और शरीफा इत्यादि पुर्तगालियों के द्वारा ही भारत में लाया गया। इसके अलावा भारत में पहली बार प्रिंटिंग प्रेस का प्रयोग तथा जहाज निर्माण उद्योग पुर्तगालियों की ही देन है।

**23. (a)**
वी.वी. गिरि 'डलिन यूनिवर्सिटी' में कानून की पढ़ाई करने के लिए जब आयरलैण्ड गए थे तब वे वलेरा जैसे प्रसिद्ध ब्रिटिश विद्रोही के सम्पर्क में आकर स्वतन्त्रता के लिए चल रहे 'सिन फीन आंदोलन' से जुड़ गए। इस कारण उन्हें जेल भी जाना पड़ा तथा आयरलैण्ड से निष्कासित कर दिया गया। स्वतंत्र भारत में वी.वी. गिरि चौथे राष्ट्रपति बने थे।

**24. (d)**
पर्यावरण प्रदूषण की समस्या पर सन् 1972 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने स्टॉकहोम (स्वीडन) में विश्व भर के देशों का पहला पर्यावरण सम्मेलन आयोजित किया जिसमें विश्व के 114 देशों ने भाग लिया और पहली बार 'एक ही पृथ्वी' का सिद्धांत मान्य किया। इसी सम्मेलन में 'संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)' का जन्म हुआ तथा प्रत्येक वर्ष 5 जून को 'पर्यावरण दिवस' मनाने का निर्णय लिया गया। पर्यावरण दिवस मनाने का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाते हुए आम जनता को प्रेरित करना है। पर्यावरण प्रदूषण को ध्यान में रखकर भारत ने 19 नवंबर 1986 को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम लागू किया।

**25.** (b)

| मरुस्थल | - | देश/महाद्वीप |
|---|---|---|
| सहारा | - | अफ्रीका |
| आटाकामा | - | द. अमेरिका |
| थार | - | एशिया (भारत) |
| कालाहारी | - | द. अफ्रीका |
| गोबी | - | चीन व मंगोलिया |



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**26. (c)**
भारतीय संविधान सभा में महिला सदस्यों की संख्या 15 थी। भारतीय संविधान सभा का निर्माण 'भारत की संविधान' की रचना के लिए किया गया था। संविधान सभा की कार्रवाई 13 दिसम्बर, सन् 1946 ई. को जवाहर लाल नेहरू द्वारा पेश किये गए एक उद्देश्य प्रस्ताव के साथ प्रारम्भ हुई थी।

**27. (d)**
उत्तर प्रदेश में शेर सफारी इटावा जिले में स्थित है।

**28. (c)**
प्रसिद्ध चरकुला नृत्य उत्तर प्रदेश के ब्रजभूमि से संबंधित है। इस नृत्य में स्त्री या पुरुष, स्त्री वेश धारण कर सिर पर मिट्टी के सात घड़े तथा उसके ऊपर जलता हुआ दीपक रखकर अनवरत रूप से नृत्य करते हैं।

**29. (a)**
कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का प्राथमिक क्षेत्र है। भारतीय कृषि का GDP में 16 प्रतिशत तथा कुल निर्यात में 10 प्रतिशत भागीदारी है। कृषि को अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहा जाता है।

**30.**(a)
कृष्ण तृतीय मान्यखेत के राष्ट्रकूट राजवंश का अंतिम महान एवं योग्य शासक था। इसने अपने राज्यारोहण के समय 'अकालवर्ष' की उपाधि धारण की एवं कांची और तंजौर को जीतने के बाद 'कांचीपुरम तंजेयमकोंड (तंजौर का विजेता) की उपाधि भी ग्रहण की थी।

**31. (b)**
भारत में आयात तथा निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए इंडिया एक्ट–1981 के तहत सरकार ने आयात-निर्यात बैंक वर्ष 1982 में स्थापित किया था।

**32. (c)**
कमलजीत संधु वह प्रथम भारतीय महिला हैं जिसने एशियाई खेल में 400 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीता है। पंजाब राज्य की रहने वाली कमलजीत संधु ने 400 मीटर की दौड़ को 57.3 सेकण्ड में पूरा किया था। सन् 1970 के एशियाई खेल में स्वर्ण पदक जीतने पर अगले वर्ष (1971) में कमलजीत संधु को पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया गया।

**33. (a)**
SAARC की पहली बैठक ढाका (बांग्लादेश) में हुई थी। SAARC का सुझाव सर्वप्रथम बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति जियाउर्रहमान ने वर्ष 1977 में दिया था। सार्क की स्थापना (1985) के समय 7 देश { बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, भारत, पाकिस्तान, नेपाल (मुख्यालय), श्रीलंका} इसके सदस्य थे, लेकिन 14 वें शिखर सम्मेलन, 2007 में अफगानिस्तान को 8वें देश के रूप में सार्क में शामिल किया गया।

**34. (a)**
सोडियम क्लोराइड क्रिस्टल का रासायनिक सूत्र Na*cl* है, जिसमें भाग लेने वाले आयन $Na^+$ और $Cl^-$ है। उनकी संख्या 6 होती है।

**35.** (b)
किसी अर्थव्यवस्था में भुगतान सन्तुलन खाते का संबंध बाह्य क्षेत्र से होता है अर्थात् दूसरे शब्दों में भुगतान संतुलन का तात्पर्य किसी एक देश का अन्य देश के निवासियों के साथ एक वर्ष की अवधि में समस्त लेन-देन होता है। भुगतान सन्तुलन खाते के दो भाग होते हैं- चालू खाता व पूँजी खाता।

**36. (a)**
'लौह और रक्त' की नीति अर्थात् कठोर नीति सल्तनत काल में गुलाम वंशीय शासक बलबन ने अपनाई थी। बलवन ने विद्रोहियों को कमजोर करने तथा मंगोल आक्रमण से रक्षा के लिए यह नीति अपनाई थी। बलवन ने राजत्व सिद्धांत को ऊँचा करने के लिए सिजदा तथा पैबोस प्रथा को भी आरंभ किया।

**37. (c)**
टीपू सुल्तान (फतेह अली टीपू) हैदर अली का पुत्र तथा मैसूर का शासक था। अंग्रेजों से युद्ध के दौरान हैदर अली की मृत्यु के बाद टीपू सुल्तान मैसूर का शासक बना जो अपने पिता की भांति योग्य तथा पराक्रमी था। टीपू की मृत्यु चतुर्थ आंग्ल मैसूर युद्ध के दौरान 1799 ई. में हुई थी।

**38. (a)**
भारत का संविधान संशोधन (52वां संशोधन) अधिनियम, 1985 दल-बदल कानून से संबंधित है। इसमें यह व्यवस्था की गई थी कि यदि किसी संसद-सदस्य या विधान सभा सदस्य दल-बदल करता है या दल द्वारा निकाल दिया जाता है जिसने उसे चुनाव में खड़ा किया था, या कोई निर्दलीय उम्मीदवार दल का सदस्य बन जाता है तो वह सदन का सदस्य होने के अयोग्य करार दिया जाएगा।

**39. (c)**
सूरदास हिन्दी साहित्य में भक्ति काल के कृष्ण अष्टछाप कवियों में अग्रणी हैं। महाकवि सूरदास वात्सल्य रस के सम्राट माने जाते हैं। सूरदास ने भगवत के द्वादश स्कंधों पर सवा लाख पदों की रचना की जिनमें से अब 500 पद ही उपलब्ध हैं जो 'सूर सागर' में संकलित हैं। ऐसा माना जाता है कि सूरदास जन्मांध थे लेकिन इस विषय में अभी भी मतभेद है। आगरा के समीप गऊघाट पर इनकी मुलाकात **वल्लभाचार्य जी** से हुई और वे उनके शिष्य बन गए। वल्लभाचार्य ने ही उनको पुष्टिमार्ग में दीक्षा देकर कृष्ण लीला के पद गाने का आदेश दिया था।

**40. (b)**
छंद में नियमित वर्ण या मात्रा पर साँस लेने के लिए रुकना पड़ता है, इसी रुकने के स्थान को 'यति' कहा जाता है। छोटे छंदों में साधारणतया यति चरण के अन्त में होती हैं, लेकिन बड़े छंदों में एक ही चरण में एक से अधिक 'यति' या 'विराम' होते हैं।

**41. (b)**
विशेषण शब्द जिस संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बतलाते हैं, उसे विशेष्य (संज्ञा) कहते हैं। जैसे- बाहर कोई व्यक्ति घंटी बजा रहा है। यहाँ कोई (विशेषण) द्वारा व्यक्ति (विशेष्य) की विशेषता बतलायी जा रही है।

**42. (d)**
'प्राचीन' शब्द गुणवाचक विशेषण है। जो विशेषण शब्द किसी संज्ञा या सर्वनाम के आकार-प्रकार, गुण-दोष, रंग-रूप, स्वभाव आदि का बोध कराते हैं, वे गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं। जैसे - चंचल, बुद्धिमान, समझदार, परिश्रमी, आधुनिक, ऐतिहासिक आदि।

**43. (b)**
'अभ्यास' का विशेषण रूप **'अभ्यासी'** होगा।

**44. (c)**
'द्रोपदी का चीर' मुहावरे का अर्थ 'कभी न समाप्त होने वाला' या 'अनन्त' है।

**45. (d)**
'कूप मंडूक होना' मुहावरे का अर्थ ''सीमित ज्ञान'' या 'सीमित अनुभव' होना है।

**46. (a)**
सही वाक्य 'सामाजिक जीवन में क्रोध की जरूरत बराबर पड़ती है, यदि क्रोध न हो तो मनुष्य दूसरों के द्वारा पहुँचाए जाने वाले बहुत से कष्टों की चिर निवृत्ति का उपाय ही न कर सके। अतः सही क्रम य, ल, र, व है।

**47. (b)**
पूरब और उत्तर के मध्य की दिशा को 'ईशान' कहा जाता है।

**48. (b)**
'वलय' शब्द का शाब्दिक अर्थ 'गोलाकार घेरा' होता है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**49. (b)**
जिस समास का पहला पद अव्यय तथा प्रधान हो, उसे अव्ययी भाव समास कहते है। जैसे- प्रतिदिन अनुरूप, आजन्म, आजीवन इत्यादि।

**50. (d)**
वह कारक जो क्रिया के समय, स्थान, अवसर आदि का बोध कराये तो वहाँ अधिकरण कारक होता है। जैसे–
(i) चिड़िया पेड़ पर बैठी हैं।
(ii) ठीक समय पर आ जाना।
(iii) घड़े में पानी है।

**51. (d)**
**मंदिर** का अर्थ है **देवालय** या पूजाघर। **मंदिरा** का अर्थ **अश्वशाला** होता है।

**52. (d)**
जिन वाक्यों में एक प्रधान उपवाक्य हो तथा दूसरा आश्रित (गौण) उपवाक्य हो तथा दोनों वाक्य आपस में जब-तब, जहाँ-वहाँ, अगर, तो इत्यादि से जुड़े हो तो उन वाक्यों को मिश्र वाक्य की श्रेणी में रखा जाता है। जैसे
(i) ज्यों ही वह घर से निकला, वर्षा होने लगी।
(ii) राम नहीं आता तो गीता चली जाती।
(iii) जहाँ राधा नाचती है वहाँ भीड़ जुट जाती है।

**53. (a)**
कवि के मन में **कुछ महत्वपूर्ण कार्य करने** की इच्छा उत्पन्न हुई है।

**54. (c)**
प्रस्तुत काव्यांश में कवि ने **मन के सूनेपन** की तुलना पेड़ के सूखे पत्ते से की है।

**55. (b)**
प्रश्न में दिए गए काव्यांश में कवि कहता है कि **विचार रूपी कलियों पर** बहार खिल आई है।

**56. (a)**
'गहनता की फसल' से कवि का आशय 'विचारों की परिपक्वता' से है।

**57. (c)**
सही वाक्य रामू की **उपेक्षा** केवल इसलिए हुई, क्योंकि राजीव उसकी **अपेक्षा** अधिक बुद्धिमान था। अतः विकल्प (c) सही है।

**58. (c)**
जहाँ पर कारण के रहते हुए भी कार्य का न होना पाया जाय वहाँ 'विशेषोक्ति' अलंकार होता है। यहाँ मछली के पानी में रहते हुए भी मछली के प्यासे होने की बात कही जा रही है। अतः यहाँ विशेषोक्ति अलंकार होगा। 'विभावना' विशेषोक्ति का विपरीत है। इसमें कारण के बिना ही कार्य होता हुआ दिखाया जाता है।

**59. (a)**
वह संज्ञा जो किसी वस्तु, व्यक्ति, स्थान का बोध कराती है उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहा जाता है। जैसे - वाराणसी, रामायण, रामचरित मानस, गंगा, मोहन इत्यादि।

**60. (c)**
गंगा का पर्यायवाची शब्द नदीश्वरी, त्रिपथगा, देवपगा, जाह्नवी, देवनदी, मंदाकिनी, भागीरथी, अमरतरंगिनी, सुरसरि, सुरसरिता, विष्णुपदी है। कालिन्दी यमुना का पर्यायवाची शब्द है।

**61. (b)**
शृंगार शब्द की वर्तनी शुद्ध है। अन्य का शुद्ध शब्द अवनति, मुश्किल, मातृभूमि होता है।

**62. (d)**
शब्द 'भीड़' समूह को दर्शाता है जबकि अन्य नहीं।

**63. (c)**
जो शब्द अंश शब्दों के अन्त में जुड़कर उनके अर्थों में परिवर्तन लाते हैं, वे प्रत्यय कहलाते हैं। शब्द 'आंशिक' में इक प्रत्यय है। 'इक' प्रत्यय से बने अन्य शब्द वैज्ञानिक, वैदिक, लौकिक, दैनिक इत्यादि हैं।

**64. (c)**
शुद्ध वाक्य है 'पुलिस द्वारा चोरी का माल बरामद किया गया है।'

**65. (b)**
दीर्घ संधि के अनुसार ह्रस्व या दीर्घ 'अ', 'इ', 'उ', के बाद क्रमशः समान ह्रस्व या दीर्घ 'ह्र', 'इ', 'उ' स्वर आएँ तो दोनों मिलकर दीर्घ (आ, इ, ऊ) हो जाते हैं। जैसे-
धर्म + अर्थ = धर्मार्थ
वधू + ऊर्मि = वधूर्मि
नारी + ईश्वर = नारीश्वर

**66. (b)**
पावक, कृशानु तथा अनल अग्नि के पर्यायवाची शब्द हैं जबकि अनिल हवा का पर्यायवाची शब्द है।

**67. (b)**
हर्ष का विलोम शब्द **विषाद** होता है।

**68. (c)**
गंदला, मैला, मलिन, **पंकिल** सभी गंदा का पर्यायवाची शब्द है। धवल का अर्थ उजला, प्रलय का अर्थ विनाश, पामर का अर्थ दुष्ट, खल होता है।

**69. (c)**
मधुर, कर्कश शब्द का विलोम है जबकि कठोर, कोमल का, विवेकी, अविवेकी का तथा विनम्र, धृष्ट का विलोम है।

**70. (c)**
'जो इन्द्र पर विजय प्राप्त कर चुका हो' वह 'इन्द्रजीत' कहलाता है जबकि इन्द्रियों पर विजय प्राप्त करने वाला 'जितेन्द्रिय' कहलाता है।

**71. (d)**
उच्च कुल में पैदा होने वाला व्यक्ति 'कुलीन' कहलाता है।

**72. (c)**
जिस वाक्य से इच्छा, स्तुति या आर्शीवाद का बोध होता है, उसे इच्छावाचक वाक्य कहते है। अतः ''ईश्वर तुम्हे दीर्घायु दे'' एक इच्छावाचक वाक्य है।

**73. (b)**
इति श्री, 'श्री गणेश' का विलोम शब्द है।

**74. (c)**
सुमन, पुष्प, कुसुम-फूल के पर्यायवाची शब्द है। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द प्रसून, लतान्त, मंजरी, गुल है जबकि तनुजा और बेटी,पुत्री का पर्यायवाची शब्द है।

**75. (c)**
'शृंगार रस' को 'रसराज' की उपमा से अलंकृत किया गया है।

**76. (b)**
ट्रेनें एक दूसरे की तरफ चल रही है–
ट्रेनों की सापेक्ष चाल
= (45+72) किमी./घं.
= 117 किमी./घं.

या $= 117 \times \frac{5}{18}$ मी./से.

ट्रेनों की लम्बाइयों का योग =105+90

एक दूसरे को पार करने में लगा समय $= \frac{(105+90)}{117 \times \frac{5}{18}}$

$= \frac{195 \times 18}{117 \times 5} \Rightarrow 6$ सेकेण्ड

**77. (d)** प्रश्नानुसार,
पंखें का क्रय मूल्य = विक्रय मूल्य + हानि
= 1200 + 200
= 1400 रु0



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

$\therefore$ 10% लाभ हेतु विक्रय मूल्य $= 1400\left[1+\frac{10}{100}\right]$

$= 1400 \times \frac{110}{100}$

$= 1540$ रु.

**78. (a)** प्रश्नानुसार,

अभीष्ट प्रतिशत लाभ $= \frac{12-10}{10} \times 100$

$= \frac{2}{10} \times 100$

$= 20\%$

**79. (d)**

माना भागफल k हो तो

संख्या = 52k + 44

= 13×4k + 13×3+5 = 13 (4K + 3) + 5

अतः उस संख्या को 13 से

भाग देने पर 5 शेष बचेगा।

Special Rule

$13\overline{)44}(3$
$\underline{39}$
$5$

अतः शेषफल = 5

**80. (d)**

$x = \sqrt{6+\sqrt{6+\sqrt{6}}} + ........(\infty)$ ----(i)

दोनों तरफ वर्ग करने पर,

$x^2 = 6+\sqrt{6+\sqrt{6+\sqrt{6}}} + ........(\infty)$

$\Rightarrow x^2 = 6 + x$ (समी.(i) से x का मान रखने पर)

$\Rightarrow x^2 - x - 6 = 0$

$\Rightarrow x^2 - 3x + 2x - 6 = 0$

$\Rightarrow x(x-3) + 2(x-3) = 0$

$\Rightarrow (x+2)(x-3) = 0$

अतः x = 3, –2

**81. (c)**

A और B के कार्य करने की क्षमता का अनुपात = 2:3

तब A तथा B द्वारा लिये गये समय का अनुपात $= \frac{1}{2} : \frac{1}{3} = 3:2$

**82. (a)**

माना संख्याएँ 3x और 4x हैं।

प्रश्नानुसार,

$(3x)^2 + (4x)^2 = 400$

$\Rightarrow 9x^2 + 16x^2 = 400$

$\Rightarrow 25x^2 = 400$

$x^2 = 16 \Rightarrow x = 4$

$\therefore$ संख्याएँ = 3x = 3 × 4 = 12

4x = 4 × 4 = 16

अतः संख्याओं का योग = 12 + 16 = 28

**83. (b)**

माना विक्रय मूल्य = ₹100x

हानि $= 100x \times \frac{10}{100} =$ ₹10x

लागत मूल्य = विक्रय मूल्य + हानि

$\Rightarrow 100x + 10x = 110x$

लागत मूल्य पर हानि % $= \frac{10x}{110x} \times 100 = \frac{100}{11} = 9\frac{1}{11}\%$

**84. (b)** प्रश्नानुसार,

चाल = $\frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}$

$\Rightarrow 330 = \frac{\text{दूरी}}{10}$

$\Rightarrow$ दूरी = 3300 मी.

$\Rightarrow \frac{3300}{1000} = 3.3$ किमी.

**85. (c)** प्रश्नानुसार,

$SI = \frac{P \times R \times T}{100}$

$\therefore$ $R = \frac{P \times R \times 2}{100}$

P = 50

अतः राशि = ₹ 50

**86. (c)** प्रश्नानुसार,

$P^2 + \frac{1}{P^2} = 47$

$\Rightarrow P^2 + \frac{1}{P^2} + 2 = 49$ (दोनों पक्षों में 2 जोड़ने पर)

$\Rightarrow \left(P + \frac{1}{P}\right)^2 = (7)^2$

$\therefore P + \frac{1}{P} = 7$

**87. (c)**

प्रश्नानुसार,

7% – 5% = ₹15

2% = ₹15

$\therefore 100\% = \frac{15}{2} \times 100 =$ ₹ 750

**88. (c)**

$\frac{63576*2}{8}$ = पूर्णांक

8 के विभाज्यता के नियम से,

यदि किसी भी संख्या के अन्तिम तीन अंक 8 से पूर्णतः विभाज्य होंगे तो वह संख्या 8 से पूर्णतः विभाज्य होगी।

$\therefore$ $\frac{612}{8} \neq$ पूर्णांक

$\frac{622}{8} \neq$ पूर्णांक

$\frac{632}{8} =$ पूर्णांक (79)

अतः * के स्थान पर 3 आएगा।

**89. (a)**

सही औसत $= \frac{10 \times 50 - 64 + 46}{10}$

$= \frac{500-18}{10} = \frac{482}{10} = 48.2$

**90. (d)**

चारों मोमबत्तियों के 4 घंटे तक जलने का कुल खर्च

= (5 + 4 + 3 + 2)× 1.5

= 14 × 1.5 = ₹ 21



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**91. (d)** दोनों सुईयों के बीच कोण $= 30\left[\text{घण्टा-}\frac{\text{मिनट}}{5}\right] + \frac{\text{मिनट}}{2}$

दोनों सुइयों के मध्य कोण $= \left(7 - \frac{30}{5}\right) \times 30 + \frac{30}{2}$

$= (7 - 6) \times 30 + \frac{30}{2}$

$= 30 + 15 = 45^0$

**92. (c)**
एक सतह common नियम से, आकृति (ii) और (iv) में कामन अंक दक्षिणावर्त घुमाकर क्रमशः लिखने पर–

आकृति (ii) 2, 5, 4

आकृति (iv) 2, 6, 3

दिये गये पासों के आधार पर 3 के विपरीत 4, 1 के विपरीत 2 तथा 5 के विपरीत 6 होगा।

**93. (c)**

$B \xrightarrow{+2} D \xrightarrow{+2} F \xrightarrow{+2}$ H

$M \xrightarrow{+1} N \xrightarrow{+1} O \xrightarrow{+1}$ P

$Y \xrightarrow{-2} W \xrightarrow{-2} U \xrightarrow{-2}$ S

अतः $? \Rightarrow$ HPS

**94. (b)**
315 दिनों में विषम दिनों की संख्या $= \frac{315}{7}$ का शेषफल

$= 0$

तथा 70 सप्ताह में विषम दिनों की संख्या = 0

अतः राम, श्याम तथा कृष्ण का जन्म दिन एक वार अर्थात् बुधवार को है।

**95. (b)**
प्रश्नानुसार,
वेन आरेख बनाने पर,




अतः वेन आरेख से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष II सही है।

**96. (c)**
A से B तक जाने में यात्री की गति = 40 किमी./घंटा
प्रश्नानुसार,–

B से A तक आने में यात्री की गति $= 40 \times \frac{150}{100} = 60$ किमी./घंटा

$\therefore$ औसत चाल $= \frac{2 \times 40 \times 60}{40 + 60}$

$= \frac{4800}{100}$

= 48 किमी./घंटा

**97. (d)**
प्रश्न में दिए गए सूचना के आधार पर व्यक्तियों का पंक्ति में स्थान निम्नवत् है।




स्पष्ट है कि B के सामने E होगा।

**98. (b)**
हौज का आयतन = ल. × चौ. × ऊँ

= 80 × 60 × 50 घन सेमी

= 240000 घन सेमी

= 240 लीटर (1000 $cm^3$ = 1 ली.)

हौज को भरने में लगा समय $= \frac{240}{10}$

= 24 सेकेण्ड

**99. (d)**
प्रश्नानुसार व्यक्तियों के लम्बाई का सही क्रम

$Q < P < N < M < R < L$

अतः Q सबसे छोटा तथा L सबसे लम्बा है।

**100. (c)**

शृंखला इस प्रकार है –

| 1331 | 2197 | 3375 | 4913 | 6859 |
|---|---|---|---|---|
| $(11)^3$ | $(13)^3$ | $(15)^3$ | $(17)^3$ | $(19)^3$ |

**101. (b)**
आयताकार ब्लाक का आयतन = (4×6×8) घन सेमी.
छोटे घन का आयतन = 2 × 2 × 2 = 8 घन सेमी.

अभीष्ट घन की संख्या $= \frac{4 \times 6 \times 8}{8} = 4 \times 6 = 24$

**102. (d)**
प्रश्नानुसार,
रक्त सम्बन्ध आरेख बनाने पर,




अतः रक्त सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि वह लड़का मीरा का भाई है।

**103. (a)**
पेपर I में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत

= 100 – 70 = 30%

पेपर II में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत = 100 – 60 = 40%
कुल अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत = (40 + 30 – 15)

= 55%

कुल उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत = 100 – 55 = 45%

$\therefore$ 45% = 270

$100\% = \frac{270}{45} \times 100 = 600$

**104. (d)**
जिस प्रकार,

$\sqrt{1} + \sqrt{16} + \sqrt{9} + \sqrt{4} = 10$

तथा $\sqrt{64} + \sqrt{100} + \sqrt{16} + \sqrt{25} = 27$

उसी प्रकार,

$\sqrt{256} + \sqrt{144} + \sqrt{64} + \sqrt{36} = 42$

**105. (d)**
मूल शब्द INTERVENTION में अक्षर A नहीं है इसलिए शब्द ENTERTAIN नहीं बनाया जा सकता है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**106. (d)**

शृंखला इस प्रकार है–

1  5  14  30  55  91  [140]

+4  +9  +16  +25  +36  +49

↓  ↓  ↓  ↓  ↓  ↓

$(2)^2$  $(3)^2$  $(4)^2$  $(5)^2$  $(6)^2$  $(7)^2$

**107. (c)**

जिस प्रकार

$1 + 1 + 5 + 2 + 9 = 18$

तथा $7 + 2 + 1 + 3 + 5 = 18$

उसी प्रकार

$2 + 3 + 6 + 8 + 7 = 26$

तथा $1 + 2 + 9 + 6 + 8 = 26$

**108. (b)**

शृंखला निम्नवत् है -

+5  +10  +20

$\frac{4}{9}$  $\frac{9}{20}$  [$\frac{19}{42}$]  $\frac{39}{86}$

+11  +22  +44

अतः ? = 19/42

**109. (a)**

आचार्य कृपलानी को छोड़कर शेष सभी व्यक्तियों को भारत रत्न दिया गया है।

**110. (a)**

माना वर्ग की भुजा x सेमी. है

परिमिति $= 4x = 48$

$\Rightarrow \quad 4x = 48$

$\therefore \quad x = 12$ सेमी.

वर्ग का क्षेत्रफल $= (12)^2 = 144$ वर्ग सेमी.

**111. (c)**

$50 \times \frac{860}{100} + \frac{860 \times 50}{100}$

$\Rightarrow 5 \times 86 + 86 \times 5$

$\Rightarrow 430 + 430 = 860$

**112. (b)**

माना कुल विद्यार्थियों की संख्या 100% है।

पास छात्र = 35%

फेल छात्र = $(100 - 35)\% = 455$

$65\% = 455$

$\Rightarrow 100\% = \frac{455}{65} \times 100$

$\therefore 100\% = 700$

अतः विद्यार्थियों की कुल संख्या = 700

**113. (b)**

चतुर्भुज के चारो कोणों का योगफल $= (2n - 4)90^0$

$= (2 \times 4 - 4)90^0 = 4 \times 90^0 = 360^0$

**114. (b)**

[jo] (ka) △ra ⇒ △go [for] (walk)

ma fo (ka) ⇒ do not (walk)

sa to [jo] ⇒ good [for] you

स्पष्ट है कि 'go' का कोड 'ra' है।

**115. (b)**

दो सतह common (समान) नियम से, आकृति I और आकृति 2 में दो सतह Pink और Yellow Common (समान) है अतः Red (लाल) के विपरीत Orange (नारंगी) होगा।

**116. (b)**

6% 12 © 3 @ 8 $ 3 में प्रश्नानुसार चिन्हों के मान

रखने पर - $6 + 12 \div 3 \times 8 - 3$

$6 + 4 \times 8 - 3$

$6 + 32 - 3$

$38 - 3$

$= 35$

**117. (c)**

Q 9 K # P @ 3 E N S A C * G © U M 7 F I V % 4 Z 8 Y

में संख्याओं को हटाने पर नई शृंखला निम्न होगी-

Q K # P [@] E N S A C * G © U M F I V % Z Y

स्पष्ट है कि दाहिने से सत्रहवें स्थान पर @ है।

**118. (c)**

जिस प्रकार ,

शृंखला में 13 से बड़ी संख्याओं की संख्या $= 6 \Rightarrow 6 + 1 \Rightarrow 7$

शृंखला में 20 से बड़ी संख्याओं की संख्या $= 4 \Rightarrow 4 + 1 \Rightarrow 5$

शृंखला में 36 से बड़ी संख्याओं की संख्या $= 1 \Rightarrow 1 + 1 \Rightarrow 2$

उसी प्रकार,

शृंखला में 25 से बड़ी संख्याओं की संख्या $= 3 \Rightarrow 3 + 1 \Rightarrow 4$

**119. (b)**

53 ÷ $ ? 6 7 <u>4 $ ?</u> @ 2 $ 5 × + ? ÷ 4 7 ? $ <u>4 $ ?</u>

स्पष्ट है कि ऐसे दो $ है जिनके ठीक बाद एक प्रतीक है तथा ठीक पहले एक सम संख्या है।

**120. (c)**

फूलों का राजा कमल को कहा जाता है, लेकिन यहाँ 'कमल' को 'ग्लैडीओला' कहते हैं। अतः फूलों के राजा को 'ग्लैडीओला' कहा जायेगा।

**121. (c)**

चारों बैगों के वजन का क्रम निम्नवत् है -

$V < W < T < S$

अतः सबसे हल्का 'V' है।

**122. (b)**




$\because$ AB = OC = 6 किमी.



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**123. (b)**
जिस प्रकार लोमड़ी चालाक होती है, उसी प्रकार खरगोश डरपोक होता है।

**124. (b)**
जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




अतः ? = IPKN

**125. (c)**
जिस प्रकार,
24 : 126
$5^2 - 1 : 5^3 + 1$
उसी प्रकार,
48 : ?
$7^2 - 1 : 7^3 + 1$
अतः ? = 344

**126. (b)**
दिया गया है–

$$P = \div$$
$$Q = \times$$
$$R = +$$
$$S = -$$

प्रश्नानुसार– $18\times12 \div 4 + 5 - 6$
$= 54 + 5 - 6$
$= 59 - 6 = 53$

**127. (a)**
जिस प्रकार,
$3 \times 3 + 5 \times 6 = 39$
तथा $4 \times 4 + 7 \times 5 = 51$
उसी प्रकार, $5 \times 5 + 4 \times 3 = 37$

**128. (b)**
जिस प्रकार,
$(9 - 5) + 7 = 11$
तथा $(6 - 8) + 4 = 2$
उसी प्रकार, $8 - 4 + ? = 7$
$4 + ? = 7$
$? = 3$

**129. (b)**
जिस प्रकार, $8 + (8 - 1) = 15$
$15 + (15 - 1) = 29$
$29 + (29 - 1) = 57$
$57 + (57 - 1) = 113$
उसी प्रकार, $113 + (113 - 1) = 225$

**130. (d)**
सभी आम फल होते हैं जबकि सब्जी एक अलग विधा है।




**131. (d)**
$143 = 13 \times 11$
$247 = 13 \times 19$
$91 = 13 \times 7$
$215 = 43 \times 5$
स्पष्ट है कि 215, 13 से भाज्य नहीं है जबकि शेष अन्य 13 से भाज्य हैं अतः 215 इस समूह में नहीं आता है।

**132. (b)**
अक्षरों RBAE से दो अर्थपूर्ण शब्द BEAR तथा BARE बनाये जाते हैं।

**133. (a)**
दिए गए कोड से तुलना करने पर
T = 3, I = 7, E = \$, M = 4
अतः ITEM = 73\$4

**134. (a)**
जिस प्रकार मुद्रा टकसाल में बनायी जाती है। उसी प्रकार ईंट भट्ठी में बनायी जाती है।

**135. (b)**
जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




अतः $\boxed{? \Rightarrow NPMUV}$

**136. (b)**
जिस प्रकार,
$4 + 5 + 6 = 15$
उसी प्रकार,
$7 + 8 + 9 = 24$
अतः $\boxed{? \Rightarrow 24}$

**137. (d)**
प्रश्नानुसार,
(A) $\underset{20}{T}\ \underset{15}{O}\ \underset{16}{P} \Rightarrow 20 + 15 + 16 = 51$
(B) $\underset{3}{C}\ \underset{15}{O}\ \underset{16}{P} \Rightarrow 3 + 15 + 16 = 34$
(C) $\underset{13}{M}\ \underset{15}{O}\ \underset{16}{P} \Rightarrow 13 + 15 + 16 = 44$
(D) $\underset{10}{J}\ \underset{15}{O}\ \underset{16}{P} \Rightarrow 10 + 15 + 16 = 41$



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

अन्य सभी विकल्पों में दी गई अक्षरों के अंकीय मान को जोड़ने पर भाज्य संख्या आता है जबकि विकल्प (d) में दी गई अक्षरों के अंकीय मान को जोड़ने पर 41 आ रहा है जो अभाज्य संख्या है अतः विकल्प (d) अन्य विकल्पों से भिन्न है।

**138. (b)**




अतः विकल्प (b) अन्य विकल्पों से भिन्न है।

**139. (d)**

(a) $3^2+3=12$ (b) $2^2+2=6$

(c) $6^2+6=42$ (d) $5^2+5\neq 35$

अतः विकल्प (d) भिन्न है।

**140. (b)**

शब्द कोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर

(3) Different $\rightarrow$ (2) Difficult $\rightarrow$ (4) Diffidence $\rightarrow$ (1) Diffident

**141. (d)**

$W \xrightarrow{-2} U \xrightarrow{-2} S \xrightarrow{-2} Q \xrightarrow{-2} \boxed{O}$

$S \xrightarrow{-4} O \xrightarrow{-4} K \xrightarrow{-4} G \xrightarrow{-4} \boxed{C}$

अतः $\boxed{? \Rightarrow \frac{O}{C}}$

**142. (b)**

$225 \xrightarrow{-19} 206 \xrightarrow{-17} \overset{189}{\boxed{188}} \xrightarrow{-13} 176 \xrightarrow{-11} 165 \xrightarrow{-7} 158 \xrightarrow{-5} 153$

क्रमशः अभाज्य संख्या को घटा कर शृंखला बढ़ रही है, 189 के स्थान 188 दिया गया जो की गलत है।

**143. (b)**

माना की पिता एंव पुत्र की आयु x तथा y वर्ष है।

प्रश्नानुसार,

$x+y=70$ ...........(i)

10 साल बाद

$\Rightarrow \frac{x+10}{2}=y+10$

$\Rightarrow x+10=2y+20$

$x-2y=10$ .........(ii)

समी (i) में से (ii) को घटाने पर,

$x+y=70$

$\underline{-x -+ 2y = -10}$

$3y=60$

$y=20$

समी. (i) में y का मान रखने पर,

$\Rightarrow x+y=70$

$\Rightarrow x+20=70$

$\boxed{x=50}$

अतः पिता तथा पुत्र की आयु = 50 वर्ष, 20 वर्ष

**144. (c)**

यदि महीने का तीसरा दिन – मंगलवार है।

तब महीने का पहला दिन = रविवार

और महीने का 22 वें दिन = रविवार

अतः 25वां दिन = रविवार +3

= बुधवार

**145. (a)**

शब्द CIRCUMSTANCES में D अक्षर नहीं है जिसके कारण मूल शब्द से DISTANCE नहीं बनाया जा सकता।

**146. (c)**

जिस प्रकार,

$(20-9)^2 \Rightarrow (11)^2 = 121$

तथा

$(24-11)^2 \Rightarrow (13)^2 = 169$

उसी प्रकार,

$(32-17)^2 \Rightarrow (15)^2 = 225$

अतः $\boxed{? \Rightarrow 225}$

**147. (d)**

जिस प्रकार,




तथा




उसी प्रकार,




अतः $\boxed{?=739}$

**148. (b)**

प्रश्न स्तम्भ से– $(7)^2+(4)^2+(2)^2$

$\Rightarrow 49+16+4=69$

द्वितीय स्तम्भ से – $(3)^2+(9)^2+(1)^2$

$\Rightarrow 9+81+1=91$

तृतीय स्तम्भ से $(2)^2+(6)^2+(5)^2$

$\Rightarrow 4+36+25=65$

अतः $\boxed{?=65}$

**149. (b)** प्रश्नानुसार,

वेन आरेख बनाने पर,




अतः वेन आरेख से स्पष्ट है कि केवल निष्कर्ष II सही है।

**150. (d)**

दिये गये वक्तव्य के अनुसार,

न तो निष्कर्ष I और ना ही निष्कर्ष II सही है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# PRACTICE SET - 8

## सामान्य जानकारी

**1. बिरजू महाराज का सम्बन्ध किस शास्त्रीय नृत्य से है?**
(a) कथकली (b) कत्थक
(c) भरतनाट्यम (d) मणिपुरी

**2. भारत में किस राज्य में सर्वाधिक साक्षरता दर है?**
(a) केरल (b) तमिलनाडू
(c) आन्ध्र प्रदेश (d) महाराष्ट्र

**3. ब्रह्म समाज की स्थापना किसने की थी?**
(a) राजा राममोहन राय
(b) स्वामी विवेकानन्द
(c) स्वामी दयानन्द सरस्वती
(d) राजगोपाल चट्टोपाध्याय

**4. उत्तर प्रदेश राज्य में कौन सा जनपद तेल रिफायनरीज के लिए प्रसिद्ध है?**
(a) बरेली (b) वाराणसी
(c) महोबा (d) मथुरा

**5. मुद्रा का क्या तात्पर्य होता है?**
(a) मूल्य का मापक
(b) कर्मचारी को मिलने वाला वेतन
(c) लाभांश
(d) किसी राज्य की प्रतिवर्ष की कुल आय

**6. फरवरी 2023 में घोषित MISHTI योजना किससे संबंधित है-**
(a) मैंग्रोव
(b) मिसाइल प्रौद्योगिकी
(c) शिक्षण और अध्यापन सामग्री
(d) इनमें से कोई नहीं

**7. किस मुगल शासक के आदेश पर सिक्खों के पाँचवें गुरु अर्जुन देव जी को मार दिया गया था?**
(a) अकबर (b) औरंगजेब
(c) शाहजहाँ (d) जहांगीर

**8. भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस कब मनाया जाता है?**
(a) 29 अगस्त (b) 14 नवम्बर
(c) 27 जुलाई (d) 2 अक्टूबर

**9. सर्वाधिक प्राचीन पुराण कौन-सा है?**
(a) मत्स्य पुराण (b) विष्णु पुराण
(c) नारद पुराण (d) वामन पुराण

**10. ''सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा'' के रचयिता कौन थे?**
(a) रविन्द्रनाथ टैगोर (b) मो. इकबाल
(c) महात्मा गाँधी (d) सी.आर. दास

**11. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही नहीं है?**
(a) बड़ा इमामबाड़ा – लखनऊ
(b) निशात बाग – जम्मू कश्मीर
(c) फिरोजशाह कोटला – दिल्ली
(d) हुमायूँ का मकबरा – इलाहाबाद

**12. चन्द्रप्रभा मृगवन भारत के किस राज्य में स्थित है?**
(a) उत्तर प्रदेश (b) राजस्थान
(c) मध्य प्रदेश (d) गुजरात

**13. अर्जुन पुरस्कार किस क्षेत्र से सम्बन्धित है?**
(a) नृत्य (b) सिनेमा
(c) दूरदर्शन (d) खेलकूद

**14. भारत में ''भारत कोकिला'' (Nightingale of India) के नाम से किसे जाना जाता है?**
(a) लता मंगेशकर (b) इन्दिरा गाँधी
(c) सरोजिनी नायडू (d) पी.टी. उषा

**15. भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति कौन थे?**
(a) डॉ. ज़ाकिर हुसैन (b) डॉ. एस. राधाकृष्णन
(c) श्री वी.वी. गिरी (d) श्री बी.डी. जत्ती

**16. भारत के राष्ट्रपति अपना त्यागपत्र किसको सम्बोधित करते हैं?**
(a) भारत के मुख्य न्यायाधीश (b) प्रधानमंत्री
(c) उपराष्ट्रपति (d) लोकसभा अध्यक्ष

**17. हैजा रोग से शरीर का कौन-सा अंग प्रभावित होता है?**
(a) त्वचा (b) आँत
(c) फेंफड़े (d) हृदय

**18. PM-PRANAM योजना की घोषणा फरवरी, 2023 में की गई, इसका उद्देश्य क्या है?**
(a) वैक्सीन निर्माण को बढ़ावा देना
(b) स्वास्थ्य के बुनियादी ढाँचे को बढ़ाना
(c) कृषि में रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग को कम करना।
(d) इनमें से कोई नहीं

**19. मलेरिया की दवा कुनैन किस वृक्ष से प्राप्त की जाती है?**
(a) सिनकोना (b) बरगद
(c) नीम (d) यूकेलिप्टस

**20. भारत का ''सिलिकान वैली'' कहाँ स्थित है?**
(a) चैन्नई (b) बेंगलुरु
(c) नौएडा (d) मोहाली

**21. फरवरी 2023 में, अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया?**
(a) पैगी मोहन
(b) स्वाति दवे
(c) डॉ. महेन्द्र कुमार मिश्रा
(d) अजय बंगा

**22. गोबर गैस में मुख्यतः कौन सी गैस होती है?**
(a) मीथेन (b) क्लोरीन
(c) हीलियम (d) नाइट्रोजन

**23. राज्यसभा सदस्यता के लिए न्यूनतम आयु कितनी है?**
(a) 25 वर्ष (b) 30 वर्ष
(c) 31 वर्ष (d) 35 वर्ष

**24. मंत्रिपरिषद की वास्तविक कार्यकारी शक्ति _________ निहित होती है?**
(a) राज्यसभा के सभापति (b) उपराष्ट्रपति
(c) प्रधानमंत्री (d) राष्ट्रपति

**25. कैलकुलेटर किस प्रकार की कम्प्यूटर कार्य पद्धति पर कार्य करता है?**
(a) हाइब्रिड कम्प्यूटर (b) एनॉलॉग कम्प्यूटर
(c) डिजिटल कम्प्यूटर (d) इनमें से कोई नहीं



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**26.** **वह ताप जिस पर कोई ठोस वस्तु अपनी ठोस अवस्था से द्रव अवस्था में परिवर्तित हो, क्या कहलाता है?**
(a) वाष्पीकरण (b) गलनांक
(c) उर्ध्वपातन (d) प्लाज्मा

**27.** **भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में योजना बनाने के लक्ष्य के रूप में 'आधुनिकीकरण' का उद्देश्य _______ नहीं था।**
(a) सामाजिक दृष्टिकोण में परिवर्तन
(b) पश्चिमी जीवन शैली अपनाना
(c) नई तकनीक का प्रयोग
(d) वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन में वृद्धि

**28.** **निम्न में से क्या कार्बोहाइड्रेट के स्रोत नहीं हैं?**
(a) आलू (b) अनाज
(c) दूध (d) मुर्गा

**29.** **मिल्क ऑफ मैगीशिया का pH _______ होता है।**
(a) 14 (b) 8
(c) 10 (d) 12

**30.** **कितने माप से अधिक ध्वनि को ''शोर'' का नाम दिया जाता है?**
(a) 80 डेसीबल (b) 100 डेसीबल
(c) 120 डेसीबल (d) 140 डेसीबल

**31.** **एक कम्प्यूटर में स्टोरेज माध्यम की क्षमता की इकाई क्या होती है?**
(a) बाइट (b) बिट
(c) किलो (d) पिक्सल

**32.** **''अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस'' कब मनाया जाता है?**
(a) 8 मई (b) 8 अप्रैल
(c) 8 मार्च (d) 8 जून

**33.** **भारत में किसी राज्य की प्रथम महिला मुख्यमंत्री कौन बनी?**
(a) श्रीमती फातिमा बीवी (b) श्रीमती विजय लक्ष्मी पंडित
(c) श्रीमती सुचेता कृपलानी (d) श्रीमती दुर्गा बनर्जी

**34.** **उत्तर प्रदेश राज्य का भारत में क्षेत्रफल की दृष्टि से कौन-सा स्थान है?**
(a) पहला (b) दूसरा
(c) तीसरा (d) चौथा

**35.** **निम्न में से किस व्यक्ति को सर्वप्रथम भारत रत्न पुरस्कार दिया गया?**
(a) सत्यजीत रे (b) सी. राजगोपालाचारी
(c) मदर टेरेसा (d) सी.वी. रमन

**36.** **भारत में नदी पर बना सबसे लम्बा पुल कौन-सा है?**
(a) गोदावरी सेतु – गोदावरी नदी
(b) विक्रमशिला सेतु – गंगा नदी
(c) नेहरु सेतु – सोन नदी
(d) महात्मा गाँधी सेतु – गंगा नदी

**37.** **किसी क्षेत्र की औसत जलवायु को जानने के लिए निम्न में से किसका योगदान नहीं होता है?**
(a) वर्षा (b) वायु की गति
(c) वृक्षों की संख्या (d) आर्द्रता

**38.** **उत्तर प्रदेश वन निगम कब स्थापित किया गया?**
(a) 25 नवम्बर, 1974 (b) 25 नवम्बर, 1975
(c) 25 नवम्बर, 1976 (d) 25 नवम्बर, 1977

## सामान्य हिन्दी

**39.** **हिन्दी वर्णमाला में अन्तःस्थ व्यंजन कौन-से हैं?**
(a) श ष स ह (b) य र ल व
(c) क्ष त्र ज्ञ श्र (d) च छ ज झ

**40.** **किस छन्द में 26 मात्राएँ होती हैं तथा 14–12 पर यति होती है?**
(a) वीर (b) सोरठा
(c) गीतिका (d) छप्पय

**41.** **निम्नलिखित में से असंगत (गलत) विलोम शब्द युग्म कौन-सा है?**
(a) घात-प्रतिघात (b) प्रसारण-संकुचन
(c) शाश्वत-सदैव (d) खग-मृग

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 42 एवं 43 के लिए)**
**दिये गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द का चयन करें।**

**42.** **'जो अपने स्थान या स्थिति से अलग न किया जा सके'–**
(a) अच्युत (b) अटूट
(c) अटल (d) अदेय

**43.** **'जीने की इच्छा'–**
(a) जिज्ञासु (b) जिजीविषा
(c) जिगीषु (d) पिपासु

**44.** **'सख्यागमन' का सही सन्धि-विच्छेद है–**
(a) सखी + आगमन (b) सखि + आगमन
(c) सखी + गमन (d) सख्या + गमन

**45.** **जब किसी सामान्य बात का विशेष बात से तथा विशेष बात का सामान्य बात से समर्थन किया जाए, वहाँ कौन-सा अलंकार होगा?**
(a) विरोधाभास (b) सन्देह
(c) अर्थान्तरन्यास (d) विशेषोक्ति

**46.** **अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।**
(a) कामायनी उच्च कोटि का काव्य है
(b) माता-पिता पुज्यनीय हैं
(c) आपका भविष्य उज्ज्वल हो
(d) इस पुस्तक का नया संस्करण प्रकाशित हो रहा है

**47.** **'छायादार' शब्द किसका उदाहरण है?**
(a) तत्सम (b) देशज
(c) विदेशज (d) संकर

**48.** **निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द भाववाचक संज्ञा शब्द है?**
(a) अमीर, गरीब, समूह, मिठास
(b) जवानी, खट्टास, पुस्तक, गंगा
(c) रसीला, कड़वाहट, बुढ़ापा, उन्नति
(d) धैर्य, चालाकी, उदासी, सूर्य

**49.** **नीचे लोकोक्तियाँ और उनके अर्थ दिए गए हैं। इनमें गलत अर्थ वाली लोकोक्ति का चयन कीजिए।**
(a) आगे नाथ न पीछे पगहा – बन्धनहीन
(b) तीन तेरह होना – संगठित होना
(c) एक टकसाल के ढले हैं – सब एक जैसे हैं
(d) आँख के अन्धे गाँठ के पूरे – मूर्ख लेकिन धनवान

**50.** **'गूलर का फूल होना' मुहावरे का सही अर्थ है–**
(a) फूल की तरह खिलना (b) अति प्रसन्न होना
(c) दुर्लभ वस्तु (d) सुगन्धित होना



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**51. 'मैने राधा के लिए कपड़े खरीदे।' इस वाक्य में कारक का प्रकार बताइए।**

(a) अपादान (b) करण
(c) सम्प्रदान (d) कर्त्ता

**52. किस भाव की परिपक्व अवस्था को रस कहा जाता है?**

(a) अनुभाव (b) विभाव
(c) संचारीभाव (d) स्थायीभाव

**53. 'तिरंगा' में कौन-सा समास है?**

(a) द्वन्द्व (b) द्विगु
(c) अव्ययीभाव (d) तत्पुरुष

**54. 'आभ्यन्तर' का सही अर्थ है–**

(a) किसी वस्तु का आभा (b) किसी वस्तु का बाहरी भाग
(c) किसी वस्तु से भिन्न (d) किसी वस्तु का भीतरी भाग

**55. किस क्षेत्र की बोली को 'काशिका' कहा गया है?**

(a) भीलवाड़ा (b) दिल्ली
(c) वाराणसी (d) सूरत

**56. समूहार्थक शब्द को चिह्नित कीजिए–**

(a) स्तवक (b) पुरुष
(c) गमला (d) गुलाब

**57. 'जूही की कली' कविता के कवि कौन है?**

(a) निराला (b) प्रसाद
(c) महादेवी वर्मा (d) पन्त

**58. निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य का चयन कीजिए–**

(a) प्रातःकाल होने पर चिड़िया चहचहाने लगती है
(b) सुबह पहली बस पकड़ कर शाम तक लौट आओ
(c) जो विद्यार्थी परिश्रमी है, वह अवश्य सफल होगा
(d) राजकुमार ने भाई को मार डाला और स्वयं राजा बन गया

**59. शब्द युग्म के सही अर्थ भेद का चयन कीजिए– अम्बुज-अम्बुद**

(a) कमल-बादल (b) जल-कमल
(c) समुद्र-कमल (d) बादल-समुद्र

**60. दो समानार्थी शब्दों की पुनरुक्ति के बीच में किस विराम चिह्न का प्रयोग होता है?**

(a) अल्पविराम (b) अर्द्धविराम
(c) योजक (d) कोष्ठक

**61. 'पत्थर' का पर्यायवाची नहीं है–**

(a) पाहन (b) उपल
(c) पाषाण (d) उरग

**62. इस प्रश्न के पहले और अन्तिम भाग को क्रमशः (1) और (6) की संख्या दी गई है। इनके बीच में आने वाले अंश को चार भागों में बाँटकर (य) (र) (ल) (व) की संख्या दी गई है। ये चारों भाग उचित क्रम में नहीं हैं। इन चारों भागों को दिए गए विकल्पों में से उचित क्रम में लगाए, ताकि एक सही वाक्य का निर्माण हो।**

(1) आप सबको धोखा
(य) धोखा दे सकते हो, पर
(र) दे सकते हैं, पर
(ल) दे सकते, आप खुद को
(व) खुद को नहीं
(6) वक्त को नहीं दे सकते।

(a) ल य व र (b) य ल व र
(c) व ल य र (d) र व ल य

**63. परिमाण वाचक क्रिया विशेषण अव्यय क्या है?**

(a) क्षणभर (b) निःसन्देह
(c) अन्यत्र (d) अत्यन्त

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 64 से 68 तक)**
**गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

प्राचीन समय में भारत विश्व में शिक्षा और संस्कृति का प्रमुख केन्द्र था। देश-विदेश के विद्यार्थी यहाँ शिक्षा प्राप्त करने आते थे। प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत विद्यार्थी को पुस्तकीय ज्ञान और आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ उसे शारीरिक शिक्षा भी प्रदान की जाती थी। उसे युद्ध कौशल भी सिखाया जाता था। इस प्रकार प्राचीन शिक्षण संस्थायें या आश्रम विद्यार्थी के चहुँमुखी विकास पर ध्यान देते थे। आज स्थिति भिन्न है, वर्तमान दोषपूर्ण शिक्षा प्रणाली सिर्फ डिग्रीधारी बेरोजगारों की भीड़ उत्पन्न कर रही है। आज के अधिकांश युवा शिक्षा प्राप्त करके भी स्वावलम्बी नहीं बन पाते। उनके हृदय में देश और समाज के प्रति किसी भी प्रकार का कर्तव्यबोध उत्पन्न नहीं होता। वे अपनी प्राचीन परम्पराओं का सम्मान नहीं करते। वर्तमान शिक्षा प्रणाली युवाओं में राष्ट्र गौरव की भावना उत्पन्न करने में असफल रही है। समय-समय पर भारत के नीति निर्माताओं ने शिक्षा को बहुआयामी बनाने के अनेक प्रयास किए है। नई शिक्षा नीति में विद्यार्थी के नैतिक, मानसिक और शारीरिक विकास पर बल देने का प्रयास किया जा रहा है। अब नवीन शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत विद्यार्थियों को जाति, धर्म और भाषा के दायरे से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस शिक्षा प्रणाली में व्यावसायिक शिक्षा पर बल दिया जा रहा है ताकि शिक्षित लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सके।

**64. प्राचीन समय में विश्व में शिक्षा और संस्कृति का प्रमुख केन्द्र था–**

(a) भारत (b) अमेरिका
(c) रूस (d) चीन

**65. प्राचीन शिक्षण संस्थाएँ ध्यान देती थीं–**

(a) विद्यार्थी के व्यावहारिक विकास पर
(b) विद्यार्थी के स्वास्थ्य पर
(c) विद्यार्थी के चहुँमुखी विकास पर
(d) पुस्तकीय विकास पर

**66. नवीन शिक्षा प्रणाली में विद्यार्थियों को प्रेरित किया जाता है–**

(a) रोजगार करने के लिए
(b) राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए
(c) प्राचीन परम्पराओं का सम्मान करने के लिए
(d) किसी के लिए नहीं

**67. नवीन शिक्षा प्रणाली में व्यावहारिक शिक्षा पर बल दिया जा रहा है, ताकि–**

(a) राष्ट्र का विकास हो सके
(b) शिक्षितों को रोजगार मिल सके
(c) विद्यार्थियों का नैतिक, शारीरिक व मानसिक विकास हो सके
(d) विदेशी विद्यार्थी आकर शिक्षा ग्रहण कर सके

**68. 'पुस्तकीय' शब्द में प्रत्यय बताइए–**

(a) कीय (b) य
(c) ईय (d) इय

**69. वाक्य में त्रुटिपूर्ण भाग का चयन कीजिए। यदि कोई त्रुटि न हो, तो (d) भाग को चिह्नित कीजिए।**

(a) अनेक अध्यापकों (b) शिक्षाविदों तथा भाषा-शास्त्रियों
(c) का सहयोग मिला है (d) कोई त्रुटि नहीं



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**70.** निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक प्रेमचन्द द्वारा लिखित नहीं है?
(a) कायाकल्प (b) रंगभूमि
(c) कर्मभूमि (d) ध्रुवस्वामिनी

**71.** निम्नलिखित में से कौन अष्टछाप का कवि है?
(a) मीराबाई (b) सूरदास
(c) रसखान (d) विद्यापति

**72.** 'वह बहुत मधुर गाता है।' इनमें प्रविशेषण शब्द का चयन कीजिए–
(a) वह (b) बहुत
(c) मधुर (d) गाता

**73.** निम्नलिखित में से किसको 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार मिला?
(a) नामवर सिंह (b) प्रेमचन्द
(c) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (d) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

**74.** 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' किस भाषा से सम्बन्धित है?
(a) हिन्दी से
(b) संस्कृत से
(c) तमिल से
(d) संविधान की आठवीं अनुसूची की सभी भाषाओं से

**75.** जिस छन्द में चार चरण और प्रत्येक चरण में 16 मात्राएँ होती है वह कहलाता है
(a) दोहा (b) सोरठा
(c) रोला (d) चौपाई

## संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता

**76.** एक आदमी अपनी यात्रा का 2/15 भाग रेल द्वारा, तथा 9/20 भाग बस द्वारा एवं बाकी का 10 किमी. साइकिल द्वारा तय करता है। तो उसके द्वारा चली गयी दूरी बतायें।
(a) 22 किमी. (b) 23 किमी.
(c) 25 किमी. (d) 24 किमी.

**77.** यदि दो पाइप A और B किसी टैंक को क्रमशः 24 घण्टे और 30 घण्टे में भरते हैं। यदि दोनों पाइप को एक साथ खोल दिया जाये तो वे खाली टैंक को कितने समय में भर देगें ?
(a) 13 घण्टे 20 मिनट (b) 12 घण्टे 10 मिनट
(c) 14 घण्टे (d) 10 घण्टे 5 मिनट

**78.** दो संख्याओं का गुणनफल 1600 है और उनका महत्तम समापवर्तक 5 है, तो उनका लघुत्तम समापवर्त्य ज्ञात करो।
(a) 8000 (b) 1600
(c) 320 (d) 1605

**79.** 60 लीटर मिश्रण में, दूध और पानी का अनुपात 3:7 है। 2:5 का अनुपात बनाने के लिये कितना पानी मिश्रण में मिलाना पड़ेगा?
(a) 2 लीटर (b) 3 लीटर
(c) 5 लीटर (d) 2.5 लीटर

**80.** एक गोलक और एक लंब वृत्तीय बेलन की त्रिज्या 'r' है। उनके आयतन बराबर हैं। बेलन की ऊँचाई और त्रिज्या का अनुपात ज्ञात कीजिए?
(a) 3:1 (b) 2:1
(c) 3:2 (d) 4:3

**81.** यदि किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर ₹42 की छूट दी जाती है तो नई घटी हुई कीमत, मूल कीमत की 86% हो जाती है। अंकित कीमत ज्ञात कीजिए?
(a) ₹ 250 (b) ₹ 300
(c) ₹ 350 (d) ₹ 400

**82.** एक दुकानदार प्रति दिन 25 लीटर दूध ₹ 12 प्रति लीटर की दर से खरीदता है। उसमें वह 5 लीटर पानी मिलाकर ₹10.40 प्रति लीटर की दर से बेच देता है। तद्नुसार उसके लाभ/हानि का प्रतिशत कितना है?
(a) 80% लाभ (b) 2% लाभ
(c) 4% लाभ (d) 6% लाभ

**83.** एक व्यक्ति अपनी आय का 15% खर्च कर देता है। यदि उसका खर्च ₹ 75 हो, तो उसकी आय (रूपयों में) ज्ञात कीजिए?
(a) ₹ 400 (b) ₹ 300
(c) ₹ 750 (d) ₹ 500

**84.** एक रेलगाड़ी जो 60 कि.मी./घंटा की रफ्तार से चल रही है, एक निश्चित दूरी को तय करने में 15 घंटे का समय लेती है। यदि वह दूरी 12 घंटे में तय करे तो उसकी चाल क्या होगी?
(a) 65कि.मी./घंटा (b) 70 कि.मी./घंटा
(c) 75 कि.मी./घंटा (d) 80 कि.मी./घंटा

**85.** तीन क्रमागत पूर्णांकों का योग 51 है। बीच वाली संख्या क्या है?
(a) 14 (b) 15
(c) 16 (d) 17

**86.** यदि $x+\frac{1}{x}=5$, तो $\frac{5x}{x^2+5x+1}$ का मान बताएं।
(a) $\frac{1}{3}$ (b) $\frac{1}{4}$
(c) $\frac{1}{2}$ (d) $\frac{1}{5}$

**87.** A और B किसी काम को 72 दिन में कर सकते हैं। B और C उसी काम को 120 दिन में कर सकते हैं। तथा A और C मिलकर उसे 90 दिन में कर सकते हैं। बताइए A अकेला उस काम को कितने दिन में करेगा?
(a) 120 दिन (b) 130 दिन
(c) 150 दिन (d) 100 दिन

**88.** ₹ 730 की राशि A, B, C के बीच इस प्रकार विभाजित की गई हैं कि यदि A को ₹ 3 मिले तो B को ₹ 4 मिले और यदि B को ₹ 3.50 मिले तो C को ₹ 3 मिले। B का हिस्सा, C से कितना अधिक है?
(a) ₹ 30 (b) ₹ 40
(c) ₹ 70 (d) ₹ 210

**89.** 50 छात्रों की कक्षा में औसतन 70% अंक प्राप्त किए गए। प्रथम 25 छात्रों ने औसतन 60% अंक प्राप्त किए और 24 छात्रों ने औसतन 80% अंक प्राप्त किए। अंतिम छात्र ने कितने अंक प्राप्त किए?
(a) 90% (b) 60%
(c) 80% (d) 70%

**90.** दो संख्याओं x तथा y के बीच अनुपात 5 : 7 है और उनका योग 36 है, तो x होगा–
(a) 12 (b) 15
(c) 18 (d) 19



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

91. $4\sqrt{27} - 2\sqrt{48} + \sqrt{147}$ के सरलीकरण से प्राप्त होता है–
(a) $27\sqrt{3}$ (b) $-3\sqrt{3}$
(c) $9\sqrt{3}$ (d) $11\sqrt{3}$

92. यदि 3 बालकों की आयु का योग 81 वर्ष हो और उनका जन्म 6-6 वर्ष के अन्तराल में हुआ हो, तो सबसे छोटे बालक की आयु क्या होगी?
(a) 21 वर्ष (b) 22 वर्ष
(c) 23 वर्ष (d) 24 वर्ष

93. यदि पानी की एक टंकी के $\frac{2}{5}$ भाग को भरने में 2 मिनट का समय लगता है, तो पानी की टंकी को पूरा भरने में और कितना समय लगेगा?
(a) 3 मिनट (b) 6 मिनट
(c) 12 मिनट (d) 15 मिनट

94. एक क्रिकेट मैदान में पुरुष और महिला दर्शकों का अनुपात 3 : 5 है। यदि पुरुष दर्शकों की संख्या 3780 है, तो महिला दर्शकों की संख्या क्या होगी?
(a) 3150 (b) 4290
(c) 4990 (d) 6300

95. एक विक्रेता वाशिंग मशीन पर अंकित मूल्य 7500 रु0 लिखता है और उस पर 6% की छूट देता है। उसका बिक्री मूल्य ज्ञात कीजिए ?
(a) 6850 (b) 7050
(c) 7250 (d) 6950

96. एक विद्यालय के 22 शिक्षकों की आयु का औसत 27 वर्ष है। यदि शिक्षकों की आयु के योग में प्रधानाचार्य की आयु भी सम्मिलित कर दी जाए, तो आयु का औसत 1 वर्ष बढ़ जाता है। प्रधानाचार्य की आयु क्या होगी
(a) 27 वर्ष (b) 28 वर्ष
(c) 49 वर्ष (d) 50 वर्ष

97. अजय एक कार्य को 15 दिन में पूरा कर सकता है और विजय उसी कार्य को 20 दिन में पूरा कर सकता है। यदि दोनों एक साथ उसी कार्य को 4 दिन तक करें तो बताइये कितना कार्य शेष रह जायेगा?
(a) $\frac{8}{15}$ (b) $\frac{2}{5}$
(c) $\frac{3}{5}$ (d) $\frac{7}{15}$

निर्देश : (प्रश्न संख्या 98 से 99 तक) दिये गये विकल्पों में से संबंधित शब्द/अक्षरों/संख्या को चुनिए–

98. ABDE : FGIJ :: IJLM:?
(a) NOQR (b) NOPQ
(c) NMOP (d) NPQR

99 1 : 8 :: ? : 64
(a) 25 (b) 36
(c) 30 (d) 27

निर्देश : (प्रश्न संख्या 100 से 102 तक) दिये गए विकल्पों में से विषम शब्द/अक्षर/संख्या युग्म छांटिए-

100. (a) Swimming (b) Sailing
(c) Diving (d) Driving

101. (a) RGTF (b) MLOK
(c) CTES (d) VDZC

102. (a) 443 (b) 633
(c) 821 (d) 245

103. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश में दिए गए क्रम के अनुसार लिखिए।
**1. Dyke, 2. Dwindle, 3. Dwell, 4.Dye**
(a) 3, 2, 4, 1 (b) 1, 3, 4, 2
(c) 2, 1, 3, 4 (d) 3, 4, 2, 1

104. सही विकल्प चुनकर सीरीज में प्रश्न चिन्ह के स्थान पर लिखिए।
**DHL, PTX, BFJ, ?**
(a) KOS (b) NRV
(c) NPS (d) NRU

105. सीरीज में गलत संख्या छांटिए
**28, 33, 31, 36, 34, 29**
(a) 33 (b) 36
(c) 34 (d) 29

106. राखी की आयु उसकी पुत्री (अनुभा) की आयु की 12 गुनी है। यदि अनुभा की आयु 3 वर्ष है। तो 2 वर्ष पहले राखी की उम्र क्या थी?
(a) 20 वर्ष (b) 34 वर्ष
(c) 30 वर्ष (d) 36 वर्ष

107. सत्या का जन्मदिन 15 अगस्त को और मीना का जन्मदिन 25 जून को आता है। यदि मीना का जन्मदिन बुधवार को था, तो सत्या का जन्मदिन उसी वर्ष कौन से दिन था?
(a) शुक्रवार (b) सोमवार
(c) मंगलवार (d) शनिवार

108. निम्नलिखित शब्दों में से वह शब्द चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों के प्रयोग से बनाया जा सकता है?
**AMPLIFICATION**
(a) ACTOR (b) MANOR
(c) CHAMP (d) MANIA

109. अगर **BLACKSMITH** का कोड **CNBELUNKUJ**, हो तो **CHILDREN** का कोड क्या होगा?
(a) DIJMESFO (b) DJJNETFP
(c) DJINETEP (d) DJJNETEP

110. यदि
**17+17 = 2895**
**18+18 = 3245**
**19+19 = 3615**
हो तो 23+23 =?
(a) 5765 (b) 2565
(c) 4005 (d) 5295

111. लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए।


(a) 432 (b) 334
(c) 512 (d) 501

112. एक आदमी 9 किमी. पूर्व की ओर उसके बाद 12 किमी. दक्षिण की ओर जाता है। उसके प्रारम्भ और अन्तिम बिन्दु के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए?
(a) 8किमी. (b) 6 किमी.
(c) 15किमी. (d) 7.5किमी.

113. वर्ग ABCD में कितने वर्ग हैं?


(a) 16 (b) 17
(c) 26 (d) 30



Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 114 से 116 तक) दिये गये विकल्पों में संबन्धित शब्द/अक्षरों/संख्या को चुनिए।**

**114. पुस्तक : पृष्ठ : दीवार : ?**
(a) रेत (b) सीमेंट
(c) ईट (d) पत्थर

**115. LNPQ : ACEF :: TVXY : ?**
(a) IMKL (b) IKMO
(c) IKMN (d) PKLR

**116. 4 : 20 :: 8 : ?**
(a) 74 (b) 70
(c) 72 (d) 78

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 117 से 119 तक) दिये गये विकल्पों में संबन्धित शब्द/अक्षरों/संख्या को चुनिए।**

**117.** (A) कली (B) शाखा
(C) पत्ती (D) पौधा

**118.** (A) ABD (B) FGI
(C) LMO (D) STU

**119.** (A) 24–42 (B) 36–63
(C) 37–73 (D) 35–51

**120. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश में दिए गए क्रम के अनुसार लिखिए**
**1. Manifest** **2. Meticulous**
**3. Meridian** **4. Merchant**
(a) 1, 4, 3, 2 (b) 2, 1, 4, 3
(c) 1, 3, 2, 4 (d) 2, 3, 4, 1

**121. अक्षरों का कौन–सा समूह खाली स्थानों पर क्रमवार रखने से दी गई अक्षर शृंखला को पूरा करेगा?**
**M__OMMN__M__NOMMN__M**
(a) O N M O (b) N O M O
(c) M O N M (d) N N M O

**122. निम्नलिखित में से श्रेणी को कौन-सा अंक पूर्ण करेगा?**
**14, 27, 52, 101, 198, ?**
(a) 381 (b) 395
(c) 391 (d) 395

**123. X और Y भाई हैं। R, Y का पिता है, T, S की बहन है। S, X का मामा है। T का R से क्या संबंध है?**
(a) माता (b) पत्नी
(c) बहन (d) भाई

**124. रमेश, सतीश से अधिक अमीर है किन्तु जया, रमेश से कम अमीर है। राम, जया से कम अमीर है किन्तु सतीश से अधिक अमीर है लेकिन वह रमेश जितना अमीर नहीं है। रमेश, नवीन से कम अमीर है। उनमें से सबसे अधिक अमीर कौन है?**
(a) रमेश (b) सतीश
(c) नवीन (d) जया

**125. निम्नलिखित विकल्पों में से वह शब्द चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता है :**
**CARPENTER**
(a) NECTAR (b) CARPET
(c) PAINTER (d) REPENT

**126. यदि FRIEND को किसी कोड भाषा में HUMJTK लिखा जाता है तो उसी कोड में CANDLE को कैसे लिखा जाएगा?**
(a) EDRIRL (b) ESJFME
(c) DCQHQK (d) DEQJQM

**127. यदि A, – को प्रदर्शित करता है, C, × को प्रदर्शित करता है, D, ÷ को प्रदर्शित करता है, E, + को प्रदर्शित करता है, तो 14C3A12E4D2= ?**
(a) 6 (b) 17
(c) 28 (d) 32

**128. यदि 879=8, 625=1, 586=9, हो, तो 785=?**
(a) 6 (b) 7
(c) 8 (d) 9

**129. दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या ज्ञात करें**

| | | |
|---|---|---|
| **8** | **7** | **6** |
| **7** | **6** | **5** |
| **6** | **5** | **4** |
| **90** | **65** | **?** |

(a) 54 (b) 44
(c) 34 (d) 26

**130. श्याम अपने मित्र के घर जाता है जो उसके घर से सीधा 10 किमी. दूर है। वापस लौटते समय वह दायें मुड़कर 2 किमी. चलता है और दायें मुड़ जाता है। फिर से दायें मुड़ने से पहले वह 10 किमी. चलता है। श्याम अभी भी अपने घर से कितनी दूरी पर है?**
(a) 10 किमी. (b) 8 किमी.
(c) 12 किमी. (d) 2 किमी.

**131. नीचे प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये है, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएं, I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः शर्त तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन-सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?**
**कथन : सभी लड़के लम्बे हैं। राजीव लड़का है।**
**निष्कर्ष : I- राजीव लंबा है।**



GET IT ON Google Play **Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"**

**निष्कर्ष : II- राजीव लंबा नहीं है।**

(a) केवल निष्कर्ष I सही है।

(b) केवल निष्कर्ष II सही है।

(c) निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं।

(d) ना तो निष्कर्ष I सही है और ना ही निष्कर्ष II सही है।

**132. दी गई प्रश्न चित्र में कितने त्रिभुज हैं?**



(a) 6 (b) 10

(c) 12 (d) 16

**133. निम्नलिखित में से कौन-सा आरेख पुरस्कार, पुलित्जर पुरस्कार और ऑस्कर के बीच संबंध है?**

(a)  (b) 

(c)  (d) 

**134. कौन-सी उत्तर आकृति प्रश्न-आकृति के पैटर्न को पूरा करेगी?**



(a)  (b) 

(c)  (d) 

**135. दी गई उत्तर-आकृतियों में से उस उत्तर आकृति को चुनिए जिसमें प्रश्न आकृति निहित है।**



(a)  (b) 

(c)  (d) 

**136. यदि किसी कागज को, नीचे प्रश्न आकृतियों में दिखाए अनुसार मोड़कर काटा जाए तो खोलने के बाद वह किस उत्तर आकृति जैसा दिखाई देगा?**



(a)  (b) 

(c)  (d) 

**137. निम्नलिखित प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये हैं, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएँ I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः शर्त तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन–सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?**

**वक्तव्य :** सभी फल पत्तियां हैं। कुछ फल अंगूर हैं।

**निष्कर्ष :** I. कुछ पत्तियां अंगूर हैं।

II. सभी अंगूर फल हैं।

(a) केवल I निष्कर्ष निकलता है

(b) केवल निष्कर्ष II सही है।

(c) दोनों निष्कर्ष सही है।

(d) ना तो निष्कर्ष I और ना ही निष्कर्ष II सही है।

**138. एक शब्द केवल एक संख्या-समूह द्वारा दर्शाया गया है, जैसे कि विकल्पों में से किसी एक में दिया गया है। विकल्पों में दिए गए संख्या समूह अक्षरों के दो वर्गो द्वारा दर्शाए गए हैं, जैसे कि नीचे दिए गए दो आव्यूह I के स्तंभ और पंक्ती की संख्या 0 से 4 और आव्यूह II की 5 से 9 दी गई है। इन आव्यूहों से एक अक्षर को पहले उसकी पंक्ति और बाद में स्तम्भ संख्या द्वारा दर्शाया जा सकता है। उदाहरण के लिए 'D' को 04, 12 आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है तथा 'I' को 65, 79 आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है। इसी तरह से आपको दिए हुए शब्द 'BANK' के लिए समूह को पहचानना है।**



Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

| | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 0 | B | N | G | L | D |
| 1 | G | L | D | B | N |
| 2 | D | B | N | G | L |
| 3 | N | G | L | D | B |
| 4 | L | D | B | N | G |

| | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | A | I | K | O | R |
| 6 | I | K | O | R | A |
| 7 | K | O | R | A | I |
| 8 | O | R | A | I | K |
| 9 | R | A | I | K | O |

(a) 42, 69, 14, 98 (b) 00, 55, 33, 57
(c) 21, 67, 30, 86 (d) 42, 78, 43, 58

**139. निम्नलिखित प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये है, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएं, I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः शर्त तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन-सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है।**

**वक्तव्य :** I. कुछ थैले जेबे हैं।

**वक्तव्य :** II. कोई भी जेब थैली नहीं है।

**निष्कर्ष :** I. कुछ थैले थैलियाँ नहीं है।

**निष्कर्ष :** II. कुछ जेबें थैले हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I निकलता है
(b) केवल निष्कर्ष II निकलता है
(c) दोनों निष्कर्ष I और II निकलता है
(d) न ही निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II निकलता है।

**140. एक दर्जी को कपड़े के रोल से 10 कमीज के बराबर टुकड़े काटने हैं। वह एक मिनट में 45 कमीज के टुकड़े काट सकता है। 24 मिनट में वह कुल कितने कपड़े के रोल काट सकता है?**

(a) 120 (b) 108
(c) 84 (d) 72

**141. अंग्रेजी वर्णमाला में कितने बड़े अक्षर दर्पण में देखने पर समान दिखते हैं?**

(a) 9 (b) 10
(c) 11 (d) 12

**142. एक परिवार में पति-पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री हैं। पिता की आयु पुत्री से तीन गुना है पुत्र की आयु अपनी माता से आधी है। पत्नी अपने पति से 9 वर्ष छोटी है तथा पुत्र, पुत्री से 7 वर्ष बड़ा है। बताइये माता की आयु कितनी होगी?**

(a) 40 वर्ष (b) 45 वर्ष
(c) 50 वर्ष (d) 60 वर्ष

**143. एक विद्यालय में कक्षा दोपहर 1 बजे प्रारम्भ होती है और 3 बजकर 52 मिनट तक चलती है। यदि इस समय में 4 अवधि (पीरियड) होते है एवं प्रत्येक अवधि (पीरियड) से पहले 4 मिनट का समय एक कमरें से दूसरे कमरे में जाने के लिए छोड़ा जाता है, तो बताइये एक अवधि (पीरियड) कितने मिनट का होता है?**

(a) 39 मिनट (b) 40 मिनट
(c) 45 मिनट (d) 42 मिनट

**144. दी गई आकृति में कुल आयतों की संख्या बताइये-**



(a) 10 (b) 11
(c) 12 (d) 13

**145. तीन घण्टियाँ क्रमशः 9, 12 तथा 15 मिनट के अन्तराल से बजती हैं। 8 बजे पूर्वान्ह साथ-साथ बजने के पश्चात वे तीनों एक साथ सबसे पहले कब बजेंगी?**

(a) 8 : 45 पूर्वान्ह (b) 10 : 30 पूर्वान्ह
(c) 11 : 00 पूर्वान्ह (d) 1: 00 पूर्वान्ह

**146. एक व्यक्ति ने प्रातः सूर्य की ओर चेहरा करके सड़क पर चलना शुरू किया। 2 मील चलने के बाद वह अपने बाँई ओर मुड़कर चलता है। फिर 2 मील बाद वह अपनी दाँई ओर मुड़कर चलता है। अब वह किस दिशा की ओर चल रहा है?**

(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) उत्तर (d) दक्षिण

**147. 3 सेमी भुजा वाले किसी घन को 1 सेमी भुजा वाले छोटे घनों में विभाजित किया जाता है। बताइये छोटे घन को प्राप्त करने के लिए इसे कुल कितनी बार काटना होगा?**

(a) 8 (b) 6
(c) 4 (d) 2

**148. A, B, C और D आरोही क्रम से हैं। D, B और E अवरोही क्रम में हैं। बताइये निम्न में से कौन या तो आरोही या अवरोही क्रम में है?**

(a) A, E और C (b) A, D और C
(c) D, B और C (d) E, B और C

**149. छात्रों की एक पंक्ति में राम बाएँ से 10वें तथा श्याम दाएँ से 5वें स्थान पर है। जब राम एवं श्याम अपने स्थान आपस में बदल लेते हैं तो राम बाएँ से 15वें स्थान पर हो जाता है। बतायें स्थान परिवर्तन के बाद श्याम दाएँ से कौन से स्थान पर होगा?**

(a) 10वें (b) 11वें
(c) 12वें (d) 13वें

**150. आपको निर्णय करना है कि दिए गये वक्तव्य में से कौन-सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है।**

**कथनः** पौष्टिक भोजन स्वादिष्ट और स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। शहद पौष्टिक है।

**निष्कर्षः** I. शहद स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।
II. स्वादिष्ट भोजन पौष्टिक होता है।

(a) केवल निष्कर्ष I सही है
(b) केवल निष्कर्ष II सही है।
(c) न तो निष्कर्ष I सही है ना ही निष्कर्ष II
(d) दोनों निष्कर्ष I और II सही है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# SOLUTION : PRACTICE SET-8

## ANSWER

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (b) | 2. (a) | 3. (a) | 4. (d) | 5. (a) | 6. (a) | 7. (d) | 8. (a) | 9. (a) | 10. (b) |
| 11. (d) | 12. (a) | 13. (d) | 14. (c) | 15. (b) | 16. (c) | 17. (b) | 18. (c) | 19. (a) | 20. (b) |
| 21. (c) | 22. (a) | 23. (b) | 24. (c) | 25. (c) | 26. (b) | 27. (b) | 28. (d) | 29. (c) | 30. (a) |
| 31. (a) | 32. (c) | 33. (c) | 34. (d) | 35. (b) | 36. (d) | 37. (c) | 38. (a) | 39. (b) | 40. (c) |
| 41. (c) | 42. (a) | 43. (b) | 44. (a) | 45. (c) | 46. (b) | 47. (d) | 48. (c) | 49. (b) | 50. (c) |
| 51. (c) | 52. (d) | 53. (b) | 54. (d) | 55. (c) | 56. (a) | 57. (a) | 58. (c) | 59. (a) | 60. (c) |
| 61. (d) | 62. (d) | 63. (d) | 64. (a) | 65. (c) | 66. (b) | 67. (c) | 68. (c) | 69. (a) | 70. (d) |
| 71. (b) | 72. (b) | 73. (a) | 74. (d) | 75. (d) | 76. (d) | 77. (a) | 78. (c) | 79. (b) | 80. (d) |
| 81. (b) | 82. (c) | 83. (d) | 84. (c) | 85. (d) | 86. (c) | 87. (a) | 88. (b) | 89. (c) | 90. (b) |
| 91. (d) | 92. (a) | 93. (a) | 94. (d) | 95. (b) | 96. (d) | 97. (a) | 98. (a) | 99. (d) | 100. (d) |
| 101. (d) | 102. (b) | 103. (a) | 104. (b) | 105. (d) | 106. (b) | 107. (a) | 108. (d) | 109. (b) | 110. (d) |
| 111. (c) | 112. (c) | 113. (d) | 114. (c) | 115. (c) | 116. (c) | 117. (d) | 118. (d) | 119. (d) | 120. (a) |
| 121. (b) | 122. (c) | 123. (b) | 124. (c) | 125. (c) | 126. (a) | 127. (d) | 128. (a) | 129. (b) | 130. (d) |
| 131. (a) | 132. (d) | 133. (c) | 134. (c) | 135. (b) | 136. (d) | 137. (a) | 138. (a) | 139. (c) | 140. (b) |
| 141. (c) | 142. (d) | 143. (b) | 144. (a) | 145. (c) | 146. (a) | 147. (b) | 148. (d) | 149. (a) | 150. (a) |

## SOLUTION

**1. (b)**
**कथकली**– वल्लथोल नारायण मेनन, उदयशंकर
**भरतनाट्यम** –यामिनी कृष्णमूर्ति, सोनल मान सिंह
**मणिपुरी**– शुक्र अमली सिंह, आतम्ब सिंह
**कत्थक**–बिरजू महाराज, बिन्दाजी महाराज, लच्छूमहराज

**2. (a)**
भारत में सर्वाधिक साक्षरता (अवरोही क्रम)
केरल – 94%
मिजोरम – 91.3%
त्रिपुरा – 88.7%

**3. (a)**
ब्रह्म समाज – राजाराम मोहन राय
बेलूर मठ – स्वामी विवेकानन्द
आर्य समाज– स्वामी दयानन्द सरस्वती

**4. (d)**
मथुरा में स्थित मथुरा रिफायनरी उत्तर प्रदेश के उत्तरी पश्चिमी क्षेत्र में पेट्रोलियम उत्पादो की माँग को पूरा करने के उद्देश्य के साथ जनवरी 1982 में स्थापित किया गया था। यह इण्डियन आयल कार्पोरेशन की छठी रिफायनरी है।

**5. (a)**
मुद्रा (करेन्सी) पैसे के उस रूप को कहते हैं जिससे दैनिक जीवन में खरीद और बिक्री होती है। इसमें सिक्के और कागज के नोट दोनों आते हैं। यह मूल्य का मापक होता है। भारत की मुद्रा रूपया है।

**6. (a)**
1 फरवरी 2023 को बजट में MISHTI (मैंग्रोव इनिशिएटिव फार शोरलाइन हैबिटेट्स एंड टैंजिबल इनकम्स) योजना की घोषणा हुई। इसका मुख्य उद्देश्य- समुद्र तट के किनारे और साल्ट पैन लैंड्स पर मैंग्रोव का वृक्षारोपण करना तथा मैंग्रोव को संरक्षित करना है।

**7. (d)**
जहाँगीर द्वारा सिक्खों के पंचम गुरु अर्जुन देव को खुसरो की सहायता करने के आरोप में मृत्युदण्ड दिया गया।

**8. (a)**
29 अगस्त- राष्ट्रीय खेल दिवस (मेजर ध्यान चंद के जन्म दिन पर)
14 नवंबर– बाल दिवस (जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिन पर)
2 अक्टूबर– लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती एवं गाँधी जयंती (अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस)

**9. (a)**
भारतीय ऐतिहासिक कथाओं का सबसे अच्छा क्रमबद्ध विवरण पुराणों में मिलता हैं इनकी संख्या 18 है। जिनमें से पाँच मत्स्य, वायु, विष्णु, ब्राह्मण, भागवत पुराण हैं।
पुराणों में मत्स्य पुराण सबसे प्राचीन एवं प्रामाणिक है।

**10. (b)**

| **लेखक** | **पुस्तक** |
|---|---|
| रवीन्द्र नाथ टैगोर | गीतांजलि |
| मो.इकबाल | 'सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा'' |
| मोहम्मद इकबाल | |
| महात्मा गाँधी | हिन्द स्वराज |

**11. (d)**
हुमायूँ का मकबरा दिल्ली में अवस्थित है। यह इमारत परिसर मुगल वास्तुकला से प्रेरित मकबरा स्मारक है। 1993 ई. में इस इमारत को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया।

**12. (a)**
चन्द्रप्रभा मृग वन भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के चन्दौली जिले में स्थित है। इसकी स्थापना 1957 ई. में की गई थी।

**13. (d)**
अर्जुन पुरस्कार खेलकूद के क्षेत्र में प्रदान किया जाता है। अर्जुन पुरस्कार 1961 ई. में आरंभ किया गया। इसमें 5 लाख रुपये नगद पुरस्कार दिया जाता है। प्रत्येक वर्ष अधिकतम 15 खिलाड़ियों को उनके अद्वितीय खेल के लिए अर्जुन पुरस्कार दिये जाते हैं।

**14. (c)**
भारत कोकिला – सरोजनी नायडू
स्वर कोकिला – लता मंगेशकर
लौह महिला – इंदिरा गांधी
भारतीय एथलेटिक्स की गोल्डन गर्ल – पी.टी. ऊषा



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**15. (b)**
डा. एस. राधा कृष्णन – प्रथम उपराष्ट्रपति
डॉ. जाकिर हुसैन – भारत के तीसरे राष्ट्रपति
श्री वी.वी. गिरी – भारत के चौथे राष्ट्रपति
श्री बी.डी. जत्ती – भारत के पाँचवें उपराष्ट्रपति एवं भारत के राष्ट्रपति भी रहे।

**16. (c)**
अनुच्छेद 56 (2) के अनुसार भारत का राष्ट्रपति अपना त्यागपत्र उपराष्ट्रपति को देता है। राष्ट्रपति का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है।
अनुच्छेद 61 के अनुसार संविधान के उल्लंघन की स्थिति में राष्ट्रपति पर महाभियोग लगाया जाता है।

**17. (b)**
वाइब्रियो कॉलेरी एक जीवाणु है जो एंटेरोटॉक्सिन, कॉलेरा टॉक्सिन का उत्पादन करता है, जिसका प्रभाव छोटी आंत पर पड़ता है। इस रोग में उल्टी व दस्त अधिक होने के कारण पानी की कमी हो जाती है।

**18. (c)**
फरवरी 2023 में 'PM-PRANAM (PM-Program for Restoration Awareness, Nourishment and Amelioration of Mother Earth )' की घोषणा की गई। इस योजना का उद्देश्य राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देना तथा रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग को प्रोत्साहित करना है।

**19. (a)**
मलेरिया की दवा कुनैन एक दक्षिण अमेरिकी पेड़ सिनकोना की छाल से तैयार की जाती है।
यूरोप में सोलहवीं सदी में इसका सबसे पहले प्रयोग किया गया था।
आमतौर पर कुनैन का प्रयोग मलेरिया के इलाज में किया जाता है, इसके अलावा कुछ अन्य दवा के निर्माण में इसका इस्तेमाल होता है, इसे टॉनिक वाटर में भी मिलाया जाता है।

**20. (b)**
बेंगलुरु को भारत का सिलिकान वैली कहा जाता है क्योंकि यहाँ पर सर्वाधिक आई.टी. कम्पनियाँ है। भारत के निर्यात में 33% का योगदान आई.टी. के क्षेत्र से है।

**21. (c)**
21 फरवरी 2023 को, भारतीय शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ0 महेन्द्र कुमार मिश्रा को इंटरनेशनल मदर लैंग्वेज अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से बांग्लादेश के ढाका में यह पुरस्कार मिला।

**22. (a)**
गोबर गैस में मुख्यतः मीथेन 75% पायी जाती है।

**23. (b)**
**राज्यसभा सदस्यों की योग्यता** :– अनुच्छेद 84 के अनुसार कोई व्यक्ति
(क) भारत का नागरिक हो
(ख) उसकी आयु कम से कम 30 वर्ष हो।
(ग) कोई ऐसी अन्य अर्हताएँ जो संसद द्वारा माँगी गई हो
(घ) उम्मीदवार को संघ या उस राज्य क्षेत्र का पंजीकृत मतदाता होना चाहिए।

**24.** (c)
संविधान के अनुच्छेद-74 के अनुसार राष्ट्रपति को उसके कार्यों के सम्पादन व सलाह देने के लिए एक मंत्रिपरिषद होती है, जिसका प्रधान प्रधानमंत्री होता है। संविधान के अनुच्छेद 75 के अनुसार प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति करेगा और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति राष्ट्रपति प्रधानमंत्री की सलाह पर करेगा। उल्लेखनीय है कि मंत्रियों की कुल संख्या लोकसभा के कुल सदस्यों का पन्द्रह प्रतिशत निर्धारित है।

**25. (c)**
कम्प्यूटर एक प्रकार की गणितीय गणना करता है कैलकुलेटर डिजिटल कम्प्यूटर की पद्धति पर कार्य करता है।

**26. (b)**
निश्चित ताप पर ठोस का द्रव में बदलना गलन कहलाता है और इस निश्चित ताप को ठोस का गलनांक कहते हैं।

**27.** (b)
भारतीय अर्थव्यवस्था के सन्दर्भ में योजना बनाने के लक्ष्य के रूप में 'आधुनिकीकरण' का उद्देश्य पश्चिमी जीवन शैली अपनाना नहीं था। बल्कि इसका उद्देश्य जनसाधारण के जीवन स्तर को ऊँचा उठाना है।

**28. (d)**
रासायनिक रूप से कार्बोहाइड्रेट्स पॉलिहाइड्रॉक्सी एल्डिहाइड या पॉलिहाइड्रॉक्सी कीटोन होते हैं। कार्बोहाइड्रेट्स कार्बनिक पदार्थ हैं जिसमें कार्बन, हाइड्रोजन व ऑक्सीजन होते हैं। कार्बोहाइड्रेट के मुख्य स्रोत आलू, फल (केला, आम), अनाज (चावल, गेहूँ, मक्का), शर्करा (शहद, गन्ना, चुकन्दर, जैम), दूध आदि है। मुर्गा कार्बोहाइड्रेट का स्रोत नहीं है। 1 ग्राम कार्बोहाइड्रेट में 4 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है।

**29. (c)**
मिल्क ऑफ मैग्नेशिया का PH मान 10 है। मिल्क ऑफ मैग्नीशिया का रासायनिक नाम मैग्नीशियम हाइड्रोक्साइड है। इसका उपयोग पेट में अतिरिक्त अम्ल को बेअसर करने के लिए जाता है। PH पैमाने का उपयोग अम्ल या क्षार की अम्लता या मूलता को मापने के लिए किया जाता है। PH की अवधारणा एस.पी. सोरेंसन ने दी थी।

**30. (a)**
कम्पन करने वाली प्रत्येक वस्तु ध्वनि उत्पन्न करती है ध्वनि की तीव्रता जब अधिक होती है तब वह कानों को अप्रिय लगने लगती है। इस अवांछनीय अथवा उच्च तीव्रता वाली ध्वनि को शोर कहते है ध्वनि की सामान्य मापक इकाई डेसीबल (db) है।
डेसीबल मापक शून्य से शुरू होता है, जो सामान्य मनुष्य के कान से सुनी जा सकने वाली सर्वाधिक धीमी आवाज को प्रदर्शित करती हैं।

| ध्वनि के स्रोत | | तीव्रता (db में) |
|---|---|---|
| साधारण बातचीत | - | 30 - 40 |
| जोर से बातचीत | - | 50 – 60 |
| ट्रक-ट्रैक्टर | - | 90 – 100 |
| साइरन | - | 110 – 120 |
| जेट विमान | - | 140 – 150 |
| मशीनगन | - | 170 |
| मिसाइल | - | 180 |

80 डेसीबल से अधिक ध्वनि को शोर का नाम दिया जाता है।

**31. (a)**
एक कम्प्यूटर की स्मृति सामान्य तौर से बाइट, किलोबाइट और मेगाबाइट के रूप में व्यक्त की जाती है, बिट - स्टोरेज की सबसे छोटी इकाई मानी जाती है। लेकिन बाइट का उपयोग हम स्टोरेज क्षमता मापने के लिए करते हैं। 1 बाइट = 8 बिट, 1 KB = 1024 बाइट, 1 MB = 1024 KB

**32. (c)**
8 मार्च अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस
8 मई– विश्व रेड क्रास दिवस/विश्व प्रवासी पक्षी दिवस

**33. (c)**
भारत की प्रथम महिला मुख्यमंत्री श्रीमती सुचेता कृपलानी (उत्तर प्रदेश) है।
भारत की प्रथम महिला उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीश फातिमा बीबी है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**34. (d)**
उत्तर प्रदेश भारत के उत्तर मध्य में स्थित एक सीमान्त राज्य है, पूर्व से पश्चिम इसकी लम्बाई 650 किमी. तथा उत्तर से दक्षिण तक चौडाई 240 किमी. है, इसका सम्पूर्ण क्षेत्रफल 2,40928 वर्ग किमी है जो कि सम्पूर्ण भारत के क्षेत्रफल का 7.33 प्रतिशत है। क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत में राजस्थान प्रथम, मध्य प्रदेश द्वितीय, महाराष्ट्र तृतीय तथा उत्तर प्रदेश चौथे स्थान पर है।

**35. (b)**
भारत को सर्वोच्च नागरिक सम्मान ''भारत रत्न'', कला, साहित्य विज्ञान या बड़े पैमाने पर जनसेवा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए (26 जनवरी) गणतन्त्र दिवस के अवसर पर दिया जाता है। यह देश का सबसे बड़ा पुरस्कार है। इसकी शुरुआत 1954 ई. में हुई थी।
1954 में भारतीय राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले राजगोपालाचारी को भारत रत्न से सम्मानित किया गया ये भारत रत्न प्राप्त करने वाले प्रथम व्यक्ति थे।
1954 में भारत रत्न से सम्मानित अन्य व्यक्ति इस प्रकार है–
सर्वपल्ली राधाकृष्णन, चन्द्रशेखर, वेंकटरमन, भगवान दास।

**36. (d)**
महात्मा गांधी सेतु पटना से हाजीपुर को जोड़ने के लिए गंगा नदी पर उत्तर पश्चिम की दिशा में बना एक पुल है। यह दुनिया का सबसे लम्बा, एक ही नदी पर बना सड़क पुल है। इसकी लम्बाई 5575 मीटर है। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इसका उद्घाटन 1982 में किया था।
मई, 2017 से ब्रह्मपुत्र नदी पर बना 'भूपेन हजारिका सेतु' जिसे 'ढोला–सादिया सेतु' भी कहते है। सबसे बड़ा पुल है इसकी लम्बाई 9.15 किमी. है। यह सेतु असम तथा अरूणांचल प्रदेश को जोड़ती है।

**37. (c)**
किसी क्षेत्र की औसत जलवायु को जानने के लिए वर्षा, वायु की गति, तथा आर्द्रता का योगदान सबसे महत्वपूर्ण होता है जबकि वृक्षों की संख्या जलवायु के जानने के लिए कोई योगदान नहीं करता है।

**38. (a)**
उत्तर प्रदेश में वनों की अधिक प्रभावी संरक्षण विकास तथा वनोपज के वैज्ञानिक विदोहन के लिए स्थानीय प्राधिकरण के रूप में उत्तर प्रदेश वन निगम अधिनियम 1974 के अन्तर्गत 25 नवंबर 1974 को उत्तर प्रदेश वन निगम की स्थापना हुई।

**39. (b)**

| **व्यंजन** | **व्यंजन का वर्गीकरण** |
|---|---|
| च छ ज झ | स्पर्श व्यंजन (तालव्य) |
| **य र ल व** | **अन्तःस्थ व्यंजन** |
| श ष स ह | उष्म/संघर्षी व्यंजन |
| क्ष त्र ज्ञ श्र | संयुक्त व्यंजन |

**40. (c)**
गीतिका एक सम मात्रिक छंद है। इसके प्रत्येक पंक्ति में 26 मात्राएँ होती है तथा प्रत्येक पद 14-12 या 12-14 मात्राओं की यति के अनुसार होते है। पदांत में लघु-गुरु होना अनिवार्य है।

**उदाहरण–**

हे प्रभु आनंददाता ज्ञान हमको दीजिये
शीघ्र सारे दुर्गुणों से दूर हमको कीजिये
लीजिये हमको शरण में हम सदाचारी बने
ब्रह्मचारी धर्म रक्षक वीर व्रतधारी बनें......

**41. (c)**
दिये गये विकल्पों में 'शाश्वत-सदैव' विलोम शब्द युग्म असंगत है। 'शाश्वत' शब्द का विलोम 'नश्वर' होता है। अतः इसका सही विलोम शब्द युग्म 'शाश्वत-नश्वर' होगा।

**42. (a)**

| **वाक्यांश** | | **एक शब्द** |
|---|---|---|
| **जो अपने स्थान या स्थिति से अलग न किया जा सके** | | **अच्युत** |
| न टूटने वाला | - | अटूट |
| जो अपनी बात से न टले | - | अटल |
| जो दिया न जा सके | - | अदेय |

**43. (b)**

| **वाक्यांश** | | **एक शब्द** |
|---|---|---|
| **जीने की इच्छा** | **–** | **जिजीविषा** |
| जो जानने को उत्सुक हो | – | जिज्ञासु |
| जो जीत/विजय का इच्छुक हो | – | जिगीषु |
| जो प्यासा हो/जो पीने का इच्छुक हो | – | पिपासु |

**44. (a)**
'सख्यागमन' का सही संधि-विच्छेद 'सखी + आगमन है। इसमें 'यण स्वर संधि' है। इसके नियमानुसार यदि इ, ई, उ, ऊ और ऋ के बाद भिन्न स्वर आये तो 'इ' और 'ई' का 'य', 'उ' और 'ऊ' का व तथा 'ऋ' का 'र' हो जाता है। जैसे–

यदि + अपि = यद्यपि
प्रति + एक = प्रत्येक
प्रभु + एषणा = प्रभ्वेषणा

**45. (c)**
जब किसी सामान्य बात का विशेष बात से तथा विशेष बात का सामान्य बात से समर्थन किया जाए तो वहाँ अर्थान्तरन्यास अलंकार होता है। जैसे–

जो 'रहीम' उत्तम प्रकृति, का करि सकत कुसंग।
चंदन विष व्यापत नहीं, लिपटे रहत भुजंग।।

**46. (b)**
दिये गये विकल्पों में 'माता-पिता पुज्यनीय है' वाक्य वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है। इसका शुद्ध वाक्य 'माता-पिता पूजनीय है' होगा।

**47. (d)**
'छायादार' शब्द 'संकर' शब्द का उदाहरण है। दो भिन्न स्रोतों से आये शब्दों के मेल से बने नए शब्द को 'संकर शब्द' कहते है। उदाहरण–

रेल (अंग्रेजी) + गाड़ी (हिन्दी) – रेलगाड़ी
सील (अंग्रेजी) + बंद (फारसी) – सीलबंद

**48. (c)**
दिये गये विकल्पों में 'रसीला, कड़वाहट, बुढ़ापा, उन्नति' सभी शब्द भाववाचक संज्ञा है। जिस शब्द से किसी भाव, गुण, दशा आदि के ज्ञान का बोध होता है, वह भाववाचक संज्ञा कहलाता है। जैसे– नारीत्व, वीरता, थकान, समीपता आदि।

**49. (b)**
दिये गये विकल्प में से 'तीन-तेरह होना–संगठित होना लोकोक्ति अर्थ की दृष्टि से गलत है।
'तीन-तेरह होना' लोकोक्ति का सही अर्थ–'अस्त-व्यस्त होना' होता है।

**50. (c)**
'गूलर का फूल होना' मुहावरे का सही अर्थ–'दुर्लभ वस्तु' है। अन्य सभी विकल्प अर्थ की दृष्टि से तर्कसंगत नहीं है।

**51. (c)**
'मैंनें राधा के लिए कपड़े खरीदे।' वाक्य में सम्प्रदान कारक है। जिसके लिए कोई क्रिया सम्पन्न की जाय या जिसे कुछ प्रदान किया जाय, वहाँ सम्प्रदान कारक होता है। इसका कारक चिह्न–'को, के लिए, ए, ऐ होता है।

**52. (d)**
स्थायी भाव की परिपक्व अवस्था को रस कहा जाता है। स्थायी भाव ही रस का आधार है। स्थायी भाव की संख्या 9 मानी गई है। एक रस में मूलतः एक ही स्थायी भाव होता है। जो काव्य के शुरू से आखिर तक होता है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**53. (b)**
'तिरंगा' शब्द में 'द्विगु समास' है। इस समास में पूर्व पद संख्यावाची होता है और उससे समूह का बोध होता है, उसे द्विगु समास कहते है। उदाहरण–

| | | |
|---|---|---|
| चतुर्भुज | – | चार भुजाओं का समाहार |
| त्रिफला | – | तीन फलों का समाहार |

**54. (d)**
किसी वस्तु का भीतरी भाग 'आभ्यन्तर' कहलाता है। आभ्यान्तर का विलोम बाह्य होता है।

**55. (c)**
भाषाई परिवार के अनुसार काशिका एक भारतीय आर्य भाषा है। जो वाराणसी व उसके आस-पास के क्षेत्रों में बोली जाती है। काशिका भाषा का विस्तार भोजपुरी भाषा क्षेत्र के पश्चिमी हिस्से से लेकर अवधी भाषा के क्षेत्र तक है। इस प्रकार यह भारतीय भाषा शाखा के पूर्वी शाखा के अन्तर्गत आती है। मुख्य रूप से काशिका भाषावादी जिले–वाराणसी, आजमगढ़, प्रयागराज है। काशी के नाम पर इस भाषा का नाम काशिका पड़ा।

**56. (a)**
स्तवक का अर्थ फूलों का गुच्छा या गुलदस्ता जो समूहार्थक शब्द है। अन्य विकल्प सही नहीं है।

**57. (a)**
'जूही की कली' कविता के रचयिता सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' है। इनकी अन्य महत्वपूर्ण रचनाएँ–अनामिका, परिमल, गीतिका, कुकुरमुत्ता, नये पत्ते, सांध्य काकली, अप्सरा, प्रभावती, चोटी की पकड़, लिली, सुकुल की बीवी आदि है।

**58. (c)**
**'जो विद्यार्थी परिश्रमी है, वह अवश्य सफल होगा'** यह मिश्र वाक्य है। जिन वाक्यों में एक प्रधान उपवाक्य हो और अन्य आश्रित उपवाक्य हो वह मिश्र वाक्य कहलाता है। ये उपवाक्य आपस में कि, जो, वह, जितना, जहाँ, वहाँ, तो, यदि, जैसा, इधर, उधर आदि से आपस में जुड़ते है। जैसे–जो लड़का कमरे में बैठा है वह मेरा भाई है।

**59. (a)**
शब्द युग्म 'अम्बुज–अम्बुद' का सही अर्थ भेद कमल–बादल होगा।

**60. (c)**
**योजक चिन्ह (–)** इस चिन्ह का प्रयोग निम्नलिखित परिस्थितियों में किया जाता है–
(a) दो समानार्थी शब्दों की पुनरूक्ति या एक अर्थ वाले सहचर शब्दों के बीच किया जाता है। जैसे– कपड़ा-लत्ता, धन-दौलत, मान-मर्यादा आदि।
(b) सामासिक पदों या पुनरूक्त और युग्म शब्दों के मध्य किया जाता है। जैसे– जय-पराजय, लाभ–हानि, दो-दो, राष्ट्र-भक्ति।
(c) तुलनावाचक 'सा', 'सी', 'से' के पहले जैसे– चाँद-सा चेहरा, फूल-सी मुस्कान।
(d) सार्थक-निरर्थक शब्द-युग्मों के बीच, जैसे– अनाप-शनाप, उल्टा-पुल्टा, काम-वाम।

**61. (d)**
'उरग' शब्द 'सर्प' का पर्यायवाची शब्द है। 'सर्प' के अन्य पर्यायवाची शब्द– अहि, नाग, भुजंग, विषधर, व्याल, पन्नग, साँप, सारंग आदि है। जबकि पाषाण, अश्म, प्रस्तर, पाहन आदि पत्थर के पर्यायवाची है।

**62. (d)**
दिये गये वाक्य को उचित क्रम–आप सबको धोखा दे सकते है, पर खुद को नहीं दे सकते, आप खुद को धोखा दे सकते हो, पर वक्त को नहीं दे सकतें। अतः वाक्य खण्डों का उचित क्रम–र व ल य है।

**63. (d)**
जो शब्द क्रिया की विशेषता बतलाते हैं, उन्हें क्रिया विशेषण कहा जाता है। ये प्रमुखतः चार प्रकार के होते हैं–

| | | |
|---|---|---|
| 1. स्थान वाचक | – | यहाँ, वहाँ, इधर, उधर आदि। |
| 2. काल वाचक | – | रात भर, आज कल, हर बार, प्रतिदिन आदि। |
| 3. परिमाण वाचक | – | बहुत, अत्यन्त, थोड़ा, किंचित, तिल-तिल आदि। |
| 4. रीतिवाचक | – | ऐसे, कैसे, कदाचित, तक, इसलिए आदि। |

**64. (a)**
प्राचीन समय में विश्व में शिक्षा और संस्कृति का प्रमुख केन्द्र भारत था। यहाँ देश-विदेश के विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने आते थे।

**65. (c)**
प्राचीन शिक्षण संस्थाएँ या आश्रम विद्यार्थी के चहुमुखी विकास पर ध्यान देते थे। ये शिक्षण संस्थाएँ पुस्तकीय ज्ञान के अलावा आध्यात्मिक ज्ञान, शारीरिक शिक्षा तथा युद्ध कौशल के विकास पर भी ध्यान देते थे।

**66. (b)**
नवीन शिक्षा प्रणाली में विद्यार्थियों को जाति, धर्म और भाषा के दायरें से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

**67. (c)**
नवीन शिक्षा प्रणाली में विद्यार्थियों के नैतिक, शारीरिक व मानसिक विकास के लिए व्यावहारिक शिक्षा पर बल दिया जा रहा है।

**68. (c)**
पुस्तकीय शब्द में **ईय** प्रत्यय लगा है। ईय प्रत्यय से बनने वाले अन्य शब्द–भवदीय, राष्ट्रीय, पणिनीय, भारतीय आदि है।

**69. (a)**
दिए गए विकल्पों 'अनेक अध्यापकों' की जगह 'अनेक अध्यापक' होगा क्योंकि अनेक बहुवचन है इसलिए इसके साथ बहुवचन संज्ञा का प्रयोग नहीं होगा।

**70. (d)**
ध्रुवस्वामिनी, जयशंकर प्रसाद की रचना है जबकि कायाकल्प, रंगभूमि, सेवासदन, गबन, गोदान, मंगलसूत्र (अपूर्ण) तथा कर्मभूमि प्रेमचन्द द्वारा लिखित है।

**71. (b)**
अष्टछाप आठ भक्तिकालीन कवियों का समूह था। इसमें कुंभनदास, **सूरदास**, कृष्णदास, परमानन्द दास, गोविंद स्वामी, नंददास, छीतस्वामी तथा चतुर्भुजदास थे। इन्होंने अपने पद एवं कीर्तनों में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का गुणगान किया है।

**72. (b)**
'वह बहुत मधुर गाता है।' में 'बहुत' प्रविशेषण है क्योंकि यह 'मधुर' अर्थात् विशेषता की विशेषता बता रहा है।

**73. (a)**
दिए गए विकल्पों में नामवर सिंह को वर्ष 1971 में 'कविता के नए प्रतिमान (समालोचना) के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में से किसी भी भाषा में की गयी रचनाओं के लिए प्रदान किया जाता है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**74. (d)**
भारतीय ज्ञानपीठ न्यास द्वारा 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' भारतीय साहित्य के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है। यह पुरस्कार 8वीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में दिया जाता है। इस पुरस्कार की स्थापना 1965 में हुई थी।

**75. (d)**
चौपाई एक सम मात्रिक छन्द है। इसमे चार चरण तथा प्रत्येक चरण में 16 मात्राएं होती है। चरण के अन्त में दीर्घ (गुरु) के बाद ह्रस्व (लघु) वर्ण आना वर्जित है।
उदाहरण -
गुरु पद राज मृदु मंजुल अंजन। नयन अमिअ दृगदोष विभंजन।।
तेहिं करि विमल विवेक विमोचन। बरनउँ रामचरित भवमोचन।।

**76. (d)**
माना कुल दूरी = x किमी.

रेल द्वारा चली गयी दूरी = $\frac{2x}{15}$ किमी.

बस द्वारा चली गयी दूरी = $\frac{9x}{20}$ किमी.

शेष दूरी = $x-\left(\frac{2x}{15}+\frac{9x}{20}\right)$

$=\frac{60x-8x-27x}{60}=\frac{25x}{60}$

प्रश्नानुसार, $\frac{25x}{60}=10$

$\therefore\ x=\frac{10\times60}{25}$ = 24 किमी.

**77. (a)**
टैंक को भरने में लगा अभीष्ट समय $=\frac{ab}{a+b}$

$=\frac{24\times30}{(24+30)}=\frac{720}{54}=\frac{40}{3}=13\frac{1}{3}$ घंटा
= 13 घंटा 20 मिनट

**78. (c)**
माना दोनों संख्याएँ क्रमशः x तथा y हैं
∵ पहली संख्या × दूसरी संख्या = म.स.प. × ल. स. प.
प्रश्नानुसार,
1600 = 5 × ल.स.प. ⇒ ल.स.प. = 320

**79. (b)**
दूध की मात्रा = $\frac{60\times3}{10}$ = 18 ली.

पानी की मात्रा = $\frac{60\times7}{10}$ = 42 ली.

माना दूध और पानी का अनुपात 2 : 5 करने के लिए x ली. पानी मिलाना पड़ेगा।

$\therefore\ \frac{18}{42+x}=\frac{2}{5}$
⇒ 90 = 84 + 2x ⇒ 2x = 90–84
⇒ x = 3 ली.

**80. (d)**
∵ गोलक का आयतन = बेलन का आयतन

$\frac{4}{3}\pi r^3=\pi r^2h$

$\frac{4}{3}r=h$

$\frac{4}{3}=\frac{h}{r}$

$\therefore h:r=4:3$

**81. (b)**
∵ छूट % = (100–86)%
= 14 %
प्रश्नानुसार,
14% = 42

$\therefore\ 100\%=\frac{42}{14}\times100$

अंकित मूल्य = ₹ 300

**82. (c)**
25लीटर दूध का क्रयमूल्य = 25 ×12= ₹ 300
5 लीटर पानी मिलाने पर,
(25+5) लीटर मिश्रण का विक्रय मूल्य = 30×10.40
= ₹ 312.00
∵ विक्रय मूल्य > क्रयमूल्य

$\therefore$ लाभ % = $\frac{312-300}{300}\times100=\frac{12}{3}=4\%$

**83. (d)**
प्रश्नानुसार,
15% = ₹ 75

$\therefore$ 100% (आय) $=\frac{75}{15}\times100$ = ₹ 500

**84. (c)**
∵ दूरी = चाल × समय
= 60 ×15 = 900 किमी.
∵ इसी दूरी को 12 घंटा में तय करना है

तब चाल $=\frac{900}{12}$ = 75 किमी/घंटा

**85. (d)**
माना क्रमागत संख्यायें = x–1, x, x+1
x–1+ x + x + 1 = 51
3x = 51
x = 17
बीच वाली संख्या (x) = 17

**86. (c)**
$x+\frac{1}{x}=5$ तब $\frac{5x}{x^2+5x+1}=?$
अंश व हर में $x$ का भाग देने पर,

$\frac{5}{x+5+\frac{1}{x}}\Rightarrow\frac{5}{x+\frac{1}{x}+5}$

$\Rightarrow\frac{5}{5+5}\Rightarrow\frac{5}{10}$ $\left[\because x+\frac{1}{x}=5\right]$

$=\frac{1}{2}$

**87. (a)**
$\because\ \frac{1}{A}+\frac{1}{B}=\frac{1}{72}$ ............ (i)

$\frac{1}{B}+\frac{1}{C}=\frac{1}{120}$ ............ (ii)

$\frac{1}{C}+\frac{1}{A}=\frac{1}{90}$ ............ (iii)

समी. (i), (ii) व (iii) को जोड़ने पर,



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

$2\left[\frac{1}{A}+\frac{1}{B}+\frac{1}{C}\right]=\frac{1}{72}+\frac{1}{120}+\frac{1}{90}$

$=\frac{5+3+4}{360}$

$=\frac{12}{360}=\frac{1}{30}$

$2\left(\frac{1}{A}+\frac{1}{B}+\frac{1}{C}\right)=\frac{1}{30}$

$\frac{1}{A}+\frac{1}{B}+\frac{1}{C}=\frac{1}{60}$ ............ (iv)

समी. (iv) से समी. (ii)को घटानें पर

$\frac{1}{A}=\frac{1}{60}-\frac{1}{120}$

$=\frac{2-1}{120}\Rightarrow\frac{1}{120}$

$\frac{1}{A}=\frac{1}{120}$

$A=120$ दिन

**88. (b)**

प्रश्नानुसार,

A : B = 3 : 4

B : C = 3.50 : 3

$=\frac{7}{2}:3=7:6$

तब

A : B : C = 3 : 4
           7 : 6
21:28:24

A : B : C = 21 : 28 : 24

B का हिस्सा $=\frac{28}{21+28+24}\times730$

$=\frac{28\times730}{73}$ =₹280

अतः C का हिस्सा $=\frac{24}{(21+28+24)}\times730$

$=\frac{24\times730}{73}$ =₹240

अतः अभीष्ट = 280–240 = ₹ 40

**89. (c)**

माना अंतिम छात्र ने $x\%$ अंक प्राप्त किये।

प्रश्नानुसार,

50 × 70 = 25 × 60 + 24 × 80 + x

3500 = 1500 + 1920 + x

3500 = 3420 + x

x = 3500 – 3420 ⇒ x = 80%

**90. (b)**

माना दोनों संख्याएं क्रमशः 5P तथा 7P हैं।

प्रश्नानुसार

5P + 7P = 36

12P = 36

$P=\frac{36}{12}$

P = 3

अभीष्ट संख्या x = 5P

= 5 × 3 = 15

**91. (d)**

$4\sqrt{27}-2\sqrt{48}+\sqrt{147}$

$=4\sqrt{9\times3}-2\sqrt{16\times3}+\sqrt{49\times3}$

$=12\sqrt{3}-8\sqrt{3}+7\sqrt{3}=11\sqrt{3}$

**92. (a)**

माना पहले बालक की आयु = x वर्ष

∴ दूसरे ,, ,, ,, = (x + 6) वर्ष

∵ तीसरे ,, ,, ,, = (x + 12) वर्ष

प्रश्नानुसार,

x + x + 6 + x + 12 = 81

3x + 18 = 81

3x = 81 – 18

3x = 63, x = 21

सबसे छोटे बालक की आयु = x = 21 वर्ष

**93. (a)**

$\frac{2}{5}$ भाग भरने में लगा समय = 2 मिनट

1 भाग या पूरा भरने में लगा समय = $2\times\frac{5}{2}$ मिनट

= 5 मिनट

पूरा भरने में और लगा समय = 5 – 2 = 3 मिनट

**94. (d)**

माना पुरुष दर्शकों की संख्या = 3x

,, महिला ,, ,, ,, = 5x

प्रश्नानुसार,

पुरुष दर्शकों की संख्या, 3x = 3780

x = 1260

महिला दर्शकों की संख्या = 5 × 1260

= 6300

**95. (b)**

बिक्री मूल्य $=\frac{7500\times(100-6)}{100}$

= 75 × 94

= ₹ 7050

**96. (d)**

22 शिक्षकों की औसत आयु = 27 वर्ष

**सूत्रः** औसत = $\frac{\text{पदों का योग (शिक्षकों की आयु का योग)}}{\text{पदों की संख्या (शिक्षकों की संख्या)}}$

$27=\frac{\text{शिक्षकों की आयु का योग}}{22}$

शिक्षकों की आयु का योग = 27 × 22

= 594

प्रधानाचार्य की आयु सम्मिलित करने पर,

$28=\frac{\text{शिक्षकों की आयु का योग + प्रधानाचार्य की आयु}}{23}$

शिक्षकों की आयु का योग + प्रधानाचार्य की आयु

= (28 × 23) = 644

594 + प्रधानाचार्य की आयु = 644

प्रधानाचार्य की आयु = 644 – 594 = 50 वर्ष

**97. (a)**

4 दिन में समाप्त किया गया कार्य = $\frac{4}{15}+\frac{4}{20}=\frac{16+12}{60}$

$=\frac{7}{15}$ भाग

शेष कार्य = $1-\frac{7}{15}=\frac{8}{15}$ भाग



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**98. (a)**

जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




**अतः** $\boxed{? \Rightarrow \text{NOQR}}$

**99. (d)**

जिस प्रकार,

$(1)^3=1, (1+1) \Rightarrow (2)^3=8$

उसी प्रकार,

$(3)^3=27, (3+1)=4$

$(4)^3= 64$

**अतः** $\boxed{? \Rightarrow 27}$

**100. (d)**

Swimming, sailing और diving पानी में तैरने से संबन्धित है जबकि Driving गाड़ी चलाने से संबन्धित है। अतः Driving अन्य तीनों से भिन्न है

**101. (d)**




अतः VDZC अन्य सभी से भिन्न है।

**102. (b)**

(a) 443 = 4+4+3 = 11

(b) 633= 6+ 3+ 3= 12

(c) 821 = 8+2+1= 11

(d) 245= 2+ 4+5= 11

अतः 633 अन्य सभी से भिन्न है।

**103. (a)**

शब्दकोश के अनुसार शब्दों का क्रम निम्न है

(3) Dwell, (2) Dwindle, (4) Dye, (1) Dyke

**104. (b)**




**अतः** $\boxed{? \Rightarrow \text{NRV}}$

**105. (d)**




39 के स्थान पर 29 दिया गया है। अतः 29 सीरीज में गलत है।

**106. (b)**

माना राखी की आयु =12x वर्ष

तथा उसकी पुत्री (अनुभा) की आयु =x वर्ष

अनुभा की आयु =3 वर्ष

∴ राखी की वर्तमान आयु = 12x

= 12×3 = 36 वर्ष

अतः दो वर्ष पहले राखी की आयु = 36–2 = 34 वर्ष

**107. (a)**

सत्या का जन्मदिन – 15 अगस्त

मीना का जन्मदिन = 25 जून, बुधवार

25 जून से 15 अगस्त तक दिनों की संख्या

= जून (5दिन) + जुलाई (31दिन) + अगस्त (15दिन)

= 51 दिन

$= \frac{51}{7} = 2$ विषम दिन

अर्थात सत्या का जन्मदिन बुधवार से दो दिन आगे शुक्रवार को था। अतः विकल्प (a) सही है।

**108. (d)**

शब्द AMPLIFICATION से शब्द MANIA बनाया जा सकता है।

**109. (b)**

जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




अतः $\boxed{? \Rightarrow \text{DJJNETFP}}$

**110. (d)**

जिस प्रकार,

17+17= 2895, 17×17 = 289<u>5</u>

18+18 =3245, 18×18 = 324<u>5</u>

तथा

19+19 = 3615, 19×19 = 361<u>5</u>

उसी प्रकार,

23+23 , 23×23 = 529<u>5</u>

अतः संख्या $\boxed{? = 5295}$



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**111. (c)**




अतः $\boxed{? \Rightarrow 512}$

**112. (c)**




(कर्ण)$^2$=(लम्ब)$^2$+ (आधार)$^2$

(कर्ण)$^2$= $(12)^2+(9)^2$

(कर्ण)$^2$= 144+81 = 225

कर्ण = 15

अतः प्रारम्भिक और अंतिम बिन्दु के बीच की दूरी = 15 किमी.

**113. (d)**




$(1)^2+(2)^2+(3)^2+(4)^2$

1+4+9+16 = 30

नोट : जब Row और Collom बराबर रहे तो इस नियम का पालन करें।

**114. (c)**

जिस प्रकार, पुस्तक कई पृष्ठों से मिलकर बनती है उसी प्रकार दिवार कई ईंटो से मिलकर बनती है

**115. (c)**

जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




अतः $\boxed{? \Rightarrow IKMN}$

**116. (c)**

जिस प्रकार,

$4\times(4+1)$

$4\times5\Rightarrow20$

उसी प्रकार,

$8\times(8+1)$

$8\times9\Rightarrow72$

अतः $\boxed{?\Rightarrow72}$

**117. (d)**

कली, शाखा, तथा पत्ती पौधे के अंग है अतः पौधा अन्य सभी से भिन्न है।

**118. (d)**




अन्य सभी में +1, +2 के क्रम में वृद्धि हो रहा है जबकि विकल्प (d) में +1, +1 के क्रम में वृद्धि हो रहा है अतः विकल्प (d) अन्य सभी से भिन्न है।

**119. (d)**




अन्य सभी विकल्पों संख्याओं के क्रम को उल्टा क्रम 35 के स्थान पर 51 दिया गया है अतः 35-51 अन्य सभी से भिन्न है।

**120. (a)**

शब्दकोश के अनुसार शब्दों का क्रम निम्न है–

(1) Manifest→ (4) Merchant→ (3) Meridian→ (2) Meticulous

**121. (b)**

MNOM / MNOM / MNOM / MNOM

अतः $\boxed{?\Rightarrow \text{NOMO}}$

**122. (c)**

संख्या-श्रृंखला का क्रम निम्नवत् है–




अतः $\boxed{?\Rightarrow391}$

**123. (b)** प्रश्नानुसार,

सम्बन्ध आरेख खीचने पर–




अतः सम्बन्ध आरेख से स्पष्ट है कि T, R की पत्नी है।

**124. (c)**

प्रश्नानुसार,

Navin > Ramesh > Jaya > Ram > Satish

अतः Navin सबसे अमीर है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**125. (c)**
शब्द CARPENTER में I मौजूद नहीं है जिसके कारण शब्द PAINTER नहीं बनाया जा सकता।

**126. (a)**
जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




अतः $\boxed{? \Rightarrow \text{EDRIRL}}$

**127. (d)**

A = –
C = ×
D = ÷
E = +

14C3A12E4D2 मूल समी. में दिये गये अक्षरों के स्थान पर चिन्ह को रखकर हल करने पर

14×3–12+4÷2
42–12+2
44–12=32

अतः $\boxed{? \Rightarrow 32}$

**128. (a)**
जिस प्रकार,

$7+9-8$
$=16-8 \Rightarrow 8$
$2+5-6$
$7-6=1$,

तथा $8+6-5$
$=14-5 \Rightarrow 9$

उसी प्रकार,

$8+5-7$
$=13-7 \Rightarrow 6$

अतः $\boxed{? \Rightarrow 6}$

**129. (b)**
प्रथम स्तम्भ से,
$(8+7)\times 6$
$15\times 6 = 90$

द्वितीय स्तम्भ से,
$(7+6)\times 5$
$13\times 5 = 65$

तृतीय स्तम्भ से,
$(6+5)\times 4$
$11\times 4 \Rightarrow 44$

अतः $\boxed{? \Rightarrow 44}$

**130. (d)**
प्रश्नानुसार,




अतः श्याम अपने घर से 2 किमी. की दूरी पर है।

**131. (a)**
प्रश्नानुसार, वेन आरेख खीचने पर–




केवल निष्कर्ष I सही है।

**132. (d)**
एक आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या = 6
दो आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या = 3
तीन आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या = 6
छः आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या = 1
अतः कुल आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या = 6+3+6+1 = 16

**133. (c)**




**134. (c)**
प्रश्न आकृति के प्रतिविम्ब को उत्तर आकृति विकल्प (c) का प्रतिविम्ब पूरा करेगी।

**135. (b)**
प्रश्न आकृति के प्रतिविम्ब उत्तर आकृति विकल्प (b) के आकृति में निहित है।

**136. (d)**
प्रश्नानुसार, कागज को मोड़कर काटने के बाद खोलने पर उत्तर आकृति विकल्प (d) के समान दिखेगी।

**137. (a)**
प्रश्नानुसार, वेन आरेख खीचने पर–




अतः केवल निष्कर्ष (I) सही है।



GET IT ON Google Play
Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**138. (a)**

B = 00, 21, [42], 13, 34

A = 55, 96, 87, 78, [69]

N = 30, 01, 22, 43, [14]

K = 75, 66, 57, [98], 89

अतः BANK = 42, 69, 14, 98

**139. (c)** प्रश्नानुसार,




दोनों निष्कर्ष I और II निकलता है।

**140. (b)**

24 मिनट में काटे गये कमीज के टुकड़े = 24×45

= 1080

$\therefore$ रोल की संख्या = $\frac{1080}{10}$ = 108

**141. (c)**

अंग्रेजी वर्ण माला में कुल 11 (A, H, I, M, O, T, U, V, W, X, Y) अक्षर दर्पण में देखने पर समान दिखाई देंगे।

**142. (d)**

माना पुत्री की उम्र x वर्ष है।

$\therefore$ पिता की उम्र = 3x वर्ष

पत्नी की उम्र = (3x – 9) वर्ष

पुत्र की उम्र = (x + 7) वर्ष

प्रश्नानुसार,

2 (x +7) = 3x-9

x = 23 वर्ष

माता की उम्र = 3x – 9

= 69-9

= 60 वर्ष

**143. (b)**

माना अवधि x मिनट का होता है।

4x + 3×4 = 3:52- 1:00

4x + 12 = 2:52

{$\because$ 2:52 = 2घंटे 52 मिनट = 172 मिनट}

4x + 12 = 172

4x = 160

x = 40

**144. (a)**




दी गयी आकृति में आयतों की संख्या 10 है जो इस प्रकार है,

आयत [ABCD, EFGH, ADIL, BCJK, EFLK, GHIJ, HGLK, EFIJ, ADJK, BCIL]

**145. (c)**

9, 12, 15 का लघुतम समापवर्त्य = 180 मिनट

अत: तीनो घण्टियां एक साथ 180 मिनट बाद अर्थात

= 8:00 + 3:00

= 11:00 पूर्वाहन पर बजेंगी।

**146. (a)**




दिशा आरेख से स्पष्ट है कि व्यक्ति अंत में पूर्व दिशा की ओर जा रहा है।

**147. (b)**

कुल काटने की संख्या $= \left(\frac{\text{बड़े घन की भुजा}}{\text{छोटे घन की भुजा}} - 1\right) \times 3$

कुल काटने की संख्या = 3(x–1)

3 (3–1) = 3×2 = 6

3 सेमी भुजा वाले किसी घन को 1 सेमी भुजा वाले घनों में काटने के लिए बड़े घन को कुल 6 बार काटना पड़ेगा।

**148. (d)**

A < B < C < D........... (i)

तथा D > B > E........................(ii)

शर्त (i) से C > B तथा शर्त (ii) से B > E

अर्थात C > B > E $\Rightarrow$ E < B < C

स्पष्ट है कि विकल्प (d) में E, B तथा C आरोही क्रम में है।

**149. (a)**

| | → बायें | दायें ← |
|---|---|---|
| पहले | राम | श्याम |
| | 10 | 5 |
| स्थान परिवर्तन के बाद | श्याम | राम |
| | 10 | 15 |

पंक्ति में कुल छात्रों की संख्या = 15 + 5-1 = 19

परिवर्तन के बाद श्याम का दाँये से स्थान = 19 + 1 -10

= 10 वें

**150. (a)**

दिए गए वक्तव्य के अनुसार "केवल निष्कर्ष I सही है।"



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

GK Trick By Nitin Gupta
The Ultimate Key to Success.

GK Trick By Nitin Gupta
The Ultimate Key to Success.

# GK Trick By Nitin Gupta

## सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए GK व Current Affairs का Solutions

### इस Course में आपको मिलेगा

- ✔ सामान्य ज्ञान के सभी Subjects की **70+ Best PDF** Notes
- ✔ नितिन गुप्ता की Monthly and Yearly **Current Affairs PDF**
- ✔ Current Affairs व GK के Best **Test Series**
- ✔ **Best GK Tricks**




75% off First 100 Student

Start Learning Today!

Nitin-Gupta.com

GK Trick By
Nitin Gupta
The Ultimate Key to Success.

# Course को कैसे Join करें ?

1. सबसे पहले Google Play Store से हमारी App **"GK Trick By Nitin Gupta"** को Download करें

2. Mobile Number से Register करने के बाद सबसे नीचे **Store Section** में जाएँ

3. उसके बाद **"GK Trick By Nitin Gupta"** वाले Course पर Click करें

4. उसके बाद **"Buy Now"** पर Click करके आप इस Course को खरीद सकते हैं

# PRACTICE SET - 9

## सामान्य जानकारी

**1. हवा में निम्नलिखित में से कौन-सी गैस प्रधान रूप में विद्यमान है?**
(a) आर्गन (b) कार्बन डाईऑक्साइड
(c) नाइट्रोजन (d) ऑक्सीजन

**2. ऋग्वेद में निम्नलिखित में से किस देवता की सर्वाधिक महत्ता का वर्णन है?**
(a) वरुण (b) इंद्र
(c) अग्नि (d) शिव

**3. राष्ट्रीय पुलिस अकादमी कहाँ स्थित है?**
(a) हैदराबाद (b) देहरादून
(c) नई दिल्ली (d) इलाहाबाद

**4. निम्नलिखित मे से किस भारतीय पुरातन ग्रंथ में अपराध और अपराधी का जिक्र आता है?**
(a) अर्थशास्त्र (b) मनुस्मृति
(c) न्याय-मीमांसा (d) उपर्युक्त सभी

**5. हमारे राज्य में 1090 को किस नाम से जाना जाता है?**
(a) हेल्प लाइन (b) वुमेन हेल्प लाइन
(c) वुमेन पावर लाइन (d) चाइल्ड केयर लाइन

**6. घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा हेतु अधिनियम कब लागू किया गया?**
(a) 2006 (b) 1989
(c) 2005 (d) 2007

**7. Statue of Unity किस राज्य में स्थित है?**
(a) गुजरात (b) मध्य प्रदेश
(c) महाराष्ट्र (d) उत्तर प्रदेश

**8. गोकुल पुरस्कार सम्बन्धित है–**
(a) कृषि उत्पादन में बढ़ावा देने से
(b) दुग्ध उत्पादन में सहकारिता को बढ़ावा देने से
(c) खेलकूद को बढ़ावा देने से
(d) बागवानी में बढ़ावा देने से

**9. भारत और पाकिस्तान के बीच ताशकंद समझौता कब हुआ था?**
(a) 1966 (b) 1962
(c) 1965 (d) 1971

**10. निम्नलिखित में से कौन-सा पुर्तगाली उपनिवेश नहीं था?**
(a) बम्बई (b) हुगली
(c) मछलीपट्टनम (d) चौल

**11. निम्नलिखित में से कौन-सा 'ज्ञान' के सिद्धान्त पर बल देता है?**
(a) योग दर्शन (b) वेदान्त दर्शन
(c) सांख्य दर्शन (d) उपनिषद्

**12. पत्रकारिता में उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित, 'राजा राम मोहन राय राष्ट्रीय पुरस्कार' किसे दिया गया?**
(a) विजय कुमार मल्होत्रा
(b) ए.बी.के. प्रसाद
(c) वाई.एन. श्रीवास्तव
(d) के.एम. मैमेन

**13. 'नाउ यू ब्रीथ' पुस्तक के लिए गोल्डन बुक अवार्ड्स 2023 से किसे सम्मानित किया गया है?**
(a) आमिर पीरजादा
(b) हिना विजय कुमार गावित
(c) राखी कपूर
(d) अशनीर ग्रोवर

**14. एक मेगाबाइट कितने के बराबर होती है?**
(a) 1024 गीगाबाइट (b) 1000 बाइट
(c) 1024 किलोबाइट (d) 1024 टेराबाइट

**15. फरवरी 2023 में किस बैंक ने e-BG (इलेक्ट्रानिक बैंक गारंटी) योजना जारी करने की सुविधा शुरू की है?**
(a) पंजाब नेशनल बैंक (b) आई.डी.बी.आई. बैंक
(c) स्टेट बैंक आफ इंडिया (d) इंडियन ओवरसीज बैंक

**16. निम्नलिखित में से किस मुगल शासक ने अन्ततोगत्वा मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप सिंह के पुत्र राणा अमर सिंह से एक समझौता किया?**
(a) शाहजहाँ
(b) अकबर
(c) जहाँगीर
(d) किसी भी मुगल शासक ने ऐसा नहीं किया

**17. 'गरीबी हटाओं' का नारा किस पंचवर्षीय योजना काल में दिया गया था?**
(a) पाँचवीं पंचवर्षीय योजना (b) तृतीय पंचवर्षीय योजना
(c) चौथी पंचवर्षीय योजना (d) छठवी पंचवर्षीय योजना

**18. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?**
(a) कावेरी नदी : मैसूर का पठार
(b) ताप्ती नदी : बेतूल का पठार
(c) सोन नदी : पेन्ड्रा का पठार
(d) गोदावरी नदी : ट्रिम्बाक का पठार

**19. निम्नलिखित में से कौन-सी राष्ट्रीय आय की विशेषता नहीं है?**
(a) इसे हमेशा वित्तीय वर्ष के संदर्भ में व्यक्त किया जाता है।
(b) यह एक प्रवाह अवधारणा है।
(c) यह एक समष्टि अर्थशास्त्र अवधारणा है।
(d) यह केवल मध्यवर्ती वस्तुओं में शामिल है।

**20. पुरातत्वविदों के अनुसार, हड़प्पा के नगरों में पश्चिमी हिस्सा छोटा और ऊंचा होता था, जिसे ______ कहा जाता था।**
(a) नगर-दुर्ग (b) ओलम्पस
(c) कोलोसियम (d) निचला नगर

**21. सरकार की किस शाखा का उत्तरदायित्व कानूनों और नीतियों को लागू करना है?**
(a) न्यायपालिका (b) कार्यपालिका
(c) नीति (NITI) आयोग (d) विधानसभा

**22. जब अपरद में लिग्निन और काइटिन प्रचुर मात्रा में होता है, तो अपघटन की दर पर क्या प्रभाव पड़ता है?**
(a) कोई गतिविधि नहीं होती है
(b) यह तेज़ हो जाती है
(c) यह नगण्य हो जाती है
(d) यह धीमी हो जाती है



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**23. 'आपरेशन ग्रीन' सम्बन्धित है?**
(a) बागवानी से
(b) पौधारोपण से
(c) आलू, टमाटर व प्याज की कीमतों में उतार-चढ़ाव को रोकने हेतु
(d) कृषि उर्वरता बढ़ाने हेतु

**24. गोबर धन योजना सम्बन्धित है?**
(a) पशुपालन में वृद्धि
(b) देशी गोवंश का संरक्षण
(c) दुग्ध उत्पादन में वृद्धि
(d) गोबर एवं ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन

**25. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में वयोवृद्ध महिला नागरिकों की संख्या है–**
(a) 103 मिलियन (b) 93 मिलियम
(c) 53 मिलियन (d) 51 मिलियन

**26. भारत विश्व का विशालतम लोकतांत्रिक प्रजातंत्र है। इसकी प्रथम लोक सभा कब आयोजित की गई थी?**
(a) 16 अगस्त, 1947 (b) 27 जनवरी, 1950
(c) 13 मई, 1952 (d) 15 जून, 1952

**27. 'पोटला पैलेस', जो कि एक सतमंजिला भवन है, किससे संबंधित है?**
(a) जोधपुर के महाराणा
(b) दलाई लामा
(c) हिमाचल प्रदेश के राजा वीरभद्र
(d) बाजीराव-मस्तानी

**28. रंगभेद के कारण महात्मा गाँधी को किस वर्ष दक्षिणी अफ्रीका के पीटर्सबर्ग रेलवे स्टेशन में प्रथम श्रेणी के रेल-डिब्बे से सामान सहित बाहर फेंक दिया गया था?**
(a) 1890 (b) 1891
(c) 1892 (d) 1893

**29. निम्नलिखित में से कौन-सा 'जरीब' का हिस्सा है?**
(a) फीता (b) छल्ला
(c) गट्ठा (d) उपर्युक्त सभी

**30. एक एकड़ जमीन बराबर होती है–**
(a) 4840 वर्ग गज के (b) 10 वर्ग जरीब के
(c) 0.40467 हेक्टेयर के (d) उपर्युक्त सभी

**31. किस प्राचीन साम्राज्य में महिलाएँ कुश्ती में भाग लेती थीं?**
(a) बहमनी साम्राज्य (b) विजयनगर साम्राज्य
(c) चोल साम्राज्य (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**32. इनमें से कौन-सा मुगल बादशाह शराब को छूता तक नहीं था?**
(a) अकबर (b) शाहजहाँ
(c) जहाँगीर (d) औरंगजेब

**33. भक्ति आंदोलन के उत्तर भारत में लाने का श्रेय इनमें से किसको जाता है?**
(a) रामानुज (b) माध्वाचार्य
(c) रामानंद (d) रामदास

**34. विश्व का सबसे बड़ा द्वीप है–**
(a) बोर्नियो (b) अण्डमान और निकोबार
(c) ग्रीनलैण्ड (d) सिंगापुर

**35. एक घंटे में समयांतर में देशांतरीय दूरी होगी–**
(a) $15^0$ (b) $30^0$
(c) $45^0$ (d) $60^0$

**36. धुंध, जो नमी के बड़े कणों से बना है, कहलाता है–**
(a) कुहरा (b) ओस
(c) बादल (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**37. तेज हवाओं द्वारा किस प्रकार की मिट्टी उड़कर आती है और जमा हो जाती है?**
(a) पीली मिट्टी (b) लाल मिट्टी
(c) काली मिट्टी (d) बलुई मिट्टी

**38. जल-स्थानांतरण के सिद्धान्त की खोज का उसका प्रतिपादन इनमें से किसने किया ?**
(a) न्यूटन (b) आर्किमिडीज
(c) जॉन डाल्टन (d) केप्लर

## सामान्य हिन्दी

**निर्देश (प्रश्न संख्या 39 और 40) : नीचे लिखे शब्दों का वह जोड़ा चुनिए जो एक-दूसरे के विलोम न हों।**

**39.**
(a) गुण-अवगुण (b) देव-दानव
(c) सम्मान-आज्ञा (d) तरल-ठोस

**40.** (a) जय-पराजय (b) सार्थक-निरर्थक
(c) पतन-उन्नति (d) धर्म-पुण्य

**निर्देशः (प्रश्न संख्या 41 और 42) : नीचे लिखे शब्दों के सही संधि-विच्छेद का चयन कीजिए।**

**41. यद्यपि**
(a) यद्य + आपि (b) य + द्यपि
(c) यदि + अपि (d) यद्या + आपि

**42. तिरस्कार**
(a) तिरस + कार (b) तिरः + कार
(c) तिः + कार (d) तिर + कार

**43. किस समास में दोनों पद मिलकर एक नया अर्थ प्रकट करते हैं?**
(a) बहुव्रीहि (b) द्वन्द्व
(c) कर्मधारय (d) तत्पुरुष

**44. 'गोशाला' में कौन-सा समास है?**
(a) द्विगु (b) द्वन्द्व
(c) तत्पुरुष (d) अव्ययीभाव

**निर्देशः (प्रश्न संख्या 45 और 47) : नीचे लिखे शब्दों का उपयुक्त पर्यायवाची चुनिए।**

**45. कमल**
(a) कुसुम (b) पुष्प
(c) प्रसून (d) पुंडरीक

**46. अभिलाषा**
(a) आकांक्षा (b) अहंकार
(c) विकार (d) हार्दिक

**47. आकाश**
(a) दृग (b) विप्र
(c) व्योम (d) कगार

**निर्देश (प्रश्न संख्या 48 और 50) : निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों के लिए उचित विकल्प चुनिए।**

**48. पौ बारह होना**
(a) दाँव हराना (b) कार्य सिद्ध होना
(c) लाभ ही लाभ होना (d) सुबह हो जाना



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**49. गंगा नहाना**

(a) पवित्र होना (b) कार्य पूरा कर निश्चिन्त होना
(c) नदी में स्नान करना (d) प्रशंसा करना

**50. आँख लगना**

(a) आशंका होना (b) मृत्यु होना
(c) नींद आना (d) प्रेम होना

**निर्देश (प्र. सं. 51 और 53) : रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**

**51. अंधो में ________ राजा।**

(a) लंगड़ा (b) पहलवान
(c) काना (d) चतुर

**52. _______ के अंधे को हरा ही हरा नजर आता है।**

(a) बचपन (b) सावन
(c) आँख (d) बात

**53. काला अक्षर _________ बराबर।**

(a) उल्लू (b) गाय
(c) भैंस (d) कोयल

**54. निम्नलिखित वाक्य में प्रथम तथा अंतिम अंश संख्या 1 और 6 के अन्तर्गत दिए गए हैं। बीच वाले चार अंश (य), (र), (ल), (व) के अन्तर्गत बिना क्रम के हैं। चारों अंशो को उचित क्रमानुसार व्यवस्थित कर सही विकल्प चुनिए।**

1. **गृहिणी गृहस्थ जीवन-रुपी नौका की वह पतवार है**
(य) इस नौका को
(र) बचाती हुई
(ल) थपेड़ों और भँवरों से
(व) जो अपनी बुद्धिमत्ता, चरित्रबल और त्यागमय जीवन से
6. **किनारे तक पहुँचाती है ।**

(a) य र ल व (b) र ल य व
(c) ल र व य (d) व य ल र

**निर्देशः (प्रश्न संख्या 55 और 56) : निम्नलिखित वाक्य त्रुटिपूर्ण अथवा त्रुटिहीन है। त्रुटिपूर्ण अंश का चयन कीजिए। यदि वाक्य त्रुटिहीन हो, तो (d) पर चिन्ह लगाइए।**

**55. मेरा भाई (a) जिसका शादी कल है (b) घर गया। (c) कोई त्रुटि नहीं (d)**

**56. इधर आजकल (a) मौसम की वर्षा (b) हो रही है। (c) कोई त्रुटि नहीं (d)**

**निर्देशः (प्रश्न संख्या 57 से 59) : निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन कीजिए।**

**57. गोद लिया हुआ पुत्र**

(a) दत्तचित्त (b) दत्तक
(c) त्याज्य (d) दम्पत्ति

**58. जो मापा न जा सके**

(a) अपरिमेय (b) अमापित
(c) अनुपेय (d) अपर

**59. जो किए गए उपकारों को मानता हो**

(a) उपकारी (b) कृतज्ञ
(c) कृपापात्र (d) सुपात्र

**60. मैंने रमेश से पत्र लिखवाया। इस वाक्य में 'लिखवाया' कौन से प्रकार की क्रिया है?**

(a) अनुकरणात्मक क्रिया (b) नग्मधातु क्रिया
(c) प्रेरणार्थक क्रिया (d) संयुक्त क्रिया

**61. कवि मलिक मुहम्मद जायसी द्वारा रचित पद्मावत की भाषा है -**

(a) ब्रज (b) अवधी
(c) भोजपुरी (d) खड़ीबोली

**62. 'दिग्दर्शन' का सन्धि-विच्छेद होगा -**

(a) दिग + दर्शन (b) दिक + दर्शन
(c) दिग् + दर्शन (d) दिक् + दर्शन

**63. ''वृक्ष से पत्ते गिरते हैं।'' इस वाक्य में 'से' कौन-सा कारक है?**

(a) अपादान (b) करण
(c) कर्म (d) अधिकरण

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 64 से 66) : निम्नलिखित में असमानार्थक शब्द का चयन कीजिए।**

**64.**

(a) पीड़ा (b) संकट
(c) व्यथा (d) दर्द

**65.**

(a) स्नेह (b) अनुराग
(c) द्वेष (d) प्रीति

**66.**

(a) जन्म (b) मृत्यु
(c) उगना (d) उत्पादन

**67. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।**

(a) भारत में अनेक जाति हैं।
(b) भारत में अनेकों जाति हैं।
(c) भारत में अनेक जातियाँ हैं।
(d) भारत में अनेकों जातियाँ है।

**निर्देशः (प्रश्न संख्या 68 और 69) : निम्नलिखित में कौन-सा रस है, चयन कीजिए।**

**68. निसिदिन बरसत नयन हमारे**

(a) करुण रस (b) रौद्र रस
(c) वियोग श्रृंगार (d) अदभुत रस

**69. मेरे तो गिरिधर गोपाल दूसरो न कोई।**
**जाके सिर मोर मुकुट मेरो पति सोई।।**

(a) शांत (b) श्रृंगार
(c) करुण (d) हास्य

**निर्देश (प्रश्न संख्या 70 से 73) : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सम्बद्धि वैकल्पिक उत्तरों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।**

सौन्दर्य की परख अनेक प्रकार से की जाती है। बाह्य सौन्दर्य की परख समझना तथा उसकी अभिव्यक्ति करना सरल है। जब रुप के साथ चरित्र का भी स्पर्श हो जाता है तब उसमें रसास्वादन की अनुभूति भी होती है। एक वस्तु सुन्दर तथा मनोहर कही जा सकती है, परन्तु सुन्दर वस्तु केवल इन्द्रियों को सन्तुष्ट करती है, जबकि मनोरम वस्तु चित्त को भी आनन्दित करती है। इस दृष्टि से कवि जयदेव का बसन्त चित्रण सुन्दर है तथा कालिदास का प्रकृति वर्णन मनोहर है क्योंकि उसमें चरित्र की प्रधानता है।

सुन्दर शब्द संकीर्ण है, जबकि 'मनोहर' व्यापक तथा विस्तृत।

साहित्य में साधारण वस्तु भी विशेष प्रतीत होती है, उसे मनोहर कहते हैं।

**70. कालिदास के प्रकृति वर्णन का आधार है**

(a) उसकी प्रकृति/अभिव्यक्ति (b) उसकी मनोहरता
(c) उसका सौन्दर्य (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**71. सौन्दर्य की परख की जाती है**
(a) आनन्द की मात्रा के आधार पर
(b) इन्द्रियों की सन्तुष्टि के आधार पर
(c) रुप के आधार पर
(d) मनोहरता के आधार पर

**72. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक है**
(a) साहित्य और सौन्दर्य (b) अभिव्यक्ति की अनुभूति
(c) सुन्दरता बनाम मनोहरता (d) सुन्दरता की संकीर्णता

**73. भाषा के शुद्ध रुप का ज्ञान किससे होता है?**
(a) लिपि (b) व्याकरण
(c) लिखित भाषा (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**74. हिन्दी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?**
(a) गुरुमुखी (b) ब्राह्मी
(c) देवनागरी (d) सौराष्ट्री

**75. 'हिन्दी दिवस' किस तिथि को मनाया जाता है?**
(a) 14 अगस्त (b) 14 नवम्बर
(c) 14 सितम्बर (d) 15 सितम्बर

## संख्यात्मक और मानसिक योग्यता

**76.** $43-\left[20\div\left\{18-\left(16-12\div\overline{2+4}\right)\right\}\right]$ **का उत्तर ज्ञात करें।**
(a) 38 (b) 22
(c) 11 (d) –11

**77. 235+23.5+2.35+0.235+0.0235=?**
(a) 261.185 (b) 261.1085
(c) 261.1075 (d) 261.175

**78. यदि पिज्जा के $\frac{4}{7}$ भाग का मूल्य ₹300 हो, तो पिज्जा के $\frac{4}{5}$ भाग का मूल्य क्या होगा?**
(a) ₹420 (b) ₹440
(c) ₹436 (d) ₹432

**79. यदि 7 मकड़ियां 7 दिन में 7 जाल बनाती हैं, तो 1 मकड़ी 1 जाल कितने दिन में बनायेगी?**
(a) 1 (b) 7/2
(c) 7 (d) 49

**80. 16641 का वर्ग मूल क्या होगा?**
(a) 119 (b) 121
(c) 129 (d) 131

**81. एक विक्रेता ने ₹ 900 में एक वस्तु खरीदी और सूची मूल्य इस प्रकार निर्धारित किया 10% की छूट देने के बाद उसे 20% का लाभ हो, तो सूची मूल्य क्या है ?**
(a) ₹ 1180 (b) ₹ 1080
(c) ₹ 1200 (d) ₹ 1100

**82. तीन संख्याएँ 1 : 2 : 3 के अनुपात में है और उनके घनों का योग 4500 है। सबसे छोटी संख्या क्या है?**
(a) 4 (b) 5
(c) 6 (d) 10

**83. वह न्यूनतम धनात्मक पूर्णांक x क्या होगा, जिसके लिए $\sqrt{130+x}$ एक पूर्णांक है–**
(a) 10 (b) 11
(c) 13 (d) 14

**84.** $\frac{11}{20},\frac{33}{50}$ **और** $\frac{77}{60}$ **का लघुत्तम समापवर्त्य (एल.सी.एम.) क्या होगा?**
(a) $\frac{11}{10}$ (b) $23\frac{1}{10}$
(c) $36\frac{9}{11}$ (d) $\frac{300}{11}$

**85. यदि कोई वस्तु ₹390 में बेचने पर दुकानदार को 20% का लाभ होता है, तो उसकी लागत क्या है?**
(a) ₹ 370 (b) ₹ 325
(c) ₹ 350 (d) ₹ 300

**86. 84 को 2:1 के अनुपात में विभाजित किया गया। दोनों भागों में से बड़ा भाग ......... है।**
(a) 60 (b) 56
(c) 42 (d) 28

**87. एक बाल्टी तनु कृत अम्ल से पूरी तरह से भरी है जिसमें पानी 41% है। यदि शुद्ध अम्ल की मात्रा 17.7 लीटर है, तो बाल्टी की क्षमता (लीटर में) कितनी है?**
(a) 26 (b) 28
(c) 30 (d) 32

**88. जब कोई तरल अपनी ठोस अवस्था में जम जाता है तो उसके आयतन में 4% की वृद्धि हो जाती है। ठोस के वापस तरल में पिघलने पर आयतन में कितने प्रतिशत कमी होगी?**
(a) $3\frac{3}{13}\%$ (b) 4%
(c) $4\frac{11}{13}\%$ (d) $3\frac{11}{13}\%$

**89. 5% चक्रवृद्धि ब्याज प्रति वर्ष की दर से ₹10,000 की राशि दो वर्षों के लिए उधार ली गई। यदि वह राशि उतनी ही अवधि के लिए, किन्तु 6% चक्रवृद्धि ब्याज प्रति वर्ष की दर से ली गई होती, तो कितना और अधिक ब्याज देना पड़ता?**
(a) ₹211 (b) ₹210.20
(c) ₹211.20 (d) ₹201

**90. एक व्यक्ति ने आंशिक रूप से 4 कि.मी./घण्टा कि रफ्तार से पैदल चलकर और आंशिक रूप से 9 कि.मी./घण्टा साईकिल पर चलकर 9 घण्टे में 61 कि.मी. की यात्रा तय की। पैदल चलकर कितनी दूरी तय की गई?**
(a) 16 किमी. (b) 12 किमी.
(c) 15 किमी. (d) 17 किमी.

**91. 48 व्यक्ति एक कार्य-भाग को 7 दिनों में पूर्ण कर सकते हैं। इसी कार्य को 14 व्यक्ति कितने दिनों में पूर्ण कर पाएंगे?**
(a) 25 (b) 28
(c) 36 (d) 24

**92. 63 किमी./घंटे की चाल से भाग रही एक रेलगाड़ी 8 सेकंड में पोस्ट और एक प्लेटफॉर्म को 28 सेकंड में प्लेटफॉर्म पार करती है। प्लेटफॉर्म की लंबाई कितनी है?**
(a) 400m (b) 350m
(c) 420m (d) 380m

**93. 12 पुरुष और 16 महिलाएं 5 दिनों में काम का एक टुकड़ा कर सकती हैं जबकि 13 पुरुष और 24 महिलाएं इसे 4 दिनों में कर सकती हैं। यदि x पुरुष और 15 महिलाएं 8 दिनों में वही काम को पूरा कर सकते हैं तो x का मान क्या है?**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

(a) 4 (b) 5
(c) 8 (d) 9

**94.** दो पाइप एक खाली टंकों को क्रमश; 2 और 2.8 घंटों में भर सकते हैं, जबकि एक तीसरा पाइप भरी हुई टंकी को 1.4 घंटे में खाली कर सकता है। यदि जल निकालने वाले पाइप को टंकी के भरने से 0.2 घंटे बंद कर दिया गया था, तो प्रारंभ से टंकी को भरने में कुल कितना समय लगा?
(a) 3.6 (b) 3.4
(c) 6.0 (d) 5.8

**95.** 22 वर्ष पूर्व रघु की आयु शामिक की आयु से पाँच गुना अधिक थी। अब 8 वर्ष पश्चात् शामिक की आयु रघु की आयु की $\frac{1}{2}$ होगी। रघु की वर्तमान आयु क्या है?
(a) 80 वर्ष (b) 64 वर्ष
(c) 77 वर्ष (d) 72 वर्ष

**96.** नीचे दिये गये अनुक्रम में अगली संख्या क्या होगी?
**1, 0, 2, 3, 3, 8, 4, 15, 5.......**
(a) 24 (b) 42
(c) 25 (d) 52

**97.** साधारण ब्याज की वह वार्षिक दर क्या होगी जिससे कोई राशि $16\frac{2}{3}$ वर्ष में दुगुनी हो जाएगी?
(a) 4% (b) 5%
(c) 6% (d) $6\frac{2}{3}$%

**98.** नीचे दिये गये अनुक्रम में अगली संख्या क्या होगी?
**2, 7, 4, 21, 6, 43, 8, ......**
(a) 64 (b) 37
(c) 73 (d) 46

**99.** नीचे दिये गये अनुक्रम में खाली स्थान पर कौन-सा अक्षर आयेगा?
**O, M, K, I, G, E, ...., ....**
(a) B, A (b) A, Z
(c) C, A (d) C, Z

**100.** निम्नलिखित शृंखला का अवलोकन करें और रिक्त स्थान में सही विकल्प भरें।
**ALBC, CLDC, ........, GLHC**
(a) OLPC (b) ELFC
(c) LLMC (d) KLLC

**101.** निम्नलिखित व्यवस्थापन का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें।
**A S A T @ # ₹ P Q 1 2 4 S U T &**
यदि दिए गए अनुक्रम से सभी संख्याओं और प्रतीकों को निकाल दिया जाता है, तो सबसे अधिक बार आने वाले स्वर की (वॉवेल) पहचान करें।
(a) U (b) T
(c) S (d) A

**102.** दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए?




(a) 60 (b) 62
(c) 64 (d) 66

**103.** निम्नलिखित क्रम-स्थापन का अध्ययन करें और प्रश्न का उत्तर दें।
**S D B M 1 4 8 6 3 % T @ © U K 5 V 1 W $ Y 2 B E 6 # 9 D H 8 G & Z N**
दिये गये क्रम-स्थापन में ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के तत्काल बाद एक अक्षर आता है किन्तु उसके तत्काल पहले कोई संख्या नहीं आती है?
(a) चार (b) दो
(c) तीन (d) एक

**104.** रेखाचित्र में "?" के स्थान पर निम्नलिखित विकल्प में से सही संख्या अंकित करें।

| | | |
|---|---|---|
| 6 | 4 | 7 |
| 1 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | ? |

(a) 8 (b) 9
(c) 13 (d) 12

**105.** यदि '÷' का अर्थ '+', '–' का अर्थ '÷', '×' का अर्थ '–' और '+' का अर्थ '×', है, तो $\frac{(16\times4)-3\times4}{2+8\times3+15\div1}=?$ का मान क्या होगा?
(a) 0 (b) 10
(c) 12 (d) 16

**106.** शब्द के अक्षर अव्यवस्थित और संख्यांकित किये गए हैं। उस विकल्प का चयन करें जो शब्द निर्माण के लिए संख्याओं द्वारा इंगित अक्षरों का सही क्रम दे।
**I, A, D, O, H, E, N, S**
**1 2 3 4 5 6 7 8**
(a) 3,2,5,6,8,1,4,7 (b) 2,3,5,6,4,8,1,7
(c) 2,3,5,6,8,1,4,7 (d) 2,3,5,6,8,4,1,7

**107.** यदि एक विशेष भाषा में CATCHER को ECVEJGT के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो LEATHER को उस कूट में किस रूप में कूटबद्ध किया जाएगा?
(a) NCGJVGT (b) NGCJVGT
(c) NCGVJGT (d) NGCVJGT

**108.** एक विशेष कूट में 'COME' को '@ $ * ?' के रूप में लिखा जाता है और 'BIN' को '# • £' के रूप में लिखा जाता है। उस कूट में 'COMBINE' को किस रूप में लिखा जाएगा?
(a) ? * @ * £ • # (b) * ? @ • £ ? $
(c) * ? @ * £ ? $ (d) @ $ * # • £ ?

**109.** एक विशेष कूट भाषा में 'bit ne toma' का अर्थ 'mango is yellow' है; 'ne ho tap' का अर्थ 'yellow and red' और 'ho toma ka' का अर्थ 'sun is red' है। उसी भाषा में निम्नलिखित में से कौन सा शब्द mango को प्रदर्शित करता है?
(a) ne (b) toma
(c) bit (d) ho

**110.** 'दिव्या' और 'सतीश' विवाहित जोड़ा हैं। 'सैम' और 'अर्नव' भाई हैं। 'सैम' 'सतीश' का भाई है। 'अर्नव' की पुत्री दिव्या के पति से किस रूप में संबंधित है?
(a) चाची/मामी/मौसी/ताई/फूफी/बुआ
(b) भतीजी/भाँजी
(c) पुत्री
(d) चचेरी बहन/ ममेरी बहन/ फुफेरी बहन/ मौसेरी बहन



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**111.** एक बस्ती में 30 से 55 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों को निम्नलिखित तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है।




नौकरी करने वाले पिछड़े अशिक्षित लोगों की संख्या और केवल शिक्षित, केवल पिछड़े और केवल नौकरी शुदा लोगों की संख्या के योग का अनुपात बताएं।

(a) 5 : 32 (b) 32 : 5
(c) 5 : 23 (d) 23 : 5

**112.** निम्नलिखित श्रृंखला में '?' को क्या प्रतिस्थापित करेगा?

**W, P, J, E, A, ?**

(a) X (b) W
(c) V (d) Y

**113.** यदि 12×16=188 और 14×18=248, हो, तो 16×20=? का मान क्या होगा?

(a) 320 (b) 360
(c) 316 (d) 318

## मानसिक योग्यता और तर्क क्षमता

दिये गये विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/अक्षरों/संख्या को चुनिए–

**114.** औषधि : रोगी : : शिक्षा : ?

(a) अध्यापक (b) विद्यालय
(c) छात्र (d) ट्यूशन

**115.** दिये गये विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/अक्षरों/संख्या को चुनिए–

**LAMP : IXJM : : FISH : ?**

(a) CGPF (b) CFQE
(c) CFPE (d) CGQF

**116.** दिये गये विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/अक्षरों/संख्या को चुनिए–

**13 : 20 : : 17 : ?**

(a) 25 (b) 26
(c) 27 (d) 28

**117.** दिए गए विकल्पों में से विषम शब्द/अक्षर/संख्या को चुनिए–

(a) प्रतिद्वन्दी (b) विरोधी
(c) शत्रु (d) मित्र

**118.** दिए गए विकल्पों में से विषम शब्द/अक्षर/संख्या को चुनिए–

(a) POCG (b) KLIZ
(c) BUDX (d) FQMV

**119.** दिए गए विकल्पों में से विषम शब्द/अक्षर/संख्या को चुनिए–

(a) 36 – 48 (b) 56 – 44
(c) 78 – 66 (d) 33 – 64

**120.** निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश में दिए गए क्रम के अनुसार लिखिए–

**(1) Ambitions (2) Ambiguous**
**(3) Ambiguity (4) Animation**
**(5) Animal**

(a) 3, 2, 4, 1, 5 (b) 3, 2, 5, 4, 1
(c) 3, 2, 1, 5, 4 (d) 3, 2, 4, 5, 1

**121.** निम्नलिखित प्रश्न में एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए जो अनुक्रम को पूरा करे–

**CAT, DBT, ECT, ?**

(a) DCT (b) FDT
(c) FCT (d) FAT

**122.** निम्नलिखित प्रश्न में एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए जो अनुक्रम को पूरा करें–

**5, 11, 24, 51, 106,.......?**

(a) 122 (b) 217
(c) 120 (d) 153

**123.** मंच पर एक पुरुष को दिखाते हुए रीता ने कहा, ''वह मेरे पति की पत्नी की पुत्री का भाई है।'' मंच पर उपस्थित उस पुरुष का रीता से क्या संबंध है?

(a) पुत्र (b) पति
(c) चचेरा/फुफेरा/ममेरा/मौसेरा (d) भतीजा

**124.** डॉ. पाण्डेय की आयु उनके पुत्र की आयु की चार गुनी है। 10 वर्ष पश्चात डॉ. पाण्डेय की आयु उनके पुत्र की आयु से दुगनी हो जाएगी। डॉ. पाण्डेय के पुत्र की वर्तमान आयु बताइए?

(a) 4 वर्ष (b) 5 वर्ष
(c) 6 वर्ष (d) 8 वर्ष

**125.** विकल्पों में से वह शब्द चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता?

**I N T E L L I G E N C E**

(a) CANCEL (b) NEGLECT
(c) GENTLE (d) INCITE

**126.** यदि C को किसी कोड में 3 लिखा जाए, DASH को 32 लिखा जाए, तो DANCE को उसी कोड में क्या लिखा जाएगा?

(a) 20 (b) 25
(c) 26 (d) 27

**127.** यदि + का अर्थ घटाव है, – का अर्थ गुणा है, ÷ का अर्थ जोड़ है, और × का अर्थ भाग है, तो निम्नलिखित प्रश्नों को हल कीजिए?

**$15 - 3 + 10 \times 5 \div 5$**

(a) 52 (b) 48
(c) 22 (d) 5

**128.** निम्नलिखित प्रश्न में कुछ समीकरणों का हल निकालने के लिए एक विशिष्ट प्रणाली का प्रयोग किया गया है। जिस समीकरण का हल नहीं निकाला गया है, उसी विशिष्ट प्रणाली से उस समीकरण का उत्तर ज्ञात कीजिए–

**$7 \times 4 \times 9 = 479$**
**$9 \times 5 \times 2 = 592$**
**$6 \times 9 \times 5 = 965$**
**$8 \times 6 \times 2 = ?$**

(a) 286 (b) 682
(c) 628 (d) 268

**129.** दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या ज्ञात करें–

| | | |
|---|---|---|
| 7 | 10 | 5 |
| 16 | 40 | 8 |
| 15 | ? | 9 |



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

(a) 75 (b) 45
(c) 20 (d) 30

**130. संमित्रा उत्तर की ओर 8 मीटर चला और दायें घूमकर 16 मीटर चला। फिर अपने बायें घूमकर 5 मीटर चला। वह फिर बायीं ओर मुड़ा और 16 मीटर चला। अब वह अपने प्रारम्भिक स्थान से किस दिशा में है?**

(a) दक्षिण (b) पूर्व
(c) उत्तर (d) पश्चिम

**131. निम्नलिखित प्रश्न में दो वक्तव्य दिये गये हैं, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएँ, I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः ज्ञात शर्तों/तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन–सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?**

**वक्तव्य :** 1. कुछ अध्यापक अनुयायी है।
2. कुछ अनुयायी प्रसिद्ध है।

**निष्कर्ष :** I. कुछ अध्यापक प्रसिद्ध हैं।
II. कुछ अनुयायी अध्यापक हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I सही है
(b) केवल निष्कर्ष II सही है
(c) निष्कर्ष I और II दोनों सही है
(d) न तो निष्कर्ष I सही है और न ही निष्कर्ष II सही है

**132. प्रश्न आकृति में कितने त्रिभुज हैं?**



(a) 18 (b) 24
(c) 28 (d) 30

**133. वह आरेख चुनिए जो नीचे दिए गए वर्गों के बीच सही सम्बन्ध को दर्शाता है?**

**Delhi, Sri Lanka, Asia**



**134. कौन–सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को पूरा करेगी?**





**135. निम्नलिखित प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये हैं, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएँ I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः शर्तों/तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन–सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?**

**कथन :** कोई आदमी गधा नहीं हैं। अजय आदमी है।

**निष्कर्ष :** I. अजय गधा नहीं है।
II. सभी आदमी अजय नहीं है।

(a) केवल I निष्कर्ष निकलता है
(b) केवल निष्कर्ष II सही है।
(c) दोनों निष्कर्ष निकलते हैं।
(d) ना तो I और ना ही II निष्कर्ष निकलते हैं।

**136. यदि किसी कागज को, नीचे प्रश्न आकृतियों में दिखाए अनुसार मोड़कर काटा जाए तो खोलने के बाद यह किस उत्तर आकृति जैसा दिखाई देगा?**





**137. यदि एक दर्पण को MN रेखा पर रखा जाए तो दी गई उत्तर आकृतियों में से कौन–सी आकृति प्रश्न आकृति का सही प्रतिबिम्ब होगी?**








Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**138.** निम्नलिखित प्रश्न में विकल्पों में दिए गए संख्या–समूह, अक्षरों के दो वर्गों द्वारा दर्शाए गए हैं, जैसे कि नीचे दिए गए दो आव्यूहों में हैं। आव्यूह I के 0 से 4 तक और आव्यूह II के 5 से 9 तक, इन आव्यूहों से एक अक्षर को पहले उसकी पंक्ति और बाद में स्तम्भ संख्या द्वारा दर्शाया जा सकता है। उदाहरण के लिए, A को 01, 13, आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है तथा B को 58, 69, आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है। इसी तरह से आपको दिए गए शब्द 'FINE' के लिए समूह को पहचानना है।

MATRIX I

| | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 0 | F | A | N | O | I |
| 1 | I | O | F | A | N |
| 2 | A | N | O | I | F |
| 3 | O | F | I | N | A |
| 4 | N | I | A | F | O |

MATRIX II

| | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | S | E | H | B | T |
| 6 | H | S | E | T | B |
| 7 | B | T | S | E | H |
| 8 | E | H | T | B | S |
| 9 | T | S | E | H | B |

(a) 00, 04, 02, 56 (b) 12, 10, 13, 67
(c) 24, 19, 31, 78 (d) 31, 32, 33, 87

**139.** दी गई आकृति में कितने त्रिभुज हैं?



(a) 12 (b) 14
(c) 16 (d) 18

**140.** निम्नलिखित प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये हैं, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएं, निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः शर्तों/तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन-सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता/सकती है?

**कथन :** सभी तोते चूजे हैं। सभी पक्षी चूजे हैं।

**निष्कर्ष :** I. कुछ पक्षी तोते हैं।
II. कुछ चूजे तोते हैं।

(a) निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं।
(b) दोनों निष्कर्षों में से कोई भी सही नहीं है।
(c) निष्कर्ष I सही है।
(d) निष्कर्ष II सही है।

**141.** एक निश्चित भाषा में 'drinking is harmful' को 'sip boj kas' लिखा जाता है 'quit drinking habit' को 'boj rat sav' लिखा जाता है और 'bad harmful habit' को 'sav sip cat' लिखा जाता है। उसी भाषा में 'bad' कैसे लिखा जायेगा?

(a) cat (b) sav
(c) boj (d) sip

**142.** यदि '×' का अर्थ '–', '+' का अर्थ '÷', '–' का अर्थ '×' और '÷' का अर्थ '+' है तो दिए गए समीकरण का मान क्या होगा?

**7×28+7÷31–4÷11=?**

(a) 138 (b) 127
(c) 110 (d) 166

**143.** उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।

**Mountain : Hill :: Lake : ?**

(a) Pond (b) Ocean
(c) River (d) Sea

**144.** उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।

**General : Specific :: Wide : ?**

(a) Narrow (b) Open
(c) Broad (d) Closed

**145.** निर्देश (प्र.सं. 145-147) प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या आयेगी?




(a) 18 (b) 15
(c) 12 (d) 9

**146.**




(a) 3 (b) 5
(c) 7 (d) 9

**147.**




(a) 549 (b) 594
(c) 459 (d) 945

**148.** जो जोड़ी अलग है, उसकी पहचान कीजिए।

(a) सम्पत्ति : देनदारियाँ (b) फायदा : लाभ
(c) नामे : श्रेय (d) आमदनी : व्यय

**149.** किसी कोड में यदि DECEMBER को ERMBCEDE लिखा जाता हो, तो उसी कोड में NOVEMBER को लिखा जा सकता है:

(a) EMRBVENO (b) ERBMVENO
(c) REMBVENO (d) ERMBVENO

**150.** एक लड़के को किसी संख्या में $\frac{7}{8}$ से गुणा करने के लिए कहा गया था। उसने संख्या को $\frac{17}{8}$ से गुणा किया और उसे सही उत्तर से 30 ज्यादा प्राप्त हुआ। वह संख्या थी

(a) 24 (b) 3
(c) 8 (d) 21



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# SOLUTION : PRACTICE SET-9

## ANSWER

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 2. (b) | 3. (a) | 4. (d) | 5. (c) | 6. (a) | 7. (a) | 8. (b) | 9. (a) | 10. (c) |
| 11. (d) | 12. (b) | 13. (c) | 14. (c) | 15. (d) | 16. (c) | 17. (a) | 18. (a) | 19. (d) | 20. (a) |
| 21. (b) | 22. (d) | 23. (c) | 24. (d) | 25. (c) | 26. (c) | 27. (b) | 28. (d) | 29. (d) | 30. (d) |
| 31. (b) | 32. (d) | 33. (c) | 34. (c) | 35. (a) | 36. (a) | 37. (d) | 38. (b) | 39. (c) | 40. (d) |
| 41. (c) | 42. (b) | 43. (a) | 44. (c) | 45. (d) | 46. (a) | 47. (c) | 48. (c) | 49. (b) | 50. (c) |
| 51. (c) | 52. (b) | 53. (c) | 54. (d) | 55. (b) | 56. (a) | 57. (b) | 58. (a) | 59. (b) | 60. (c) |
| 61. (b) | 62. (d) | 63. (a) | 64. (b) | 65. (c) | 66. (b) | 67. (c) | 68. (c) | 69. (b) | 70. (b) |
3. Deerstalker 4. Defensive
(a) 2, 3, 1, 4 (b) 1, 3, 2, 4
(c) 4, 3,1, 2 (d) 3, 1, 2, 4

121. इस प्रश्न में एक वक्तव्य दिया गया है जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएँ, I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन-सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है। अपने उत्तर को निर्दिष्ट कीजिए।
**कथन :** सभी हिन्दू धर्म भीरू होते हैं। कोई भी जापानी हिन्दू नहीं है।
**I. जापानी लोग धर्म भीरू नहीं है।**
**II. सभी धर्म भीरू हिन्दू हैं।**
(a) केवल निष्कर्ष I सही है
(b) केवल निष्कर्ष II सही है
(c) दोनों निष्कर्ष सही है
(d) ना तो निष्कर्ष I और ना ही निष्कर्ष II सही है

122. आकृति में त्रिभुज की संख्या बताओ?



(a) 8 (b) 9
(c) 11 (d) 13

123. एक व्यक्ति 'सेल' में वस्त्र खरीदते समय ₹ 45 खर्च करता है और ₹ 5 की बचत करता है। उसकी बचत का प्रतिशत क्या है?
(a) 50% (b) 10%
(c) 15% (d) 20%



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**124.** **2 ली. शुद्ध ऐल्कोहॉल को 6 ली., 40% ऐल्कोहॉल घोल में मिलाया जाता है। घोल में जल का प्रतिशत बताइये ?**

(a) 65% (b) 45%
(c) 55% (d) 60%

**125.** **निम्नलिखित विकल्पों में से वह शब्द चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके बनाया जा सकता है–**

COMMUNICATION

(a) AMMUNITION (b) MONITOR
(c) COUNTRY (d) UNIFICATION

**126.** **यदि 'HARBOUR' को 'IBSCPVS' के रूप में लिखा जाता है, तो 'HABITAT' को उसी कोड में कैसे लिखा जाएगा?**

(a) GZAHZSZS (b) IBCJUBU
(c) IBAHSZS (d) IBCJBUU

**127.** **यदि '–' का आशय '×' से हो, '×' का आशय '+' से हो, '+' का आशय '÷' से और '÷' का आशय '–' से हो, तो**

**$40 \times 12 + 3 - 6 \div 60 = ?$**

(a) 4 (b) 7
(c) 16 (d) 44

**128.** **15 आदमी किसी काम को 40 दिन में कर सकते हैं। 5 आदमी कितने दिन बाद काम छोड़कर जायें कि काम कुल 45 दिन में पूरा हो जाये?**

(a) 10 (b) 20
(c) 30 (d) 35

**129.** **किसी वस्तु की लागत मूल्य ₹200 है। यदि अंकित मूल्य पर 20% की छूट देने के बाद 20% लाभ प्राप्त हो तो अंकित मूल्य कितना है?**

(a) ₹300 (b) ₹320
(c) ₹420 (d) ₹450

**130.** **तीन संख्याओं का योग 540 है। दूसरी और तीसरी संख्या का अनुपात 9:13 है और पहली और तीसरी का अनुपात 2:7 है, तो तीसरी संख्या क्या है?**

(a) 273 (b) 280
(c) 250 (d) 286

**131.** **निम्नलिखित प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये हैं, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएँ I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः शर्त तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन–सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?**

**वक्तव्य :** 1. कुछ प्रबंधक युवा हैं।
2. सभी लड़के युवा हैं।

**निष्कर्ष :** I. कुछ लड़के प्रबंधक हैं।
II. कुछ प्रबंधक लड़के हैं।

(a) केवल I निष्कर्ष निकलता है
(b) केवल निष्कर्ष II सही है।
(c) न निष्कर्ष I सही है और न निष्कर्ष II सही है।
(d) निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं।

**132.** **दिये गये चित्र में कितने त्रिभुज हैं?**



(a) 10 (b) 13
(c) 15 (d) 16

**133.** **निम्नलिखित में से कौन-से आरेख पुरुषों, पिताओं और एडवोकेट में सबंध दर्शाते हैं।**



**134.** **कौन–सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को पूरा करेगी?**



**135.** **नीचे दर्शाये चित्र के अनुसार कागज को मोड़कर काटने तथा खोलने के बाद वह किस उत्तर आकृति जैसा दिखाई देगा?**



**136.** **कौन–सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति के प्रतिरूप (पैटर्न) को पूरा करेगी?**

**प्रश्न–आकृति :**



**उत्तर–आकृतियाँ :**



**137.** **कौन–सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को पूरा करेगी?**



Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

प्रश्न आकृति :



उत्तर आकृतियाँ:



(a) (b) (c) (d)

**138.** निम्नलिखित प्रश्न में विकल्पों में दिए गए संख्या–समूह, अक्षरों के दो वर्गों द्वारा दर्शाए गए हैं, जैसे कि नीचे दिए गए दो आव्यूहों में हैं। आव्यूह I के स्तम्भ और पंक्ति की संख्या 0 से 4 तक दी गई है और आव्यूह II की 5 से 9 तक इन आव्यूहों से एक अक्षर को पहले उसकी पंक्ति और बाद में स्तम्भ संख्या द्वारा दर्शाया जा सकता है। उदाहरण के लिए, 'L' को 12, 24 आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है तथा 'R' को 55, 67 आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है। इसी तरह से आपको दिए शब्द 'TONE' के लिए आव्यूह को पहचानना है।

MATRIX I

| | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 0 | L | E | O | S | C |
| 1 | S | C | L | E | O |
| 2 | E | O | S | C | L |
| 3 | C | L | E | O | S |
| 4 | O | S | C | L | E |

MATRIX II

| | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | R | K | U | N | T |
| 6 | N | T | R | K | U |
| 7 | K | U | N | T | R |
| 8 | T | R | K | U | N |
| 9 | U | N | T | R | K |

(a) 85, 40, 58, 75 (b) 66, 21, 77, 56
(c) 97, 33, 65, 44 (d) 78, 57, 89, 32

**139.** एक फोटो की ओर संकेत करते हुए विनोद ने कहा, "यह मेरी पत्नी की माता की एक मात्र पुत्री की पुत्री है।" विनोद का फोटो वाली लड़की से क्या सम्बन्ध है?

(a) चाचा (b) पिता
(c) भाई (d) दादा

**140.** एक पिता ने अपने पुत्र के जन्म दिवस पर कुछ लड़के व लड़कियों को बुलाया। लड़कों की संख्या लड़कियों से 2 कम थी। पिता ने सभी लड़कों को ₹ 10 और सभी लड़कियों को ₹ 20 उपहार स्वरूप दिये। यदि कुल ₹ 280 खर्च हुये तो लड़कों की संख्या बताओ।

(a) 8 (b) 10
(c) 12 (d) 14

**141.** एक परीक्षा में 5 छात्र A, B, C, D और E उपस्थित हुए। यदि C को B से 5 अंक कम मिले, D को B से 10 अंक अधिक मिले और A से 20 अंक कम मिले एवं E को B से 22 अंक अधिक मिले हों और B को कुल 40 अंक मिले हों तो A को कितने अंक मिले?

(a) 52 (b) 60
(c) 64 (d) 70

**142.** एक समूह में, 7 व्यक्ति अंग्रेजी बोल सकते हैं, 15 व्यक्ति हिन्दी बोल सकते हैं और 6 व्यक्ति पंजाबी बोल सकते हैं। इस समूह में केवल 1 व्यक्ति तीनों भाषा बोल सकता है और 2 व्यक्ति केवल 2 भाषाएँ बोल सकते हैं। समूह में कुल कितने व्यक्ति हैं?

(a) 23 (b) 24
(c) 25 (d) 26

**143.** एक घड़ी 4:30 का समय दिखा रही है। यदि मिनट की सुई पूर्व दिशा की ओर है तो घण्टे की सुई की दिशा क्या होगी?

(a) दक्षिण-पूर्व (b) दक्षिण-पश्चिम
(c) उत्तर-पूर्व (d) उत्तर

**144.** दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या चुनिए?

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 5 | 9 |
| 4 | 6 | ? |
| 3 | 7 | 2 |
| 36 | 210 | 36 |

(a) 4 (b) 3
(c) 2 (d) 1

**145.** अशोक 8 कि.मी. दक्षिण की ओर चला और पश्चिम की ओर मुड़कर 3 कि.मी. चला। फिर वह उत्तर की ओर मुड़ा और 5 कि.मी. चला। अन्त में वह पूर्व दिशा की ओर मुड़ा और 3 कि.मी. चला। अशोक प्रारिम्भक स्थान से किस दिशा में था।

(a) पूर्व (b) उत्तर
(c) पश्चिम (d) दक्षिण

**146.** दी गयी संख्याओं की शृंखला में एक संख्या गलत है। उस गलत संख्या का पता लगाएँ:

**17, 19, 23, 29, 33, 37, 41**

(a) 17 (b) 33
(c) 23 (d) 41

**147.** यदि '+' का अर्थ घटाना हो, '÷' का अर्थ जोड़ना हो, '-' का अर्थ गुणा करना हो और '×' का अर्थ भाग देना हो तो निम्नलिखित समीकरणों में से कौन सा सही है?

(a) $56 + 12 \times 34 - 12 = 102$
(b) $8 \div 44 - 5 + 25 = 203$
(c) $112 \times 44 - 12 + 10 = 46$
(d) $9 \div 64 - 2 \times 6 = 54$

निर्देश प्रश्न संख्या 148-149 : निम्न प्रश्नों में चिन्ह : : के बांयीं ओर दो शब्द दिये हैं जो दाहिनी ओर एक शब्द एवं एक स्थान खाली है। दाहिनी ओर वाले शब्दों के सम्बन्ध के अनुरूप '?' पर सही विकल्प बतायें।

**148. 122 : 170 :: 290 : ?**

(a) 316 (b) 344
(c) 360 (d) 362

**149. BACE : ONPR : : JIKM : ?**

(a) XYWZ (b) UZYW
(c) WVXZ (d) WVZY

**150.** A तथा B ने एक बिन्दु से विपरीत दिशाओं में चलना आरम्भ किया। दोनों 5 किमी. चलकर अपने दायें मुड़ें और 7 किमी. चले। उसके बाद वह फिर दायें मुड़ गये और 5 किमी. चले। परिणाम स्वरूप दोनों अब एक-दूसरे से कितनी दूरी पर है?

(a) 10 किमी. (b) 12 किमी.
(c) 14 किमी. (d) 17 किमी.



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# SOLUTION : PRACTICE SET-10

## ANSWER

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (a) | 3. (a) | 4. (a) | 5. (a) | 6. (b) | 7. (a) | 8. (c) | 9. (d) | 10. (b) |
| 11. (b) | 12. (b) | 13. (d) | 14. (d) | 15. (c) | 16. (c) | 17. (b) | 18. (a) | 19. (b) | 20. (b) |
| 21. (b) | 22. (b) | 23. (b) | 24. (c) | 25. (c) | 26. (c) | 27. (c) | 28. (c) | 29. (a) | 30. (d) |
| 31. (c) | 32. (c) | 33. (c) | 34. (d) | 35. (b) | 36. (c) | 37. (a) | 38. (a) | 39. (d) | 40. (b) |
| 41. (c) | 42. (a) | 43. (c) | 44. (a) | 45. (b) | 46. (a) | 47. (d) | 48. (d) | 49. (a) | 50. (b) |
| 51. (d) | 52. (c) | 53. (c) | 54. (b) | 55. (d) | 56. (a) | 57. (b) | 58. (c) | 59. (a) | 60. (d) |
| 61. (a) | 62. (b) | 63. (a) | 64. (b) | 65. (c) | 66. (b) | 67. (d) | 68. (a) | 69. (c) | 70. (a) |
| 71. (c) | 72. (d) | 73. (b) | 74. (c) | 75. (c) | 76. (a) | 77. (c) | 78. (d) | 79. (b) | 80. (b) |
| 81. (c) | 82. (c) | 83. (a) | 84. (b) | 85. (a) | 86. (c) | 87. (a) | 88. (a) | 89. (c) | 90. (c) |
| 91. (a) | 92. (c) | 93. (a) | 94. (b) | 95. (a) | 96. (b) | 97. (d) | 98. (b) | 99. (b) | 100. (a) |
| 101. (a) | 102. (c) | 103. (c) | 104. (c) | 105. (b) | 106. (b) | 107. (a) | 108. (d) | 109. (d) | 110. (c) |
| 111. (c) | 112. (a) | 113. (c) | 114. (b) | 115. (b) | 116. (d) | 117. (c) | 118. (b) | 119. (c) | 120. (d) |
| 121. (d) | 122. (d) | 123. (b) | 124. (b) | 125. (a) | 126. (b) | 127. (a) | 128. (c) | 129. (a) | 130. (a) |
| 131. (c) | 132. (c) | 133. (a) | 134. (b) | 135. (a) | 136. (a) | 137. (d) | 138. (c) | 139. (b) | 140. (a) |
| 141. (d) | 142. (b) | 143. (c) | 144. (c) | 145. (d) | 146. (b) | 147. (b) | 148. (d) | 149. (c) | 150. (c) |

## SOLUTION

**1. (d)**
मुगलकाल में पुलिस बल के मुखिया को **कोतवाल** कहा जाता था। कोतवाल को घरों और सड़कों का लेखा रखना पड़ता था। वह कस्बे को कई भागों में बांटकर दूसरे व्यक्ति को कार्य सौंपता था और उस व्यक्ति को प्रतिदिन की आवागमन की आख्या कोतवाल को देना होता था।

**2. (a)**
सरदार पटेल - प्रथम गृहमंत्री
जगजीवन राम - प्रथम श्रम मंत्री
मोरारजी देसाई - प्रथम गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री ($4^{th}$ प्रधानमंत्री)
गोविन्द बल्लभ पंत - U.P. के पहले मुख्यमंत्री और भारत के $4^{th}$ गृहमंत्री थे।

**3. (a)**
रामायण में मांडवी मिथिला के शासन, कुशध्वज की बेटी थी। उनका विवाह राजा दशरथ के पुत्र भरत के साथ हुआ था।
लक्ष्मण की पत्नी उर्मिला, मेघनाथ की पत्नी सुलोचना तथा सुग्रीव की पत्नी का नाम रूमा था।

**4. (a)**
प्राचीनतम वेद ऋग्वेद है। ऋचाओं के क्रमबद्ध ज्ञान संग्रह को ऋग्वेद कहते है। इसमें 10 मण्डल, 1028 सूक्त एवं 10,462 ऋचाएँ है। इस वेद के ऋचाओं पढ़ने वाले ऋषि को 'होतृ' कहते हैं।

**5. (a)**
तरला दलाल, भारत की एक प्रख्यात भोजन लेखिका व रसोइया थी। इन्होंने खाना पकाने के कई कार्यक्रम जैसे-तरला दलाल शो व कुक इट अप विद् तरला दलाल की मेजबानी की थी।
- भोजन कला विशेषज्ञ को पाक-कला विशेषज्ञ भी कहते है।

**6. (b)**
फरवरी 2023 में सरकार ने अनधिकृत खनन पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने 'खनन प्रहरी' और एक वेब ऐप कोल माइन सर्विलांस एंड मैनेजमेंट सिस्टम (CMSMS) लॉन्च किया है।

**7. (a)**
संविधान निर्माण की प्रक्रिया में कुल 2 वर्ष 11 माह और 18 दिन लगे। संविधान के प्रारूप पर कुल 114 दिन बहस हुई। संविधान निर्माण कार्य में ₹ 63,96,729 का व्यय हुआ।
- संविधान को 26 नवम्बर, 1949 ई. को संविधान सभा द्वारा पारित किया गया, तब इसमें कुल 22 भाग, 395 अनुच्छेद और 8 अनुसूचियाँ थी। वर्तमान समय में 22 भाग, 395 अनुच्छेद एवं 12 अनुसूचियाँ हैं।

**8. (c)**
सरदार स्वर्ण सिंह समिति की संविधान के अनुशंसा पर 42वें संशोधन (1976 ई.) के द्वारा भाग 4 (क) तथा अनुच्छेद 51(क) के तहत 10 मूल कर्तव्य को संविधान में जोड़ा गया है। लेकिन 86वाँ संविधान संशोधन अधिनियम 2002 के तहत मूल कर्त्तव्यों की संख्या कुल 11 हो गयी है।

**9. (d)**
शिपकी ला, दर्रा हिमालय का एक प्रमुख दर्रा है। यह शिमला से तिब्बत को जोड़ता है। सतलुज नदी इस दर्रे के पास ही एक तंग घाटी से गुजरकर तिब्बत से भारत में दाखिल होती है अतः स्पष्ट है यह सतलुज घाटी में स्थित है।

**10. (b)**
त्रिपुरा 1972 में पूर्ण राज्य बना। त्रिपुरा एक उत्तर-पूर्वी राज्य है, यह देश का तीसरा सबसे छोटा राज्य है। त्रिपुरा 1 जुलाई, 1963 से केन्द्र शासित प्रदेश था, जो 21 जनवरी, 1972 को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया।

**11. (b)**
ललित कला अकादमी, ललित कला अकादमी नई दिल्ली के क्षेत्रीय केन्द्र के रूप में लखनऊ में स्थापित की गई थी। जिसके प्रथम क्षेत्रीय निदेशक सी.एल. चुग थे, जबकि उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी की स्थापना 8 फरवरी 1962 को उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग की पूर्णतः वित्त पोषित स्वायत्तशासी इकाई के रूप में हुई थी। अकादमी कला एवं कलाकारों की प्रोन्नति एवं प्रोत्साहन के ध्येय की ओर निरन्तर अग्रसर होती हुई कला जगत में उल्लेखनीय कार्य कर रही है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**12. (b)**
फरवरी 2023 में, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने गगनयान मिशन को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय नौसेना के साथ साझेदारी की है। इसरो ने भारतीय नौ सेना के साथ क्रू-माड्यूल का शुरुआती रिकवरी परीक्षण किया, जो अंतरिक्ष से पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से प्रवेश करने के बाद समुद्र में गिर जाएगा।

**13. (d)**
15-17 फरवरी, 2023 तक फिजी में 'नदी जिले' में भारत ने संयुक्त रूप से 12वें विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया। इसका विषय-'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए पारंपरिक ज्ञान' है।

**14. (d)**
भारतीय संसदीय समूह एक स्वायत्त निकाय है जिसका गठन 16 अगस्त 1948 को संविधान सभा द्वारा अपनाए गए एक प्रस्ताव के अनुसरण में वर्ष 1949 में किया गया था। संसदीय समूह का उद्देश्य संसद सदस्यों के बीच व्यक्तिगत संपर्क को बढ़ावा देना और संसद के समक्ष आने वाले संभावित मुद्दों पर सेमिनार आदि आयोजित करके संसद सदस्यों में जानकारी का प्रसार करना है।

**15. (c)**
भारतीय राष्ट्रवाद के पहले या प्रारम्भिक चरण को माध्यम (उदारवादी) चरण (1885-1905) कहा जाता है। प्रथम चरण की मुख्य घटना भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना थी। अस्पष्ट लक्ष्यों के साथ स्थापित इस संस्था का प्रतिनिधित्व शिक्षित मध्यम वर्गीय बुद्धिजीवी वर्ग कर रहा था जो पश्चिम की उदारवादी एवं अतिवादी विचारधारा से प्रेरित था।

**16. (c)**
महात्मा गांधी ने रौलेट एक्ट का विरोध करने के लिए फरवरी, 1919 में सत्याग्रह सभा की स्थापना की। इसके सदस्य इस कानून की अवज्ञा कर जेल जाते थे। गाँधी जी ने रौलेट एक्ट का पुरजोर विरोध किया तथा ब्रिटिश सरकार को 'शैतानी लोगों' की संज्ञा दी।

**17. (b)**
राजा राममोहन राय भारत में राजनीतिक सुधारों के लिए आंदोलन शुरू करने वाले पहले भारतीय नेता थे। राजा राममोहन राय को भारतीय पुनर्जागरण का अग्रदूत और आधुनिक भारत का जनक कहा जाता था। ये मानवतावादी थे, उनकी विश्व बंधुत्व में गहरी आस्था थी। ये जीवन की स्वतंत्रता तथा सम्पत्ति ग्रहण करने के प्राकृतिक अधिकारों के समर्थक थे।

**18. (a)**
मेघालय में स्थित मॉसिनराम को विश्व के सबसे आर्द्र स्थान के रूप में जाना जाता है क्योंकि यहाँ विश्व में सबसे अधिक वर्षा होती है। वर्षा ऋतु भारत में दक्षिणी-पश्चिमी मानसून के आगमन के साथ मध्य जून से आरंभ होती है और मध्य सितंबर तक समाप्त होती है। भारत में औसत वार्षिक वर्षा 112 से 125 सेमी. के मध्य होती है।

**19. (b)**
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर, 1885 को बंबई के गोकुल दास तेजपाल संस्कृत महाविद्यालय में हुई। इस अधिवेशन में कुल 72 सदस्यों ने हिस्सा लिया इसके प्रथम अध्यक्ष व्योमेश चन्द्र बनर्जी थे।

**20.** (b)
संथाल विद्रोह वर्ष 1855-56 में शुरू हुआ था जिसका नेतृत्व संथाल नेता सिद्धू तथा कान्हू ने किया था। यह विद्रोह ब्रिटिश शासन काल में जमीदारों तथा साहूकारों द्वारा किये जाने वाले अत्याचारों के खिलाफ किया गया था। आदिवासियों के विद्रोहों में संथालों का यह सबसे सशक्त विद्रोह था।

**मुंडा विद्रोह**:- वर्ष 1899 में बिरसा मुंडा के नेतृत्व में हुआ मुंडा विद्रोह छोटा नागपुर के क्षेत्र में सर्वाधिक चर्चित विद्रोह था। इसे मुंडा व उलगुलान विद्रोह भी कहा जाता है।

**भील विद्रोह**:- भील जनजाति के लोग महाराष्ट्र एवं राजस्थान में निवास करते थे। इन लोगों ने खेती से सम्बन्धित कठिनाइयों तथा अंग्रेजी हुकूमत के डर के कारण विद्रोह किया।

**खासी विद्रोह**:- यह विद्रोह 1828-33 के मध्य उत्तर-पूर्वी पहाड़ी पर हुआ था। इस विद्रोह का प्रमुख कारण ब्रिटिश सरकार द्वारा वहाँ की स्थानीय जनजातियों को जबरन सड़क निर्माण में लगाया जाना था जिसके विरोध में उन्होंने यह विद्रोह किया।

**21.** (b)
ग्रीन हाउस प्रभाव एक प्राकृतिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा ग्रह या उपग्रह के वातावरण में मौजूद कुछ गैसें वातावरण के तापमान को अपेक्षाकृत अधिक गर्म करने में मदद करती हैं।

प्रमुख ग्रीन हाउस गैसें:-

**1. जलवाष्प**:- यह ग्रीन हाउस गैस वातावरण में सर्वाधिक प्रचुर मात्रा में पायी जाती है। यह प्राकृतिक श्वसन तथा वाष्पीकरण से प्राप्त होती है। पृथ्वी का तापमान बढ़ने पर वायुमण्डल में इसकी मात्रा बढ़ जाती है।

**2. कार्बन डाई ऑक्साइड**:- यह मुख्य ग्रीन हाउस गैस है। इसके मुख्य स्रोत कोयले का दहन, वनों का कटान, सीमेंट उद्योग आदि हैं।

**3. मीथेन**:- यह दूसरी सबसे महत्वपूर्ण ग्रीन हाउस गैस है। मुख्य स्रोत कोयला खादान, धान का खेत आदि है।

**4. नाइट्स ऑक्साइड**:-इसका स्रोत उर्वरक कोयला दहन है।

**22.** (b)
क्रिस्टल क्षेत्र सिद्धान्त धातु परिसरों में लिगैंड बॉन्डिंग, डी आर्बिटल्स के क्षरण, धातु परिसरों की ज्यामिति और डी आर्बिटल्स के विभाजन के मध्य संबंधों की व्याख्या करता है।

**23.** (b)
चौहान या चाहमान वंश की स्थापना लगभग 7वीं शताब्दी में वासुदेव ने की थी। पृथ्वीराज तृतीय (1178-1192 ई.) सबसे प्रसिद्ध चाहमान शासक था। जिन्हें पृथ्वीराज चौहान कहा जाता है। उन्होंने वर्तमान उत्तर-पश्चिमी भारत क्षेत्र पर शासन किया। उनकी राजधानी अजयमेरू (आधुनिक अजमेर) में स्थित थी।

**24. (c)**
राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस प्रति वर्ष 21 अक्टूबर को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) व देश के सभी पुलिस बलों द्वारा मनाया जाता है। यह दिन, 21 अक्टूबर, 1959 को चीन के साथ हमारी सीमाओं की रक्षा करते हुए अपनी जाने गंवाने वाले दसवीं बटालियन के वीर जवानों के बलिदान की याद में मनाया जाता है।

**25.** (c)
अलीवर्दी खान, गिरिया के युद्ध में सरफराज खां को पराजित कर 1740 में बंगाल का नवाब बना। अलीवर्दी खां की मृत्यु 1756 में हो गयी। इसके बाद उसका उत्तराधिकारी उसका नाती सिराजुद्दौला शासक बना। सिराजुद्दौला के राज में बंगाल अंग्रेजों और फ्रांसीसियों के आपसी प्रतिद्वंदिता के कारण अशांत था। फरवरी 1757 में अंग्रेजों और सिराजुद्दौला के बीच कोलकाता में एक संधि हुई, जिसे अलीनगर की संधि के नाम से जाना जाता है। इस संधि द्वारा अंग्रेजों ने बंगाल में किलेबंदी और सिक्कों को ढालने की अनुमति प्राप्त की।

**26.** (c)
मेसोग्लिया एक पारदर्शी, निर्जीव, जेली जैसा पदार्थ है जो एक्टोडर्म और एंडोडर्म के बीच स्पंज, निडारियंस और सीलेंटरेट्स के शरीर में पाया जाता है।

**27.** (c)
सीलेन्टरेट (Coelenterate) शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम लूकर्ट ने वर्ष 1847 में किया। ये बहुकोशिकीय प्राणियों में निम्न स्तर के जन्तु हैं। इस संघ के जन्तुओं के प्रमुख लक्षण निम्नलिखित हैं-



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

(1) ये द्विस्तरीय प्राणी होते हैं। शरीर का बाह्य स्तर एक्टोडर्म तथा भीतरी स्तर एण्डोडर्म होता है। दोनों स्तरों के बीच में अकोशिकीय मेसोग्लीया होती है।
(2) ये जन्तु बहुकोशिकीय होते हैं।
(3) इनका शरीर अरीय सममित (Radial symmetry) होता है।
(4) इनमें श्वसन तंत्र, उत्सर्जन तंत्र तथा परिसंचरण तंत्र नहीं पाया जाता है।
(5) इनमें पाचन गुहा थैली पाई जाती है।

**28. (c)**
विजयनगर राज्य तुंगभद्रा नदी के उत्तरी तट पर स्थित है। इसकी स्थापना वर्ष 1336 में हरिहर एवं बुक्का नामक दो भाइयों ने की थी। हरिहर और बुक्का ने अपने पिता संगम के नाम पर संगम राजवंश की स्थापना की। विजयनगर साम्राज्य की राजधानियाँ क्रमशः अनेगड़ी या अनेगोण्डी, पेनुगोण्डा तथा चन्द्रगिरि थी। हम्पी विजयनगर की पुरानी राजधानी का प्रतिनिधित्व करता है। विजयनगर का वर्तमान नाम 'हम्पी' (हस्तिनावती) है।

**29. (a)**
सरदार स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर 42 वें संविधान संशोधन, 1976 के द्वारा भारतीय संविधान के भाग 4 क में अनुच्छेद 51 क में 10 मौलिक कर्तव्यों को जोड़ा गया। बाद में 86 वें संविधान संशोधन 2002 के द्वारा इसमें 11वाँ मूल कर्तव्य जोड़ा गया। अतः वर्तमान में 11 मौलिक कर्तव्य हैं।

**30. (d)**
CRC का पूर्ण रूप Cyclic Redundancy check है। यह एक त्रुटि का पता लगाने वाला कोड है, जो आमतौर पर भण्डारण उपकरणों में उपयोगि किया जाता है जो ट्रांसमिशन स्टोरेज या रिट्रीवल के दौरान त्रुटियों का पता लगाता है।

**31. (c)**
2016 के पहले भारतीय टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले एकमात्र भारतीय क्रिकेटर वीरेन्द्र सहवाग है। सहवाग ने 28 मार्च 2004 को मुल्तान स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ 309 रन बनाकर यह उपलब्धि हासिल की। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे विश्व के 18वें बल्लेबाज है। इन्होने वर्ष 2008 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पुनः 319 रन बनाकर टेस्ट क्रिकेट में दो तिहरा शतक लगाने वाले ब्रैडमैन (ऑस्ट्रेलिया) के बाद दुनिया के दूसरे क्रिकेटर है। इन्होंने अपने टेस्ट कैरियर में दो बार दोहरा शतक भी लगाया है। 19 दिसम्बर, 2016 ई. को करुण नायर ने इंग्लैण्ड के खिलाफ एम.ए. चिदम्बरम स्टेडियम चेन्नई में अपने कैरियर के तीसरे पारी में नाबाद 303 रनों की पारी खेली।

**32. (c)**
वर्ष 1767 में भारत के राष्ट्रीय सर्वेक्षण और मानचित्रण संगठन को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत स्थापित किया गया। यह भारत का नक्शा बनाने और सर्वेक्षण करने वाली केन्द्रीय एजेन्सी है। इसका मुख्यालय देहरादून, उत्तराखण्ड में स्थित है।

**33. (c)**
Survey Map 45D/7 के अर्न्तगत गुजरात और राजस्थान राज्य आते हैं।

**34. (d)**
टिहरी बांध परियोजना का निर्माण भारत के उत्तराखण्ड राज्य के टिहरी जिले में भागीरथी नदी पर सोवियत रूस के सहयोग से किया गया है। टिहरी बांध की ऊँचाई 260.5 मीटर (855 फीट) है। यह एशिया का सबसे ऊँचा बांध है। वर्तमान में इसकी स्थापित क्षमता 2400 मेगावट है। भारत सरकार ने यहाँ अतिरिक्त 1000 मेगावट की ईकाई लगाने की मंजूरी दे दी है। टिहरी बांध परियोजना पर केन्द्र सरकार ने 75 प्रतिशत व राज्य सरकार ने 25 प्रतिशत धन व्यय किया है।

**35. (b)**
मुद्रा गुणक वह अधिकतम सीमा है। जहाँ जमा में परिवर्तन करने पर मुद्रा आपूर्ति प्रभावित होती है। मुद्रा गुणक को 1/नकद आरक्षित अनुपात द्वारा व्यक्त किया जाता है।

**36. (c)**
विश्व सांख्यिकीय दिवस संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग के मार्ग दर्शन में 5 वर्ष के अन्तराल पर 20 अक्टूबर को मनाया जाता है। पहली बार यह दिवस 20 अक्टूबर, 2010 को मनाया गया था। तीसरा विश्व सांख्यिकी दिवस 20 अक्टूबर, 2020 को मनाया गया। 2020 में इसकी थीम– 'कनेक्टिंग द वर्ल्ड विथ डाटा वी कैन ट्रस्ट' थी।

**37.** (a)
उष्णकटिबंधीय चक्रवात मुख्य रूप से मई के महीने में बंगाल की खाड़ी में उत्पन्न होते हैं ये चक्रवात विनाशक सिद्ध होते हैं। ऊष्णकटिबन्धीय चक्रवातों को विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न नामों से जाना जाता है।

**<u>कुछ महत्वपूर्ण चक्रवात एंव उनसे संबंधित क्षेत्र -</u>**

| | |
|---|---|
| **हरीकेन** | - अटलांटिक महासागर में उठने वाले तथा पश्चिमी द्वीप समूह के चारों ओर चलने वाले चक्रवाती तूफान। |
| **टाइफून** | - प्रशांत महासागर तथा दक्षिणी चीन सागर में। |
| **टारनैडो** | - मुख्य रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका। |

**38.** (a)
सुल्तान महमूद गजनवी मध्य अफगानिस्तान में स्थित गजनी का शासक था। इसने 1002-1030 ई. तक गजनी पर शासन किया। इसके पिता का नाम सुबुक्तगीन था। महमूद गजनवी भारत पर 17 बार आक्रमण किया। इसका सबसे चर्चित आक्रमण वर्ष 1025 में सोमनाथ मंदिर (सौराष्ट्र) पर हुआ। इस मंदिर की लूट में उसे लगभग 20 लाख दीनार की संपत्ति हाथ लगी थी।

**39. (d)**
गद्यांश के अनुसार **प्रेम की भाषा-शब्द रहित** है। यह नेत्र, कपोल आदि के माध्यम से व्यक्त किया जाता है।

**40. (b)**
अरण्य का शाब्दिक अर्थ - जंगल, कानन, विपिन तथा कान्तार होता है।

**41. (c)**
यत्न का आशय 'प्रयास' से है।

**42. (a)**
गद्यांश में आचरण की महिमा का वर्णन है। गद्य के अनुसार – सच्चा आचरण तथा संयुक्त आचरण का वर्णन है।

**43. (c)**
गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक **'सच्चा आचरण'** होगा क्योंकि गद्यांश में सच्चे आचरण की महत्ता का वर्णन किया गया है।

**44. (a)**
जो भाव मन में केवल अल्पकाल तक संचरण करके चले जाते हैं, उन्हें संचारी भाव (व्यभिचारी भाव) कहा जाता है। संचारी भावों की कुल संख्या 33 मानी गई है।

**45. (b)**
'मक्षिका', 'मक्खी' का तत्सम शब्द है। **'मच्छर'** का तत्सम शब्द **'मशक'** तथा **'माटी'** का तत्सम शब्द **'मृत्तिका'** होता है।

**46. (a)**
मात्रा/उच्चारण काल के आधार पर स्वरों (Vowels) को तीन भागों में बांटा गया है।

1. **ह्रस्व स्वर-** जिन स्वरों के उच्चारण में कम समय लगता है जैसे–अ,इ,उ,ऋ।
2. **दीर्घ स्वर –** जिन स्वरों के उच्चारण में ह्रस्व स्वर से अधिक समय लगता है जैसे – आ, ई, ऊ,ए,ऐ,ओ,औ।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

3. **प्लुत स्वर** – जिनके उच्चारण में दीर्घ स्वर से अधिक समय लगता है, किसी को पुकारने के लिए या नाटक के संवाद में प्रयुक्त होता है, जैसे - ओ३म।

**नोट-** संयुक्त स्वर- ए, ऐ, ओ, औ।

**47. (d)**

'य' अन्तस्थ व्यंजन है।

**अन्तस्थ व्यंजन** – य, र, ल, व

**संयुक्त व्यंजन –** क्ष (क्+ष), त्र (त् +र), ज्ञ (ज् +ञ), श्र (श् + र)

**उष्म व्यंजन –** श, ष, स, ह

**कंठ वर्ण –** क, ख, ग, घ, ङ।

**तालु वर्ण –** च, छ, ज, झ,ञ।

**मूर्धन्य वर्ण –** ट, ठ, ड, ढ, ण।

**पंचमाक्षर (नासिका) वर्ण–** ङ, ञ, ण, न, म

दन्त्य वर्ण – त, थ, द, ध, न

ओष्ठ्य वर्ण – प, फ, ब, भ, म

**48. (d)**

| **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|
| जड़ | – | चेतन |
| जल | – | थल, |
| मूर्ख | – | पण्डित |

**49. (a)**

भविष्य में होने वाला के लिए एक शब्द 'भावी' होगा।

**50. (b)**

अनिल-अनल समोच्चरित भिन्नार्थक शब्द है।

| **शब्द** | **–** | **अर्थ,** | **शब्द** | **-** | **अर्थ** |
|---|---|---|---|---|---|
| अनिल | – | हवा, | अनल | – | आग |
| अग | – | अचल, | अध | – | पाप |
| अवधि | – | समय, | अवधी | – | अवध देश की भाषा। |

**51. (d)**

**शब्द – अर्थ (अनेक)**

1. अर्थ – धन, मतलब, अभिप्राय, इन्द्रिय-विषयक।
2. अर्क – सूर्य, इन्द्र, स्फटिक, मदार का पौधा, काढ़ा।
3. अम्बर – वस्त्र, आकाश, मेघ, अभ्रक।
4. अनंता – पृथ्वी, पार्वती, दूब, पीपर।

**52. (c)**

| **अशुद्ध शब्द** | **शुद्ध शब्द** |
|---|---|
| 1. अधीकार | - अधिकार |
| 2. अनुशरण | - अनुसरण |
| 3. अध्यन | - अध्ययन |
| 4. अगामी - आगामी | |

**53. (c)**

अशुद्ध शब्द '**इतिहासिक**' का शुद्ध रूप '**ऐतिहासिक**' होता है। शेष शब्द आनुषंगिक, आध्यात्मिक तथा दायित्व शुद्ध हैं।

**54. (b)**

कर्ता कारक का परसर्ग '**ने**' है।

| **कारक** | | **विभक्तियाँ (परसर्ग)** |
|---|---|---|
| 1. कर्ता | – | ने |
| 2. कर्म | – | को |
| 3. करण | – | से, द्वारा |
| 4. सम्प्रदान | – | के लिए, हेतु, वास्ते |
| 5. अपादान | – | से (विभक्त होने के लिए) |
| 6. सम्बन्ध | – | का, की, के, रा, रे, री |
| 7. अधिकरण | – | में, पर |
| 8. संबोधन | – | हे!, हो!, अरे!, ए!, रे! |

**55. (d)**

'नेत्र' पुल्लिंग शब्द है, जबकि दया, प्रार्थना, वायु स्त्रीलिंग शब्द हैं।

**56. (a)**

'शोभा' स्त्रीलिंग शब्द है, जबकि शस्त्र, पालन, नृत्य पुल्लिंग शब्द हैं।

**57. (b)**

'प्रत्येक' सदैव एकवचन में प्रयुक्त होता है। शेष तीनों शब्दों का प्रयोग एक वचन एवं बहुवचन दोनों प्रकार से होता है।

| **एकवचन** | | **बहुवचन** |
|---|---|---|
| नदी | — | नदियाँ |
| साधु | — | साधुओं |
| घर | — | घरों |

**58. (c)**

| **वाक्य** | | **काल** |
|---|---|---|
| 1. उसने पढ़ा था। | — | भूतकाल |
| 2. वह पुस्तक पढेगा | — | भविष्यकाल |
| 3. वह जाता है | — | वर्तमान काल |
| 4. वह खेल रहा था | — | भूतकाल |

**59. (a)**

| **वाक्य** | **वाच्य** |
|---|---|
| 1. पत्र लिखा जाता है | कर्मवाच्य |
| 2. राम पुस्तक पढ़ता है | कर्तृवाच्य |
| 3. सीता पत्र लिखती है | कर्तृवाच्य |
| 4. मुझसे बैठा नहीं जाता | भाववाच्य |

**60. (d)**

रचना के आधार पर वाक्य तीन प्रकार के होते हैं-

**1. सरल वाक्य –** जिन वाक्यों में केवल एक उद्देश्य और एक ही विधेय होता है सरल वाक्य कहलाते हैं। जैसे– लड़का दौड़ता है। बन्दर पेड़ पर चढ़ रहे थे, मैने लड़कों को बुलाया।

**2. संयुक्त वाक्य –** जिन वाक्यों में दो या दो से अधिक सरल वाक्य योजकों द्वारा जुड़े हों संयुक्त वाक्य कहलाते हैं। जैसे- उसने परिश्रम किया किन्तु सफलता नहीं मिली।

योजक – और, फिर भी, नहीं तो, किन्तु, अतः, तथा, परंतु, इसलिए, या ..... आदि।

**3. मिश्रवाक्य –** जिन वाक्यों में एक मुख्य उपवाक्य हो और अन्य अन्य उपवाक्य उस पर आश्रित हो उन्हें मिश्रवाक्य कहते हैं;

जैसे- मैं जानता हूं कि तुम्हारे पास किताब नहीं हैं।

इस मेले का उद्देश्य है कि व्यापार में वृद्धि हो।

**61. (a)**

'मैंने यह काम कर लेना चाहिए' वाक्य में पुरुष संबंधी अशुद्धि है। वाक्य का अशुद्ध अंश 'मैंने' है जिसकी जगह 'मुझे' होगा। अतः शुद्ध वाक्य होगा – मुझे यह काम कर लेना चाहिए।

**62. (b)**

विराम चिन्ह के प्रयोग से किसी भी वाक्य अथवा वाक्यांश का भाव स्पष्ट हो जाता है।

| **नाम** | **विराम चिह्न** |
|---|---|
| 1. पूर्ण विराम | । |
| 2. अर्ध विराम | ; |
| 3. अल्प विराम | , |
| 4. विस्मय विराम | ! |
| 5. उद्धरण चिन्ह | " " या ' ' |
| 6. त्रुटि विराम | ^ |

**63. (a)**

'गिरा हुआ' के लिए एक शब्द '**पतित**' होगा।

**64. (b)**

'षट्पद' का पर्यायवाची–भ्रमर। इसके अन्य पर्यायवाची - भौंरा, मधुप, मिलिंद, द्विरेफ, अलि, मधुकर आदि।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**65. (c)**
'होनहार बिरवान के होत चीकने पात' लोकोक्ति का अर्थ 'होनहार बालक के गुण बचपन से ही दिखाई देने लगते हैं' होता हैं।

**66. (b)**

| **लोकोक्ति** | **अर्थ** |
|---|---|
| **1. समरथ को नहिं दोष गोसाईं -** | सामर्थ्यवान के दोष/अपराध भी क्षम्य हैं। |
| **2. सेर को सवा सेर –** | एक से बढ़कर दूसरा। |
| **3. सइंया भये कोतवाल, अब डर काहे का –** | अपने अधिकारों का अनुचित लाभ उठाना। |
| **4. सखी न सहेली, भली अकेली-** | अकेले रहना अच्छा। |

**67. (d)**
मूल पाठ का शब्दशः अनुवाद **शब्दानुवाद** कहलाता है।

**68. (a)**
कन्नौजी, भोजपुरी तथा ब्रज उत्तर प्रदेश की बोलियां हैं, जबकि मेवाती, मालवी, मारवाड़ी तथा जयपुरी राजस्थान की बालियां है।

**69. (c)**
**'धनद' गणेश** का पर्यायवाची नहीं है। 'धनद' का पर्यायवाची - कुबेर, यक्षराज, राजराज, धनपति, अंकलेश, धनपाल, धनेश्वर, किन्नरेश आदि हैं। 'गणेश' का पर्यायवाची - विनायक, एकदन्त, लम्बोदर, गजानन, गणपति, हेरम्ब, द्वैमातुर, गजवदन, मोदकप्रिय, महाकाय आदि है।

**70. (a)**
'आत्मभू, स्वयंभू, चतुरानन ये सभी '**ब्रह्मा**' के पर्यायवाची शब्द हैं। इनके अन्य पर्याय-विधाता, पितामह, विधि, विरंचि, प्रजापति आदि हैं। जबकि विष्णु का पर्याय-लक्ष्मीपति, नारायण, हरि, चतुर्भुज, केशव, उपेन्द्र तथा महेश का पर्याय-पशुपति, शिव, शंकर, पिनाकी, नीलकंठ, चंद्रमौली, महादेव एवं गणेश का पर्याय- गणपति, लम्बोदर, एकदंत, विनायक, गजानन आदि।

**71. (c)**
'ट' वर्ग में ट, ठ, ड, ढ, ण आता है और 'त' वर्ग में त, थ, द, ध, न, आता है। अतः स्पष्ट है 'ध' ट वर्ग में नहीं आता है।

**72. (d)**
**''राम धीरे-धीरे पढ़ता है''** में **'धीरे-धीरे'** क्रिया विशेषण है। जो क्रिया की विशेषता बताए क्रिया विशेषण कहलाता है।
**संज्ञा शब्द-** राम, रामायण, महाभारत, समाचार पत्र, पुस्तक, पानी, आदि
संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं। जैसे-वह जाता है। संज्ञा सर्वनाम की विशेषता बताने वाले को विशेषण कहते हैं, जैसे-मेरा घोड़ा काला है, यहाँ काला विशेषण है।

**73. (b)**
**'लड़का'** जातिवाचक संज्ञा है। जातिवाचक संज्ञा से सम्पूर्ण जाति या समुदाय का बोध होता है, जैसे - लड़का, लड़की, जानवर, पशु, पक्षी आदि।

**74. (c)**
जातिवाचक संज्ञा- जवान, बालक, मनुष्य, गाय कोयल, भूकम्प, वर्षा, दवात आदि इन सभी शब्दो से एक जाति का बोध होता है। जबकि सुन्दर शब्द किसी व्यक्ति, वस्तु की विशेषता बताता है, जैसे - कलम बहुत सुन्दर है, आदि।
'सुन्दर' शब्द विशेषण है।

**75. (c)**
बहुवचन शब्द- प्राण, नेत्र, आँसू, लोग, दर्शन, ओठ आदि। पौधा, पुस्तक, लड़का 'एकवचन' है।

**76. (a)**
$\because x*y = (x+3)^2\,(y-1)$
$\therefore\ 5*4 = (5+3)^2\,(4-1)$
$= (8)^2 \times 3$
$= 64\times 3$
$= 192$

**77. (c)**
पहिया द्वारा एक चक्कर में चली गयी दूरी $= 2\pi r$
$= 2\times\frac{22}{7}\times 21 \Rightarrow 132$ सेमी.
$\therefore$ 924 मी. की दूरी तय करने में लगे चक्करों की संख्या $= \frac{924\times 100}{132} \Rightarrow 700$

**78. (d)**
पदों का कुल योग = पदों का औसत × पदों की संख्या
$x_1+x_2+x_3 = 14\times 3$
$x_1+x_2+x_3 = 42$
प्रश्नानुसार,
$(x_2+x_3)\,2 = 50$
$(x_2+x_3) = 25$
$\therefore\ x_1 = x_1+x_2+x_3-(x_2+x_3)$
$=42-25$
$=17$

**79. (b)**
अभीष्ट मिश्रधन $= 400\times\left[1+\frac{10/2}{100}\right]^{2\times\frac{3}{2}}$
$= 400\times\left(\frac{210}{200}\right)^3$
$= 400\times\frac{21}{20}\times\frac{21}{20}\times\frac{21}{20}$
$=$ ₹ 463.05

**80. (b)**
$\sqrt{248+\sqrt{52+\sqrt{144}}}$
$=\sqrt{248+\sqrt{52+12}}$
$=\sqrt{248+\sqrt{64}}$
$=\sqrt{248+8}$
$=\sqrt{256}$
$=16$

**81. (c)**
प्रश्नानुसार,
$\frac{(5a-2b)}{(2a+b)} = \frac{7}{10}$
$\Rightarrow 50a-20b = 14a+7b$
$\Rightarrow 50a-14a = 7b+20b$
$\Rightarrow 36a = 27b$
$\Rightarrow \frac{a}{b} = \frac{27}{36}$
$\therefore \frac{a}{b} = \frac{3}{4}$
अतः $a:b = 3:4$



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**82. (c)**

| | |
|---|---|
| 3 | 9, 12, 15 |
| 3 | 3, 4, 5 |
| 4 | 1, 4, 5 |
| 5 | 1, 1, 5 |
| | 1, 1, 1, |

∴ लघुत्तम समापवर्त्य = 3×3×4× 5= 180
अतः वे 180 मिनट अर्थात 3 घंटे बाद पुनः एक साथ बजेंगी। अतः 8+3 = 11 A.M. पर पुनः एक साथ बजेंगी।

**83. (a)**
माना 4, 7 एवं 12 का चौथा समानुपाती =x
∴ 4:7:: 12 : x

$$x = \frac{7\times12}{4} \Rightarrow 21$$

**84. (b)**
∵ 20 महिला के 16 दिन का काम = 16 पुरूष के 15 दिन का काम
∴ 20 × 16 महिला = 16 × 15 पुरूष

$$\frac{\text{महिला}}{\text{पुरूष}} = \frac{16\times15}{20\times16} \Rightarrow \frac{3}{4}$$

अतः 1 पुरूष : 1 महिला = 4 : 3

**85. (a)**
3 वर्ष पश्चात् शहर की आबादी

$$= 48000\times\left(1+\frac{5}{100}\right)^3$$

$$= 48000\times\frac{105}{100}\times\frac{105}{100}\times\frac{105}{100}$$

$$= 48000\times\frac{21}{20}\times\frac{21}{20}\times\frac{21}{20}$$

= 55566
आबादी में अभीष्ट वृद्धि = 55566 – 48000
= 7566

**86. (c)**
∵ वृत्त की परिमिति $(2\pi r)$ = वर्ग की परिमिति (4a)
जहाँ r = वृत्त की त्रिज्या, a = वर्ग की भुजा

$$\therefore \frac{r}{a} = \frac{4}{2\pi} = \frac{2}{\pi} \quad ........ (i)$$

$$\frac{\text{वृत्त का क्षेत्रफल}}{\text{वर्ग का क्षेत्रफल}} = \frac{\pi r^2}{a^2}$$

$$= \pi\left(\frac{r}{a}\right)^2$$

$\pi\left(\frac{4}{\pi^2}\right)$ समी. (i) से,

$$= \frac{4}{\pi}$$

$$= \frac{4}{\frac{22}{7}} \quad \left[\therefore \pi = \frac{22}{7}\right]$$

$$= \frac{4\times7}{22} \Rightarrow \frac{14}{11}$$

∴ वृत्त का क्षेत्रफल : वर्ग का क्षेत्रफल =14: 11

**87. (a)**




बकरी द्वारा चरा गया क्षे. $= \frac{\theta}{360}\pi r^2$

$$= \frac{90}{360}\times\frac{22\times7\times7}{7}$$

= 38.5 वर्ग मी.

**88. (a)**
माना जल का वेग = x किमी./घं.
प्रश्नानुसार,

$$\frac{12}{9+x}+\frac{12}{9-x} = 3 \qquad \left(\text{समय} = \frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}}\right)$$

$$\Rightarrow 12(9-x+9+x) = 3(81-x^2)$$

$$\Rightarrow 12\times18 = 243-3x^2$$

$$\Rightarrow 3x^2 = 243-216$$

$$\Rightarrow 3x^2 = 27 \Rightarrow x^2 = 9$$

∴ x = 3 किमी./घं.

**89. (c)**

अभीष्ट औसत चाल $= \frac{2\times64\times80}{(64+80)}$

= 71.11 किमी./घं.

**90. (c)**
चूँकि जो अनुपात व्यास में है वही अनुपात त्रिज्या का भी होगा। शंकु तथा बेलन के आयतनों का अनुपात

$$= \frac{\frac{1}{3}\pi r_1^2 h_1}{\pi r_2^2 h_2}$$

$$= \frac{1}{3}\times\left(\frac{3}{2}\right)^2\times\frac{4}{5}$$

$$= \frac{1}{3}\times\frac{9}{4}\times\frac{4}{5} = 3:5$$

**91 (a)**
go [home] – ta [na] ......(i)
nice little [home] – [na] ja pa ......(ii)
अतः home समी. (i) और (ii) दोनों में मौजूद और दोनों समी. na भी मौजूद है। अतः go का कोड ta होगा।

**92. (c)**
जिस प्रकार 'स्वच्छता' से 'बीमारी' नहीं होती है। उसी प्रकार 'सावधानी' से 'दुर्घटना' नहीं होती है।

**93. (a)**
जिस प्रकार,






GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

उसी प्रकार,




अतः $\boxed{? \Rightarrow \text{HbjF}}$

**94. (b)**
जिस प्रकार,

$$\frac{20}{2}+1=11$$

उसी प्रकार,

$$=\frac{102}{2}+1$$

अतः $\boxed{? \Rightarrow 52}$

**95. (a)**
सुअर, घोड़ा तथा गाय के रहने का स्थान क्रमशः शूकरशाला, अस्तबल तथा छप्पर है जबकि आदमी के रहने का स्थान घर है ना कि गैराज। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**96. (b)** सभी विकल्पों से,

(a) W V U (−1, −1)

(b) D B A (−2, −1)

(c) N M L (−1, −1)

(d) H G F (−1, −1)

अन्य सभी विकल्पों में −1,−1 के क्रम में बढ़ रहा है, जबकि विकल्प (b) में −2, −1 के क्रम में बढ़ रहा है अतः विकल्प (b) अन्य सभी से भिन्न है।

**97. (d)** सभी विकल्पों से,

(a) $1+6+2=9$
(b) $3+4+1=8$
(c) $2+3+4=9$
(d) $1+8+3 \neq 4$

अतः विकल्प (d) अन्य सभी से भिन्न है।

**98. (b)**
शब्दकोश के अनुसार शब्दों का क्रम निम्नवत् है–
(1) Exploit → (5) Explore → (2) Explosive → (3) Exponent → (4) Exposition

**99. (b)**

3 C $\xrightarrow{+4}$ 7 G $\xrightarrow{+4}$ 11 K $\xrightarrow{+4}$ 15 O $\xrightarrow{+4}$ 19 S

1 A $\xrightarrow{+2}$ 3 C $\xrightarrow{+2}$ 5 E $\xrightarrow{+2}$ 7 G $\xrightarrow{+2}$ 9 I

18 R $\xrightarrow{-3}$ 15 O $\xrightarrow{-3}$ 12 L $\xrightarrow{-3}$ 9 I $\xrightarrow{-3}$ 6 F

अतः $\boxed{? \Rightarrow \text{SIF}}$

**100.(a)**
शृंखला निम्नवत् है–




अतः ? = 14

**101.(a)**




अतः चित्र से स्पष्ट है कि नेहा, मिथलेश की पत्नी की बुआ है।

**102.(c)**
प्रश्नानुसार,
X > W > Z > Y
अतः सबसे छोटा Y है।

**103.(c)**
शब्द SPECULATION में R मौजूद नहीं है। जिस कारण शब्द SECULAR नहीं बनाया जा सकता।

**104.(c)**
जिस प्रकार,
A = 26
तथा
X–RAY = 3 + 9 + 26 + 2 = 40
(अंग्रेजी वर्णमाला के विपरीत क्रम का योग किया गया है।)
उसी प्रकार,
W H A T = 4 + 19 + 26 + 7 = 56

अतः $\boxed{?=56}$

**105.(b)** दिया है-
A = +
B = –
C = ×
(10C4) A (4C4) B6– मूल समी.
प्रश्नानुसार अक्षरों के स्थान पर चिन्हों को रखकर हल करने पर–
$(10\times4)+(4\times4)-6$
$40 + 16 - 6$
$56 - 6 = 50$

अतः $\boxed{?=50}$

**106.(b)**

| 12 8 4 | 8 4 12 | 4 12 8 | 100 44 ? |
|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| $12=8+4$ | $8+4=12$ | $12-8=4$ | $100-44=56$ |

अतः $\boxed{? \Rightarrow 56}$

**107.(a)**




अतः अब उस व्यक्ति का मुँह उत्तर दिशा में हैं।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**108.(d)**




एक अंक वाले त्रिभुजों की संख्या = 1, 2, 3, 4, 5 और 6 = 6
दो अंक वाले त्रिभुजों की संख्या = (2,3),(3,7),(4,8),(4,5) = 4
तीन अंक वाले त्रिभुजों की संख्या = (2,4,8),(3,5,7),(4,5,6) =3
चार अंक वाले त्रिभुजों की संख्या = (1,2,4,8) =1
अतः आकृति में त्रिभुजों की संख्या = 6 + 4 + 3 + 1 = 14

**109.(d)**




**110.(c)**
प्रश्नानुसार अक्षरों के मूल्यों का योगफल निम्न होगा।
HEART ⇨ 8 + 5 + 1 + 18 + 20 = 52
LIVER ⇨ 12 + 9 + 22 + 5 + 18 = 66
LUNGS ⇨ 12 + 21 + 14 + 7 + 19 = 73
TEETH ⇨ 20 + 5 + 5 + 20 + 8 = 58
अतः स्पष्ट है कि LUNGS के अक्षरों के वर्णमाला क्रमांक के समान मूल्य के मानों का योगफल सर्वाधिक (73) है।

**111.(c)**
जब दो पासे के दो फलक के अंक या चित्र समान हो तथा तीसरे फलक के अंक या चित्र भिन्न हो तब तीसरी फलक की संख्या या चित्र आपस में विपरीत क्रम में होती हैं। पासा (i) तथा पासा (iii) के 3 तथा 4 अंक दोनों पासों में हैं। अतः शेष तीसरी संख्या 2 के विपरित 5 होगा।

**112.(a)**
ठोस घन का आयतन = 18 × 18 × 18
छोटे घन का आयतन = 3 × 3 × 3

अभीष्ट घनों की संख्या $= \frac{18\times18\times18}{3\times3\times3}$
= 6 × 6 × 6 = 216

**113.(c)**
23 वीं तारीख के 2 सप्ताह और 4 दिन पहले का दिन = 23 वीं तारीख के 4 दिन पहले का दिन।
रविवार −4 = 4 बुधवार
अतः 23वीं तारीख से 4 दिन पहले बुधवार था।

**114.(b)**
जिस प्रकार जेल की देख–रेख के लिये 'जेलर' होता है। उसी प्रकार संग्राहालय की देख–रेख के लिये 'क्यूरेटर' होता है।

**115.(b)**
दिया गया है-
FED : IHG :: ? : ?
जिस प्रकार, उसी प्रकार विकल्प (b) से,

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| F | $\xrightarrow{+3}$ | I | T | $\xrightarrow{+3}$ | W |
| E | $\xrightarrow{+3}$ | H | S | $\xrightarrow{+3}$ | V |
| D | $\xrightarrow{+3}$ | G | R | $\xrightarrow{+3}$ | U |

**116.(d)**
जिस प्रकार,
$$\sqrt{9} = 3,\ 3+2 \ \Rightarrow (5)^2 = 25$$
उसी प्रकार,
$$\sqrt{49} = 7,\ 7+2 \Rightarrow (9)^2 = 81$$

**117. (c)**




अतः अन्य सभी शृंखला +3 और +2 के क्रम में बढ़ रहा है जबकि विकल्प (c) में +2 और +2 के क्रम में बढ़ रहा है अतः विकल्प (c) अन्य सभी में भिन्न है।

**118.(b)**




अतः विकल्प (b) अन्य सभी से भिन्न है।

**119.(c)**
पहली संख्या का दोगुना दूसरी संख्या जबकि विकल्प (c) में 28 का दोगुना 56 होगा, जबकि 49 दिया गया है। अतः विकल्प (c) सभी विकल्पों से भिन्न है।

**120.(d)**
शब्दकोश में शब्दों का सही क्रम निम्नवत् होगा-
(3) Deerstalker → (1) Defect → (2) Defence →
(4) Defensive
अतः क्रम = 3, 1, 2, 4

**121. (d)**




उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि निष्कर्ष (I) और निष्कर्ष (II) दोनों गलत हैं।

**122 (d)**






GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

आकृति में त्रिभुज की संख्या 13 है, जो निम्न है -

ΔABH, ΔAHE, ΔBHG, ΔBGC, ΔGCF, ΔEFD, ΔABE, ΔBEF, ΔBCF, ΔABG, ΔBCH, ΔABC, ΔADC

**123.(b)**

₹ 45 में खरीद पर ₹ 5 की बचत करता है। अतः अंकित मू.= 45 + 5 = ₹ 50

बचत % $= \frac{5}{50} \times 100 = 10\%$

**124.(b)**

घोल की कुल मात्रा = 2+6= 8 Lit

घोल में जल की मात्रा $= 6 \times \frac{60}{100} = 3.6$Lit

जल का % $= \frac{3.6}{8} \times 100 = 45\%$

**125.(a)**

शब्द COMMUNICATION से शब्द AMMUNITION बनाया जा सकता है। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**126.(b)**

जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




**127.(a)**

मूल समी. = 40 × 12 + 3 – 6 ÷ 60

प्रश्नानुसार चिह्न बदलने पर,

40 +12 ÷ 3 × 6 – 60

= 40 + 24 – 60 = 4

**128. (c)**

माना 5 आदमी x दिन बाद काम छोड़कर चले गए।

$M_1$ = 15 आदमी

$D_1$ = 40 दिन

∴ प्रश्न से,

$M_1D_1 = M_2D_2 + M_3D_3$

15×40 = 15 × x + 10 (45–x) ⇒ 600 = 15x + 450 – 10x

5x = 150 ⇒ x = 30

∴ अभीष्ट उत्तर = 30 दिन।

**129. (a)**

वस्तु का लागत मूल्य = ₹200

वस्तु का अंकित मूल्य

$= \frac{\text{लागत मूल्य} \times (100 + \text{लाभ } \%)}{(100 - \text{छूट}\%)}$

$= \frac{200 \times (100+20)}{(100-20)}$

$= \frac{200 \times 120}{80} =$ ₹300

अतः वस्तु का अंकित मूल्य = ₹300

**130. (a)**

माना पहली, दूसरी तथा तीसरी संख्याएँ क्रमशः x, y तथा z हैं।

प्रश्नानुसार,

y : z = 9 : 13 ........(1)

तथा x : z = 2 : 7

z : x = 7: 2 ........(2)

समी. (1)× 7 तथा समी. (2) ×13 से,

y:z = 63:91

z:x = 91:26

∴ y:z:x = 63:91:26

∴ तीसरी संख्या $(z) = \left(\frac{91}{26+63+91}\right) \times 540$

$= \frac{91}{180} \times 540 \Rightarrow 91 \times 3 = 273$

**131.(c)**




वेन–आरेख से कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है।

**132.(c)**

एक आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या =10

दो आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या =3

चार आकृति वाले त्रिभुजों की संख्या =1

सबसे बड़े वाले त्रिभुज =1

कुल त्रिभुजों की संख्या = 10+3+1+1=15

**133.(a)**

विकल्प (a) सत्य है।




**134.(b)**

अगली Image, Mirror Image बन रही है अतः विकल्प (b) सत्य होगा।

**135. (a)**

कागज को मोड़कर काटने तथा खोलने पर आकृति विकल्प (a) जैसे दिखाई देगा।

**136. (a)**

प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को उत्तर आकृति (a) के प्रतिविम्ब पूरा करेगी।

**137. (d)**

प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को उत्तर आकृति (d) के प्रतिरूप को पूरा करेगी।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**138.(c)**

T = 59, 66, 78, 85, 97
O = 02, 14, 21, 33, 40
N = 58, 65, 77, 89, 96
E = 01, 13, 20, 32, 44

तुलना करने पर विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

**139.(b)**




संबंध आरेख से स्पष्ट है कि विनोद फोटो वाली लड़की का पिता है।

**140.(a)**

माना लड़कों की संख्या x है

तथा लड़कियों की संख्या (x + 2)

प्रश्नानुसार

$10x + 20(x + 2) = 280$

$\Rightarrow 10x + 20x + 40 = 280$

$\Rightarrow 30x = 280 - 40$

$\therefore\ x = \frac{240}{30} = 8$

अतः बुलाये गये लड़कों की संख्या 8 थी।

**141.(d)**

दिया गया है-

B = 40

C = 40 - 5 = 35

D = 40 + 10 = 50

A = 50 + 20 = 70

E = 40 + 22 = 62

अतः A को प्राप्त अंक = 70

**142.(b)**




वेन आरेख की सहायता से समूह में व्यक्तियों की कुल संख्या

= 4 + 4 + 13 + 1 + 1 + 1

= 21 + 3

= 24

**143.(c)**

प्रश्नानुसार यदि मिनट की सुई पूर्व में होगी तब घंटे की सुई उत्तर पूर्व दिशा में होगी।

**144. (c)**

$3 \times 4 \times 3 = 36$

$5 \times 6 \times 7 = 210$

$9 \times ? \times 2 = 36$

$? = \frac{36}{18} = 2$

**145. (d)**




अतः अशोक प्रारम्भिक दिशा से दक्षिण की ओर होगा।

**146.(b)**

33 को छोड़कर अन्य शेष सभी अभाज्य संख्याओं की क्रमिक शृंखला है।

**147.(b)**

विकल्प b में प्रश्नानुसार चिन्ह बदलने पर,

8 + 44 × 5 − 25 = 8 + 220 − 25 = 203

**148.(d)**

जिस प्रकार, $(11)^2 + 1 = 122$

$(13)^2 + 1 = 170$

उसी प्रकार,

$(17)^2 + 1 = 290$

$(19)^2 + 1 = 362$

**149.(c)**

जिस प्रकार,

B A C E

+13↓ +13↓ +13↓ +13↓

O N P R

उसी प्रकार,

J I K M

+13↓ +13↓ +13↓ +13↓

W V X Z

**150.(c)**




अभीष्ट दूरी = 7 + 7

= 14 km.



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# PRACTICE SET - 11

## सामान्य जानकारी

**1. भारत के संविधान में निम्न में से किसके विरुद्ध अभियोग चलाने का प्रावधान नहीं है?**
(a) राष्ट्रपति के (b) राज्य के राज्यपाल के
(c) भारत के मुख्य न्यायाधीश (d) भारत के उपराष्ट्रपति के

**2. कम्प्यूटर में डाटा का किस रूप में भण्डारण होता है?**
(a) आक्टल (b) हेक्सा-डेसीमल
(c) डेसीमल (d) बाइनरी

**3. संविधान के किस अनुच्छेद के प्रावधानों के अंतर्गत भारत सरकार ने 'भारत रत्न' और 'पद्मश्री' को प्रारंभ किया?**
(a) अनुच्छेद 15 (b) अनुच्छेद 16
(c) अनुच्छेद 17 (d) अनुच्छेद 18

**4. भारत में कृषि आयकर लगाया जा सकता है**
(a) स्थानीय सरकारों द्वारा (b) राज्य सरकारों द्वारा
(c) केन्द्र सरकार द्वारा (d) केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा

**5. निम्नलिखित में कौन एक द्रवता अनुपात है?**
(a) पूंजी पर रिटर्न (b) चालू अनुपात
(c) परिसम्पत्ति टर्नओवर (d) ऋण से शेयरपूंजी अनुपात

**6. भारतीय संविधान के अन्तर्गत, निम्नलिखित में से कौन एक मौलिक कर्त्तव्य नहीं है?**
(a) लोक चुनावों में वोट डालना
(b) वैज्ञानिक कागजों को विकसित करना
(c) लोक सम्पत्ति की सुरक्षा करना
(d) संविधान को मानना एवं इसके आदर्शों की कद्र करना

**7. निम्नांकित में से किस क्रांति ने तिलहनों के उत्पादन में वृद्धि उत्पन्न की।**
(a) हरित क्रांति (b) श्वेत क्रांति
(c) स्वर्ण क्रांति (d) पीली क्रांति

**8. कौन-सा भोजन तुरन्त शक्ति प्रदान करता है?**
(a) प्रोटीन (b) मक्खन
(c) विटामिन (d) ग्लूकोज

**9. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दूसरे अधिवेशन में कितने प्रतिनिधियों ने भाग लिया था?**
(a) 434 (b) 190
(c) 212 (d) 628

**10. निम्नलिखित में से कौन-सा जिला भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर है?**
(a) गोरखपुर (b) जयपुर
(c) किन्नौर (d) कुलेर

**11. मोनोजाइट किसका अयस्क है?**
(a) जर्कोनियम (b) थोरियम
(c) टाइटेनियम (d) लौह

**12. निम्नलिखित किसके शासनकाल में मुगलों और मराठों के बीच द्वन्द्व प्रारंभ हुआ?**
(a) अकबर (b) जहांगीर
(c) शाहजहाँ (d) औरंगजेब

**13. हाल ही में प्रित्जकर आर्किटेक्चर पुरस्कार 2023 से किसे सम्मानित किया गया?**
(a) के. बालकृष्णन (b) डेविड अर्नाल्ड
(c) डेविड चिपरफील्ड (d) डेविड वेयर

**14. एक सहकारी समिति के गठन के लिए न्यूनतम कितने सदस्यों की आवश्यकता होती है?**
(a) 2 (b) 5
(c) 7 (d) 10

**15. पश्चिमी घाट हैं**
(a) पर्वत (b) पठार
(c) पठारों का ढलान (d) पहाड़ियां

**16. अप्रैल 2023 में किस राज्य ने ऑन लाइन गैम्बलिंग पर प्रतिबन्ध लगाने से संबंधित कानून बनाया है?**
(a) उत्तर प्रदेश (b) असम
(c) तमिलनाडु (d) केरल

**17. निम्नलिखित किन सम्राटों के शासनकाल में भारत का पहला मुद्रा रुपया मुद्रित हुआ?**
(a) अकबर (b) हुमायूँ
(c) शेरशाह सूरी (d) समुद्रगुप्त

**18. शहद का प्रमुख घटक है :**
(a) ग्लूकोज (b) सुक्रोज
(c) माल्टोज (d) फ्रक्टोज

**19. निम्नलिखित में से कौन राजस्व व्यय का एक उदाहरण है?**
(a) फैक्ट्री शेड का निर्माण
(b) जमीन की खरीद
(c) एक प्रिंटर की मरम्मत
(d) एक नए मशीन की स्थापना

**20. निम्नलिखित किसमें कार्बन नहीं होता है?**
(a) डायमंड (b) ग्रेफाइट
(c) कोयला (d) इनमें से कोई नहीं

**21. निम्नलिखित में से कौन-सा विधेयक केवल लोकसभा में ही पेश किया जा सकता है?**
(a) संविधान संशोधन विधेयक (b) सरकारी विधेयक
(c) धन विधेयक (d) निजी सदस्य विधेयक

**22. अप्रैल 2023 में संपीडित बायो गैस (CBG) का वैश्विक सम्मेलन कहां आयोजित किया गया?**
(a) ग्वालियर (b) गांधीनगर
(c) दिल्ली (d) गुवाहाटी

**23. पैगंबर मोहम्मद का जन्मदिन _______ के नाम से भी मनाया जाता है।**
(a) ईद-उल-फितर (b) ईद-उल-अज़ा
(c) रमजान (d) मिलाद उन-नबी

**24. वुड के नीतिपत्र का संबंध ______ से है।**
(a) अकाल (b) सैन्य
(c) व्यापार (d) शिक्षा

**25. निम्नलिखित में से कौन भारत में कथक नृत्य की प्रतिपादक है?**
(a) सुमन कल्याणपुर (b) प्रेरणा श्रीमाली
(c) मोनाली ठाकुर (d) ऊषा उत्थुप

**26. निम्नलिखित में कौन सा लैंग्वेज पैस्कल से प्राप्त सिस्टम प्रोग्रामिंग लैंग्वेज है एवं रक्षा ऐप्लिकेशन के लिए अभीष्ट है?**
(a) फोर्ट्रान (b) सी ++ लैंग्वेज
(c) सी लैंग्वेज (d) एडा



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

27. **विटामिन-सी का सबसे उत्तम स्त्रोत है–**
(a) सेब (b) आँवला
(c) अमरूद (d) दूध

28. **निम्न में से कौन सा अन्तर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के रूप में मनाया जाता है?**
(a) 1 दिसम्बर (b) 3 दिसम्बर
(c) 25 दिसम्बर (d) 31 दिसम्बर

29. **निम्नलिखित में कौन सा कम्प्यूटर एनालॉग आउटपुट को डिजिटल फार्म में परिवर्तित करने से मुख्यतः सम्बद्ध है?**
(a) डिजिटल कम्प्यूटर (b) एनालॉग कम्प्यूटर
(c) हाइब्रिड कम्प्यूटर (d) मेनफ्रेम कम्प्यूटर

30. **किसने बंगाल में स्थायी उपनिवेश की शुरूआत की?**
(a) लॉर्ड कर्जन (b) विलियम बेंटिक
(c) लॉर्ड डलहौजी (d) लॉर्ड कॉर्नवालिस

31. **बी.सी.जी. टीका किसके विरुद्ध रोग प्रतिरोधक शक्ति प्रदान करता है?**
(a) पोलियोमाइलिटिस (b) ट्यूबरकुलोसिस
(c) टिटनेस (d) कुकुरखांसी

32. **महात्मा गांधी ने निम्नलिखित में से किसे अपना राजनीतिक गुरु माना था?**
(a) बाल गंगाधार तिलक (b) गोपाल कृष्ण गोखले
(c) दादाभाई नौरोजी (d) बी. आर. अम्बेडकर

33. **भारत और श्रीलंका को अलग करने वाली जलराशि कौन सी है?**
(a) ग्रेट चैनल (b) 8 डिग्री चैनल
(c) पाक जलसंधि (d) 10 डिग्री चैनल

34. **वास्को डि गामा किस वर्ष कालीकट में उतरा?**
(a) 1234 (b) 1681
(c) 1394 (d) 1498

35. **उत्तर प्रदेश में कौन सी जनजाति दीपावली को शोक के रूप मे मनाती है?**
(a) सहरिया (b) थारु
(c) भोटिया (d) परहरिया

36. **भारत के संविधान के अनुच्छेद 243 निम्नलिखित किसकी व्याख्या करता है?**
(a) भूमि सुधार
(b) पंचायती राज प्रणाली
(c) मौलिक कर्त्तव्य
(d) राज्यपाल की विवेकाधीन शक्तियां

37. **आक्सीजन की खोज की थी**
(a) रोनाल्ड (b) प्रीस्टले
(c) जॉन नेपियर (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

38. **विश्वभारती विश्वविद्यालय के संस्थापक निम्नलिखित में से कौन थे?**
(a) लाला हरदयाल
(b) स्वामी विवेकानंद
(c) रविन्द्रनाथ टैगोर
(d) मदन मोहन मालवीय

# सामान्य हिन्दी

**निर्देश :-( प्रश्न 39 से 40 ) नीचे लिखे प्रश्नों का सही विलोम चुनिये।**

39. **परोक्ष**
(a) प्रत्यक्ष (b) अपरोक्ष
(c) स्थूल (d) द्रष्टव्य

40. **उत्कृष्ट**
(a) अपकृष्ट (b) निकृष्ट
(c) व्यर्थ (d) विकराल

41. **'पानी पीकर जात पूछना' का अर्थ है-**
(a) अनोखा काम करना
(b) विपरीत काम करना
(c) काम निकलने के बाद सोचना
(d) आराम से विचार करना

42. **वाक्यों का वर्गीकरण मुख्यतः कितने प्रकार से होता है?**
(a) 2 (b) 3
(c) 6 (d) 8

43. **'पावन' का संधि विच्छेद होगा-**
(a) पा + वन (b) प + आवन
(c) पौ + अन (d) पो + अन

44. **शुद्ध शब्द चुनिए -**
(a) गंगा-जल (b) वे-बुनियाद
(c) बड़ा-सा (d) चौ-पाया

45. **निम्नलिखित में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया है?**
(a) पानी बरस रहा है।
(b) मैं गेहूं पिसवाता हूँ।
(c) श्याम निबंध लिखता है।
(d) राम मोहन को रूला रहा है।

46. **'मुझे' किस प्रकार का सर्वनाम है?**
(a) उत्तम पुरुष (b) मध्यम पुरुष
(c) अन्य पुरुष (d) इनमें से कोई नहीं

47. **अर्थ के आधार पर शब्द कितने प्रकार के होते है?**
(a) 3 (b) 4
(c) 5 (d) 6

48. **'लालटेन' शब्द निम्न वर्गों में से किस वर्ग में आता है?**
(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) देशज (d) विदेशज

49. **'यशोदा' में प्रयुक्त संधि का नाम है -**
(a) स्वर (b) व्यंजन
(c) विसर्ग (d) इनमें से कोई नहीं

50. **'कुर्सी पर मास्टर जी बैठे हैं' इस वाक्य में 'कुर्सी' शब्द किस कारक में है?**
(a) करण कारक (b) सम्प्रदान
(c) संबंध (d) अधिकरण

51. **बहुव्रीहि समास का उदाहरण कौन सा है?**
(a) पंचवटी (b) करोड़पति
(c) चतुर्भुज (d) चरण कमल

52. **'तिलक' किस प्रकार का शब्द है?**
(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) देशज (d) संकर

53. **'अंडे का शहजादा' का अर्थ है -**
(a) कमजोर व्यक्ति (b) चालाक व्यक्ति
(c) अनुभवी व्यक्ति (d) अनुभवहीन व्यक्ति



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**54. 'प्रत्युत्पन्नमति' का अर्थः -**
(a) उत्तर न देने की क्षमता
(b) जो फिर से उत्पन्न हुआ हो
(c) जिसकी बुद्धि में नई-नई बात उत्पन्न होती है
(d) जो तत्काल सोचकर उत्तर दे सके

**55. 'हाड़ौती' बोली है -**
(a) पश्चिमी राजस्थान की (b) पूर्वी राजस्थान की
(c) दक्षिणी राजस्थान की (d) उत्तरी राजस्थान की

**56. प्रेमचन्द के अधूरे उपन्यास का नाम है-**
(a) गबन (b) रंगभूमि
(c) मंगलसूत्र (d) सेवासदन

**57. शुद्ध वाक्य चुनिये- (विराम चिह्न)**
(a) आप शायद पटना के रहने वाले हैं।
(b) आप शायद पटना के रहने वाले है।
(c) "आप शायद पटना के रहने वाले हैं"
(d) आप शायद पटना के रहने वाले हैं?

**58. अघोष वर्ण कौन सा है?**
(a) अ (b) ज
(c) ह (d) स

**59. 'एक ही समय में वर्तमान' के लिए एक शब्द है–**
(a) आजीवन (b) शाश्वत
(c) समसामयिक (d) समानुकूल

**60. पार्थिव का अर्थ है–**
(a) जिसका सम्बन्ध मनुष्यों से है।
(b) जिसका सम्बन्ध प्रथा से है।
(c) जिसका सम्बन्ध ईश्वर से है।
(d) जिसका सम्बन्ध पृथ्वी से है।

**61. 'उद्धत' का विलोम शब्द है -**
(a) सौख्य (b) विनीत
(c) उत्तम (d) कोमल

**62. 'घर' का पर्यायवाची शब्द है -**
(a) विहार (b) इला
(c) आश्रम (d) गेह

**63. विपरीतार्थक शब्द चुनिए - 'शोषक'**
(a) शोषित (b) पोषक
(c) पोसक (d) शोषण

**64. 'कहावत' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है -**
(a) हावत (b) वत
(c) कह (d) आवत

**65. "वह खा रहा था" में 'खा रहा था' कौन-सा काल है**
(a) पूर्ण भूत (b) अपूर्ण भूत
(c) संदिग्ध भूत (d) सामान्य भूत

**66. 'पुस्तकें धड़ाधड़ बिक रही हैं में 'धड़ाधड़' में शब्द का कौन सा रुप है?**
(a) क्रिया-विशेषण (b) विशेषण
(c) क्रिया (d) प्रविशेषण

**67. "राम ने कहा कि मैं घर जाऊँगा" में "घर जाऊँगा" कौन सा वाक्य है**
(a) संज्ञा उपवाक्य (b) विशेषण उपवाक्य
(c) क्रियाविशेषण उपवाक्य (d) क्रिया उपवाक्य

**68. इलाहाबाद में बोली जाने वाली बोली है**
(a) ब्रज (b) अवधी
(c) खड़ी बोली (d) भोजपुरी

**69. 'ऐ' के उच्चारण-स्थान का नाम है**
(a) तालव्य (b) दंत्य
(c) कंठौष्ठ्य (d) कंठतालव्य

**70. उड्डयन का संधि विच्छेद होगा**
**14. प्रसिद्ध गीत 'सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा' की रचना किसने की?**
(a) साहिर लुधियानवी (b) सर सैय्यद अहमद खाँ
(c) सर मुहम्मद इकबाल (d) बहादुर शाह जफर

**15. पल्ली आंदोलन सम्बन्धित है–**
(a) उड़ीसा (b) तमिलनाडु
(c) महाराष्ट्र (d) गुजरात

**16. भारत कला भवन कहाँ स्थित है?**
(a) लखनऊ (b) बनारस
(c) इलाहाबाद (d) आगरा

**17. भारत की सड़क प्रणाली का विश्व में कौन सा स्थान है?**
(a) दूसरा (b) चौथा
(c) पाँचवां (d) छठा

**18. भारत में सिकन्दर लोदी का शासनकाल कब से कब तक था?**
(a) 1421-1434 ई. (b) 1451-1489 ई.
(c) 1489-1517 ई. (d) 1517-1526 ई.

**19. ''अतीत के चलचित्र'' किस लेखक द्वारा लिखा हुआ उपन्यास है?**
(a) सुरेन्द्र कुमार (b) मुंशी प्रेमचंद
(c) मैथिलीशरण गुप्त (d) महादेवी वर्मा

**20. अप्रैल 2023 में सांग महोत्सव का आयोजन किस राज्य में किया गया?**
(a) सिक्किम (b) अरूणाचल प्रदेश
(c) हरियाणा (d) मेघालय

**21. हाल ही में चर्चा में रही 'पीरा-कुन्फर सुरंग' कहां अवस्थित है?**
(a) सिक्किम (b) जम्मू-कश्मीर
(c) अरुणाचल प्रदेश (d) हिमाचल प्रदेश

**22. भारत में हरित क्रान्ति का श्रेय किसको जाता है?**
(a) डॉ. रामाकृष्णन
(b) डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम
(c) डॉ. रंगराजन
(d) डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन

**23. भारत में सबसे लम्बी नदी कौन-सी है?**
(a) गोदावरी (b) यमुना
(c) गंगा (d) ब्रह्मपुत्र

**24. अप्रैल 2023 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए किस राज्य को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया?**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

(a) उत्तर प्रदेश (b) कर्नाटक
(c) तमिलनाडु (d) तेलंगाना

**25. सौरमण्डल में सबसे छोटा ग्रह कौन-सा है?**
(a) शनि (b) बुध
(c) मंगल (d) शुक्र

**26. किस पूर्व प्रधानमंत्री को शांति पुरुष "Man of Peace" के नाम से भी जाना जाता है?**
(a) पंडित जवाहरलाल नेहरु (b) लाल बहादुर शास्त्री
(c) राजीव गाँधी (d) चौ. चरण सिंह

**27. विश्व में चावल उत्पादन में भारत का कौन-सा स्थान है?**
(a) प्रथम (b) द्वितीय
(c) तृतीय (d) चतुर्थ

**28. अवध पर सहायक गठबंधन संधि _____ में लागू की गई थी।**
(a) 1802 (b) 1804
(c) 1801 (d) 1803

**29. अम्ल नीले लिटमस पत्र को _____ कर देता है।**
(a) लाल (b) पीला
(c) नारंगी (d) गुलाबी

**30. ''ऑल इंडिया मुस्लिम लीग'' का गठन _______ में ढाका में हुआ था।**
(a) 1902 (b) 1904
(c) 1900 (d) 1906

**31. शेरशाह सूरी द्वारा निर्मित ऐतिहासिक सड़क को किस नाम से जाना जाता है?**
(a) एक्सप्रेस वे (b) ग्रैंड ट्रंक रोड
(c) हाइवे (d) कार्ट रोड

**32. गंगा सागर मेला ______ में हुगली नदी मुहाने पर आयोजित किया जाता है।**
(a) पश्चिम बंगाल (b) गोवा
(c) बिहार (d) आंध्र प्रदेश

**33. लेड ( सीसा ) का परमाणु क्रमांक क्या है?**
(a) 82 (b) 79
(c) 78 (d) 81

**34. 'सत्यमेव जयते' शब्द किस उपनिषद से लिया गया है?**
(a) अक्षि उपनिषद (b) मुण्डक उपनिषद
(c) गरूड़ उपनिषद (d) महावाक्य उपनिषद

**35. मोहनजोदड़ो में सबसे बड़ी इमारत कौन-सी है?**
(a) ग्रेट बॉथ (विशाल स्नानागार)
(b) ग्रेट ग्रैनरी (विशाल अन्नागार)
(c) एसेंबली हॉल
(d) आयताकार भवन

**36. भारत की संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे?**
(a) के. एम. मुंशी (b) डी. पी. खेतन
(c) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर (d) टी. टी. कृष्णमाचारी

**37. स्थिति में परिवर्तन________ है**
(a) गति (b) चाल
(c) वेग (d) दूरी

**38. तारामण्डल 'सप्त-ऋषि' को पश्चिम निवासी किस नाम से जानते है?**
(a) सेवन मोंक (b) अल्फा सेन्चुरी
(c) बिग डिप्पर (d) स्मॉल बियर

# सामान्य हिन्दी

**39. निम्न में सर्वनाम शब्द है–**
(a) दान (b) भजन
(c) कुछ (d) पढ़ना

**40. निम्न में विशेषण शब्द है–**
(a) बुढ़ापा (b) दौड़
(c) क्रोध (d) शांत

**41. निम्न में प्रेरणार्थक क्रिया है–**
(a) चलना (b) जगाना
(c) पढ़ना (d) बदलना

**42. निम्न में अव्यय है–**
(a) भारत (b) श्याम
(c) आह (d) दक्षिण

**43. 'आँख' का पर्यायवाची है–**
(a) लोचन (b) पावक
(c) वसन (d) प्रभा

**44. मन रे तन कागद का पुतला।**
**लागै बूँद बिनसि जाय छिन में,**
**गरब करे क्या इतना।।**
**इन पंक्तियों में कौन-सा रस है?**
(a) भक्ति रस (b) शृंगार रस
(c) करुण रस (d) शांत रस

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 45 एवं 46 के लिए)**
**शब्दों के अर्थ विकल्पों में दिए गए हैं। इनमें कोई एक विकल्प गलत है अर्थात् (उस शब्द का अर्थ नहीं है) उस विकल्प का चयन कीजिए।**

**45. तक्षक**
(a) बढ़ई (b) सूत्रधार
(c) शिलान्यास (d) विश्वकर्मा

**46. भाव**
(a) भवन (b) दर
(c) विचार (d) अभिप्राय

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 47 से 48 तक)**
**रिक्त स्थानों की पूर्ति दिए गए विकल्पों में से कीजिए।**

**47. आज के वैज्ञानिक नए-नए..............द्वारा हमारे जीवन को सुखमय बना रहे हैं।**
(a) अनुसंधानों (b) आविष्कारों
(c) पदार्थों (d) विचारों

**48. यदि इस रोग को आरम्भ में ही काबू न किया गया, तो यह ............ हो सकता है।**
(a) संक्रामक (b) आक्रामक
(c) अतिक्रामक (d) अभिक्रामक

**49. 'सच्छास्त्र' का समुचित संधि विच्छेद है–**
(a) सच् + छास्त्र (b) सत् + शास्त्र
(c) सत् + छास्त्र (d) सच् + शास्त्र

**50. 'युद्ध में स्थिर रहने वाला' – किस समास का विग्रह पद है?**
(a) करण तत्पुरुष (b) अलुक तत्पुरुष
(c) संप्रदान तत्पुरुष (d) संबध तत्पुरुष



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

51. 'कन्नड़' का संबंध किस भाषा परिवार से हैं?
(a) आर्य भाषा परिवार (b) द्रविड़ भाषा परिवार
(c) देव भाषा परिवार (d) भारोपीय भाषा परिवार

52. निम्न में से कौन पदबंध का भेद नहीं है?
(a) विशेषण पदबंध (b) अव्यय पदबंध
(c) क्रिया पदबंध (d) संज्ञा पदबंधन

53. "वह बहुत अच्छा लड़का है" में वह में कौन-सा सर्वनाम है
(a) निश्चयवाचक (b) अनिश्चयवाचक
(c) सम्बंधवाचक (d) निजवाचक

निर्देश : (प्रश्न संख्या 54 से 56) : निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के विलोम के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं। उचित विलोम छाँटकर उसे चिन्हित करें।

54. भारतीय लोक जीवन में योग को अति महत्वपूर्ण समझा जाता है।
(a) नियोग (b) भोग
(c) अभियोग (d) रोग

55. उसका उत्तरीय उस पर बहुत जँच रहा था।
(a) टोपी (b) साड़ी
(c) कोट (d) अधोवस्त्र

56. लंबी योग साधना से उसका ओजस्वी चेहरा देखते ही बनता था।
(a) शोकाकुल (b) कामुक
(c) कान्तिहीन (d) मलीन

57. 'शैतान की आँत'– इस मुहावरे का उपयुक्त अर्थ है–
(a) अत्यन्त धूर्त व्यक्ति
(b) बहुत लम्बी वस्तु
(c) अत्यन्त नगण्य वस्तु
(d) अत्यन्त लाभदायक वस्तु

58. प्रत्यक्ष के द्वारा अप्रत्यक्ष का चमत्कारपूर्ण वर्णन किस अलंकार का लक्षण है?
(a) अनुमान (b) एकावली
(c) परिकर (d) कारणमाला

59. हिन्दी खड़ी बोली किस अपभ्रंश से विकसित हुई है?
(a) मागधी (b) शौरसेनी
(c) ब्राचड़ (d) अर्द्धमागधी

60. द्विवेदी युगीन रचना 'जय भारत' के रचनाकार हैं–
(a) मैथिलीशरण गुप्त (b) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(c) बालमुकुन्द गुप्त (d) श्रीधर पाठक

61. कबीर ने समाज सुधार के अंतर्गत किसका उपदेश नहीं दिया?
(a) मूर्ति पूजा का विरोध
(b) जाति प्रथा का खंडन
(c) स्त्री-पुरुष की समानता
(d) हिन्दू-मुस्लिम पाखंड का खंडन

62. जायसी द्वारा रचित 'पद्मावत' निम्न में से क्या है?
(a) वक्रोक्ति (b) अन्योक्ति
(c) समासोक्ति (d) रूपक काव्य

निर्देश : (प्रश्न संख्या 63 से 67) : निम्नलिखित वाक्यों में उनके प्रथम तथा अन्तिम अंश संख्या 1 से 6 के अन्तर्गत दिये गये हैं। बीच वाले चार अंश (य), (र), (ल), (व) के अन्तर्गत बिना क्रम के हैं। चारों अंशों को उचित क्रमानुसार व्यवस्थित कर सही विकल्प चुनें।

63. 1. प्रतियोगिता में भेजे गये फोटो
(य) अवश्य भेजें ताकि फोटो अस्वीकृत
(र) के साथ उचित आकार का, पर्याप्त डाक
(ल) होने पर उसे वापस भेजा जा सके, वरना अस्वीकृत
(व) टिकट लगा और अपने पते वाला लिफाफा
6. फोटो वापस नहीं भेजा जाएगा।
(a) य ल व र (b) व र य ल
(c) व ल र य (d) र व य ल

64. 1. फोटो के साथ प्रतियोगी फोटोग्राफर
(य) व्यक्ति की अनुमति प्राप्त कर ली है और
(र) इस आशय का प्रमाण पत्र अवश्य
(ल) इस विषय में प्रकाशक को होने वाले नुकसान।
(व) संलग्न करे कि उसने फोटो खिंचे
6. हानि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
(a) र व य ल (b) य र ल व
(c) व य ल र (d) ल व य र

65. 1. प्रोफेसर ने मुझे समझाया कि इन्सान को कभी भी
(य) जिसके गुण सुन्दर हैं। क्या मैं सुन्दर हूँ? पोलियो का
(र) अपना आत्मविश्वास खोना चाहिए। सुन्दर वही है
(ल) हीन भावना का शिकार नहीं होना चाहिए और न ही
(व) रोगी होते हुए भी, मैं कभी हीन भावना-ग्रस्त नहीं रहा,
6. न ही अपना आत्मविश्वास डगमगाने दिया।
(a) य व र ल (b) व य र ल
(c) ल र य व (d) र ल व य

66. 1. व्यावसायिक बराती अपने अनुभव का लाभ उठा
(य) गाँव में घुसपैठ करते। मीठे से ऊबे हुए छाछ
(र) मसोस कर रह जाते। निपुण बराती अपनी पहचान
(ल) राबड़ी का जुगाड़ बिठा लेते। दूसरे लोग तब मन
(व) निकालकर अच्छे बिस्तर, स्थान का लाभ उठाते और
6. इसी समय का सदुपयोग करके नए रिश्तों का तानाबाना बुनते।
(a) ल र य व (b) व य ल र
(c) र व य ल (d) य ल र व

67. 1. तुलसीदास जी कई वर्षों तक काशी में रहने के पश्चात्
(य) वह कभी-कभी काशी और चित्रकूट भी चले जाते थे।
(र) रामचरितमानस के अतिरिक्त उन्होंने कई अन्य
(ल) अयोध्या चले गए। वहाँ उन्होंने रामचरितमानस लिखा
(व) पुस्तकें लिखी हैं, जिनमें विनय-पत्रिका, गीतावली,
6. कवित्त रामायण, रामललानहछू और हनुमान बाहुक अधिक प्रसिद्ध हैं।
(a) ल य र व (b) र व ल य
(c) व ल य र (d) य र व ल



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**निर्देशः (प्रश्न संख्या 68 से 72) : निम्नलिखित गद्यांश को भली-भाँति पढ़ें। इससे संबद्ध प्रश्नों में प्रत्येक के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। इनमें से सही उत्तर का चयन कर उसे चिन्हित करें।**

क्या हम बिना क्रोध किए, शांत रह सकते हैं? बात तो क्रोध करने की हो, पर अपने को शांत रखना ही योग है। इस महायोग की प्रवृत्ति हम स्वयं पैदा कर सकते हैं। महत्वपूर्ण है कि हम एकांत में बैठें –आस्था रखें कि हाँ मुझे शांत रहना है। मुझे किसी भी परिस्थिति में, उत्तेजित नहीं होना है- और मैं ऐसा कर सकता हूँ। अतः एकाग्रचित होकर दृढ़ संकल्प शक्ति द्वारा हम शांत रहने की प्रवृत्ति को अपना कर क्रोध पर काबू पा सकते हैं। शांत रहने का मार्ग अपनाने पर, हमारी दुनिया बदल जाएगी और जीवन अधिक आनंदमय लगेगा। हमारे चेहरे पर नई चमक, कार्य में नया उत्साह, हृदय में निर्मलता एवं शीतलता का स्वयं अनुभव होने लगेगा। बिना श्रम के, बिना किसी खर्च के और किसी उपचार के बिना ही पाचनक्रिया स्वतः ठीक होने पर, छोटे-मोटे रोग दूर भाग जाएँगे। खीजना, गुस्सा करना, चीखना-चिल्लाना और बड़बड़ाते रहना, हमारे मन के गुब्बार को ही परिलक्षित करते हैं। इनसे हमारी पहचान पर धब्बा लग जाता है और हमारे ओजस्वी चेहरे पर चिंता की रेखाएँ उभर आती हैं। अगर हम कुछ समय निकाल कर, पूर्ण समर्पण के साथ शांत रहने की आदत डालें तो निश्चय ही सफलता हमारे कदम चूमेगी। शांत रहने की प्रक्रिया में, यदि हम रात्रि को शयनकक्ष में जाने से पूर्व, अपनी व्यक्तिगत दैनन्दिनी (डायरी) में दिन भर की वे घटनाएँ लिखते रहें जब हम शांत नहीं रह सके कुछ दिनों बाद वही दैनन्दिनी पढ़ने पर आप अपनी तब की कमजोरी पर स्वयं हँस पड़ेंगे। कितनी छोटी बात पर हम क्रोध करने लगते हैं। आओ! हम गुस्सा व उत्तेजना को फेंक दें और शांत रहना शुरू करें।

**68. उपर्युक्त गद्यांश का सही शीर्षक है-**
(a) एकाग्रचित बनो (b) क्रोध में अमंगल
(c) शांत रहो - सुखी रहो (d) सफलता का उपाय

**69. क्रोध आने की स्थिति में शांत रहने की प्रवृत्ति को क्या नाम दिया गया है?**
(a) महायोग (b) शांति
(c) सुख का मार्ग (d) क्रोध पर विजय

**70. क्रोध को काबू में रखने से मुख्यतः कौन-से रोग दूर होते हैं?**
(a) अशांत रहना (b) चीखना-चिल्लाना
(c) मन के गुब्बार (d) पाचनक्रिया से जुड़े

**71. चिंता की रेखाएँ कहाँ उभर आती हैं?**
(a) सारे शरीर पर (b) ओजस्वी चेहरे पर
(c) गालों पर (d) मस्तक पर

**72. शांत रहने की प्रक्रिया में आगे बढ़ने के लिए रात को क्या करें?**
(a) क्रोध के अनुभव डायरी पर लिखें
(b) विश्वासपूर्वक प्रभु से प्रार्थना करें
(c) डायरी पर लिखे हुए अनुभव पढ़ें
(d) शांत वातावरण में सोने जाएँ

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 73 से 75) : प्रत्येक प्रश्न वाक्य में एक अधोरेखांकित शब्द है। उसके नीचे लिखे शब्दों में से तीन अशुद्ध रूप से लिखे गये हैं। चौथे शुद्ध रूप में लिखे शब्द का चयन कर उसे चिन्हित करें।**

**73. उस '<u>कवित्री</u> की कविताएँ बहुत पसंद की गई।**
(a) कवियित्री (b) कवीत्री
(c) कवयत्री (d) कवयित्री

**74. प्रधानमंत्री के भाषण की <u>श्रुतिलिपि</u> उसने उसी समय ले ली।**
(a) श्रुतिलिपी (b) श्रुतलिपि
(c) श्रुतलीप (d) श्रुतलिपी

**75. भग्गू सेठ तो बहुत ही <u>दूश्चरित्र</u> व्यक्ति है।**
(a) दुश्चरित्र (b) दुस्चरित्र
(c) दुष्चरितृ (d) दुष्चरित्र

## संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता

**76. एक घड़ी प्रत्येक दिन 15 मिनट आगे हो जाती है। यदि उसे दोपहर 12 बजे सही सेट करके चलाया जाता है, तो प्रातः 4 बजे वह क्या समय दिखाएगी?**
(a) 4.20 प्रातः (b) 4.30 प्रातः
(c) 4.02 प्रातः (d) 4.10 प्रातः

**77. एक होम थियेटर सेट ₹ 4950 का है। यदि उस पर 20% और 15% की दो क्रमिक छूट दी जाए तो उसका विक्रय मूल्य क्या होगा?**
(a) ₹ 3366 (b) ₹ 6633
(c) ₹ 3636 (d) ₹ 6363

**78. यदि x का 15%, y के 10% का तिगुना है, तो x : y किसके बराबर होगा?**
(a) 1 : 2 (b) 2 :1
(c) 3 : 2 (d) 2 : 3

**79. किसी पुस्तक विक्रेता ने 500 पाठ्य पुस्तकें ₹20000 में खरीदी। वह उन्हें ऐसे लाभ पर बेचना चाहता है ताकि उसे 50 पुस्तकें निःशुल्क पड़े। उसे कितने प्रतिशत लाभ पर अपनी पुस्तकें बेचनी चाहिए?**
(a) 10 (b) 20
(c) 15 (d) 10.5

**80. किसी व्यक्ति के वेतन का 20% भाग किराए पर खर्च होता है, 60% भाग जीवन-यापन पर खर्च होता है और 10% भाग की वह बचत करता है। यदि वह शेष ₹ 30 बच्चों की शिक्षा पर खर्च करें, तो उसका वेतन कितना है?**
(a) ₹ 300 (b) ₹ 900
(c) ₹ 3000 (d) ₹ 9000

**81. एक बन्दूक राम से 6.64 कि.मी. की दूरी से दागी जाती है। राम 20 सेकेण्ड बाद उसकी आवाज (ध्वनि) सुनता है। उस ध्वनि की गति क्या है?**
(a) 664 मी./से. (b) 664 कि.मी./से.
(c) 332 मी./से. (d) 332 कि.मी./से.

**82. ₹ 2000 पर ₹75 प्रति हजार वार्षिक दर पर 2 वर्ष का साधारण ब्याज क्या होगा?**
(a) ₹ 150 (b) ₹ 300
(c) ₹ 600 (d) ₹ 400



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**83.** **A और B मिलकर एक काम को 6 दिन में पूरा कर सकते हैं और A अकेला उसे 9 दिन में कर सकता है। B अकेले उस काम को कितने दिन में कर सकेगा?**
(a) 18 दिन (b) 24 दिन
(c) 9 दिन (d) 12 दिन

**84.** **एक समलम्ब की दो समांतर भुजाओं की लंबाई क्रमशः 16 मीटर और 20 मीटर है। यदि उसकी ऊँचाई 10 मीटर हो तो वर्ग मीटर में उसका क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए?**
(a) 360 (b) 260
(c) 240 (d) 180

**85.** **15%, 20% और 25% की छूट शृंखला कितने % की एकल छूट के बराबर है-**
(a) 48% (b) 49%
(c) 50% (d) 51%

**86.** **₹ 490 को A, B और C में इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि A का शेयर B के शेयर से आधा है और C के शेयर से तीन गुना है। C का शेयर कितना है?**
(a) ₹ 49 (b) ₹ 147
(c) ₹ 294 (d) ₹ 245

**87.** **एक विक्रेता ने किसी वस्तु को 6% की हानि पर बेचा। यदि उसने उस वस्तु को ₹ 64 अधिक में बेचा होता तो उसे 10% का लाभ होता। वस्तु की लागत कितनी है?**
(a) ₹ 400 (b) ₹ 200
(c) ₹ 164 (d) ₹ 464

**88.** **एक स्कूल में 1400 छात्र है, उनमें 25% चश्मा लगाने वालों में 2/7 लड़के हैं। स्कूल में कितनी लड़कियाँ चश्मा लगाती है।**
(a) 250 (b) 100
(c) 200 (d) 300

**89.** **एक आदमी धारा की प्रतिकूल दिशा में 12 कि.मी/घंटा और अनुकूल दिशा में 18 कि.मी./घंटा की गति से नौका चला सकता है। स्थिर जल में उसकी नौका चलाने की गति कितनी होगी?**
(a) 15 कि.मी./घण्टा (b) 5 कि.मी./घण्टा
(c) 3 कि.मी./घण्टा (d) 10 कि.मी./घण्टा

**90.** **यदि $ab = 21$ और $\frac{(a+b)^2}{(a-b)^2} = \frac{25}{4}$ हो तो $a^2+b^2+3ab$ का मान क्या होगा?**
(a) 115 (b) 121
(c) 125 (d) 127

**91.** **$(d^{s+t} \div d^s) \div d^t$ का मान क्या होगा?**
(a) $d^{2(s+t)}$ (b) 1
(c) 0 (d) $d^{s-4}$

**92.** **एक त्रिभुज के तीन कोणों का संभावित मान क्या होगा?**
(a) $33^0, 42^0, 115^0$ (b) $40^0, 70^0, 80^0$
(c) $30^0, 60^0, 100^0$ (d) $50^0, 60^0, 70^0$

**93.** **5 से विभाज्य तीन क्रमागत प्राकृत संख्याओं का योग 225 है। उनमें सबसे बड़ी संख्या कौन सी है?**
(a) 85 (b) 75
(c) 70 (d) 80

**94.** **A किसी काम को 18 दिन में कर सकता है। उसने 12 दिन का काम किया और शेष काम B ने 8 दिन में पूरा किया। B अकेले पूरे काम को कितने दिन में पूरा कर सकता था?**
(a) 16 दिन (b) 24 दिन
(c) 28 दिन (d) 29 दिन

**95.** **एक वस्तु का अंकित मूल्य ₹ 900 है। यह 20% और 10% के दो क्रमागत छूटों के साथ मिलती है। वस्तु का विक्रय मूल्य है?**
(a) ₹ 640 (b) ₹ 648
(c) ₹ 540 (d) ₹ 548

**96.** **एक व्यक्ति अपनी मासिक आय का कुछ भाग खर्च करता है और बाकी की बचत करता है। उसके व्यय और बचत का अनुपात 61:6 है। यदि उसकी मासिक आय ₹ 8710 हो, तो उसकी मासिक बचत की राशि कितनी है?**
(a) 870 (b) 690
(c) 980 (d) 780

**97.** **एक वस्तु अंकित मूल्य पर 5% की छूट देकर ₹ 950 की है। वस्तु का अंकित मूल्य क्या है?**
(a) ₹ 960 (b) ₹ 1000
(c) ₹ 955 (d) ₹ 945

**98.** **एक व्यक्ति अपनी 75% राशि पहली बाजी में, शेष की 75% दूसरी बाजी में ओर शेष की 75% तीसरी बाजी में हार गया और केवल ₹ 2 लेकर अपने घर पहुँचा। उसकी प्रारम्भिक राशि कितनी थी?**
(a) ₹ 64 (b) ₹ 128
(c) ₹ 256 (d) ₹ 512

**99.** **72 कि.मी./घंटे की गति से चलने वाली 160 मी. लम्बी ट्रेन को एक विद्युत खम्भे को पार करने में कितना समय लगता है?**
(a) 8 सेकण्ड (b) 9 सेकण्ड
(c) 6 सेकण्ड (d) 4 सेकण्ड

**100.** **नीचे दी गई संख्याए किसी विशेष गणितीय संक्रिया पर आधारित हैं। दिए गए विकल्पों में से उसे चुनिए जो उसी गणितीय संक्रिया का अनुसरण करता हैः**
**(64, 48, 32)**
(a) (96, 84, 60) (b) (48, 36, 27)
(c) (90, 72, 54) (d) (16, 12, 9)

**101.** **नीचे दी गई शृंखला में एक संख्या गलत है। गलत संख्या का पता लगाइएः**
121, 143, 165, 186, 209
(a) 143 (b) 186
(c) 209 (d) 165

**102.** **'$x$' हफ्तों और '$x$' दिनों में कुल कितने दिन होंगे?**
(a) $7x$ (b) $8x$
(c) $14x$ (d) 7

**103.** **निम्नलिखित चार विकल्पों में तीन एक समान हैं तथा एक भिन्न है। भिन्न विकल्प का पता लगाइए।**
(a) अमेरिका (b) भारत
(c) चीन (d) मास्को

**104.** **लखनऊ में रहने वाले नरेश ने नीना कुमारी से कहा कि प्रेम, जो इलाहाबाद में रहता है, सुरेश के पिता का सबसे बड़ा पुत्र है। यदि सुरेश की माँ नरेश की पत्नी हो, तो प्रेम का नरेश के साथ क्या सम्बन्ध है?**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

(a) पुत्र (b) भाई
(c) पिता (d) भतीजा

**105.** **निम्न श्रेणी में लुप्त संख्या को ज्ञात कीजिए:**

**1, 6, 13, 22, 33, ?**

(a) 36 (b) 28
(c) 46 (d) 20

**106.** **निम्न श्रेणी में लुप्त संख्या बताइए:**

**2, 5, 9, ?, 20, 27**

(a) 28 (b) 36
(c) 14 (d) 22

**107.** **नीचे दी गई अंक शृंखला में ऐसे कितने '4' हैं, जिनके ठीक बाद कोई सम संख्या है?**

**24643468426594942**

(a) 3 (b) 5
(c) 4 (d) 6

**108.** **1 से 22 तक की संख्याओं में से 4 द्वारा विभाजित होने वाली सभी संख्याओं का योग बताइए।**

(a) 48 (b) 56
(c) 60 (d) 40

**109.** **एक घड़ी 1 बजे एक बार, 2 बजे दो बार, 3 बजे तीन बार बजती है अर्थात् जितना समय होता है घड़ी भी उतनी ही बार बजती है। बताइए 24 घंटे में यह घड़ी कितनी बार बजेगी।**

(a) 48 (b) 96
(c) 156 (d) 172

**110.** **सही विकल्प चुनकर निम्नलिखित शृंखला को पूर्ण कीजिए:**

**39, 46, 60, 81, 109, ?, 186**

(a) 142 (b) 136
(c) 138 (d) 144

**111.** **नीचे दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प को ज्ञात कीजिए, जो 10 : 13 : 16 के समान है।**

(a) 8 : 10 : 15 (b) 23 : 29 : 23
(c) 10 : 16 : 23 (d) 13 : 16 : 19

**112.** **यदि FRUITS : STIURF : POLICE : ? हो, तो ? होगा :**

(a) ICEPOL (b) ECILOP
(c) ECLOIP (d) ECLIOP

**113.** **नीचे दिए गए विकल्पों में से उस विषम शब्द को चुनिए, जो बाकी तीन विकल्पों के अनुरूप नहीं है।**

(a) ब्रेक (b) क्लच
(c) व्हील (d) बस

## मानसिक योग्यता एवं तर्क क्षमता

**114.** **दिए गए शब्द के अक्षरों से कौन-सा वैकल्पिक शब्द नहीं बनाया जा सकता?**

**PROSPECTIVE**

(a) VECTOR (b) RESET
(c) PEPTIC (d) PEPPER

**115.** **यदि A का अर्थ '+', B का अर्थ '×' तथा C का अर्थ '-' हो, तो (9B9) A (7A8A9)C (3B3) का मान होगा-**

(a) 96 (b) 108
(c) 84 (d) 95

**116.** **दिए गए चार विकल्पों में से कौन-सा विकल्प नीचे दिए गए शब्दों का सार्थक आरोही क्रम दर्शाता है?**

**(I)** साप्ताहिक **(II)** मासिक
**(III)** दैनिक **(IV)** पाक्षिक

(a) IV, I, III, II (b) II, I, IV, III
(c) III, I, IV, II (d) I, IV, II, III

**117.** **यदि DEAR को 28 के रुप में कूटबद्ध किया जाय तथा FACE को 15 के रुप में कूटबद्ध किया जाय, तो HIGH को किस रुप में कूटबद्ध किया जाएगा?**

(a) 31 (b) 42
(c) 32 (d) 23

**118.** **नीचे दी गई शृंखला में खाली स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?**

**1, 8, 27, 64, 125, ..., 343**

(a) 216 (b) 225
(c) 250 (d) 206

**119.** **वह आरेख चुनिए जो नीचे दिए गए वर्गों के बीच सम्बंध का सही निरूपण करता है।**

**हाथी, भेड़िये, जानवर**

(a) 
(b) 
(c) 
(d) 

**120.** **कौन-सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को पूरा करेगी?**






GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

(a)  (b) 

(c)  (d) 

**121. निम्नलिखित प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये है, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएं, I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यत: शर्त/तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन-सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?**

**कथन:** I. ओडीसा अब भी एक अविकसित राज्य है।

II. गरीबी, बेरोजगारी, ओर निरक्षरता जैसी समस्या हल नहीं हुईं हैं।

**निष्कर्ष :**

I. ओडीसा प्रशासन की संवेदनशीलता पर्याप्त नहीं है।

II. यह ईश्वर की इच्छा है।

(a) केवल निष्कर्ष I सही है।
(b) केवल निष्कर्ष II सही हैं।
(c) निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं।
(d) न तो निष्कर्ष I सही है न ही II सही है।

**122. निम्नलिखित उत्तर आकृतियों में से यह ज्ञात कीजिए कि नीचे दिखाए अनुसार कागज को मोड़ने, काटने तथा खोलने के बाद वह किस आकृति जैसे दिखाई देगा?**



(a)  (b) 

(c)  (d) 

**123. यदि एक दर्पण को MN रेखा पर रखा जाए तो दी गई उत्तर आकृतियों में से कौन-सी आकृति प्रश्न आकृति का सही प्रतिबिम्ब होगी?**




(a)  (b) 

(c)  (d) 

**124. एक शब्द केवल एक संख्या-समूह द्वारा दर्शाया गया है, जैसा कि विकल्पों में से किसी एक में दिया गया है। विकल्पों में दिए गए संख्या समूह अक्षरों के दो वर्गों द्वारा दर्शाए गए हैं, जैसे कि नीचे दिए गए दो आव्यूहों में है। आव्यूह I के स्तंभ और पंक्ति की संख्या 0 और 4 और आव्यूह II की 5 से 9 दी गई है। इन आव्यूहों से एक अक्षर को पहले उसकी पंक्ति और बाद में स्तम्भ संख्या द्वारा दर्शाया जा सकता है। उदाहरण के लिए 'D' को 01, 13 आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है तथा 'N' को 59, 66 आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है। इसी तरह से आपको दिए हुए शब्द 'HEEL' के लिए समूह को पहचानना है।**

**Matrix I**

| | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 0 | C | D | E | F | G |
| 1 | F | G | C | D | E |
| 2 | D | E | F | G | C |
| 3 | E | F | G | C | D |
| 4 | G | C | D | E | F |

**Matrix II**

| | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | H | K | L | I | N |
| 6 | I | N | H | K | L |
| 7 | K | L | I | N | H |
| 8 | L | I | N | H | K |
| 9 | N | N | K | L | I |

(a) 67, 21, 14, 98
(b) 75, 88, 65, 01
(c) 68, 65, 50, 10
(d) 68, 65, 50, 01

**125. एक बैंक 5% कर दर से अर्द्धवार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज देता है। एक व्यक्ति ने ₹1600/- एक जनवरी को और इतनी ही रकम एक जुलाई को जमा कराई। बताइये कि वर्ष के अन्त में कुल कितना ब्याज बैंक द्वारा दिया जायेगा?**

(a) ₹115
(b) ₹168
(c) ₹121
(d) ₹242



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**126.** एक रेलगाड़ी जिसकी लम्बाई 800 मीटर है, 78 किमी प्रति घण्टा की गति से चल रही है। वह रेलगाड़ी एक सुरंग को ठीक एक मिनट में पार कर लेती है। सुरंग की लम्बाई ज्ञात कीजिए।
(a) 120 meters (b) 360 meters
(c) 480 meters (d) 500 meters

**127.** एक वर्ग की भुजा का माप करते समय 2% की गलती हुई। बताइये कि वर्ग के क्षेत्रफल पर कुल कितना प्रतिशत प्रभाव पड़ेगा?
(a) 2% (b) 2.02%
(c) 4% (d) 4.04%

**128.** एक आयताकार बाग की लम्बाई एवं चौड़ाई का अनुपात 3:2 है। एक व्यक्ति बाग के चारों ओर साईकिल पर 15 किमी प्रति घंटा की दर से चल रहा है और वह चारों ओर का एक चक्कर 12 मिनट में पूरा करता है। बताइये कि बाग का कुल क्षेत्रफल कितना है?
(a) 5400 वर्ग मीटर (b) 54000 वर्ग मीटर
(c) 540000 वर्ग मीटर (d) 588000 वर्ग मीटर

**129.** 9 एवं 63 के बीच कितनी संख्याएँ है, जो 9 से पूर्णत: भाज्य हैं परन्तु 3 से भाज्य नहीं हैं?
(a) 0 (b) 3
(c) 5 (d) 9

**130.** इस प्रश्न में अंग्रेजी वर्णमाला के कुछ अक्षरों का एक सांचा दिया जाता है जो एक तार्किक रुप से सम्बन्धित है। दिये गये विकल्पों में से सही अक्षर को चुनिये जो चिह्न (?) के स्थान पर सांचे को पूरा करता हो-

| | | |
|---|---|---|
| A | D | G |
| D | I | N |
| I | P | ? |

(a) V (b) W
(c) X (d) Y

**131.** इस प्रश्न में चिह्न (: :) के बाईं ओर दो शब्द दिये गये हैं जो आपस में किसी प्रकार सम्बन्धित हैं। ठीक उसी प्रकार का सम्बन्ध चिह्न (::) के दाईं ओर दिये गये शब्द तथा दिये गये विकल्पों में से किसी एक शब्द के बीच में भी है। सही विकल्प चुनियें।
दक्षिण: उत्तर-पश्चिम : : पश्चिम : ?
(a) उत्तर (b) उत्तर-पूर्व
(c) पूर्व (d) दक्षिण-पश्चिम

**132.** इस प्रश्न में चार शब्द दिये गये हैं जिनमें से तीन किसी प्रकार समान हैं एवं उनका एक समूह बनता है। दिये गये विकल्पों में से विषम शब्द चुनिये।
(a) मार्च (b) अप्रैल
(c) अगस्त (d) दिसम्बर

**133.** इस प्रश्न में चार संख्या युग्म दिये गये हैं जिनमें से कोई तीन किसी प्रकार समान है। अत: उनका एक समूह बनता है। उस संख्या युग्म को चुनिये जो इस समूह में नहीं आता।
(a) 32 : 15 (b) 56 : 27
(c) 74 : 38 (d) 86 : 42

**134.** चिह्न (?) के स्थान पर तार्किक रूप से क्या संख्या आयेगी?

| | | |
|---|---|---|
| 6 | 8 | ? |
| 9 | 3 | 13 |
| 10 | 14 | 1 |

(a) 5 (b) 7
(c) 9 (d) 11

**135.** एक दिन में एक घड़ी की सुईयाँ आपस में कितनी बार मिलती है?
(a) 20 (b) 21
(c) 22 (d) 24

**136.** गाय और मुर्गियों के एक झुण्ड में पैरों की संख्या, सिरों की संख्या के दुगने से 14 अधिक है। बताइये इस झुण्ड में कुल कितनी गाय है?
(a) 7 (b) 9
(c) 11 (d) 12

**137.** यदि किसी सांकेतिक भाषा में RADIO को UDGLR लिखा जाता है, तो PHOTO को उसी भाषा में कैसे लिखा जायेगा?
(a) OTOHP (b) SKRWR
(c) OIPUR (d) SKPWP

**138.** सोनिया नौ दिन पहले सिनेमा देखने गई थी। वह सिनेमा देखने केवल बृहस्पतिवार को जाती है। आज सप्ताह का कौन सा दिन है?
(a) रविवार (b) शनिवार
(c) बृहस्पतिवार (d) मंगलवार

**139.** दी गई आकृति में कितने त्रिभुज हैं?



(a) 12 (b) 14
(c) 16 (d) 18

**140.** कौन-सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति को पूरा करेगी?






Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

(a)     (b) 

(c)     (d) 

**141. किसी बाड़े में कुछ खरगोश व कबूतर रखे गये हैं, जिनकी पैरों की संख्या कुल 224 है, जबकि सिरों की संख्या 90 है । बताएँ कि इस बाड़े में रखे गये कबूतरों की संख्या है-**

(a) 22 (b) 58
(c) 68 (d) 75

**142. विलुप्त संख्या की पूर्ति करें–**




(a) 15 (b) 12
(c) 9 (d) 18

**143. विलुप्त संख्या की पूर्ति करें–**




(a) 5 (b) 7
(c) 9 (d) 3

**144. विलुप्त संख्या की पूर्ति करें–**




(a) 594 (b) 459
(c) 949 (d) 549

**145. निम्नलिखित प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये है, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएं, I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः शर्त/तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन-सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?**

**कथनः**

**I. सभी चमकती हुई चीजें सोना नहीं है।**

**II. सुजाता एक सोने का गहना पहने हुए है।**

**निष्कर्षः**

**I. सुजाता के गहने चमकते हैं।**

**II. सुजाता के गहने नहीं चमकते हैं।**

(a) केवल निष्कर्ष I सही है।
(b) केवल निष्कर्ष II सहीं हैं।
(c) केवल निष्कर्ष I और II दोनों सहीं हैं।
(d) न तो निष्कर्ष I सही है और न ही II सही है।

**146. यदि किसी कोड में 'AMOUNT' को 'BNPTMS' लिखते हैं, तो उसी कोड में 'AROUND' को क्या लिखेंगे?**

(a) BSPUNT (b) BSUPTN
(c) BSPTMC (d) ZSPVOE

**147. यदि $5 \times 4 \times 0 = 405$**

**$3 \times 2 \times 8 = 283$, तो $1 \times 7 \times 6 = ?$**

(a) 617 (b) 716
(c) 167 (d) 761

**148. यदि $56 \times 11 = 9, 37 \times 13 = 6, 42 \times 12 = 3,$**

**तो $87 \times 77$ का मान बताइए-**

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**149 दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए-**




(a) 60 (b) 58
(c) 765 (d) 72

**150. विजय 10 मी. पश्चिम की ओर चलता है, और फिर बाएँ मुड़कर 10 मी. चलता है। वह फिर बाएँ मुड़ता है ओर 10 मी. चलता है। वह 45 डिग्री दाएँ घूमता है और सीधा चलता है। अब वह किस दिशा में चल रहा है?**

(a) दक्षिण (b) पश्चिम
(c) दक्षिण-पूर्व (d) दक्षिण-पश्चिम



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# SOLUTION: PRACTICE SET-12

## ANSWER

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (a) | 2. (a) | 3. (c) | 4. (a) | 5. (c) | 6. (d) | 7. (b) | 8. (c) | 9. (a) | 10. (d) |
| 11. (d) | 12. (b) | 13. (a) | 14. (c) | 15. (b) | 16. (b) | 17. (a) | 18. (c) | 19. (d) | 20. (c) |
| 21. (b) | 22. (d) | 23. (c) | 24. (b) | 25. (b) | 26. (b) | 27. (b) | 28. (c) | 29. (a) | 30. (d) |
| 31. (b) | 32. (a) | 33. (a) | 34. (b) | 35. (b) | 36. (c) | 37. (a) | 38. (c) | 39. (c) | 40. (d) |
| 41. (b) | 42. (c) | 43. (a) | 44. (d) | 45. (c) | 46. (a) | 47. (b) | 48. (a) | 49. (b) | 50. (b) |
| 51. (b) | 52. (b) | 53. (a) | 54. (b) | 55. (d) | 56. (c) | 57. (b) | 58. (a) | 59. (b) | 60. (a) |
| 61. (c) | 62. (c) | 63. (d) | 64. (a) | 65. (c) | 66. (d) | 67. (a) | 68. (c) | 69. (a) | 70. (d) |
| 71. (b) | 72. (a) | 73. (d) | 74. (b) | 75. (a) | 76. (d) | 77. (a) | 78. (b) | 79. (a) | 80. (a) |
| 81. (c) | 82. (b) | 83. (a) | 84. (d) | 85. (b) | 86. (a) | 87. (a) | 88. (a) | 89. (a) | 90. (b) |
| 91. (b) | 92. (d) | 93. (d) | 94. (b) | 95. (b) | 96. (d) | 97. (b) | 98. (b) | 99. (a) | 100. (c) |
| 101. (b) | 102. (b) | 103. (d) | 104. (a) | 105. (c) | 106. (c) | 107. (c) | 108. (c) | 109. (c) | 110. (d) |
| 111. (d) | 112. (b) | 113. (d) | 114. (d) | 115. (a) | 116. (c) | 117. (c) | 118. (a) | 119. (a) | 120. (c) |
| 121. (d) | 122. (a) | 123. (c) | 124. (a) | 125. (c) | 126. (d) | 127. (d) | 128. (c) | 129. (a) | 130. (b) |
| 131. (b) | 132. (b) | 133. (c) | 134. (d) | 135. (c) | 136. (a) | 137. (b) | 138. (b) | 139. (a) | 140. (a) |
| 141. (c) | 142. (a) | 143. (c) | 144. (c) | 145. (d) | 146. (c) | 147. (d) | 148. (a) | 149. (d) | 150. (c) |

## SOLUTION

**1. (a)**
'भारत का मैनचेस्टर', गुजरात राज्य के शहर अहमदाबाद को कहा जाता है। उत्तर भारत का मैनचेस्टर, उत्तर प्रदेश राज्य के कानपुर शहर को कहा जाता है तथा दक्षिण भारत का मैनचेस्टर तमिलनाडु के कोयम्बटूर को कहा जाता है।

**2. (a)**
तमिल भाषा में लिखे गये प्राचीन साहित्य को संगम साहित्य कहा जाता है। सर्वप्रथम इन परिषदों का आयोजन पाण्ड्य राजाओं के राजकीय संरक्षण में किया गया था। संगम का महत्वपूर्ण कार्य होता था, उन कवियों तथा लेखकों की रचनाओं का अवलोकन करना, जो अपनी रचनाओं को प्रकाशित करना चाहते थे।

**3. (c)**
प्राचीन भारत के महान व्याकरणविद् 'पतंजलि', शुंग वंश के संस्थापक पुष्यमित्र शुंग के गुरु थे। पतंजलि ने 'महाभाष्य' पुस्तक की रचना की थी।

**4. (a)**
लोहे को नम वायु (Moist Air) में रखने पर भूरे रंग की परत जमा हो जाती है, जिस कारण लोहे का भार बढ़ जाता है। यह भूरे रंग की परत फेरिक ऑक्साइड ($Fe_2O_3$) होती है। लोहे पर फेरिक ऑक्साइड की परत चढ़ना ही लोहे पर जंग लगना कहलाता है।

**5. (c)**
कर्क रेखा भारत के गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, झारखण्ड, त्रिपुरा तथा मिजोरम राज्य से गुजरती है।

**6. (d)**
सही सुमेलित है–

| | | |
|---|---|---|
| MS-Word | – | Doc |
| MS-Excel | – | XLS |
| MS-Paint | – | JPG |
| MS-Power Point | – | PPT |

**7. (b)**
संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसम्बर, 1946 को हुई, जिसके अस्थायी अध्यक्ष डॉ. सच्चिदानन्द सिन्हा थे। 11 दिसम्बर, 1946 को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को संविधान सभा स्थायी सभापति निर्वाचित किया गया था।

**8. (c)**
अग्न्याशय ग्रन्थि मानव शरीर की दूसरी बड़ी ग्रंथि है। यह एक साथ बहिःस्रावी तथा अंतःस्रावी दोनों ग्रन्थियों की तरह कार्य करती है। इसके अंतःस्रावी भाग से इंसुलिन तथा ग्लुकेगोन नामक हार्मोन तथा बहिःस्रावी भाग से क्षारीय अग्न्याशयी रस निकलता है, जिसमें एंजाइम (Enzyme) होते हैं।

**9. (a)**
केन्द्र में मुद्रा बिल होने के लिए किसी बिल को लोकसभा अध्यक्ष तथा राज्य में मुद्रा बिल होने के लिए किसी बिल को विधान सभा अध्यक्ष प्रमाणित करता है।

**10. (d)**
वनों की कमी, नगरीकरण और प्रदूषण के अन्य कारण भी हो सकते हैं, लेकिन आबादी का बढ़ना सर्वप्रमुख कारण है।

**11. (d)**
केन्द्रशासित प्रदेशों के क्षेत्रफल का अवरोही क्रम लद्दाख, अण्डमान निकोबार द्वीप समूह, दिल्ली, दादर एवं नगर हवेली व दमन और दीप, पाण्डिचेरी, चंडीगढ़, लक्षद्वीप है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**12. (b)**
बी हमिंगबर्ड इंद्रधनुष के समान रंगीन पंखों वाली पक्षी है, जो ट्रोथिलीडाय परिवार का हिस्सा है। इसे गुंजन पक्षी के नाम से भी जाना जाता है। हमिंगबर्ड को विश्व का सबसे छोटा पक्षी तथा सबसे छोटा अण्डा देने वाला पक्षी के रूप में जाना जाता है।

**13. (a)**
''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'' कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में गिरते हुए शिशु लिंगाअनुपात का समाधान तथा बालिकाओं को सशक्त बनाना है। यह योजना भारत सरकार के तीन मंत्रालयों (महिला एवं बाल विकास, स्वास्थय मंत्रालय, परिवार कल्याण मंत्रालय) की संयुक्त पहल है, जिसे 22 जनवरी, 2015 को शुरू किया गया था।

**14. (c)**
''सारे जहाँ से अच्छा हिंदोस्तां हमारा'', की रचना प्रसिद्ध शायर तथा देशभक्त सर मुहम्मद इकबाल ने 1905 में की थी, जिसको सर्वप्रथम सरकारी कॉलेज लाहौर में पढ़कर सुनाया गया था।

**15. (b)**
पल्ली आंदोलन तमिलनाडु राज्य से संबंधित है। तमिलनाडु में पल्ली एक निचली जाति के लोग थे, जिन्होने 1871 से क्षत्रिय की स्थिति का दावा करने लगे थे।

**16. (b)**
भारत कला भवन उत्तर प्रदेश राज्य के वाराणसी में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रांगण में स्थित एक संग्रहालय है। यहाँ भारत में प्रचलित लगभग सभी शैलियों के चित्रों का विशाल संग्रह है। भारत कला भवन की स्थापना राय कृष्णदास ने सन् 1920 ई. में की थी।

**17. (a)**
भारत दुनिया में सबसे बड़ी सड़क प्रणाली वाले देशों में दूसरे स्थान पर है। भारत में सड़को की लम्बाई 63.73 लाख किमी. है, जिसमें सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग 44 (पुराना नाम NH-7) है, जिसकी कुल लम्बाई 4112 किमी. है। भारत में सर्वाधिक सड़कों वाला राज्य महाराष्ट्र है तथा भारत में सड़कों पर सर्वाधिक घनत्व गोवा में, व सबसे कम घनत्व जम्मू कश्मीर में है। दुनिया की सबसे बड़ी सड़क प्रणाली संयुक्त राज्य अमेरिका में पायी जाती है।

**18. (c)**
सिकन्दर लोदी, (शासन काल 1489-1517) बहलोल लोदी का पुत्र एवं उत्तराधिकारी था। इसका मूल नाम **निजाम खाँ** था और यह 17 जुलाई, 1489 को 'सुल्तान सिकन्दर शाह' की उपाधि से दिल्ली के सिंहासन पर बैठा था। वह स्वर्णकार हिन्दू माँ की संतान था। धार्मिक दृष्टि से सिकन्दर लोदी असहिष्णु था। वह विद्या का पोषक प्रेमी था। गले की बीमारी के कारण 21 नवम्बर, 1517 को इसकी मृत्यु हो गयी थी।

**19. (d)**
``अतीत के चलचित्र'' महादेवी वर्मा द्वारा रचित एक रेखाचित्र है। महादेवी के रेखाचित्रों की यह विशेषता भी है कि उनके चरित्र चित्रण का तत्व प्रमुख रहा है।

**20. (c)**
सांग महोत्सव हरियाणा की एक लोक मनोरंजन की परम्परा है। इसमें कलाकार अलग-अलग रूप धारण कर (स्वांग/सांग भरकर) किसी चरित्र अथवा व्यक्ति की नकल करके लोगों का मनोरंजन करते हैं।

**21. (b)**
हाल ही में चर्चा में रही 'पीरा-कुन्फर सुरंग' जम्मू कश्मीर में अवस्थित है। हाल ही में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मन्त्री नितिन गडकरी ने इसका दौरा किया था।

**22. (d)**
भारत में हरित क्रांति लाने का श्रेय डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन को जाता है। भारत में हरित क्रांति की शुरुआत 1967-1968 में हुई थी। भारत में हरित-क्रान्ति का सबसे अधिक प्रभाव गेहूँ, चावल की कृषि पर पड़ा है, परन्तु चावल की तुलना में गेहूँ के उत्पादन में अत्यधिक वृद्धि हुई। विश्व में हरित क्रांति का श्रेय नॉर्मन बोरलॉग को दिया जाता है।

**23. (c)**
गंगा नदी उत्तरांचल राज्य के उत्तरकाशी जिले में गोमुख के निकट गंगोत्री हिमनद से 3900 मी. ऊँचाई से निकलती है। यहाँ यह भागीरथी के नाम से जानी जाती है। देव प्रयाग से भागीरथी में अलकनन्दा नदी मिल जाती है, और यही से दोनों नदियों के मिलन को आगे बढ़ने पर गंगा नदी के नाम से जाना जाता है।
गंगा नदी पहाड़ो से उतरकर उत्तराखण्ड के हरिद्वार से मैदान में प्रवेश करती है। यह नदी उत्तराखण्ड में 110 किमी उत्तर प्रदेश 1450 किमी., बिहार में 445 किमी. और पश्चिमी बंगाल में 520 किमी. कुल दूरी 2525 किमी. की दूरी तय करके बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

**24. (b)**
प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कर्नाटक राज्य को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ध्यातव्य है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरुआत वर्ष 2016 में की गयी थी।

**25. (b)**
बुध (Mercury), सौरमण्डल के आठ ग्रहों में सबसे छोटा और सूर्य के सबसे निकटतम है। इसका कोई उपग्रह नहीं है तथा यह सूर्य की परिक्रमा सबसे कम समय (88 दिन) में पूरी करता है। इसका विशिष्ट गुण इसमें चुम्बकीय क्षेत्र का होना है।

**26. (b)**

| **नाम** | – | **उपनाम** |
|---|---|---|
| लाल बहादुर शास्त्री | – | शांति पुरुष |
| जवाहर लाल नेहरू | – | चाचा |
| दादा भाई नौरोजी | – | वयोवृद्ध पुरुष |
| जयप्रकाश नारायण | – | लोकनायक |

**27. (b)**
विश्व में चावल उत्पादन में चीन के बाद भारत का दूसरा स्थान है। चावल खरीफ की फसल है, जिसे 100cm से अधिक वार्षिक वर्षा की तथा साथ ही उच्च आर्द्रता और उच्च तापमान की आवश्यकता होती है। भारत में चावल उत्पादन में तीन सबसे बड़े राज्य क्रमशः पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश व पंजाब है।

**28. (c) :**
अवध पर सहायक गठबंधन संधि सन् 1801 में लागू की गई थी। सहायक संधि एक प्रकार की मैत्री संधि थी, जो अंग्रेजों की साम्राज्यवादी नीति पर आधारित थी। गवर्नर जनरल लॉर्ड वेलेजली ने भारत के देशी राज्यों से सम्बन्ध स्थापित करने के लिए इस नीति को शुरू किया। इसने सबसे पहले हैदराबाद के निजाम से सहायक संधि की। इसके बाद मैसूर, तंजौर, अवध, आदि से संधि की गई।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**29. (a)**
नीला लिटमस पेपर एक अम्लीय विलयन के सम्पर्क में आने पर लाल हो जाता है। जबकि लाल लिटमस पेपर क्षारीय पदार्थों के साथ क्रिया कर नीले रंग में बदलता है।

**30. (d) :**
''आल इंडिया मुस्लिम लीग'' का गठन 1906 में ढाका में हुआ था। इसकी स्थापना आगा खाँ, ढाका के नवाब सलीमुल्लाह और नवाब-मोहसिन-उल मुल्क के नेतृत्व में की गयी थी। इसका उद्देश्य भारतीय उपमहाद्वीप में मुस्लिम हितों का समर्थन करना था।

**31. (b) :**
गैण्ड ट्रंक रोड का इतिहास प्राचीन है। प्राचीन काल में इसे उत्तरापथ कहा जाता था। यह गंगा के किनारे बसे नगरों को पंजाब से जोड़ते हुए तथा खैबर दर्रा पार करते हुए अफगानिस्तान तक जाती थी। मौर्यकाल में बौद्ध धर्म का प्रचार इसी उत्तरापथ के माध्यम से गांधार तक हुआ। सोलहवीं शताब्दी में दिल्ली के सुल्तान शेरशाह सूरी ने इसे पक्का करवाया। यह मार्ग उस समय सड़क-ए-आजम कहलाता था। इसका आधुनिक नाम नेशनल हाइवे-2 है।

**32. (a)**
गंगा सागर मेला एक धार्मिक मेला है यह पश्चिम बंगाल राज्य में सागर द्वीप पर मनाया जाता है, जो हुगली नदी के तट पर है। प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति पर, देश भर से बड़ी संख्या में भक्त गंगासागर में गंगा नदी और बंगाल की खाड़ी के अभिसरण पर एक पवित्र डुबकी लगाने के लिए एकत्रित होते हैं।

**33. (a)**
लेड (सीसा) का परमाणु क्रमांक '82' होता है। इसका परमाणु भार 208 होता है।

**34. (b)**
''सत्यमेव जयते'' वाक्य मुण्डक उपनिषद से लिया गया है। जिसका अर्थ है- सत्य की ही विजय होती है। यह भारत के राज चिन्ह पर अंकित है। भारत का राज चिन्ह मौर्य सम्राट अशोक द्वारा सारनाथ में स्थापित सिंह स्तम्भ से लिया गया है।

**35. (b)**
मोहनजोदड़ो, सिन्धु घाटी सभ्यता का मुख्य शहर था। इसकी खोज राखालदास बनर्जी ने 1922 ई. में की थी। इसकी खुदाई का कार्य भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के महानिदेशक जान मार्शल के निर्देशन में शुरू हुई थी। ग्रेट ग्रैनरी (विशाल अन्नागार) मोहनजोदड़ों की सबसे बड़ी इमारत थी, जिसकी लम्बाई 45.71 मीटर और चौड़ाई 15.23 मीटर थी। इसका प्रयोग अन्न के भण्डारण के लिये किया जाता था।

**36. (c)**
डा. भीमराव अम्बेडकर (जन्म 14 अप्रैल 1891- मृत्यु 6 दिसम्बर 1956) एक बहुजन राजनीतिक नेता एवं बौद्ध पुनरुत्थान वादी भी थे। उन्हे 'बाबासाहेब' के नाम से भी जाना जाता है। अम्बेडकर ने अपना सारा जीवन हिन्दू धर्म की चतुवर्ण प्रणाली और भारतीय समाज में सर्वत्र व्याप्त जाति व्यवस्था के विरुद्ध संघर्ष में बिता दिया।

**37. (a) :**
वस्तु की स्थिति में परिवर्तन गति कहलाती है। अर्थात् यदि किसी वस्तु की स्थिति, अपने चारों ओर की वस्तुओं की अपेक्षा बदलती रहती है, तो वस्तु की इस स्थिति को गति (motion) कहते हैं।

**38. (c)**
सप्तर्षि तारामंडल पृथ्वी के उत्तरी गोलार्द्ध के आकाश में रात्रि के समय दिखाई देने वाला एक तारों का समूह है। अंग्रेजी में इसे 'अरसा मेजर' 'ग्रेट बियर' या बिग बियर (Big bear) कहा जाता है। (पश्चिमी निवासी) इसे ''बिग डिपर'' (यानि बड़ा चमचा) के नाम से संबोधित करते हैं।

**39. (c)**
'कुछ' अनिश्चयवाचक सर्वनाम है। संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द 'सर्वनाम' कहलाते हैं। जैसे- मैं, तुम, हम, वे आप.... .आदि।
सर्वनाम के छः भेद होते हैं-
1. पुरुषवाचक सर्वनाम-
(a) उत्तम पुरुष- मैं, हम, मैंने, हमने, मुझे, मुझको, मेरा।
(b) मध्यम पुरुष – तू, तुम, तुमको, आपको ...... आदि। (c) अन्य पुरुष – वह, वे, उन, उनको, उन्हें ...... आदि।
2. निश्चयवाचक सर्वनाम – यह, वह, वे , ये ...... आदि।
3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम – कुछ, कोई...... आदि।
4. संबंधवाचक सर्वनाम – जो, सो ...... आदि।
5. प्रश्नवाचक सर्वनाम – कौन, क्या ..... आदि।
6. निजवाचक सर्वनाम – आप, स्वतः, स्वयं ..... आदि।

**40. (d)**
संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं। जिस संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बतलाई जाती है, उसे विशेष्य कहते हैं। जैसे- नया, लाल, सच्चा, झूठा, शांत, लंबा, आठ, एक, पहला, तिगुना, तीनों, बहुत, थोड़ा इत्यादि विशेषण शब्द है तथा राम, श्याम, वह आदि विशेष्य शब्द हैं।

**41. (b)**
प्रेरणार्थक क्रियाएं अकर्मक एवं सकर्मक दोनों क्रियाओं से बनती है। आना/लाना/वाना जोड़ने से प्रेरणार्थक क्रिया बनती है।
जैसे– **जगना** – जगाना, जगवाना।
**उठना** – उठाना, उठवाना।
**खाना** – खिलाना, खिलवाना।

**42. (c)**
ऐसे शब्द जिनमें लिंग, वचन, पुरुष, कारक आदि के कारण कोई विकार नहीं आता, अव्यय कहलाते हैं। जैसे- आह, हाय, वाह, शाबाश, हाँ, और, किन्तु, जब, तब, अतः, .... इत्यादि।

**43. (a)**
**शब्द – पर्यायवाची**
**आँख –** लोचन, चक्षु, नयन, दृग, नेत्र, अक्षि ..... इत्यादि।
**पावक –** अग्नि, अनल, पावक, धूम्रकेतु, जातदेव, हुताशन, वायुसखा ... इत्यादि।
**वसन –** कपड़ा, चीर, पट, अम्बर, वस्त्र .... इत्यादि
**प्रभा –** चमक, ज्योति, दीप्ति, शोभा, छवि, आभा, कान्ति ... इत्यादि।

**44. (d)**
जिन विषयों, या उद्दीपनों से परमात्मा के वास्तविक रूप का ज्ञान होता है और अन्य विषयों से **वैराग्य** हो जाता है, उसे शांत रस कहते है।
''मन रे........... क्या इतना।।'' इस पद्य में कवि ने-तन, को कागज के पुतले के समान माना है, जो कि क्षण भर में पानी की बूँदों से नष्ट हो सकता है फिर भी इस तन पर इतना गुमान क्यों? यहाँ पर कवि तन को छोड़कर परमात्मा के प्रति अनुराग पैदा करता है। अतः उपरोक्त पद्य में 'शान्त रस' होगा।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**45. (c)**
तक्षक का आशय बढ़ई, सूत्रधार तथा विश्वकर्मा से है, जबकि शिलान्यास इन तीनों से भिन्न अर्थ वाला शब्द है।

**46. (a)**
भाव का आशय दर, विचार तथा अभिप्राय से है, जबकि भवन इन तीनों से भिन्न अर्थ वाला शब्द है।

**47. (b)**
आज के वैज्ञानिक नए-नए आविष्कारों द्वारा हमारे जीवन को सुखमय बना रहे हैं।

**48. (a)**
यदि इस रोग को आरम्भ में ही काबू न किया गया, तो यह संक्रामक हो सकता है।

**49. (b)**
'सच्छास्त्र' का समुचित संधि विच्छेद 'सत् + शास्त्र' है। यह व्यंजन संधि का उदाहरण है। जब 'त्' के बाद 'श' आये तो 'त्' का 'च्' तथा 'श' का 'छ' हो जाता है। इसके अन्य उदाहरण हैं–

उत् + शिष्ट = उच्छिष्ट
उत् + शृंखल = उच्छृंखल
उत् + श्वास = उच्छ्वास

**50. (b)**
'युद्ध में स्थिर रहने वाला' विग्रह पद के लिए 'युधिष्ठिर' समस्त पद होता है, जो अलुक तत्पुरुष का उदाहरण है। अलुक तत्पुरुष में विभक्ति चिह्न का लोप नहीं होता। अतः 'युधिष्ठिर' का समुचित विग्रह होगा - युधि + स्थिर। इसके अन्य उदाहरण है-खेचर, वाचस्पति इत्यादि।

**51. (b)**
'कन्नड़' का सम्बन्ध द्रविड़ भाषा परिवार से है। तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम और तुलू आदि द्रविड़ भाषा परिवार की भाषाएँ हैं। इसके अतिरिक्त भारोपीय भाषा परिवार के अन्तर्गत संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी, उड़िया, बंगाली, पंजाबी आदि भाषाएँ आती हैं।

**52. (b)**
'अव्यय पदबंध' पदबंध का भेद नहीं है। 'संज्ञा पदबंध, विशेषण पदबंध, सर्वनाम पदबंध, क्रिया पदबंध, क्रियाविशेषण पदबंध' पदबंध के भेद हैं। क्रियाविशेषण अव्यय का ही प्रकार है, परन्तु अव्यय पदबंध नाम से पदबंध का कोई भेद नहीं है।

**53. (a)**
''वह बहुत अच्छा लड़का है'' इसमें निश्चयवाचक सर्वनाम है। जिस सर्वनाम के द्वारा किसी व्यक्ति अथवा वस्तु के निश्चयता का बोध होता है, वह निश्चयवाचक सर्वनाम कहलाता है।

**54. (b)**
'योग' शब्द का विलोम **'भोग'** है जबकि 'रोग' शब्द का विलोम 'निरोग' है।

**55. (d)**
'उत्तरीय' शब्द का विलोम 'अधोवस्त्र' होता है।

**56. (c)**
'ओजस्वी' शब्द का विलोम 'कान्तिहीन' (निस्तेज) है। जबकि 'मलीन' शब्द पवित्र का विलोम है।

**57. (b)**
'शैतान की आँत'' इस मुहावरे का अर्थ है- 'बहुत लम्बी वस्तु है।' शेष अर्थ असंगत है।

**58. (a)**
प्रत्यक्ष के द्वारा अप्रत्यक्ष का चमत्कारपूर्ण वर्णन अनुमान अलंकार का लक्षण है।

**59. (b)**
हिन्दी खड़ी बोली शौरसेनी अपभ्रंश से विकसित हुई है। शौरसेनी अपभ्रंश से विकसित अन्य भाषाएँ – पश्चिमी हिन्दी, राजस्थानी, ब्रजभाषा आदि हैं। मागधी अपभ्रंश से बिहारी, बंगाली, उड़िया, असमियाँ भाषा, ब्राचड़ अपभ्रंश से सिंधी तथा अर्धमागधी अपभ्रंश से पूर्वी हिन्दी तथा पूर्वी हिन्दी से अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी आदि भाषाएँ विकसित हुई हैं।

**60. (a)**
द्विवेदी युगीन रचना 'जय भारत' के रचनाकार मैथिलीशरण गुप्त हैं। महावीर प्रसाद द्विवेदी की रचना रसज्ञ रंजन, नाट्यशास्त्र, उपन्यास रहस्य आदि। बालमुकुन्द गुप्त की रचना 'शिव शम्भु का चिट्ठा' तथा श्रीधर पाठक की रचना- गुनवन्त हेमन्त, वनाष्टक, भारत गीत, जगत सचाई सार आदि है।

**61. (c)**
कबीर ने समाज सुधार के अंतर्गत स्त्री-पुरुष की समानता का उपदेश नहीं दिया है। इसके अतिरिक्त उन्होने मूर्ति पूजा का विरोध, जाति प्रथा का खण्डन तथा हिन्दु-मुस्लिम पाखंड का खंडन किया है। कबीर कवि बाद में समाज सुधारक पहले हैं।

**62. (c)**
जायसी द्वारा रचित 'पद्मावत' **समासोक्ति** है। ऐसी उक्ति जिसमें सामासिक पदों की बहुलता होने के कारण पद्मावत को समासोक्ति रचना कहते हैं। समासोक्ति अर्थालंकार का भेद है। इसमें प्रस्तुत के माध्यम से अप्रस्तुत का वर्णन किया जाता है।

**63. (d)**
**अंशों का उचित क्रम निम्न है** – प्रतियोगिता में भेजे गये फोटो के साथ उचित आकार का पर्याप्त डाक टिकट लगा और अपने पते वाला लिफाफा अवश्य भेजें ताकि फोटो अस्वीकृत होने पर उसे वापस भेजा जा सके, वरना अस्वीकृत फोटो वापस नहीं भेजा जायेगा।

**64. (a)**
**अंशों का उचित क्रम निम्न है-**
फोटो के साथ प्रतियोगी फोटोग्राफर इस आशय का प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करें कि उसने फोटो खिचें, व्यक्ति की अनुमति प्राप्त कर ली है और इस विषय में प्रकाशक को होने वाले नुकसान हानि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**65. (c)**
**अंशों का उचित क्रम निम्नवत् है –**
प्रोफेसर ने मुझे समझाया कि इंसान को कभी भी हीन भावना का शिकार नहीं होना चाहिए और न ही अपना आत्मविश्वास खोना चाहिए। सुन्दर वही है, जिसके गुण सुन्दर हैं। क्या मैं सुन्दर हूँ? पोलियो रोगी होते हुए भी, मैं कभी हीन भावना ग्रस्त नहीं रहा, न ही अपना आत्मविश्वास डगमगाने दिया।

**66. (d)**
**अंशो का उचित क्रम निम्नवत है-**
व्यावसायिक बाराती अपने अनुभव का लाभ उठा गाँव में घुसपैठ करते। मीठे से उबे हुए छाछ, राबड़ी का जुगाड़ बिठा लेते। दूसरे लोग तब मन मसोस कर रह जाते। निपुण बाराती अपनी पहचान निकालकर अच्छे बिस्तर, स्थान का लाभ उठाते और इसी समय का सदुपयोग करके नए रिश्तों का तानाबाना बुनते।

**67. (a)**
**अंशों का सही क्रम निम्नवत् है-**
तुलसीदास जी कई वर्षों तक काशी में रहने के पश्चात अयोध्या चले गए। वहाँ उन्होंने 'रामचरितमानस' लिखा। वह कभी-कभी काशी और चित्रकूट भी चले जाते थे। रामचरितमानस के अतिरिक्त उन्होंने कई अन्य पुस्तकें लिखी हैं, जिनमें विनय-पत्रिका, गीतावली, कवित्त रामायण, रामललानहछू और हनुमान बाहुक अधिक प्रसिद्ध है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**68. (c)**
इस गद्य में लेखक व्यक्ति को एकाग्रचित होकर दृढ़ संकल्प द्वारा शांत रहने की प्रवृत्ति को अपनाने की बात करता है, जिससे व्यक्ति अपने क्रोध पर विजय प्राप्त कर सके। लेखक द्वारा शांत रहने का मार्ग अपना कर व्यक्ति अपने जीवन को अधिक आनंदमय बना सकता है। अतः इस गद्यांश का सही शीर्षक 'शांत रहो-सुखी रहो' होगा।

**69. (a)**
क्रोध आने की स्थिति में शांत रहने की प्रवृत्ति को लेखक ने 'महायोग' कहा है, जिसे व्यक्ति अपने अंदर स्वयं पैदा कर सकता है।

**70. (d)**
इस गद्यांश में लेखक ने क्रोध पर काबू रखने के लिए कहा है, जिससे व्यक्ति के चेहरे पर नई चमक, कार्य में नया उत्साह, हृदय में निर्मलता एवं शीतलता का अनुभव करता है और बिना किसी श्रम व खर्च के छोटे-मोटे रोग तथा 'पाचन क्रिया' स्वतः ठीक हो जाती है।

**71. (b)**
लेखक के अनुसार हमेशा खींज़ने से, गुस्सा करने, चीखने-चिल्लाने तथा बड़बड़ाते रहने से व्यक्ति के ओजस्वी चेहरे पर चिंता की रेखाएं उभर आती है।

**72. (a)**
इस गद्यांश में लेखक शांत रहने की प्रक्रिया में आगे बढ़ने के लिए रात को शयनकक्ष में जाने से पूर्व व्यक्ति को दैनन्दिनी (डायरी) में दिन भर की वे घटनाएँ लिखते हैं, जब वे क्रोधित हुए हों या अशांत रहे हो। भविष्य में हम इन डायरियों को पढ़कर अपनी कमज़ोरियों पर हँस पड़ेंगे।

**73. (d)**
'कवित्री' शब्द का शुद्ध रूप 'कवयित्री' है।

**74. (b)**
श्रुतिलिपि शब्द का शुद्ध रूप 'श्रुतलिपि' है।

**75. (a)**
दूषचरित शब्द का शुद्ध रूप 'दुश्चरित्र' है।

**76. (d)**
दोपहर 12 बजे से प्रातः 4 बजे तक का कुल समय

$= 12+4 = 16$ घण्टे

$\because$ 24 घण्टे में घड़ी आगे हो जाती है $= 15$ मिनट

अतः 1 घण्टे में घड़ी आगे होगी $= \frac{15}{24}$ मिनट

$\therefore$ 16 घण्टे में घड़ी आगे होगी $= \frac{15}{24} \times 16 = 10$ मिनट

अतः प्रातः 4 बजे घड़ी 4 बजकर 10 मिनट का समय दिखाएगी।

**77. (a)**
होम थिएटर सेट का विक्रय मूल्य

$= 4950 \times \frac{80}{100} \times \frac{85}{100} = \frac{495 \times 8 \times 85}{100}$

$=$ ₹ 3366

**78. (b)**
x का 15% $= 3 \times$ y का 10%

$\frac{x \times 15}{100} = \frac{3 \times y \times 10}{100}$

$15x = 30y$

$\frac{x}{y} = \frac{30}{15} = \frac{2}{1}$

अतः $x : y = 2 : 1$

**79. (a)**
500 पाठ्य पुस्तकें विक्रेता खरीदता है = ₹ 20,000 में

अतः 1 पठ्य पुस्तक खरीदेगा $=$ ₹$\frac{20,000}{500}$ में

$\therefore$ 50 पाठ्य पुस्तकें खरीदेगा $= \frac{20,000}{500} \times 50$

$=$ ₹ 2000 में

लाभ = 50 पुस्तकों का क्रयमूल्य = ₹ 2000

लाभ% $= \frac{2000 \times 100}{20000} = 10\%$

**80. (a)**
शिक्षा पर खर्च (प्रतिशत में) $= 100 - (20 + 60 + 10)$

$= 100 - 90$

$= 10\%$

प्रश्नानुसार,

$\because 10\% =$ ₹ 30

$1\% =$ ₹ $\frac{30}{10}$

$\therefore 100\% = \frac{30}{10} \times 100 =$ ₹ 300

अतः व्यक्ति का वेतन = ₹ 300

**81. (c)**
दूरी = 6.64 कि.मी.

$= 6.64 \times 1000$ मी.

= 6640 मी0

समय = 20 सेकण्ड

अतः ध्वनि की गति $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}} = \frac{6640}{20}$

= 332 मी./से.

**82. (b)**
दर = 75 प्रति हजार

= 7.5% वार्षिक

समय = 2 वर्ष

मूलधन = ₹ 2000

सा. ब्याज $= \frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100} = \frac{2000 \times 7.5 \times 2}{100}$

$= 20 \times 15.0 =$ ₹ 300

**83. (a)**

A और B का 1 दिन का काम $= \frac{1}{6}$

A का 1 दिन का काम $= \frac{1}{9}$

$\therefore$ B का 1 दिन का काम $= \frac{1}{6} - \frac{1}{9}$

$= \frac{3-2}{18} = \frac{1}{18}$

अतः B अकेले उस काम को 18 दिन में पूरा कर लेगा।

**84. (d)**
समलम्ब का क्षेत्रफल

$= \frac{1}{2} \times$ समान्तर भुजाओं का योग $\times$ ऊँचाई

$= \frac{1}{2} \times (16 + 20) \times 10$

$= 36 \times 5 = 180$ वर्गमीटर



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**85. (b)**
माना वस्तु का अंकित मूल्य = ₹100x

छुट के पश्चात् वस्तु का मूल्य $= 100x \times \frac{85}{100} \times \frac{80}{100} \times \frac{75}{100}$

$= \frac{x \times 85 \times 8 \times 75}{1000}$

= ₹51x

अतः छूट = 100x–51x

= ₹49x

एकल छूट % $= \frac{49x \times 100}{100x} = 49\%$

**86. (a)**
माना C का शेयर = ₹x
A का शेयर = ₹3x
B का शेयर = ₹6x
∴ प्रश्नानुसार,
$3x + 6x + x = 490$
$10x = 490$
$x = \frac{490}{10}$
x = ₹49
अतः C का शेयर = ₹49

**87. (a)**
माना वस्तु की लागत = ₹100x

विक्रयमूल्य $= \left(\frac{100 - \text{हानि } \%}{100}\right) \times$ क्रयमूल्य

विक्रयमूल्य $= \left(\frac{100 - 6}{100}\right) \times 100x$ = ₹94

नया विक्रयमूल्य = ₹(94x + 64)

$\left(\frac{100+10}{100}\right) \times$ क्रयमूल्य = 94x+64

$\frac{110}{100} \times 100x = 94x + 64$

$110x - 94x = 64$
$16x = 64$
$x = \frac{64}{16}$
$x = 4$
अतः वस्तु की लागत = 100×4 = ₹400

**88. (a)**
चश्मा लगाने वाले छात्रों की संख्या

$= \frac{1400 \times 25}{100} = 350$

चश्मा लगाने वाले लड़कों की संख्या

$= 350 \times \frac{2}{7} = 50 \times 2 = 100$

अतः चश्मा लगानें वाली लड़कियों की संख्या
= 350–100=250

**89. (a)**
माना स्थिर जल में नौका चलाने की गति
= x किमी./घण्टा
माना धारा की चाल = y किमी./घंण्टा
धारा की प्रतिकूल दिशा में नौका की चाल =(x – y) किमी/घंण्टा
$x - y = 12$ .......(i)
इसी प्रकार,
धारा की अनुकूल दिशा में नौका की चाल = (x + y) किमी/घण्टा
$x + y = 18$ ........(ii)
$x - y = 12$ ........(i)

$2x = 30 \Rightarrow x = 15$ (जोड़ने पर,)
अतः स्थिर जल में नौका चलाने की गति =15 किमी./घण्टा

90. **(b)**
यदि ab=21 ........(i)

$\frac{(a+b)^2}{(a-b)^2} = \frac{25}{4}$

$\Rightarrow \frac{a^2 + b^2 + 2ab}{a^2 + b^2 - 2ab} = \frac{25}{4}$

$\Rightarrow 4a^2 + 4b^2 + 8ab = 25a^2 + 25b^2 - 50ab$
$\Rightarrow 21a^2 + 21b^2 - 58ab = 0$
$\Rightarrow 21a^2 + 21b^2 + 63ab - 63ab - 58ab = 0$
$\Rightarrow 21(a^2 + b^2 + 3ab) - 121ab = 0$
$\Rightarrow 21(a^2 + b^2 + 3ab) = 121ab$

$\Rightarrow a^2 + b^2 + 3ab = \frac{121 \times 21}{21}$ [समी. (i) से,]

$\therefore a^2 + b^2 + 3ab = 121$

91. **(b)** $(d^{s+t} \div d^s) \div d^t$
$= d^{s+t-s} \div d^t$
$= d^t \div d^t$
$=1$

92. **(d)**
∵ हम जानते हैं कि किसी त्रिभुज के तीनो अन्तः कोंणों का योग 180° होता है।
अतः सभी विकल्पों को जाँच करने पर-
(a) $33° + 42° + 115° \neq 180°$
(b) $40° + 70° + 80° \neq 180°$
(c) $30° + 60° + 100° \neq 180°$
(d) $50° + 60° + 70° = 180°$

**93. (d)** प्रश्नानुसार,
माना 5 से विभाज्य तीन क्रमागत संख्यायें क्रमशः 5x, 5(x + 1) और 5(x + 2) हैं।
$5x + 5(x + 1) + 5(x + 2) = 225$
$5x + 5x + 5 + 5x + 10 = 225$
$15x + 15 = 225$
$15x = 210$
$x = 14$
∴ सबसे बड़ी संख्या = 5(14 + 2) = 16 × 5 = 80

**94. (b)**

A द्वारा 1 दिन में किया गया कार्य $= \frac{1}{18}$

∴ A द्वारा 12 दिन में किया गया कार्य $= \frac{1}{18} \times 12 = \frac{2}{3}$

अतः शेष कार्य $= 1 - \frac{2}{3} = \frac{1}{3}$

∵ $\frac{1}{3}$ कार्य B पूरा करता है = 8 दिन में

∴ सम्पूर्ण कार्य B पूरा करता है $= \frac{8}{1} \times 3 = 24$ दिन

अतः B अकेले उस कार्य को 24 दिन में पूरा करेगा।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**95. (b)**

समतुल्य छूट % $= 10 + 20 - \frac{10 \times 20}{100}$

$= 30 - 2 = 28\%$

अंकित मूल्य = ₹ 900

अतः विक्रय मूल्य $= 900 \times \frac{(100 - 28)}{100}$

$= 900 \times \frac{72}{100}$ = ₹ 648

**96. (d)**

माना व्यक्ति का मासिक व्यय = ₹61x

और बचत = ₹6x

∵ मासिक व्यय + मासिक बचत = मासिक आय

$61x + 6x = 8710$

$67x = 8710$

$x = \frac{8710}{67} = 130$

अतः व्यक्ति की मासिक बचत = 6x

= 6 × 130 = ₹780

**97. (b)**

माना अंकित मूल्य = ₹x

∵ अंकित मूल्य $\times \left(1 - \frac{\text{छूट \%}}{100}\right)$ = विक्रय मूल्य

$x \times \left(1 - \frac{5}{100}\right) = 950$

$x \times \frac{95}{100} = 950$

$x = 950 \times \frac{100}{95}$ = ₹1000

अतः वस्तु का अंकित मूल्य = ₹1000

**98. (b)**

माना व्यक्ति की प्रारम्भिक राशि = ₹ x

∵ व्यक्ति पहली बार 75% खर्च करता है, 25% बचाता है।

दूसरी बार भी 75% खर्च करता है, 25% बचाता है और तीसरी बार भी 75% खर्च करता है, 25% बचाता है।

कुल बचत $= x \times \frac{25}{100} \times \frac{25}{100} \times \frac{25}{100} = 2$

x = 2×4×4×4 = ₹ 128

**99. (a)**

ट्रेन की गति = 72 किमी/घण्टा $= 72 \times \frac{5}{18} = 20$ मी./से

ट्रेन की लम्बाई = 160 मी.

खम्भे को पार करने में लगा समय $= \frac{160}{20} = 8$ सेकेण्ड

**नोटः** जब ट्रेन किसी खम्भे को पार करती है तो उसे अपनी लम्बाई के बराबर दूरी तय करनी पड़ती है।

**100. (c)** जिस प्रकार,

64, 48, 32
(−16, −16)

उसी प्रकार विकल्प (c) से,

90, 72, 54
(−18, −18)

**Note:-** एक निश्चित संख्या घटाकर अगली संख्या बन रही है।

**101. (b)** दी गयी शृंखला निम्नवत् है-

121, 143, 165, 186 [187], 209
(+22, +22, +22, +22)

186 के स्थान पर 187 होना चाहिए

**102. (b)**

चूँकि सप्ताह में दिनों की संख्या = 7

अतः 7 x + x = 8 x दिन

**103. (d)**

मास्को रूस की राजधानी है, जबकि अन्य तीनों देश है। अतः मास्को भिन्न है।

**104. (a)**

प्रश्नानुसार- रक्त सम्बन्ध आरेख निम्नवत् है-




अतः स्पष्ट है कि प्रेम, नरेश का भाई है।

**105. (c)** दी गयी संख्या श्रेणी-

1, 6, 13, 22, 33, 46
(+5, +7, +9, +11, +13)

अतः (?) = 46 होगा।

**106. (c)** दी गयी संख्या श्रेणी-

2, 5, 9, [14], 20, 27
(+3, +4, +5, +6, +7)

अतः (?) = 14 होगा।

**107. (c)**

2 <u>4 6</u> 4 3 <u>4 6</u> 8 <u>4 2</u> 6 5 9 4 9 <u>4 2</u>
(1, 2, 3, 4)

ठीक बाद सम संख्या वाले (4) की संख्या = 4

**108. (c)**

4 द्वारा विभाजित संख्या –

(4, 8, 12, 16, 20)

योग = 4 + 8 + 12 + 16 + 20 = 60

**109. (c)**

1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12.

संख्याओं का योग $= \frac{n(n+1)}{2}$ (n प्राकृतिक संख्याओं का योग) $= \frac{12.(12+1)}{2} = 78$

अतः 12 घंटे में = 78 बार बजेगी।

तथा 24 घण्टे = 2 × 78 = 156 बार बजेगी।

**110. (d)** दी गयी शृंखला निम्नवत् है-

39, 46, 60, 81, 109, [144], 186
(+7×1, +7×2, +7×3, +7×4, +7×5, +7×6)

अतः (?) = 144 होगा।

**111. (d)**

10 : 13 : 16
+3↓ +3↓ +3↓
13 : 16 : 19

अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**112. (b)** जिस प्रकार,

```
1 2 3 4 5 6   :   6 5 4 3 2 1
F R U I T S   :   S T I U R F
```

उसी प्रकार,

```
1 2 3 4 5 6   :   6 5 4 3 2 1
P O L I C E   :   E C I L O P
```

**113. (d)**
ब्रेक, क्लच, तथा व्हील, बस के अलग-अलग पुर्जे हैं तथा बस सभी पुर्जों से मिलकर बनी होती है अतः बस इन सभी से भिन्न है।

**114. (d)**
दिये हुए शब्द से PEPPER नहीं बनाया जा सकता हैं क्योंकि इसमें 3(P) हैं जबकि दिये हुए शब्द में केवल 2P है।

**115. (a)**

A → +
B → ×
C → −
(9 B9) A (7A8A9) C (3B3)
(9 × 9) + (7 + 8 + 9) – (3 × 3)
= 81 + 24 – 9
= 96

**116. (c)**

दैनिक → साप्ताहिक → पाक्षिक → मासिक
(1 दिन का समय) (7 दिनों का समय) (15 दिनों का समय) (30 दिनों का)

**117. (c)** जिस प्रकार,

| | |
|---|---|
| D E A R | तथा F A C E |
| 4 5 1 18 | 6 1 3 5 |
| (4+5+1+18 =28) | (6+1+3+5=15) |

उसी प्रकार,

H I G H
8 9 7 8
(8+9+7+8=32)

**118. (a)**
श्रृंखला निम्नवत है-

| 1 | 8 | 27 | 64 | 125 | 216 | 343 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| $1^3$ | $2^3$ | $3^3$ | $4^3$ | $5^3$ | $6^3$ | $7^3$ |

अतः दी गई श्रृंखला में खाली स्थान पर 216 होगा।

**119. (a)** प्रश्नानुसार सही सम्बन्ध आरेख दर्शाने वाला आरेख निम्नवत् है-




**120. (c)**
प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को उत्तर आकृति (c) में दी गयी आकृति पूरा करेगी।

**121. (d)**
न तो निष्कर्ष I सही है न ही II सही है।

**122. (a)**
प्रश्नानुसार कागज को मोड़कर काटने तथा खोलने के बाद उत्तर आकृति (a) के समान दिखेगी।

**123. (c)**
प्रश्न आकृति का दर्पण प्रतिबिम्ब उत्तर आकृति (c) के समान दिखेगा।

**124. (a)**

H = 55, 96, [67], 88, 79
E = 30, [21], 02, 43, 14
E = 30, 21, 02, 43, [14]
L = 85, 76, 57, [98], 69
अतः HEEL = 67, 21, 14, 98

**125. (c)**
कुल मिश्रधन

$$= 1600\left(1+\frac{5}{200}\right)^2 + 1600\left(1+\frac{5}{200}\right)^1$$

$$= 1600\left(\frac{205}{200}\right)^2 + 1600\times\frac{41}{40}$$

$$= 1600\times\frac{41}{40}\times\frac{41}{40} + 40\times41$$

= 1681 + 1640 = 3321
बैंक का ब्याज = 3321 − 3200 = ₹121

**126. (d)**
माना सुरंग की लम्बाई x मीटर है।

$$78\text{Km./h} = 78\times\frac{5}{18}m/s$$

$$= \frac{65}{3}m/s$$

दूरी = चाल×समय

$$800 + x = \frac{65}{3}\times60 \quad (1\text{ मि.} = 60\text{ से.})$$

800 + x = 65×20
x = 1300-800 = 500 मी.

**127. (d)**
क्षेत्रफल पर पड़ने वाला अभीष्ट प्रभाव

$$= 2+2+\frac{2\times2}{100}$$

$$= 4+\frac{4}{100}$$

= 4 + 0.04
= 4.04%

**128. (c)**
माना आयताकार बाग की लंबाई 3x तथा चौड़ाई 2x मीटर है।
व्यक्ति की गति = 15Km/h

$$= 15\times\frac{5}{18}m/s$$

$$= \frac{25}{6}m/s$$

12 मिनट में चली गई दूरी = चाल × समय

$$= \frac{25}{6}\times12\times60$$



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

= 120×25= 3000 मीटर

बाग का परिमाप = 3000 मी.

∵ 2 (3x + 2x) = 3000

5x = 1500

x = 300 मीटर

बाग की लंबाई = 3x = 3×300 = 900 मीटर

बाग की चौड़ाई = 2x = 2×300 = 600 मीटर

बाग का क्षेत्रफल = 900×600 = 540000 वर्ग मीटर

**129. (a)**

वह सभी संख्या जो 9 से विभाज्य हो, वह 3 से भी विभाज्य होंगी। अत: ऐसी कोई संख्या नहीं है जो 9 से विभाज्य हो लेकिन 3 से नही।

**130. (b)**

जिस प्रकार, A + 3 ⇒ D, तथा D + 3 ⇒ G

तथा D + 5 ⇒ I, तथा I + 5 ⇒ N

उसी प्रकार, I + 7 ⇒ P, तथा P + 7 ⇒ W

**131. (b)**




जिस प्रकार दक्षिण दिशा से उत्तर-पश्चिम ($135^0$ दक्षिणावर्त) कहा जाता है उसी प्रकार पश्चिम को उत्तर-पूर्व ($135^0$ दक्षिणावर्त) कहा जाएगा।

132. **(b)**

अप्रैल को छोड़कर शेष अन्य महीनों में दिनों की संख्या 31 होती है।

133. **(c)**

(a) $\frac{32-2}{2}=15$

(b) $\frac{56-2}{2}=27$

(c) $\frac{74-2}{2}=36$

(d) $\frac{86-2}{2}=42$

विकल्प (c) में 36 के स्थान पर 38 दिया गया है। अतः यह दिये गये चारो युग्मों में भिन्न है।

**134. (d)**

जिस प्रकार,

9 + 3 +13 = 25

तथा 10 + 14 + 1 = 25

उसी प्रकार, 6 + 8 + ? = 25

14 + ? = 25 $\boxed{?=11}$

**135. (c)**

घड़ी की सूईयाँ प्रत्येक $\frac{12}{11}$ घंटे बाद संपाती होती है।

∵ $\frac{12}{11}$ घंटे में ..................1 बार

∴ 24 घंटे में .................$\frac{11}{12}\times 24$ = 22 बार

**136. (a)**

माना गाय की संख्या x तथा मुर्गियों की संख्या y है।

पैरों की संख्या = 4x + 2y

सिरों की संख्या = x + y

प्रश्नानुसार,

4x + 2y = (x + y) × 2 + 14

4x + 2y = 2x + 2y + 14

2x = 14

x = 7

अत: झुण्ड में गायों की संख्या = 7

**137. (b)**

जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




**138. (b)**




अत: 9 दिन पहले या 2 दिन पहले बृहस्पतिवार था इसलिए आज शनिवार है।

**139. (a)**




| | | |
|---|---|---|
| (1) Δ ABC | (2) Δ ABH | (3) Δ AHI |
| (4) Δ AIC | (5) Δ ABI | (6) Δ AIC |
| (7) Δ ADG | (8) Δ ADE | (9) Δ AEF |
| (10) Δ AFG | (11) Δ ADF | (12) Δ AEG |

दी गई आकृति में 12 त्रिभुज हैं।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**140. (a)**

चित्र से स्पष्ट है कि क्षैतिज आकृतियाँ एक दूसरे के प्रतिरूप है। अतः विकल्प (a) प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को पूरा करेगी।

**141. (c)**

माना कबूतरों की संख्या = x

∴ खरगोशों की संख्या = (90–x)

प्रश्नानुसार, 4 (90 – x) + 2x = 224

360 – 4x + 2x = 224

360 – 224 = 2x ⇒ 2x = 136

x = 68

∴ कबूतरों की संख्या = 68

**142. (a)**

त्रिभुज -1 से –

जिस प्रकार,

(16+17+18) – (12+13+14) = 12

त्रिभुज-2 से–

उसी प्रकार,

(23+24+25) – (18+19+20) = $\boxed{15}$

**143. (c)**

जिस प्रकार,

$\sqrt{64} = 8$

तथा

$\sqrt{121} = 11$

उसी प्रकार,

$\sqrt{81} = 9$

अतः $\boxed{? \Rightarrow 9}$

**144. (c)**

जिस प्रकार,

9 × 2 – 1 = 17

तथा

160 × 2 – 1 = 319

उसी प्रकार,

475 × 2 – 1 = 949

अतः $\boxed{? \Rightarrow 949}$

**145. (d)**

न तो निष्कर्ष I सही है और न II सही है।

**146. (c)**

जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




अतः $\boxed{? \Rightarrow BSPTMC}$

**147. (d)**

जिस प्रकार,




तथा




उसी प्रकार




**148. (a)**

जिस प्रकार,

56 × 11 = 9

↓ ↓

(5 + 6) – (1 + 1) = 9

37 × 13 = 6

↓ ↓

(3 + 7 ) – (1 + 3) = 6

एवं

42 × 12 = 3

↓ ↓

(4 + 2) – (1 +2) = 3

उसी प्रकार,

87 × 77

↓ ↓

(8+7) – (7+7) =1

**149. (d)**

जिस प्रकार,

$\frac{14 \times 24}{8} = 42$

तथा

$\frac{64 \times 12}{8} = 96$

उसी प्रकार, $\frac{32 \times 18}{8} = \boxed{72}$

अतः $\boxed{? \Rightarrow 72}$

**150. (c)**

प्रश्नानुसार,






GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# PRACTICE SET - 13

## सामान्य जानकारी

**1. 'ऐडमिरल कप' किससे संबंधित है?**
(a) मुक्केबाजी (b) स्क्वैश
(c) बिलियर्ड्स (d) नौकायन

**2. भारत का कौन राष्ट्रपति निर्विरोध निर्वाचित किया गया?**
(a) डा. राजेन्द्र प्रसाद (b) डॉ. एस. राधाकृष्णन
(c) के. आर. नारायन (d) एन. संजीव रेड्डी

**3. 'आवश्यकता-विहीनता सिद्धांत' के प्रतिपादक अर्थशास्त्री हैं?**
(a) नीलकंठ रथ (b) प्रो. जे. के. मेहता
(c) वी. एन. गाडगिल (d) अमर्त्य सेन

**4. सूर्य का दीप्तिमान आमुख, जिसे हम देखते हैं, कहलाता है**
(a) वर्णमंडल (b) वातावरण
(c) प्रकाशमंडल (d) स्थलमंडल

**5. नर्मदा के अतरिक्त कौन-सी दूसरी नदी अमरकंटक से निकलती है?**
(a) बेतवा (b) ताप्ती
(c) महानदी (d) सोन

**6. कब अग्नि ज्वलनशील नहीं हो पाती?**
(a) हवा में ऑक्सीजन 30 प्रतिशत से कम होने पर
(b) हवा में ऑक्सीजन 25 प्रतिशत से कम होने पर
(c) हवा में ऑक्सीजन 20 प्रतिशत से कम होने पर
(d) हवा में ऑक्सीजन 15 प्रतिशत से कम होने पर

**7. ब्रिटिश शासन को भारत से उखाड़ फेंकने के लिए इनमें से किसने फ्रांसीसियों की मदद माँगी थी?**
(a) शम्भाजी (b) शिवाजी
(c) हैदर अली (d) टीपू सुल्तान

**8. निम्नलिखित में से किसमें सर्वाधिक ऊर्जा होती है?**
(a) लाल प्रकाश (b) नीला प्रकाश
(c) हरा प्रकाश (d) पीला प्रकाश

**9. प्रसिद्ध बाँसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया का जन्म कहाँ हुआ था?**
(a) हज़रतगंज-लखनऊ (b) पार्क स्ट्रीट-कोलकाता
(c) लोकनाथ-इलाहाबाद (d) लोखंडवाला

**10. 'बधाई' कौन-सी विधा है?**
(a) बुंदेलखण्ड का लोक संगीत
(b) बुंदेलखण्ड का लोकनृत्य
(c) (A) और (B)
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**11. ''पूर्ति अपनी माँग का सृजन स्वयं करती है।'' यह किसका कथन है?**
(a) कीन्स (b) मार्शल
(c) रॉबर्टसन (d) जे. बी. से

**12. 'माई कंट्री माई लाइफ' किसकी आत्मकथा है?**
(a) सुचित्रा सेन (b) राममनोहर लोहिया
(c) लालकृष्ण आडवानी (d) सुचेता कृपलानी

**13. भारतीय राज्य की कौन-सी मुख्यमंत्री अपनी विरोधी पार्टी के अध्यक्ष से विवाहित थी?**
(a) जयललिता (b) सुचेता कृपलानी
(c) (a) और (b) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

**14. निम्नलिखित में से किस तिथि को विश्व विकास सूचना दिवस मनाया जाता है?**
(a) 23 अक्टूबर (b) 24 अक्टूबर
(c) 25 अक्टूबर (d) 26 अक्टूबर

**15. भारत की अन्य भाषाओं के 'गजन', 'वादिया', 'अदी जोहर' जैसे शिष्टाचार के शब्दों का क्या अर्थ है?**
(a) बधाई हो (b) फिर मिलेंगे
(c) धन्यवाद (d) तकलीफ की माफी

**16. भारतीय सशस्त्र सेनाओं द्वारा पाकिस्तान से हाजीपीर की लड़ाई किस वर्ष लड़ी गई थी?**
(a) 1947 (b) 1962
(c) 1965 (d) 1971

**17. नागार्जुन कौन थे?**
(a) एक यूनानी शासक (b) एक वैदिक ऋषि
(c) एक जैन भिक्षु (d) एक बौद्ध दार्शनिक

**18. इनमें से कौन-सा मुगल सम्राट अनपढ़ था?**
(a) अक़बर (b) शाहजहाँ
(c) औरंगज़ेब (d) बहादुरशाह ज़फर

**19. कुछ वर्ष पहले किस एशियाई देश ने अपना राष्ट्र-गान बदल दिया है?**
(a) बांग्लादेश (b) नेपाल
(c) अफ़गानिस्तान (d) मालद्वीव

**20. ऐतिहासिक 'विक्टोरिया पार्क', जिसे अब 'जंग-ए-आज़ादी पार्क' का नाम दिया है, कहाँ स्थित है?**
(a) अमृतसर (b) इलाहाबाद
(c) झांसी (d) मेरठ

**21. दो काँच के गिलास एक-दूसरे से (एक के अंदर दूसरा) चिपक जाते हैं। उन्हें कैसे अलग किया जा सकता है?**
(a) अंदरुनी गिलास में गरम पानी डालकर
(b) गिलासों को शीतल जल में डालकर
(c) बाहरी गिलास को गरम पानी में डालकर
(d) ज़ोरों से पीट-पीटकर

**22. थॉमस रो मुगल सम्राट जहाँगीर से किस किले में मिला था?**
(a) आगरा (b) इलाहाबाद
(c) झांसी (d) अज़मेर

**23. भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद संविधान में संशोधन से संबंधित है?**
(a) अनुच्छेद्द-360 (b) अनुच्छेद-355
(c) अनुच्छेद्द-368 (d) अनुच्छेद-365

**24. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी यमुना से नहीं मिलती?**
(a) केन (b) सोन
(c) बेतवा (d) चम्बल

**25. 'गंडक सिंचाई परियोजना' किन प्रदेशों का एक संयुक्त प्रयास है?**
(a) उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश (b) उत्तर प्रदेश एवं बिहार
(c) उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड (d) ऊत्तर प्रदेश एवं हरियाणा

**26. इनमें से किसने भूमि मापांकन की व्यवस्था प्रारम्भ की?**
(a) बहादुरशाह (b) शेरशाह
(c) शाहजहाँ (d) अक़बर



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**27. शहद का प्रमुख घटक है**

(a) गैलेक्टोज (b) सुक्रोज

(c) माल्टोज (d) फ्रक्टोज

**28. मनुष्य के जीवन का सर्वोत्तम ध्येय है 'कैवल्य', जिसका अर्थ है**

(a) दूसरों को शिक्षा देना

(b) दूसरों का अनुसरण करना

(c) इच्छाओं पर विजय प्राप्त करना

(d) दूसरों की सेवा करना

**29. 'विटामिन' शब्द का जनक कौन है?**

(a) एलेक्जेंडर फ्लेमिंग (b) रॉबर्ट कोच

(c) एम. डेविस (d) कासीमीर फंक

**30. इनमें से किसने अक़बर की धार्मिक नीति की आलोचना की?**

(a) फ़ैजी (b) अबुल फज़ल

(c) बदायूंनी (d) इनमें से कोई नहीं

**31. प्रसिद्ध 'विरुपाक्ष मंदिर' कहाँ अवस्थित है?**

(a) हम्पी (b) भद्राचलम

(c) श्रीकलाहस्ती (d) तिरुपति

**32. सिंचाई के लिए सोलह मील लम्बी 'चोल झील' का निर्माण इनमें से किस चोल शासक ने करवाया था?**

(a) अधिराज (b) राजेन्द्र प्रथम

(c) राजराज प्रथम (d) इनमें से कोई नहीं

**33. निम्नलिखित में से कौन-सा नगर चोल वंश के शासन के दौरान मंदिर नगर के रूप में विकसित हुआ?**

(a) अहमदनगर (b) अजमेर

(c) अहमदाबाद (d) भिल्लस्वामिन

**34. दिल्ली के महरौली में स्थित लौह स्तंभ निम्नलिखित में से किस गुप्त शासक से संबंधित है?**

(a) स्कंदगुप्त (b) समुद्रगुप्त

(c) कुमारगुप्त (d) चन्द्रगुप्त द्वितीय

**35. परशुराम कुंड महोत्सव का आयोजन किस राज्य में किया गया?**

(a) सिक्किम (b) अरुणाचल प्रदेश

(c) मेघालय (d) दिल्ली

**36. अप्रैल 2023 में वाराणसी की तुलसी घाट बहाली परियोजना की शुरुआत कहां से की गयी?**

(a) नेपाल (b) सिंगापुर

(c) युगांडा (d) अमेरिका

**37. अप्रैल 2023 में किस राज्य ने ऑन लाइन गैम्बलिंग पर प्रतिबन्ध लगाने से संबंधित कानून बनाया है?**

(a) उत्तर प्रदेश (b) असम

(c) तमिलनाडु (d) केरल

**38. किसी भी उदासीन विलयन के pH का मान _____ होगा।**

(a) 14 (b) 0

(c) 8 (d) 7

## सामान्य हिन्दी

**39. आविर्भाव का सही विपरीतार्थक शब्द चुनिए –**

(a) प्रादुर्भाव (b) सम्भाव

(c) तिरोभाव (d) अभाव

**40. उन्मूलन का सही विपरीतार्थक शब्द चुनिए –**

(a) आरोपण (b) प्रत्यारोपण

(c) निरोपण (d) रोपण

**41. ''बाघ और बकरी एकघाट पानी पीती है।'' शुद्ध वाक्य चुनिए –**

(a) बाघ और बकरी एक घाट पर पानी पीते हैं।

(b) बाघ और बकरी एक घाट पानी पीते हैं।

(c) बाघ और बकरी एक घाट पानी पीता है।

(d) बाघ और बकरी एक घाट पानी पीते है।

**42. ''एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रहे हैं।'' शुद्ध वाक्य चुनिए –**

(a) एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रहे हैं।

(b) एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रही है।

(c) एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रही हैं।

(d) एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रहा हैं।

**43. ''मैं आपकी श्रद्धा करता हूँ।'' शुद्ध वाक्य चुनिए –**

(a) मैं आपका श्रद्धा करता हूँ।

(b) मैं आप पर श्रद्धा करता हूँ।

(c) मैं आप पर श्रद्धा रखता हूँ।

(d) आपकी मैं श्रद्धा करता हूँ।

**44. शुद्ध शब्द चुनिए –**

(a) घनिष्ट (b) घनिष्ठ

(c) घनीष्ट (d) घनीष्ठ

**45. शुद्ध शब्द चुनिए –**

(a) औद्योगिक (b) ओद्योगिक

(c) औधयोगिक (d) औद्योगीक

**46. ''जंगल में लगने वाली आग.......'' एक शब्द के क्रम में सही विकल्प चुनिए –**

(a) अनल (b) दावानल

(c) जठरानल (d) बड़वानल

**47. ''जहाँ लोगों का मिलन हो.......'' एक शब्द के क्रम में सही विकल्प चुनिए –**

(a) मेला (b) भीड़

(c) सम्मेलन (d) सम्मिलन

**48. ''किसी प्रतियोगिता में विजयी होने पर दिया जाता है'' उपयुक्त शब्द का चयन करें –**

(a) पुरस्कार (b) पारितोषिक

(c) उपहार (d) प्रेमोपहार

**49. ''साख्य भाव मिश्रित अनुराग को कहते हैं'' उपयुक्त शब्द का चयन करें –**

(a) प्रेम (b) स्नेह

(c) सख्यभाव (d) प्रणय

**50. ''कुसंगति के कारण चरित्र पर दोष लगना'' उपयुक्त शब्द का चयन करें –**

(a) अपयश (b) अपकीर्ति

(c) कलंक (d) दुश्चरित्र



Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

51. ''शस्त्र क्या है.....'' उपयुक्त शब्द का चयन करें –
(a) वह हथियार जो फेंक कर चलाया जाता है।
(b) वह हथियार जो हाथ में थाम कर चलाया जाता है।
(c) एक तरह की विद्या।
(d) इनमें से कोई नहीं।

52. ''जिसमें संसार के प्रति मोह न रहा हो'' – उपयुक्त शब्द का चयन करें –
(a) वीतरागी (b) शीतरागी
(c) अनुरागी (d) रागी

53. ''जो कभी बूढ़ा न हो'' – उपयुक्त शब्द का चयन करें –
(a) अमर (b) अजर
(c) सदाबहार (d) तरुण

54. ''जो कानून के विरुद्ध हो'' – उपयुक्त शब्द का चयन करें –
(a) वैधानिक (b) संवैधानिक
(c) निरुद्ध (d) अवैध

55. खेत का सही तत्सम शब्द चुनिए –
(a) खलिहान (b) क्षेत्र
(c) छेत्र (d) इनमें से कोई नहीं

56. घोटक का सही तद्भव शब्द चुनिए –
(a) गधा (b) घोड़ा
(c) धड़ा (d) इनमें से कोई नहीं

57. ''चौकी'' का तत्सम शब्द है –
(a) चौपाया (b) चतुष्पद
(c) चतुष्पादिका (d) चतुष्कोण

58. 'सूचिका' का तद्भव शब्द है –
(a) सूचना (b) सुई
(c) क्रम संख्या (d) इनमें से कोई नहीं

59. 'त्वरित' का तद्भव शब्द है –
(a) शीघ्र (b) तुरंत
(c) तुरन्त (d) (b), (c) दोनों

**निर्देश प्र.सं. (60-64) : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिये दिये गये चार विकल्पों में से उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए–**

वैज्ञानिक प्रयोग की सफलता ने मनुष्य की बुद्धि का अपूर्व विकास कर दिया है। द्वितीय महायुद्ध में एटम बम की शक्ति ने कुछ क्षणों में ही जापान की अजेय शक्ति को पराजित कर दिया। इस शक्ति की युद्धकालीन सफलता ने अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस आदि सभी देशों को ऐसे शस्त्रास्त्रों के निर्माण की प्रेरणा दी कि सभी भयंकर और सर्वविनाशकारी शस्त्र बनाने लगे। अब सेना को पराजित करने तथा शत्रु देश पर पैदल सेना द्वारा आक्रमण करने के लिए शस्त्र निर्माण के स्थान पर देश के विनाश करने की दिशा में शस्त्रास्त्र बनने लगे हैं। इन हथियारों का प्रयोग होने पर शत्रु देशों की अधिकांश जनता और सम्पत्ति थोड़े समय में ही नष्ट की जा सकेगी। चूँकि ऐसे शस्त्रास्त्र प्रायः सभी स्वतंत्र देशों के संग्राहलयों में कुछ-न-कुछ आ गए हैं। अतः युद्ध की स्थिति में उनका प्रयोग भी अनिवार्य हो जायेगा, जिससे बड़ी जनसंख्या प्रभावित हो सकती है। इसलिए निशस्त्रीकरण की योजनाएँ बन रही हैं। शस्त्रास्त्रों के निर्माण की जो प्रक्रिया अपनायी गई, उसी के कारण आज इतने उन्नत शस्त्रास्त्र बन गए हैं, जिनके प्रयोग से व्यापक विनाश आसन्न दिखाई पड़ता है। अब भी परीक्षणों की रोकथाम तथा बने शस्त्रों का प्रयोग रोकने के मार्ग खोजे जा रहे हैं। इन प्रयासों के मूल में भयंकर आतंक और विश्व-विनाश का भय कार्य कर रहा है।

60. इस गद्यांश का मूल कथ्य क्या है?
(a) आतंक और सर्वनाश का भय
(b) विश्व में शस्त्रास्त्रों की होड
(c) द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका
(d) निशस्त्रीकरण और विश्वशान्ति

61. भयंकर विनाशकारी आधुनिक शस्त्रास्त्रों को बनाने की प्रेरणा किसने दी?
(a) अमेरिका ने
(b) अमेरिका की विजय ने
(c) जापान पर गिराये गए ''अणु बम'' ने
(d) बड़े देशों की प्रतिस्पर्द्धा ने

62. एटम बम की अपार शक्ति का प्रथम अनुभव कैसे हुआ?
(a) जापान में हुई भयंकर विनाशलीला से
(b) जापान की अजेय शक्ति की पराजय से
(c) अमेरिका, रुस, ब्रिटेन और फ्रांस की प्रतिस्पर्द्धा से
(d) अमेरिका की विजय से

63. बड़े-बड़े देश आधुनिक विनाशकारी शस्त्र क्यों बना रहे हैं?
(a) अपनी-अपनी सेनाओं में कमी करने के उद्देश्य से
(b) अपने संसाधनों का प्रयोग करने के उद्देश्य से
(c) अपना-अपना सामरिक व्यापार बढ़ाने के उद्देश्य से
(d) पारस्परिक भय के कारण

64. आधुनिक युग भयंकर व विनाशकारी होते हैं, क्योंकि
(a) दोनों देशों के शस्त्रास्त्र इन युद्धों में समाप्त हो जाते हैं।
(b) अधिकांश जनता और उनकी सम्पत्ति नष्ट हो जाती है।
(c) दोनों देशों में महामारी और भुखमरी फैल जाती है।
(d) दोनों देशों की सेनाएँ इन युद्धों में मारी जाती हैं।

65. हिन्दी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?
(a) सौराष्ट्री (b) गुरुमुखी
(c) देवनागरी (d) ब्राह्मी

66. निम्नलिखित में कौन स्वर नहीं है?
(a) अ (b) उ
(c) ए (d) ञ

67. सर्वनाम कितने प्रकार के होते हैं?
(a) पाँच (b) छः
(c) सात (d) आठ

68. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द क्रिया विशेषण है?
(a) तेज (b) बुद्धिमान
(c) मीठा (d) पहला

69. सदा एक वचन में प्रयुक्त होने वाला शब्द–
(a) पौधा (b) पुस्तक
(c) सहायता (d) लड़का

70. भूर्ध्व का संधि है-
(a) भूः + ध्व (b) भू + उर्ध्व
(c) भुः + ध्व (d) भूः + व

71. 'हथियाना' में कौन सा क्रिया है?
(a) प्रेरणार्थक (b) संयुक्त
(c) अनुकरणात्मक (d) नामधातु

72. उच्चारण का संधि-विच्छेद होगा-
(a) उच् + आरण (b) उतः + चारण
(c) उत् + चारण (d) उचः + चारण



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**73. 'व' का उच्चारण स्थान है-**

(a) दन्त (b) ओष्ठ

(c) दन्तोष्ठ (d) कण्ठोष्ठ

**74. 'राम ने खाना खाया होगा' में 'खाया होगा' में कौन सी क्रिया है?**

(a) अपूर्ण भूत (b) संदिग्ध भूत

(c) हेतुहेतुमद्भूत (d) आसन्न भूत

**75. नीचे दी गई पंक्तियों में पहली और अन्तिम पंक्ति को क्रमशः (1) और (6) संख्या दी गई है। बीच में चार वाक्यों को उचित क्रम में लगाये जिससे अर्थ पूर्ण वाक्य बन सके।**

(1) एक

(य) एक राष्ट्रीय चेतना

(र) की समीष्ट ही

(ल) लेकर रहने वाले व्यक्तियों

(व) भौगोलिक सीमा में

(6) देश है

(a) य र ल व (b) य ल व र

(c) व य ल र (d) व र ल य

## संख्यात्मक एवं मानसिक क्षमता

**76. एक विद्युत पम्प किसी टंकी को 2 घंटे में भर सकता है। चूँकि टंकी में कहीं पर रिसाव हो रहा था इसलिए टंकी $2\frac{1}{2}$ घंटे में भरी। उस हिसाब से टंकी कितने घंटे में पूरी तरह से खाली हो सकती है?**

(a) 9 (b) 10

(c) $10\frac{1}{2}$ (d) $11\frac{1}{2}$

**77. यदि किसी वस्तु का बिक्री मूल्य ₹ 9250 हो और उस पर $7\frac{1}{2}$% छूट हो तो उसका अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।**

(a) ₹ 9000 (b) ₹ 8556.25

(c) ₹ 10000 (d) ₹ 9943.75

**78. कोई धन राशि A और B के बीच 5:6 के अनुपात में वितरित की जाती है। यदि B को ₹ 360 मिले तो धन राशि क्या थी?**

(a) 660 (b) 560

(c) 680 (d) 580

**79. किसी आयत की लम्बाई 25% बढ़ा दी जाती है। चौड़ाई को कितने प्रतिशत कम किया जाये कि क्षेत्रफल में कोई परिवर्तन न हो?**

(a) 20% (b) 25%

(c) 30% (d) 40%

**80. कोई कार किसी विशेष गति पर 5 घंटे में 100 कि.मी. चलती है और एक दूसरी कार उसी गति पर एक विशेष स्थान पर 3 घंटे में पहुँचती है। दूरी ज्ञात कीजिए?**

(a) 40कि.मी. (b) 60 कि.मी.

(c) 70 कि.मी. (d) 80 कि.मी.

**81. ₹ 1200 की धनराशि उधार दी जाती है जिसे ₹ 264 की 5 बराबर की वार्षिक किश्तों में लौटाया जाता है। वार्षिक ब्याज दर ज्ञात कीजिए।**

(a) 6% (b) 8%

(c) 2% (d) 4%

**82. सपना ने एक साइकिल ₹ 1000 में खरीदी और ₹ 1200 में बेची। उसे कितना प्रतिशत लाभ हुआ?**

(a) 20% (b) 10%

(c) 12% (d) 40%

**83. 2001 में एक इमारत का मूल्य उसके मूल मूल्य का 80% था। 2002 में मूल्य उसके मूल मूल्य का 60% था। 2001 से 2002 तक मूल्य में कितने प्रतिशत कमी आई?**

(a) 15% (b) 20%

(c) 25% (d) 30%

**84. एक आयत का क्षेत्रफल 60 वर्ग सेमी. है और उसका परिमाप 34 से.मी. है। तो उसके विकर्ण की लम्बाई कितनी होगी?**

(a) 17 cm (b) 11 cm

(c) 15 cm (d) 13 cm

**85. एक कपड़ा-व्यापारी ने अपनी कीमतों में 25% छूट की घोषणा की, तदानुसार यदि किसी को ₹ 40 की छूट लेनी हो, तो उसे ₹ 32 प्रति मीटर वाले कपड़ा खरीदना होगा?**

(a) 6 m (b) 5 m

(c) 10 m (d) 7 m

**86. ₹ 960 के लाभ को A और B में 1/3:1/5 के अनुपात में बाँटा गया है। उसके लाभों का अन्तर होगा?**

(a) ₹ 120 (b) ₹ 160

(c) ₹ 180 (d) ₹ 240

**87. 19 सदस्यों के एक ग्रुप का औसत मासिक वेतन ₹ 16000 है। तो यदि उस ग्रुप में ₹ 20000 मासिक वेतन वाला एक अन्य सदस्य भी शामिल हो जाए, तो उस ग्रुप का औसत मासिक वेतन कितना हो जाएगा?**

(a) ₹ 18250 (b) ₹ 16200

(c) ₹ 18000 (d) ₹ 16250

**88. एक टी.वी. 5% लाभ पर बेचा गया। यदि इसे 10% लाभ पर बेंचा जाता तो ₹ 1000 का अधिक लाभ होता। उसका क्रय-मूल्य बताइए?**

(a) ₹ 20000 (b) ₹ 5000

(c) ₹ 10000 (d) ₹ 15000

**89. किसी वस्तु के मूल्य में 10% की कमी की गयी है। इसे पुराने मूल्य पर लाने के लिए नये मूल्य में कितनी वृद्धि करनी होगी ?**

(a) $9\frac{1}{11}$% (b) 10%

(c) 11% (d) $11\frac{1}{9}$%



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

निर्देश प्र.सं. (90-91) : निम्न में से प्रश्न वाचक (?) चिह्न के स्थान पर उपयुक्त विकल्प चुनिए।

**90.**




(a) 58 (b) 60
(c) 63 (d) 70

**91.**




(a) 96 (b) 88
(c) 78 (d) 72

**92.** 20 से 60 तक की संख्याओं में ऐसी कितनी संख्याएँ है जो 3 से पूर्णतः विभाज्य हैं और जिनके दो अंकों का कुल योग 9 है।

(a) 4 (b) 3
(c) 2 (d) 1

**93.** दो अंकों की किसी संख्या के अंकों का कुल योग 6 है। यदि इस संख्या में अंकों का स्थान परस्पर बदल दिया जाये तो इस प्रकार प्राप्त हुई नई संख्या और पहली संख्या के बीच 18 का अन्तर होता है। यह संख्या निम्नलिखित में से कौन सी होगी?

(a) 60 (b) 51
(c) 42 (d) 15

**94.** यदि 'a' का आशय '×' हो; 'b' का आशय '÷' हो; 'c' का आशय '+' हो और 'd' का आशय '–' हो तो निम्नलिखित व्यंजकों का मान बताएँ :

**21c 3d 6a 8b2**

(a) 48 (b) 13
(c) 0 (d) 72

**95.** यदि बीते कल के पहले वाला दिन शनिवार था, तो आने वाले कल के बाद वाला दिन कौन-सा होगा?

(a) शुक्रवार (b) बृहस्पतिवार
(c) बुधवार (d) मंगलवार

**96.** महीने का प्रथम दिन बुधवार है। यदि कार्यालय के केवल दूसरे व चौथे शनिवार और सभी रविवार को छुट्टी के रूप में जाना जाता है, तो उस महीने के कार्य दिवसों कीसंख्या कितनी होगी, यदि महीना 30 दिन का हो?

(a) 24 (b) 25
(c) 23 (d) आंकड़े अधूरे हैं।

निर्देश–प्र.सं. (97-99) : दिये गये आरेख के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

निम्नलिखित आरेख में "वृत्त" कालेज प्रोफेसरों को निरुपित करता है, "त्रिभुज" शल्य चिकित्सा विशेषज्ञों को निरुपित करता है और "आयत" चिकित्सा विशेषज्ञों को निरुपित करता है।




**97.** आरेख का कौन-सा भाग उन कॉलेज प्रोफेसरों को निरुपित करता है जो चिकित्सा विशेषज्ञ भी हैं?

(a) A (b) X
(c) Y (d) Z

**98.** आरेख का कौन-सा भाग उन शल्य चिकित्सा विशेषज्ञों को निरुपित करता है जो चिकित्सा विशेषज्ञ भी हैं किन्तु प्रोफेसर नहीं हैं?

(a) X (b) B
(c) Z (d) C

**99.** आरेख का 'C' भाग निम्नलिखित में से किसे निरुपित करता है?

(a) शल्य चिकित्सा विशेषज्ञों को
(b) चिकित्सा और शल्य चिकित्सा विशेषज्ञों को
(c) कॉलेज प्रोफेसरों को
(d) चिकित्सा विशेषज्ञों को

**100.** यदि **BRUSH** कूट भाषा में **BOUPH** है, **CITY** का कूट भाषा क्या होगा-

(a) CFTX (b) CFTV
(c) CFTY (d) CFTW

**101.** यदि **NATION** कूट भाषा में **MBSJNO** है, **MENTION** का कूट भाषा क्या होगा-

(a) LEMUOHM (b) LFMUPHM
(c) LFMUHOM (d) LFMUHPM

निर्देश : (प्र. क. 102-106) खाली स्थान के लिए सही विकल्प चुनिये।

**102.** **6, 12, 20, 30, (_), 56, 72**

(a) 32 (b) 36
(c) 40 (d) 42

**103.** **26, 37, 48, 59, (_)**

(a) 70 (b) 65
(c) 60 (d) 55

**104.** $\frac{2}{3}, \frac{7}{9}, \frac{12}{15}, (_), \frac{22}{27}$

(a) $\frac{15}{2}$ (b) $\frac{17}{21}$
(c) $\frac{18}{21}$ (d) $\frac{20}{21}$

**105.** **15, 10, 35,12, 60, 15, 90 , ( – )**

(a) 16 (b) 17
(c) 18 (d) 19

**106.** **4, 16, 36, (_), 100, 144**

(a) 52 (b) 58
(c) 64 (d) 68



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

निर्देश : (प्र. क. 107-108)
दी गयी श्रृंखला में गलत शब्दों का चुनाव कीजिये-

**107.** 140, 121, 100, 81, 64
(a) 140 (b) 121
(c) 100 (d) 81

**108.** 12, 16, 25, 41, 66, 104
(a) 16 (b) 66
(c) 104 (d) 12

**109.** दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए?

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 4 | 9 |
| 2 | 5 | 2 |
| 6 | 7 | ? |
| 36 | 140 | 18 |

(a) 1 (b) 7
(c) 12 (d) 19

**110.** प्रणव 10 कि.मी. उत्तर में गया। फिर वह पश्चिम में मुड़ कर 10 कि.मी. चला। फिर वह दक्षिण में मुड़ कर 5 कि.मी. चला। अंत में वह पूर्व में मुड़ा और 10 कि.मी. चला। वह अपने आरम्भिक स्थल से किस दिशा में है?
(a) दक्षिण (b) उत्तर
(c) पूर्व (d) पश्चिम

**111.** निम्नलिखित प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये हैं, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएं, I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौनसा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?

**वक्तव्य :** 1. कई पुस्तकें चट्टानें हैं।
2. सभी चट्टानें क्लिप हैं।

**निष्कर्ष :** I. कुछ पुस्तकें क्लिप हैं।
II. कोई भी चट्टान पुस्तक नहीं है।

(a) केवल निष्कर्ष I सही है।
(b) केवल निष्कर्ष II सही है।
(c) निष्कर्ष I और II दोनों सही है।
(d) ना तो निष्कर्ष I सही है, और ना ही निष्कर्ष II सही है।

**112.** एक घन/ पासें के चार अलग-अलग द्रश्य अलग-अलग कोणों से दिखाएं गए हैं। उस बिन्दु वाले फलक के सामने के फलक पर बिन्दुओं की संख्या ज्ञात कीजिए?



(a) 6 (b) 5
(c) 4 (d) 3

**113.** दिये गये विकल्पों में से लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए?

| | | |
|---|---|---|
| 7 | 9 | 8 |
| 8 | 9 | ? |
| 4 | 9 | 6 |
| 60 | 90 | 70 |

(a) 9 (b) 8
(c) 7 (d) 6

## मानसिक अभिरूचि परीक्षा/बुद्धि लब्धि परीक्षा/तार्किक परीक्षा

**114.** निम्न में से कौन दूसरों से संबंधित नहीं हैं?
(a) गिटार (b) सारंगी
(c) बाँसुरी (d) वीणा

**115.** कविता पूर्व में 10 फीट A से B की ओर चलती है, फिर वह दाहिनी ओर मुड़ती है और 3 फीट चलती है, फिर वह दाहिनी ओर मुड़ती है और 14 फीट चलती है। अब वह A से कितनी दूर हैं?
(a) 27 फीट (b) 24 फीट
(c) 4 फीट (d) 5 फीट

**116.** 50 बच्चों की कक्षा में, 18 संगीत लेते हैं, 26 कला लेते है और 2 कला व संगीत दोनों लेते हैं। कितने बच्चे संगीत या कला में से किसी में भी पंजीकृत नहीं हैं?
(a) 6 (b) 8
(c) 10 (d) 16

**117.** नितिन का मुँह पूर्व की ओर है। वह घड़ी की सुइयों की दिशा में 120° घूम जाता हैं। इसके बाद वह घड़ी की सुइयों की विपरीत दिशा में 165° घूम जाता हैं। अब उसका मुँह किस दिशा में हैं?
(a) उत्तर-पूर्व (b) उत्तर-पश्चिम
(c) दक्षिण-पूर्व (d) दक्षिण-पश्चिम

**118.** नितिन का स्थान कक्षा में 10 वाँ ऊपर से तथा 28 वाँ नीचे से आया हैं। कक्षा में कितने छात्र हैं?
(a) 37 (b) 38
(c) 39 (d) 40

**119.** रवि 8 मी. उत्तर पूर्व तथा 6 मी. दक्षिण पूर्व में चला, अब उसकी प्रारम्भिक स्थान और अंतिम स्थान के बीच की दूरी कितनी हैं?
(a) 10 मी. (b) 14 मी.
(c) 18 मी. (d) 2 मी.

**120.** एक व्यक्ति का मुँह उत्तर की ओर है। वह घड़ी की सुइयों की दिशा में 45° घूम जाता हैं। इसके बाद वह घड़ी की सुइयों की विपरीत दिशा में 90° घूम जाता हैं। अब उसका मुँह किस दिशा में हैं?



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

(a) दक्षिण-पश्चिम (b) उत्तर-पश्चिम
(c) दक्षिण -पूर्व (d) उत्तर-पूर्व

**निर्देश : (प्र. क. 121-122)**

**शब्द चुनिए जो ग्रुप में अन्य शब्दों से भिन्न हो।**

**121.** (a) नई दिल्ली (b) इलाहाबाद
(c) पुणे (d) वाराणसी

**122.** (a) बाघ (b) शेर
(c) गाय (d) लोमड़ी

**123. यदि RAHUL कूट भाषा में SBIVM है, ANMOL की कूट भाषा क्या होगी?**
(a) BONRM (b) BONPM
(c) BONQM (d) BONSM

**124. J1K, L3M, N5O, P7Q, R9S, ?**
(a) T11V (b) T11U
(c) T10V (d) T10U

**125. A12, E48, I46, O184, ?**
(a) U182 (b) U183
(c) U181 (d) U180

**126. निम्न आरेखों में से कौन-सा यात्रियों, रेलगाड़ी एवं बस के बीच सबसे अच्छा संबंध प्रदर्शित करता है?**

(a) 
(b) 
(c) 
(d) 

**127. निम्न आरेखों में से कौन-सा शिक्षक, चिकित्सक एवं पुलिस के बीच संबंध प्रदर्शित करता है?**

(a) 
(b) 
(c) 
(d) 

**निर्देश : (प्र. क. 128-129)**

**नीचे दिया गया वृत्त एक परिवार के द्वारा एक माह में विभिन्न मदों में किये गये खर्च एवं उसकी बचत को दर्शाता है। इस वृत्त का अध्ययन कर निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजियेः**




**128. यदि परिवार की कुल आय 60,000 रु. है, तो भोजन एवं शिक्षा पर व्यय में अंतर है :**
(a) 6000 रु. (b) 4000 रु.
(c) 3000 रु. (d) 4500 रु.

**129. परिवार द्वारा प्रतिमाह किया गया कुल खर्च हैं:**
(a) रु. 42,800 (b) रु. 44,200
(c) रु. 48,400 (d) रु. 49,200

**130. दी गई आकृति में कितने त्रिकोण हैं?**



(a) 11 (b) 12
(c) 13 (d) 14

**131. निम्नलिखित प्रश्न में दी गई आकृति में, गोला स्नातकों को दर्शाता है, त्रिभुज पुलिस उप निरीक्षक को और समांतर चतुर्भुज महिलाओं को दर्शाता है। तो कौन-सी संख्या उन महिलाओं को दर्शाती है, जो स्नातक और उप-निरीक्षक है?**




(a) 2 (b) 5
(c) 7 (d) 6

**132. नाटक : अभिनेता :: संगीत गोष्ठी : ?**
(a) स्वर–संगीत (b) संगीतकार
(c) पियानों (d) आघात वाद्य

**133. EGIK :FILO :: FHJL : ?**
(a) JGMP (b) JGPM
(c) GJMP (d) GMJP

**134. 583 :295:: 486 : ?**
(a) 291 (b) 378
(c) 487 (d) 581

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 135 से 137 तक) दिये गये विकल्पों में से विषम शब्द/अक्षर/संख्या चुनिए?**

**135.** (a) आग (b) रोशनी
(c) गैस (d) पानी

**136.** (a) ECBY (b) RTUX
(c) GEDA (d) WUTQ

**137.** (a) 52-61 (b) 43-54
(c) 72-83 (d) 18-29

**138. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश में दिए गए क्रम के अनुसार लिखिए?**



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**1. Fraudulent 2. Fraught 3. Fraternity**
**4. Franchise 5. Frantic**

(a) 5, 4, 1, 2, 3 (b) 4, 5, 3, 1, 2
(c) 4, 3, 5, 1, 2 (d) 3, 4, 5, 2, 1

**139. दिए गए विकल्पों में से कौन सा अक्षर समूह प्रश्न में दी गई अक्षर शृंखला के खाली स्थान पर क्रमवार रखने पर उस शृंखला को पूरा करता है?**

**H_JH_IJHHI_HH_JH**

(a) I H J I (b) H I H I
(c) I H I J (d) H J H J

**140. दिए गए विकल्पों में से कौन सी संख्या इस शृंखला को पूरा करती है?**

**63, 72, 81, 90, ___, 108**

(a) 80 (b) 99
(c) 100 (d) 117

**141. राजीव अरूण का भाई है। सोनिया सुनील की बहन है। अरूण सोनिया का बेटा है। राजीव का सुनील से क्या सम्बन्ध है?**

(a) भांजा (b) बेटा
(c) भाई (d) पिता

**142. एक माँ अपनी पुत्री से आयु में पाँच गुना बड़ी है। 5 वर्ष बाद उसकी आयु अपनी पुत्री की आयु की 3 गुना हो जायेगी। माँ की वर्तमान आयु बताइए।**

(a) 20 वर्ष (b) 22 वर्ष
(c) 25 वर्ष (d) 29 वर्ष

**143. निम्नलिखत विकल्पों में से वह शब्द चुनिए जो प्रश्न मे दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके नही बनाया जा सकता है**

**PRONOUNCEMENT**

(a) MOUNT (b) CEMENT
(c) PAVEMENT (d) NOUN

**144. यदि SYSTEM को RXRSDL लिखा जाता है, तो CORRECT को उसी कोड में कैसे लिखा जा सकता है?**

(a) BNQQDBS (b) BQQNDBS
(c) BNQQBDS (d) BNQDQBS

**145. अगर A का अर्थ + है, B का अर्थ × है, C का अर्थ ÷ है, D का अर्थ – हैं, तो निम्नलिखित समीकरण का मान बताइए?**

**9A2B6D4C2**

(a) 16 (b) 19
(c) 27 (d) 30

**146. यदि $4 \times 3 = 14, 5 \times 4 = 18, 6 \times 5 = 22$ हो, तो $7 \times 6 = ?$ का मान ज्ञात कीजिए?**

(a) 20 (b) 26
(c) 42 (d) 30

**147. दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए?**

| | | |
|---|---|---|
| 7 | 56 | 8 |
| 9 | 45 | ? |
| 11 | 99 | 9 |

(a) 6 (b) 9
(c) 5 (d) 4

**148. रीटा एक बिन्दु से दक्षिण की ओर 35 कि.मी. चली और फिर बायें घूमी और 20 कि.मी. चली, दोबारा बायें घूमी और 35 कि.मी. चली। शुरूआती बिन्दु से वह अब किस दिशा में खड़ी है।**

(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) उत्तर (d) दक्षिण

**149. निम्नलिखित प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये हैं, जिसके आगे दो निष्कर्ष /मान्यताए, I और II निकाले गये है। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः शर्त तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन–सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?**

**कथन :** आर्थिक विकास प्राप्त करने के लिए लोगों को कठिन परिश्रम करना चाहिए।

**निष्कर्ष :**

I. आर्थिक विकास लोगों के कठिन परिश्रम से सीधे सम्बन्धित है।

II. सभी लोगों द्वारा कठिन परिश्रम करना असंभव है।

(a) केवल निष्कर्ष I सही है।
(b) केवल निष्कर्ष II सही है।
(c) दोनों निष्कर्ष I और II सही है।
(d) ना तो निष्कर्ष I सही है ना ही II

**150. दिए गए चित्र में कितने त्रिभुज हैं।**



(a) 12 (b) 18
(c) 22 (d) 26



GET IT ON Google Play **Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"**

# SOLUTION: PRACTICE SET-13

## ANSWER

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (d) | 3. (b) | 4. (c) | 5. (d) | 6. (d) | 7. (d) | 8. (b) | 9. (c) | 10. (a) |
| 11. (d) | 12. (c) | 13. (b) | 14. (b) | 15. (c) | 16. (c) | 17. (d) | 18. (a) | 19. (b) | 20. (d) |
| 21. (c) | 22. (d) | 23. (c) | 24. (b) | 25. (b) | 26. (b) | 27. (d) | 28. (c) | 29. (d) | 30. (c) |
| 31. (a) | 32. (b) | 33. (d) | 34. (d) | 35. (b) | 36. (c) | 37. (c) | 38. (d) | 39. (c) | 40. (d) |
| 41. (a) | 42. (c) | 43. (c) | 44. (b) | 45. (a) | 46. (b) | 47. (c) | 48. (b) | 49. (d) | 50. (c) |
| 51. (b) | 52. (a) | 53. (b) | 54. (d) | 55. (b) | 56. (b) | 57. (c) | 58. (b) | 59. (d) | 60. (d) |
| 61. (c) | 62. (a) | 63. (d) | 64. (b) | 65. (c) | 66. (d) | 67. (b) | 68. (a) | 69. (c) | 70. (b) |
| 71. (d) | 72. (c) | 73. (c) | 74. (b) | 75. (c) | 76. (b) | 77. (c) | 78. (a) | 79. (a) | 80. (b) |
| 81. (c) | 82. (a) | 83. (c) | 84. (d) | 85. (b) | 86. (d) | 87. (b) | 88. (a) | 89. (d) | 90. (d) |
| 91. (c) | 92. (a) | 93. (c) | 94. (c) | 95. (c) | 96. (a) | 97. (b) | 98. (c) | 99. (a) | 100. (b) |
| 101. (d) | 102. (d) | 103. (a) | 104. (b) | 105. (d) | 106. (c) | 107. (a) | 108. (c) | 109. (a) | 110. (b) |
| 111. (a) | 112. (a) | 113. (b) | 114. (c) | 115. (d) | 116. (b) | 117. (a) | 118. (a) | 119. (a) | 120. (b) |
| 121. (a) | 122. (c) | 123. (b) | 124. (b) | 125. (a) | 126. (c) | 127. (b) | 128. (c) | 129. (d) | 130. (c) |
| 131. (b) | 132. (b) | 133. (c) | 134. (b) | 135. (d) | 136. (b) | 137. (a) | 138. (b) | 139. (a) | 140. (b) |
| 141. (a) | 142. (c) | 143. (c) | 144. (a) | 145. (b) | 146. (b) | 147. (c) | 148. (a) | 149. (a) | 150. (b) |

## SOLUTION

**1. (d)**
ऐडमिरल कप, तथा वेलिंग्टन ट्राफी नौकायन से सम्बन्धित है।

**2. (d)**
1977-1982 के कार्यकाल में एन.संजीव रेड्डी निर्विरोध राष्ट्रपति चुने जाने वाले भारत के पहले व्यक्ति है जबकि आयोग ने (c) को ही सही उत्तर माना है।

**3. (b)**
अर्थव्यवस्था में 'आवश्यकता-विहीनता सिद्धान्त' प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो. जे. के मेहता ने प्रतिपादित किया है।

**4. (c)**
सूर्य की बाह्य प्रकाशित सतह को फोटान के प्रभुत्व के कारण उसे फोटोस्फीयर या प्रकाशमण्डल कहते हैं।

**5. (d)**
सोन (स्वर्ण नदी) नदी, का उद्‌गम मध्य प्रदेश में स्थित अमरकण्टक पठार (नर्मदा के स्रोत के समीप) से होता है। यह नदी पटना के समीप गंगा में आकार मिल जाती है। इसकी सहायक नदी रिहन्द, उत्तरी कोयल, जोहिला, गोपट, कान्हार हैं।

**6. (d)**
हवा में 15% से कम ऑक्सीजन होने पर आग नहीं जलती है परन्तु 15% से अधिक ऑक्सीजन होने पर आग ज्वलनशील होती है।

**7. (d)**
मैसूर के शासक टीपू सुल्तान ने फ्रांस की क्रान्ति में रुचि दिखाई, श्री रंगपट्टनम में स्वतंत्रता का वृक्ष लगाया व जैकोबिन क्लब का सदस्य बना तथा अंग्रेजों से युद्ध के लिए फ्रांस के तत्कालीन तानाशाह नेपोलियन से सहयोग मांगा था।

**8. (b)**
नीले प्रकाश में सर्वाधिक ऊर्जा होती है, जबकि लाल प्रकाश में सबसे कम ऊर्जा होती है। ऊर्जा घटते क्रम में VIBGYOR है।
बैंगनी (V) [सबसे अधिक ऊर्जा] → आसमानी (I) → नीला (B) → हरा (G) → पीला (Y) → नारंगी (O) → लाल (R) [सबसे कम ऊर्जा]

**9. (c)**
प्रसिद्ध बाँसुरी वादक हरि प्रसाद चौरसिया का जन्म- लोकनाथ, प्रयागराज (इलाहाबाद), उत्तर प्रदेश में हुआ था।

**10. (a)**
'बधाई' बुंदेलखण्ड का लोक संगीत विधा है।

**11. (d)**
जे. बी. से के अनुसार, 'पूर्ति अपनी मांग का सृजन स्वयं करती है।' यह नियम वस्तु विनिमय तथा मुद्रा विनिमय दोनों पर लागू होता है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**12. (c)**
'माई कंट्री माई लाइफ'- लाल कृष्ण आडवाणी की आत्मकथा है और 'गिल्टी मैन ऑफ इण्डियाज पार्टीशन- डॉ. राम मनोहर लोहिया की आत्मकथा है।

**13. (b)**
सुचेता कृपलानी ऐसी मुख्यमंत्री थी जो अपने विरोधी पार्टी के अध्यक्ष जे.बी. कृपलानी से विवाहित थीं। ये उ. प्र. की मुख्यमंत्री रही तथा देश की प्रथम महिला मुख्यमंत्री बनी।

**14. (b)**
संयुक्त राष्ट्र महासभा के द्वारा विश्व विकास सूचना दिवस मनाने का प्रस्ताव पारित होने के बाद 24 अक्टूबर, 1973 को पहली बार यह दिवस मनाया गया था। यह तारीख इस लिए चुना गया क्योंकि इसी तारीख को 1970 में द्वितीय संयुक्त राष्ट्र विकास दशक के लिए अंतर्राष्ट्रीय विकास रणनीति को अपनाया गया था।

**15. (c)**
गजन, वादिया, अदी, जोहर जैसे शिष्टाचार शब्दों का अर्थ 'धन्यवाद' होता है।

**16. (c)**
भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान से हाजीपीर (भारत) की लड़ाई वर्ष 1965 में हुई उस समय भारत के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री थे। जिनकी ताशकन्द (उज्बेकिस्तान) समझौता (1966) के बाद मृत्यु हो गयी।

**17. (d)**
नागार्जुन एक बौद्ध दार्शनिक थे, जिन्होंने बौद्ध धर्म के तीन सम्प्रदाय (हीनयान, महायान तथा वज्रयान) में से एक सम्प्रदाय **महायान** की स्थापना की थी।

**18. (a)**
मुगल साम्राट अकबर (1556-1605 ई.) अनपढ़ था तथा इसने वर्ष 1582 में दीन-ए-इलाही धर्म की स्थापना की थी।

**19. (b)**
नेपाल का राष्ट्रीय गान 'हम सैकड़ो फूल है......... जय-जय नेपाल' है। जिसकी वर्ष 2007 में घोषणा हुई गीत के बोल प्रदीप कुमार राय द्वारा लिखा गया है।

**20. (d)**
ऐतिहासिक 'विक्टोरिया पार्क' जिसे अब 'जंग-ए-आजादी पार्क' नाम दिया गया है, उत्तर प्रदेश राज्य के मेरठ में स्थित है। विक्टोरिया मेमोरियल कोलकाता तथा बहादुरशाह पार्क बांग्लादेश में स्थित है।

**21. (c)**
दो काँच के गिलास एक दूसरे से चिपक जाते है। जिन्हें अलग करने के लिए बाहरी गिलास को गरम पानी में डाला जाता है। बाहरी गिलास गरम होकर विस्तार ले लेता है जिससे दोनों गिलासों की पकड़ ढीली हो जाती है और आसानी से एक-दूसरे से अलग किए जा सकते हैं।

**22. (d)**
वर्ष 1615 में मुगल शासक जहाँगीर अजमेर के किले में सर टॉमस रो से तथा 1608 में कैप्टन हाकिन्स से राज दरबार में मिला था।

**23. (c)**
भारत के संविधान में अनुच्छेद-368 में संविधान संशोधन के बारे में वर्णन है। इसके अन्तर्गत तीन प्रकार के संशोधन का उल्लेख है-

1. संसद के साधारण बहुमत द्वारा संशोधन
2. संसद के विशेष बहुमत द्वारा संशोधन
3. संसद के विशेष बहुमत द्वारा एवं आधे से अधिक राज्य विधानमंडल की संस्तुति के उपरांत संशोधन

**24. (b)**
यमुना नदी उत्तराखण्ड में यमुनोत्री हिमनद से निकलती है तथा गंगा की समानान्तर बहती हुई प्रयाग (इलाहाबाद) में गंगा में मिलती है। मैदानी क्षेत्र में चम्बल, सिन्ध, बेतवा एवं केन नदियाँ यमुना में मिलती है। जबकि सोन नदी अमरकण्टक (म.प्र.) से निकलती है और पटना के समीप गंगा में मिलती है।

**25. (b)**
'गंडक सिंचाई परियोजना' बिहार और उ.प्र. राज्यों की संयुक्त परियोजना है। जिसका कुछ लाभ वर्ष 1959 के समझौता के अनुसार नेपाल को भी दिया जा रहा है। इसमें चार नहरें तथा एक शक्ति गृह (नेपाल को उपहार में भेंट) बनाया गया है।

**26. (b)**
शेरशाह 'सूरी वंश' का संस्थापक था तथा इसने सबसे पहले भूमि मापन के लिए **गज-ए-सिकन्दरी** का प्रयोग किया जो 32 अंक का होता था तथा सन की डंडी का भी प्रयोग किया था।

**27. (d)**
शहद का प्रमुख घटक 'फ्रक्टोज' है। लैक्टोज, प्राकृतिक शर्करा है यह एक कार्बोहाइड्रेट है जो दूध में पाया जाता है, और गेहूँ की रोटी में ग्लूटिन प्रोटीन होता है। दूध में प्रोटीन पचाने वाला एंजाइम रेनिन होता है। ऊतकों का निर्माण प्रोटीन से होता है। फ्रक्टोज को सबसे मीठी शर्करा माना जाता है।

**28. (c)**
जैन धर्म में कैवल्य को जीवन का सर्वोत्तम लक्ष्य माना है। कैवल्य का अर्थ- 'इच्छाओं पर विजय प्राप्त करना' होता है।

**29. (d)**
'विटामिन' शब्द का जनक कासीमीर फंक को माना जाता है। विटामिन एक प्रकार का कार्बनिक यौगिक है जो शरीर की वृद्धि एवं अन्य उपापचयी क्रियाओं के लिए आवश्यक हैं। यह दो प्रकार का होता है- प्रथम जल में घुलनशील (B, C) और दूसरा वसा में घुलनशील (A, D, E, K) है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**30. (c)**
अकबर के धार्मिक नीति की आलोचना बदायूंनी ने किया। अकबरनामा की रचना अबुल-फजल ने की। वह दीन-ए-इलाही धर्म का मुख्य पुरोहित था जबकि दीन-ए-इलाही धर्म स्वीकार करने वाला प्रथम एवं अन्तिम हिन्दू शासक बीरबल था।

**31. (a)**
'विरुपाक्ष मंदिर' हम्पी, कर्नाटक में अवस्थित है। यह मन्दिर भगवान शिव को समर्पित है। इस मंदिर का निर्माण कल्याणी के चालुक्य शासक विक्रमादित्य-II ने करवाया था।

**32. (b)**
सिंचाई के लिए सोलह मील लम्बी 'चोल झील' का निर्माण 'राजेन्द्र प्रथम' ने किया था। राजेन्द्र प्रथम चोल वंश का सबसे महान शासक था। इसने ''गंगईकोण्ड'' की उपाधि धारण की थी तथा 'गंगईकोण्डचोलपुरम'' नगर की स्थापना की थी।

**33. (d)**
चोल वंश के शासन के दौरान अनेक मंदिर नगर के रूप में विकासित हुए। इसमें तंजावुर, राजराजेश्वर मंदिर, भिल्लस्वामिन मंदिर आदि। ये मंदिर अर्थव्यवस्था और समाज का केन्द्र हुआ करते थे।

**34. (d)**
दिल्ली के महरौली में स्थित लौहस्तंभ गुप्तकालीन शासक चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य अर्थात चन्द्रगुप्त द्वितीय ने निर्माण करवाया था। इस स्तम्भ की ऊँचाई लगभग 7 मीटर है।

**35. (b)**
12 से 16 जनवरी, 2023 के मध्य अरुणाचल प्रदेश में वार्षिक परशुराम कुंड महोत्सव, 2023 का आयोजन किया गया। इस महोत्सव को पूर्वोत्तर का कुंभ कहा जाता है। यह योजना केन्द्र सरकार की प्रसाद योजना के अन्तर्गत आती है।

**36. (c)**
भारत के विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने अफ्रीकी देश युगांडा के दौरे के दौरान 'कम्पाला' से वाराणसी की तुलसी घाट बहाली परियोजना की शुरुआत की।

**37. (c)**
तमिलनाडु राज्य ने ऑनलाइन गैम्बलिंग पर प्रतिबन्ध लगाने के लिए कानून बनाया है। प्रावधान का उल्लंघन करने वाले को एक साल तक की कैद, 5 लाख तक जुर्माना या दोनों हो सकता है।

**38. (d)**
किसी भी उदासीन विलयन के pH का मान 7 होता है। pH मान किसी भी विलयन के अम्लीय, क्षारीय या उदासीन होने की माप को व्यक्त करता है। यदि किसी विलयन का pH मान 7 से कम हो तो वह अम्लीय विलयन कहलाता है, जबकि 7 से अधिक pH वाला विलयन क्षारीय विलयन होता है।

**39. (c)**
आविर्भाव का विपरीतार्थक शब्द 'तिरोभाव' है। आविर्भाव का शाब्दिक अर्थ है- उदय, अवतरण, या प्रकट होना। तिरोभाव का शाब्दिक अर्थ है- अदृश्य होना, अंतर्धान या लोप होना। जबकि प्रादुर्भाव, आविर्भाव का समानार्थी है, सम्भाव का अर्थ है- समान भाव एवं अभाव का अर्थ 'कमी' होता है।

**40. (d)**
उन्मूलन का विपरीतार्थक शब्द 'रोपण' है। 'उन्मूलन' शब्द का अर्थ है- 'जड़ से उखाड़ना' जबकि रोपण का अर्थ है 'लगाना'।

**41. (a)**
''बाघ और बकरी एकघाट पानी पीती है'' यह एक अशुद्ध वाक्य है जिसका शुद्ध रूप है - ''बाघ और बकरी एक घाट पर पानी पीते हैं।'' यदि वाक्य में दोनों लिंग के एकवचन के विभक्ति रहित अनेक कर्ता 'और' या इसी अर्थ में व्यवहृत किसी अन्य अव्यय से संयुक्त हो तो क्रिया प्रायः बहुवचन और पुल्लिंग होगी।

**42. (c)**
एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रही हैं। शुद्ध वाक्य है। यदि वाक्य में दोनो लिंग और वचनों के अनेक विभक्तिरहित कर्ता और या किसी अन्य अव्यय से युक्त हों, तो क्रिया बहुवचन में होगी और उसका लिंग अन्तिम कर्ता के अनुसार होगा।

**43. (c)**
''मैं आप पर श्रद्धा रखता हूँ।'' शुद्ध वाक्य है। श्रद्धा, भक्ति आदि के साथ 'करना' क्रिया नहीं प्रयोग की जाती है।

**44. (b)**
'घनिष्ठ' शुद्ध शब्द है। जबकि दिए गये अन्य विकल्प सही नहीं हैं।

**45. (a)**
'औद्योगिक' शुद्ध शब्द है। वर्तनी की दृष्टि से शेष सभी अशुद्ध शब्द हैं।

**46. (b)**
'जंगल में लगने वाली आग' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'दावानल' है। जबकि 'समुद्र में लगने वाली आग' को 'बड़वानल' तथा 'पेट में लगने वाली आग' को 'जठराग्नि' कहते हैं।

**47. (c)**
'जहाँ लोगों का मिलन हो' के लिए एक शब्द 'सम्मेलन' होगा। जबकि दो लोगों के परस्पर मिलन को 'सम्मिलन', अनियमित ढंग से लोगों का इकट्ठा होना 'भीड़' तथा मनोरंजन के लिए विशिष्ट अवसर पर बाजार के रूप में लोगों का समूह 'मेला' कहलाता है।

**48. (b)**
पारितोषिक - किसी प्रतियोगिता में विजयी होने पर दिया जाता है, पुरस्कार - किसी कार्य या सेवा के लिए प्रदान किया जाता है तथा उपहार - अपने से बराबर या छोटों को भेंट स्वरूप प्रदान किया जाता है।

**49. (d)**
'साख्य भाव मिश्रित अनुराग को 'प्रणय' कहते हैं'। जबकि प्रेम - (सबसे) 'भाई बहन या अन्य लोगों से', स्नेह - अपने से छोटे या बच्चों से होता है। साख्यभाव - अपने दोस्तों या सखाओं के प्रति होता है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**50. (c)**
'कुसंगति के कारण चरित्र पर दोष लगना' के लिए उपयुक्त शब्द 'कलंक' होगा। जबकि 'अपयश' स्थायी रूप से बदनाम होना। 'दुश्चरित्र' - दुष्टता के कारण चरित्र पर लगने वाला दोष एवं 'अपकीर्ति' ऐसे बुरे कार्य जिसे करने से कीर्ति कम होती हैं।

**51. (b)**
वह हथियार जो हाथ में थामकर चलाया जाता है उसे 'शस्त्र' कहते है। जबकि वह हथियार जो फेंककर चलाया जाता है उसे 'अस्त्र' कहते हैं।

**52. (a)**
'जिसमें संसार के प्रति मोह न रहा हो' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द 'वीतरागी' होगा। जबकि 'जिसमें संसार के प्रति मोह हो' के लिए उपयुक्त शब्द 'अनुरागी' होगा।

**53. (b)**
'जो कभी बूढ़ा न हो' के लिए उपयुक्त शब्द 'अजर' है। जबकि जो कभी मृत्यु को प्राप्त न हो - 'अमर' तथा युवा अवस्था को प्राप्त करने वाला - तरुण, एवं प्रत्येक परिस्थिति में एक समान बने रहना के लिए उपयुक्त शब्द 'सदाबहार' होगा।

**54. (d)**
'जो कानून के विरुद्ध हो' के लिए उपयुक्त शब्द 'अवैध' होगा। जबकि जो संविधान के अधीन हो- 'संवैधानिक' तथा जो विधि के अधीन हो 'वैधानिक' उपयुक्त शब्द होगा।

**55. (b)**
'खेत' का सही तत्सम शब्द 'क्षेत्र' है। 'तत्सम' (तत + सम) शब्द का अर्थ है - उसके समान अर्थात संस्कृत के समान। हिन्दी में अनेक शब्द संस्कृत से सीधे आए हैं और आज भी उसी रूप में प्रयोग हो रहे हैं। अतः संस्कृत के ऐसे शब्द जिसे हम ज्यों का त्यों प्रयोग में लाते हैं, तत्सम शब्द कहलाते हैं। जैसे- अग्नि, वायु, पत्र, सूर्य आदि।

**56. (b)**
'घोटक' का सही तद्भव शब्द **'घोड़ा'** है। जबकि 'गर्दभ' का गधा (गदहा) तथा 'घट' का घड़ा तद्भव शब्द है।

**57. (c)**
'चौकी' का तत्सम शब्द 'चतुष्पादिका' है। संस्कृत के ऐसे शब्द जिसे हम ज्यों का त्यों प्रयोग में लाते हैं, तत्सम शब्द कहलाते हैं।

**58. (b)**
'सूचिका' का तद्भव शब्द 'सूई' है।

**59. (d)**
'त्वरित' का तद्भव शब्द 'तुरन्त' या तुरंत दोनों होता है। जबकि दिए गये विकल्प में 'शीघ्र' शब्द तत्सम शब्द है।

**60. (d)**
इस गद्यांश का मूल कथ्य निशस्त्रीकरण और विश्वशान्ति है।

**61. (c)**
भयंकर विनाशकारी आधुनिक शस्त्रास्त्रों को बनाने की प्रेरणा जापान पर गिराये गये ''अणु बम'' ने दी। द्वितीय महायुद्ध में एटम बम की शक्ति द्वारा कुछ ही क्षणों में ही जापान को पराजित करना विनाशकारी शस्त्रास्त्रों को बनाने की प्रेरणा है।

**62. (a)**
एटम बम की अपार शक्ति का प्रथम अनुभव जापान में हुई भयंकर विनाशलीला से हुआ है।

**63. (d)**
बड़े-बड़े देश आधुनिक विनाशकारी शस्त्र पारस्परिक भय के कारण बना रहे हैं।

**64. (b)**
आधुनिक युग भयंकर व विनाशकारी होते हैं, क्योंकि अधिकांश जनता और उनकी सम्पत्ति नष्ट हो जाती है।

**65. (c)**
हिन्दी भाषा 'देवनागरी लिपि' में लिखी जाती है। 'ब्राह्मी लिपि' से देवनागरी लिपि का विकास हुआ। पंजाबी भाषा 'गुरुमुखी' लिपि में लिखी जाती है। ब्राह्मी लिपि 'ऋग्वेद' की लिपि है।

**66. (d)**
अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ स्वर हैं। बाकी सभी अक्षर व्यंजन हैं अतः ञ व्यंजन है।
'ञ' 'च' वर्ग का पंचमाक्षर है।

**67. (b)**
सर्वनाम छः प्रकार के होते हैं।
1. पुरुषवाचक 2. निजवाचक 3. निश्चय वाचक 4. अनिश्चय वाचक 5. प्रश्न वाचक 6. सम्बन्ध वाचक
- संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं।

**68. (a)**
'तेज' शब्द क्रिया विशेषण है। बुद्धिमान, मीठा - गुणवाचक विशेषण हैं एवं पहला क्रमसूचक विशेषण है।
- वाक्य में क्रिया अथवा विशेषण शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्दों को क्रिया विशेषण कहते हैं।

**69. (c)**
'सहायता' हमेशा एक वचन में प्रयुक्त होता है। जबकि पौधा, पुस्तक, लड़का, लिंग, वचन कारक के कारण बहुवचन में भी प्रयोग होते हैं। जैसे - पौधा - पौधे, पुस्तक - पुस्तकें, लड़का - लड़के।

**70. (b)**
'भूर्ध्व' का संधि विच्छेद- भू + ऊर्ध्व है। इसमें दीर्घ स्वर संधि है। जब ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ के बाद समान स्वर (अ, इ, उ) ह्रस्व या दीर्घ आये तो उनका दीर्घीकरण (आ, ई, ऊ) हो जाता है, इसे ही दीर्घ संधि कहते हैं।

**71. (d)**
111. यदि '+' को '÷' में बदला जाता है, '–' को '×' में बदला जाता है, '÷' को '–' में और '×' को '+' में बदला जाता है तो नीचे दिए गए व्यंजक का मान क्या होगा।

**$65 - 10 + 5 \div 3 \times 4 = ?$**

(a) 12 (b) 110

(c) 131 (d) 9

112. निम्नलिखित संख्याओं का कौन-सा जोड़ा अन्य से भिन्न है?

(a) 1, 2 (b) 5, 26

(c) 7, 50 (d) 6, 35

113. नीचे दिए गए समीकरणों को एक निश्चित प्रणाली के आधार पर हल किया गया है। उसी प्रणाली के आधार पर नीचे दिए गए अनसुलझे समीकरण के लिए चार विकल्पों में से सही उत्तर का पता लगाए।

**45–25 = 2, 78–45 = 3, 61–40=?**

(a) 1 (b) 5

(c) 2 (d) 6

114. ग्राफ का अध्ययन करें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।




ऐसे कितने वर्ष हैं जिनमें देश से किए जाने वाले निर्यात, दिए गए वर्षों में किए गए औसत आयात से अधिक थे?

(a) 2 (b) 3

(c) 4 (d) 1

115. देश के 2014, 2016 और 2017 में कुल आयात का, 2015 और 2016 में कुल निर्यात से अनुपात कितना है?

(a) 8:11 (b) 12:11

(c) 10:11 (d) 11:10

116. 2016 और 2017 में देश के कुल आयात 2014, 2015 और 2018 में कुल निर्यात से कितने प्रतिशत कम है? (आपका उत्तर दशमलव के एक स्थान तक सही होना चाहिए)



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

(a) 46.7 (b) 48.4
(c) 87.5 (d) 84.8

**117.** निम्न ग्राफ का अध्ययन करें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।




**B, D और E शहर में समाचार पत्र P की कुल दैनिक बिक्री, शहर A, C, D और E में समाचार पत्र Q की तुलना में कितने प्रतिशत कम है?**

(a) 22.5 (b) 20.8
(c) 24.4 (d) 20.2

**118.** शहरों A और C में समाचार पत्र P की कुल दैनिक बिक्री का, शहरों B और D में समाचार पत्र Q की कुल दैनिक बिक्री से अनुपात ज्ञात कीजिए।

(a) 15:16 (b) 16:17
(c) 7:8 (d) 4:5

**119.** किस शहर में समाचार पत्र P की दैनिक बिक्री A, B, C, D और E शहरों में समाचार पत्र Q की औसत दैनिक बिक्री का 1.25 गुना है?

(a) C (b) B
(c) D (d) A

**120.** नीचे दिए गए रेखा चित्र में वर्ष 2009 से 2015 तक एक आटा उत्पादक कम्पनी A द्वारा गेहूँ के आयात (टनों में) को दर्शाया गया है




**वर्ष 2010 से वर्ष 2014 तक गेहूँ के आयात में कितना प्रतिशत परिवर्तन हुआ है?**

(a) 75 (b) 175
(c) 16.67 (d) 25

**121.** वर्ष 2009 से वर्ष 2013 तक गेहूँ का औसत आयात (टनों में) क्या है?

(a) 170 (b) 168
(c) 180 (d) 165

**122.** कितने वर्षों में आयात वर्ष 2012 के आयात से अधिक था?

(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 5

## मानसिक अभिरूचि परीक्षा/बुद्धि लब्धि परीक्षा/तार्किक परीक्षा

**123.** दिये गये विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/अक्षरों/संख्या को चुनिए।

मुद्रा : येन : : राष्ट्रीयता : ?

(a) व्यक्ति (b) राष्ट्र
(c) भारतीय (d) देशभक्ति

**124.** निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित अक्षरों को चुनिए-

**PRAG : QTDK : : STOP : ?**

(a) LMNP (b) BDFE
(c) TVRT (d) QSIG

**125.** निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित संख्या को चुनिए-

**562 : 30 : : 663 : ?**

(a) 44 (b) 49
(c) 54 (d) 58

**126.** निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से विषम शब्द को चुनिए:

(a) क्रिकेट (b) कैरम
(c) टेबल टेनिस (d) शतरंज

**127.** निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से विषम अक्षरों को चुनिए-

(a) IMX (b) DHS
(c) GWK (d) KOZ

**128.** निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से विषम संख्या युग्म चुनिए

(a) 122–1331 (b) 173–2197
(c) 197–2744 (d) 290–4913

**129.** निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश में आने वाले क्रम के अनुसार लिखें-

**(1) Xenons (2) Xylyls (3) Xanthic**
**(4) Xenians (5) Xyst**

(a) 34125 (b) 34521
(c) 43251 (d) 51342

**130.** एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें से एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए, जो अनुक्रम को पूरा करे।

**LOQ, SVX, ZCE, ?**

(a) GJL (b) GLJ
(c) GIL (d) JLG



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

131. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से लुप्त अंक ज्ञात कीजिए-

**13, 27, 56, 115, ?**

(a) 224 (b) 231
(c) 233 (d) 234

132. सुमित्रा को याद है कि उनकी माता का जन्मदिन 13 फरवरी के बाद लेकिन 16 फरवरी से पहले आता है लेकिन उसके भाई को याद है कि उनकी माता का जन्मदिन 14 फरवरी के बाद लेकिन 17 फरवरी से पहले आता है। किस तारीख को सुमित्रा की माता का जन्मदिन मनाया जाएगा?

(a) 13 फरवरी (b) 14 फरवरी
(c) 15 फरवरी (d) 17 फरवरी

133. पाँच ऊर्जा पेय- रेड, मोटो, एनर्जी, लॉयन तथा बुल में चीनी की मात्रा भिन्न-भिन्न है। मोटो में चीनी की मात्रा अन्य ऊर्जा की तुलना में सबसे अधिक है। एनर्जी में चीनी की मात्रा केवल लॉयन से अधिक है। बुल में चीनी की मात्रा रेड से अधिक नहीं है। निम्नलिखित में से किस ऊर्जा पेय में दूसरी सबसे अधिक चीनी की मात्रा है?

(a) बुल (b) एनर्जी
(c) रेड (d) मोटो

134. दिए गए प्रश्न में, निम्नलिखित विकल्पों में से वह शब्द चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता है-

**CALCULATING**

(a) GAIN (b) TANING
(c) TAIL (d) CULT

135. एक विशिष्ट कोड भाषा में, "WILDHORN" को "1133 तथा "RAPTURE" को 1089" लिखा जाता है। इस कोड भाषा में "PORTLOUIS" को किस प्रकार लिखा जाएगा?

(a) 1395 (b) 1485
(c) 1584 (d) 1595

136. यदि "A" का अर्थ 'घटाव' है, "B" का अर्थ जोड़ना है, "C" का अर्थ ''भाग'' है, "D" का अर्थ ''गुणा'' है तो निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण सही है?

(a) 3A 12B 16D 17C 1=163
(b) 5C 7A 9D 8B 2= 294
(c) 13C 13A 13B 13D 13= 157
(d) 18C 16D 49A 27B 9=200

137. यदि 9 * 2 * 5 = 23 तथा 1 * 4 * 8 = 28 है तो 1 * 6 * 3 = ?

(a) 19 (b) 21
(c) 31 (d) 39

138. निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर आने वाली संख्या को चुनिए-




(a) 48 (b) 52
(c) 55 (d) 58

139. दी गई आकृति में कितने त्रिभुज हैं?



(a) 20 (b) 23
(c) 24 (d) 26

140. नीचे दिए गए प्रश्न में कुछ कथन और उनके बाद उन कथनों पर आधारित कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं, हालांकि उनमें सामान्य ज्ञात तथ्यों से भिन्नता हो सकती है। सभी निष्कर्ष पढ़े और फिर निर्धारित करें कि दिए गए कौन-से निष्कर्ष दिए गए कथनों के आधार पर युक्तिसंगत हैं।

**कथन : I सभी एल.ई.डी., बल्ब है**
**II. कुछ बल्ब, ट्यूब लाइट नहीं है**
**निष्कर्ष: I. कुछ ट्यूब लाईट, एल.ई.डी. है**
**II. कुछ एल.ई.डी., बल्ब नहीं है**

(a) केवल निष्कर्ष I सही है।
(b) केवल निष्कर्ष II सही हैं।
(c) न तो निष्कर्ष I तथा न ही निष्कर्ष II सही है
(d) दोनों ही निष्कर्ष सही हैं।

141. नीचे एक घन की तीन अवस्थाएँ दर्शायी गयी है। प्रत्येक चिन्ह α के विपरीत फलक पर कौन-सा प्रतीक चिन्ह आयेगा?




(a) β (b) δ
(c) η (d) θ

142. वह आरेख चुनिए जो नीचे दिए गए वर्गों के बीच के सम्बन्ध का सही निरूपण करता है-



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

पालतू जानवर, कुत्ता, बिल्ली



(a) (b) (c) (d)

**143. कौन -सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को पूरा करेगी?**

प्रश्न आकृतियाँ



उत्तर आकृतियाँ



(a) (b) (c) (d)

**144. दी गई उत्तर आकृतियों में से उस उत्तर आकृति को चुनिए जिस में प्रश्न आकृति निहित है।**

प्रश्न आकृतियाँ



उत्तर आकृतियाँ



(a) (b) (c) (d)

**145. नीचे के प्रश्न आकृतियों में दिखाए अनुसार कागज को मोड़कर छेदने तथा खोलने के बाद वह किस उत्तर आकृति जैसा दिखाई देगा?**

प्रश्न आकृतियाँ



उत्तर आकृतियाँ



(a) (b) (c) (d)

**146. उस उत्तर-आकृति का चयन करें जो दी गई प्रश्न आकृति का सही दर्पण प्रतिबिंब है।**

**प्रश्न आकृति**




**उत्तर आकृति**



A B C D

(a) C (b) A

(c) B (d) D

**147. एक शब्द केवल एक संख्या-समूह द्वारा दर्शाया गया है, जैसा कि विकल्पों में से किसी एक में दिया गया हैं विकल्पों में दिए गए संख्या-समूह अक्षरों के दो वर्गों द्वारा दर्शाए गए हैं, जैसा कि दिए गए दो आव्यूहों में है। आव्यूह-I के स्तंभ और पंक्ति की संख्या 0 से 4 है और आव्यूह-II की 5 से 9। इन आव्यूहों से एक अक्षर को पहले उसकी पंक्ति और बाद में स्तम्भ संख्या द्वारा दर्शाया जा सकता है। उदाहरण के लिए 'Z' को 87, 99 आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है। तथा 'T' को 69, 95 आदि द्वारा दर्शाया जा सकता है। इसी तरह से आपको प्रश्न में दिए गए शब्द "MAZE" के लिए समूह को पहचानना है।**

आव्यूह-I

| | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|
| 0 | M | O | G | A | C |
| 1 | A | C | M | O | G |
| 2 | O | G | A | C | M |
| 3 | C | M | O | G | A |
| 4 | G | A | C | M | O |

आव्यूह-II

| | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | J | Z | T | E | U |
| 6 | E | U | J | Z | T |
| 7 | Z | T | E | U | J |
| 8 | U | J | Z | T | E |
| 9 | T | E | U | J | Z |

(a) 00, 41, 99, 96 (b) 12, 04, 56, 58

(c) 24, 22,88, 65 (d) 43, 10, 90, 77

**148. नीचे दिये गये अनुक्रम में अगली संख्या क्या होगी?**

**1, 0, 2, 3, 3, 8, 4, 15, 5.......**

(a) 24 (b) 42

(c) 25 (d) 52

**149. नीचे दिये गये अनुक्रम में अगली संख्या क्या होगी?**

**8, 6, 12, 14, 9, 21, 23, 12, 36, 21, 9,.........**

(a) 28 (b) 31

(c) 35 (d) 30

**150. नीचे दिये गये अनुक्रम में अगली संख्या क्या होगी?**

**2, 7, 4, 21, 6, 43, 8,......**

(a) 64 (b) 37

(c) 73 (d) 46



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# SOLUTION : PRACTICE SET-15

## ANSWER

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 2. (c) | 3. (c) | 4. (b) | 5. (b) | 6. (a) | 7. (c) | 8. (a) | 9. (a) | 10. (a) |
| 11. (c) | 12. (d) | 13. (c) | 14. (d) | 15. (c) | 16. (b) | 17. (d) | 18. (a) | 19. (a) | 20. (b) |
| 21. (a) | 22. (c) | 23. (d) | 24. (a) | 25. (d) | 26. (d) | 27. (c) | 28. (d) | 29. (c) | 30. (d) |
| 31. (d) | 32. (a) | 33. (a) | 34. (c) | 35. (a) | 36. (b) | 37. (d) | 38. (b) | 39. (c) | 40. (c) |
| 41. (d) | 42. (a) | 43. (a) | 44. (c) | 45. (c) | 46. (c) | 47. (a) | 48. (b) | 49. (c) | 50. (b) |
| 51. (d) | 52. (a) | 53. (b) | 54. (c) | 55. (a) | 56. (d) | 57. (b) | 58. (b) | 59. (b) | 60. (c) |
| 61. (d) | 62. (b) | 63. (d) | 64. (d) | 65. (a) | 66. (a) | 67. (c) | 68. (c) | 69. (b) | 70. (d) |
| 71. (b) | 72. (a) | 73. (c) | 74. (c) | 75. (b) | 76. (a) | 77. (c) | 78. (c) | 79. (b) | 80. (d) |
| 81. (c) | 82. (a) | 83. (c) | 84. (a) | 85. (b) | 86. (d) | 87. (b) | 88. (c) | 89. (c) | 90. (b) |
| 91. (d) | 92. (c) | 93. (d) | 94. (c) | 95. (b) | 96. (c) | 97. (a) | 98. (a) | 99. (b) | 100. (d) |
| 101. (c) | 102. (c) | 103. (c) | 104. (b) | 105. (a) | 106. (d) | 107. (a) | 108. (b) | 109. (b) | 110. (a) |
| 111. (c) | 112. (d) | 113. (c) | 114. (b) | 115. (d) | 116. (a) | 117. (a) | 118. (c) | 119. (c) | 120. (c) |
| 121. (b) | 122. (c) | 123. (c) | 124. (c) | 125. (c) | 126. (a) | 127. (c) | 128. (b) | 129. (a) | 130. (a) |
| 131. (d) | 132. (c) | 133. (c) | 134. (b) | 135. (d) | 136. (c) | 137. (b) | 138. (d) | 139. (a) | 140. (c) |
| 141. (b) | 142. (c) | 143. (b) | 144. (b) | 145. (d) | 146. (b) | 147. (a) | 148. (a) | 149. (c) | 150. (c) |

## SOLUTION

**1. (c)**

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले को अभी तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सम्मिलित नहीं किया गया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सम्मिलित क्षेत्र- दिल्ली, उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, मेरठ, बागपत, हापुड़, मुजफ्फरनगर, शामली, हरियाणा के फरीदाबाद, गुड़गाँव, मेवात, रोहतक, सोनीपत, खेड़ी, झज्जर, पानीपत, पलवल, महेन्द्रगढ़, भिवानी, जींद, करनाल, राजस्थान के भरतपुर, अलवर है।

**2. (c)**

अल-नीनो व ला-नीना जटिल मौसम पैटर्न हैं जो विषुवतीय प्रशांत महासागरीय क्षेत्र में समुद्र के तापमान में भिन्नता के कारण घटित होते हैं। अल-नीनो दक्षिणी दोलन चक्र की विपरीत अवस्थाएँ होती हैं। अल-नीनो तथा ला-नीना की घटनाएँ आमतौर पर 9 से 12 महीने तक चलती हैं।

**3 (c)**

वी॰पी॰ सिंह स्वतन्त्र भारत के आठवें प्रधानमंत्री थे, यह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। इन्होंने भारत के उपप्रधान मंत्री के पद को कभी भी सुशोभित नहीं किया है।

भारत के उपप्रधानमंत्री-सरदार वल्लभ भाई पटेल, मोरारजी देसाई, चौधरी चरण सिंह, जगजीवनराम, यशवंतराव चव्हाण, चौधरी देवी लाल, लाल कृष्ण आडवाणी।

**4. (b)**

| **सिद्धान्त** | – | **प्रतिपादक** |
|---|---|---|
| (1) सामान्य संतुलन सिद्धांत | – | लिऑन वालरस |
| (2) क्षतिपूरक राजकोषीय सिद्धांत | – | जे. एम. कीन्स |
| (3) लाभ का सिद्धांत | – | एडम स्मिथ |
| (4) तुलनात्मक लाभ सिद्धांत | – | डेविड रिकार्डो |

**5. (b)**

| **पद नाम** | | **शपथ दिलाने वाला** |
|---|---|---|
| (1) राष्ट्रपति | - | उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश |
| (2) उपराष्ट्रपति | - | राष्ट्रपति |
| (3) प्रधानमंत्री | - | राष्ट्रपति |
| (4) उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश | - | राष्ट्रपति |
| (5) मुख्यमंत्री | - | राज्यपाल |
| (6) उच्च न्यायालय के न्यायाधीश | - | राज्यपाल |

**6. (a)**

| **व्यक्ति** | - | **उनके सिद्धांत** |
|---|---|---|
| (1) जॉन आस्टिन | - | संप्रभुता का अद्वैत सिद्धांत |
| (2) डॉर्विन | - | प्राकृतिक वरण सिद्धांत |
| (3) अरस्तु | - | अनुकरण सिद्धांत |
| (4) मार्क्स | - | वर्ग-संघर्ष सिद्धांत |



Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**7. (c)**
अगस्त 1932 ई. के सांप्रदायिक पंचाट में मुसलमानों के साथ-साथ दलित वर्ग के लिए भी पृथक निर्वाचन पद्धति के विरोध में महात्मा गांधी ने जेल में ही 20 सितम्बर 1932 को आमरण अनशन प्रारंभ किया। फलस्वरूप 26 सितम्बर 1932 को गांधी जी और दलित नेता अम्बेडकर के मध्य पूना समझौता हुआ।
भारत छोड़ो आन्दोलन का प्रारंभ 8 अगस्त 1942 ई. को हुआ।
वेवेल योजना पर विचार विमर्श हेतु शिमला में 25 जून 1945 को शिमला सम्मेलन का आयोजन किया गया।
24 मार्च, 1946 को कैबिनेट मिशन भारत आया। कैबिनेट मिशन के सदस्यों में शामिल थे- स्टेफर्ड क्रिप्स, श्री. ए. वी. अलेक्जेण्डर, पैथिक लॉरेंस।

**8. (a)**
चंपारण (बिहार) के किसानों से अंग्रेज बागान मालिकों के करार के तहत किसानों को अपनी भूमि के 3/20 भाग पर नील की खेती करनी पड़ती थी। जिसे तिनकठिया पद्धति कहा जाता था। किन्तु रासायनिक रंगो की खोज और उनके प्रचलन के कारण नील के बाजार में गिरावट आयी और नील कारखाने बंद होने लगे। अतः किसान भी नील खेती से मुक्ति चाहते थे। किन्तु बागान मालिकों ने करार से मुक्त करने के लिए लगान और गैर कानूनी करों को बढ़ा दिया। फलस्वरूप गांधी जी ने चंपारण सत्याग्रह आरंभ किया। जिसके उपरान्त ब्रिटिश सरकार ने तिनकठिया पद्धति को समाप्त घोषित कर दिया। चंपारण सत्याग्रह के कुशल नेतृत्व के कारण रवीन्द्रनाथ टैगोर ने गांधी जी को 'महात्मा' की उपाधि प्रदान की।

**9. (a) :** भारत में हरित क्रांति की शुरुआत सन् (1966-1967) में हुई थी। विश्व में हरित क्रांति की शुरुआत प्रो. नॉरमन बोरलॉग द्वारा की गई थी। सर्वप्रथम भारत में इसकी शुरूआत एम.एस. स्वामीनाथन ने की। इन्हें भारत में हरित क्रांति का जनक कहा जाता है। कृषि एवं खाद्य मंत्री बाबू जगजीवन राम को हरित क्रांति का प्रणेता माना जाता है। इन्होंने एम. एस. स्वामीनाथन की कमेटी की सिफारिशों पर हरित क्रांति का सफलतम संचालन किया। हरित क्रांति का उद्देश्य भुखमरी को दूर करके कृषि के क्षेत्र में उन्नत एवं आत्मनिर्भर होना था।

**10. (a)**
मानव शरीर में गुर्दे/वृक्क (Kidney) उत्सर्जन का कार्य करते हैं। वृक्क उत्सर्जन के मुख्य अंग होते हैं। वृक्क के बिना मनुष्य, खरगोश तथा उच्च कोटि के स्तनी जीवित नहीं रह सकते। वृक्क शरीर से सभी नाइट्रोजनी पदार्थों को निकालने का कार्य करते हैं। ध्यातव्य है कि मनुष्य में पूर्ण उत्सर्जी अंग की उपमा वृक्क को दी जाती है। तथा वृक्क का केशिका-गुच्छ (ग्लॉमेरूलस) भाग डायलिसिस का कार्य करता है।

**11. (c)**
प्रकाश का संचारण सीधी रेखा में होता है परन्तु यह रास्ते में पड़ने वाले किसी अवरोध के किनारों पर थोड़ा सा मुड़ (Divert) भी जाता है और उनकी छाया में प्रवेश कर जाता है, इस घटना को प्रकाश का विवर्तन (Diffraction) कहते हैं। जबकि प्रकाश की कोई किरण एक पारदर्शी माध्यम से दूसरे पारदर्शी माध्यम में जाती है तो वह अपने मार्ग से विचलित हो जाती है इसे प्रकाश का अपवर्तन (Refraction) कहते हैं।

**12. (d)**
मरूस्थल में मरीचिका या मृगतृष्णा बनने के मुख्य कारण प्रकाश का अपवर्तन एवं पूर्ण आंतरिक परावर्तन दोनों है। ध्यातव्य है कि एण्डोस्कोप (आंतरिक पेट का परीक्षण करने वाला उपकरण) पूर्ण आन्तरिक परावर्तन के सिद्धांत पर कार्य करता है। इसी प्रकार प्रकाश के अपवर्तन के कारण सूर्योदय एवं सूर्यास्त के समय सूर्य क्षितिज (Horizon) के नीचे होने पर भी दिखाई देता है।

**13. (c)**
फोरट्रान एक प्रोग्रामिंग भाषा है जिसका विकास आईबीएम में सूत्र अनुकूटक (Formula Translater) के रूप में हुआ था। ध्यातव्य है कि प्रोग्रामिंग लैंग्वेज निर्देशों का एक विशेष सेट है जो कम्प्यूटर पर कुछ कार्य करने या किसी समस्या के समाधान के लिए उपयोग होता है। प्रोग्रामिंग लैंग्वेज के अन्य उदाहरण हैं- पास्कल, बेसिक, सी, सी++, जावास्क्रिप्ट आदि। अतः उपर्युक्त दोनों कथन (I) एवं (II) दोनों सही नहीं है।

**14. (d)**
टेलीविजन का आविष्कार जॉन लोगी बेयर्ड ने किया था। ज्ञातव्य है कि माइकल फैराडे ने ट्रांसफार्मर का आविष्कार किया था।

**15. (c)**
बॉलीबाल की प्रत्येक टीम में 6-6 खिलाड़ी होते हैं। वास्तव में सन् 1895 में विलियम जी-मोर्गन के द्वारा वॉलीबाल की शुरूआत हुयी। सन् 1947 में अन्तर्राष्ट्रीय वॉलीबाल संघ की स्थापना हुयी। जबकि भारतीय वॉलीवाल संघ का गठन 1951 ई. में हुआ था।

**16. (b)**
लिंगराज मन्दिर ओडिशा प्रदेश की राजधानी भुवनेश्वर में स्थित है। यह भगवान शिव का मन्दिर है। इसका निर्माण 11वीं शताब्दी में ययाति केशरी ने करवाया था।
⇒ वेंकटेश्वर मन्दिर आन्ध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के तिरूपति में स्थित है। यह भगवान विष्णु का मन्दिर है।
⇒ तिजारा जैन मन्दिर राजस्थान के अलवर जिले में स्थित है। यह भगवान महावीर का मन्दिर है।

**17. (d) :** प्रमुख वैश्विक प्रबंधन परामर्श फर्म मर्सर कंसल्टिंग ने मर्सर ग्लोब पेंशन इंडेक्स (2021 Mercer Global Pension Index) का 13वां संस्करण जारी किया, जिसमें 43 देशों की सूची में भारत का स्थान 40 रहा।

**18. (a) :** स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद, भारत सरकार ने राष्ट्रीय आय के आधिकारिक अनुमानों को संकलित करने के लिए वर्ष 1949 में 'राष्ट्रीय आय समिति' का गठन किया गया। पहली राष्ट्रीय आय समिति का गठन वर्ष 1949 में प्रो. पी.सी. महालनोबिस की अध्यक्षता में किया गया था तथा इस समिति में प्रो. डी. आर गाडगिल और वी. के आर. वी. राव तथा वी. नटराजन सदस्य थे।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**19. (a) :** स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर भारतीय संविधान में 42 वें संविधान संशोधन 1976 द्वारा मूल कर्तव्यों को जोड़ा गया। भाग IV क में अनुच्छेद 51(क) भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्यों से संबंधित है। वर्तमान में मौलिक कर्तव्यों की संख्या 11 है। मूल कर्तव्य की अवधारणा पूर्व सोवियत संघ (रूस) से ग्रहण की गई है।

**20. (b) :**
हाल ही में कोलकाता (पंश्चिम बंगाल) की दुर्गा पूजा को मानवता की 'अमूर्त' सांस्कृतिक विरासत' (ICH) के रूप में यूनेस्को की प्रतिनिधित्व सूची में अंकित किया गया है।
मानवता के अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता प्राप्त करने वाला यह एशिया का पहला त्योहार है।
इससे पहले यूनेस्को ने गुजरात में हड़प्पा सभ्यता कालीन शहर धौलावीरा को भारत की 40वीं विश्व धरोहर स्थल के रूप में घोषित किया।

**21. (a)**
महाराष्ट्र मंत्रिमण्डल ने राज्य में देश के अपनी तरह के पहले जीन बैंक कार्यक्रम को मंजूरी दे दी। कार्यक्रम का उद्देश्य मूल जैव विविधता का संरक्षण करना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्राकृतिक संसाधन अगली पीढ़ी को हस्तांतरित किए जा सके।

**22. (c) :** पॉकेट बिलियर्ड्स सामान्यतः 1.4 मीटर×2.7 मीटर की टेबल पर खेला जाता है। यद्यपि विशेष प्रतियोगिताओं के टेबल कभी-कभी 1.5मीटर×3मीटर भी होती है। पॉकेट बिलियर्ड्स में एक सफेद गेंद के साथ ही 15 संख्यांकित लक्ष्य गेंदें होती हैं। विल्सन जोन्स, माइकल फरेरा, गीत सेठी, पंकज आडवानी आदि जैसे खिलाड़ियों ने कई मौकों पर विश्व चैंपियनशिप जीती है। पंकज आडवानी बिंदु के प्रारूप और समय प्रारूप दोनों में विश्व चैम्पियन-शिप जीतने वाले पहले खिलाड़ी हैं। इसे स्नूकर भी कहा जाता है।

**23. (b) :** भारत में प्रायद्वीपीय पठार का आकार अनियमित त्रिभुजाकार आकृति वाला भूखंड है, जिसका विस्तार उत्तर-पश्चिम में अरावली पर्वतमाला व दिल्ली तक, पूर्व में राजमहल की पहाड़ियों, पश्चिम में गिर पहाड़ियों, दक्षिण में इलायची (कार्डमम) पहाड़ियों तथा उत्तर पूर्व में शिलाँग एवं कार्बा-एंगलोंग पठार तक है।

**24. (a)**
लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों को अपने क्षेत्र के विकास के लिए प्रत्येक वर्ष 5 करोड़ रुपये की धनराशि दी जाती है। इसके लिए सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना बनायी गयी है, इस योजना का नाम MPLADS (मेंबर ऑफ पार्लियामेंट लोकल एरिया डेवलपमेंट स्कीम) है। लेकिन सामान्य भाषा में लोग इसे MP फंड कहते हैं।

**25. (d)**
संसदीय प्रणाली के तहत् राष्ट्रीय स्तर पर सरकार प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद चलाते हैं। अनुच्छेद 74 के तहत राष्ट्रपति द्वारा मंत्रिपरिषद का गठन किया जाता है। जिसका मुखिया प्रधानमंत्री होता है। उनकी सहायता और सुझाव के आधार पर राष्ट्रपति मंत्रिमण्डल पर सहमति देते हैं। प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति के द्वारा की जाती है। वह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 75(1) की शक्तियों का प्रयोग करते हुए देश का प्रधानमंत्री नियुक्त करते हैं।

**26. (d)**
भारत में सर्वप्रथम मेडिकल कॉलेज कलकत्ता (कोलकाता) में 28 जनवरी, 1935 को स्थापित किया गया। 50 विद्यार्थियों के साथ फरवरी, 1935 में इस कॉलेज ने अपनी शुरुआत की जबकि मद्रास मेडिकल कॉलेज की स्थापना 2 फरवरी, 1935 को हुई थी।

**27. (c)**
रेडक्लिफ रेखा भारत और पाकिस्तान को अलग करती है। वर्ष 1947 में प. पाकिस्तान व पू. पाकिस्तान (बांग्लादेश) से भारत के बीच यह रेखा खींची गई थी। मैकमोहन रेखा भारत को चीन से अलग करती है इसका निर्धारण सर हेनरी मैकमोहन द्वारा वर्ष 1914 में किया गया था।

**28. (d)**
मोनोहाइड्रिक फिनॉल कोयले और काठ के शुष्क आसवन से बनते हैं। इसी विधि से व्यापार का कार्बोलिक अम्ल प्राप्त होता है। कार्बोलिक अम्ल का आविष्कार पहले-पहले रूंगे द्वारा 1834 ई. में हुआ था। आइसो प्रोपिल बेंजीन का वायुवीय ऑक्सीकरण करवाने पर क्यूमिन हाइड्रोपरॉक्साइड बनता है। यह अम्लीय माध्यम में जल अपघटित होकर फिनोल व एसीटोन दोनों बनाता है, जो बराबर मात्रा मे बनते हैं। इस विधि द्वारा विश्व में सबसे अधिक मात्रा में फीनॉल बनाया जाता है।

**29. (c)**
अधिवर्ष (लीप ईयर) का जनक जूलियस सीजर को माना जाता है।

**30. (d)**
ग्लैशियर एक्सप्रेस स्वीट्जरलैण्ड की प्रसिद्ध रेलगाड़ी है। यह स्विस आल्प्स के केन्द्र में जर्मट और सेंट मोरित्ज के दो प्रमुख पर्वत रिसॉर्ट्स को जोड़ने वाली एक एक्सप्रेस ट्रेन है।

**31. (d)**
'बिनसर का जंगल' भारत के उत्तराखण्ड राज्य में स्थित है। बिनसर उत्तराखण्ड में अल्मोडा से लगभग 34 किमी. दूर स्थित है। यह समुद्र तल से लगभग 2412 मीटर की ऊँचाई पर बसा है। अब इसे वन्य जीव अभ्यारण्य बना दिया गया है।

**32. (a)**
महात्मा गांधी को सुभाष चंद्र बोस जी ने 6 जुलाई, 1944 को रंगून रेडियो से एक प्रसारण में भावनात्मक अपील में कहा- राष्ट्रपिता हम भारत के इस पवित्र मुक्ति संग्राम में आपका आशीर्वाद और शुभकामना चाहते हैं।''
सी.एफ.एड्रूज एवं जवाहरलाल नेहरू ने गाँधी जी को बापू कहा। विस्टन चर्चिल ने द्वितीय गोलमेल सम्मेलन के दौरान गांधी जी को 'अर्द्ध नग्न फकीर' कहा।

**33. (a)**
मौर्य काल की सर्वोत्तम कला / प्रतिमान 'स्तम्भ' है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**34. (c)**
प्रदीप कुमार राय (व्याकुल माइला) द्वारा रचित 'सयौ थुंगा फूलका' को नेपाल के राष्ट्रगान के तौर पर 3 अगस्त, 2007 को स्वीकार किया गया।

**35. (a)**
प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीम राव अम्बेडकर ने अपने संविधान सभा के अंतिम भाषण में राजनीतिक प्रजातंत्र का तात्पर्य समझाते हुए कहा था कि ''राजनीतिक प्रजातंत्र का तात्पर्य उस जीवन विधा से है, जो जीवन में सैद्धांतिक रूप से उदारता, समानता और भ्रातृत्व को स्वीकार करती है। डॉ. अम्बेडकर का जन्म मध्य प्रदेश के महू जिले में हुआ था।

**36. (b)**
पुरानी सड़कों की मरम्मत तथा नयी सड़कों के निर्माण के उद्देश्य से पश्चिम बंगाल सरकार ने पथश्री, रास्ताश्री योजना की शुरुआत की। इस योजना के केन्द्र में मुख्यतः ग्रामीण सड़कों को रखा गया है।

**37. (d)**
तमिल भाषा में फिल्मायी गयी फिल्म द एलीफैन्ट व्हिसपर्स जो कि शार्ट फिल्म डाक्यमेंट्री श्रेणी में ऑस्कर पुरस्कार जीती है, के निर्देशक कार्तिकी गोंजालवेस हैं।

**38. (b)**
घूमर राजस्थान का अत्यंत लोकप्रिय नृत्य है, जिसमें केवल स्त्रियाँ ही भाग लेती हैं। लहंगा पहने जब महिलाएँ विशिष्ट शैली में नाचती हैं तो उनके लहँगे का घेरा एवं हाथों का संचालन अत्यंत आकर्षक होता है।

**39. (c)**
हिन्दी भाषा की 8 विख्यात बोलियाँ हैं।

**40. (c)**
हिन्दी भाषा का प्रथम प्रामाणिक ग्रंथ 'पृथ्वीराजरासो' है। कवि चन्दबरदाई द्वारा रचित इस महाकाव्य में पृथ्वी राज चौहान के जीवन-चरित्र का वर्णन किया गया। 'पृथ्वीराज रासो' हिन्दी के वीर रस का सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य है।

**41. (d)**
हिन्दी साहित्य का संयुक्त काल में विभाजन नहीं किया गया है। हिन्दी साहित्य आदिकाल (650 ई. 1350 ई), पूर्व मध्य काल / भक्ति काल (1350 ई - 1650 ई.), उत्तर मध्य काल (1650 ई. – 1850 ई.), आधुनिक काल (1850 ई. – अब तक) में विभाजित किया गया है।

**42. (a)**
क्रियापरक व्याकरणिक कोटि कारक है। व्याकरण की वह कोटि जिसमें क्रिया निहित हो, कारक कहलाती है। कारक का शाब्दिक अर्थ है – करने वाला अर्थात् क्रिया को पूरी तरह करने में किसी न किसी भूमिका को निभाने वाला। संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उनका सम्बन्ध क्रिया से पता चले, उसे कारक कहते हैं। हिन्दी में इनकी संख्या आठ होती है। लिंग से स्त्री या पुरुष जाति तथा वचन से एक या अनेक होने का पता चलता है।

**43. (a)**
'चूड़ी अच्छी थी' में 'थी' योजक क्रिया है।

**44. (c)**
क्रिया के मूल रूप को धातु कहते हैं। धातुएं अकर्मक एवं सकर्मक दो प्रकार की होती हैं। मूल अकर्मक धातुओं में प्रत्यय जोड़कर सकर्मक एवं प्रेरणार्थक धातुएं बनायी जाती हैं। विकल्प में साधित सकर्मक धातु दिया गया है। अतः यही उत्तर होगा। इसके अतिरिक्त दो या अधिक धातुओं के संयोग से संयुक्त धातुएं बनती हैं। जैसे – रोने लगा, हँस चुका, पहुंच गया आदि। जिन धातुओं के संपादन में दो कर्मों की आवश्यकता हो द्विकर्मक धातुएं कहलाती हैं। जैसे – 'मैं लड़के को वेद पढ़ाता हूँ' यहां 'लड़का' एवं 'वेद' दो अलग-अलग कर्म हैं। अतः पढ़ाता हूँ द्विकर्मक धातु हुई।

**45. (c)**
जहाँ पर एक शब्द की आवृत्ति एक से अधिक बार हो लेकिन उनके अर्थ अलग-अलग हों तो वहाँ पर यमक अलंकार होता है। यहाँ सारंग का प्रयोग एक से अधिक बार प्रयोग किया गया है तथा इसका अर्थ अलग-अलग है। अतः यहाँ यमक अलंकार होगा।

**46. (c)**
'जुगुप्सा' वीभत्स रस का स्थायी भाव है। जब किसी दृश्य को देखकर या यादकर मन में जुगुप्सा या घृणा के भाव की परिपक्वता पाई जाए तो वहाँ वीभत्स रस होता है जैसे –

सिर पर बैठ्यो काग आँख दोऊ खात निकारत ।
खींचत जीभहिं स्यार अतिहि आनंद उर धारत।।
गीध जांधि को खोदि-खोदि कै माँस उपारत।
स्वान आंगुरिन काटि-काटि कै खात विदारत।।

करूण रस का स्थायी भाव–शोक
रौद्र रस का स्थायी भाव–क्रोध
अद्भूत का स्थायी भाव–विस्मय

**47. (a)**
दृष्टांत' छंद का प्रकार नहीं है। 'चौपाई', 'दोहा', 'सोरठा', 'उल्लाला', 'कुण्डलिया', 'छप्पय', 'अहीर', 'रोला', 'आल्हा', 'हरिगीतिका', बरवै इत्यादि छंद के प्रकार हैं।

**48. (b)**
दो वर्णों के मेल से जो परिवर्तन (विकार) होता है वह सन्धि कहलाती है। सन्धि के पहले वर्ण के आधार पर इसे तीन भागों में बांटा गया है- स्वर- सन्धि, व्यंजन- सन्धि तथा विसर्ग- सन्धि । जब सन्धि के पहले शब्द का अंतिम वर्ण स्वर हो तो इस प्रकार के सन्धि को स्वर सन्धि कहा जाता है। स्वर संधि 5 प्रकार (दीर्घ सन्धि, गुण सन्धि, वृद्धि सन्धि, यण् सन्धि तथा अयादि सन्धि) के होते हैं।

**49. (c)**
जिस समास में उत्तर पद प्रधान हो तथा दोनों पदों के मध्य का कारक चिन्ह लुप्त हो जाए तब वहाँ पर तत्पुरुष समास होता है। नामों के आधार पर तत्पुरुष समास को छः प्रमुख भागों में बाँटा गया है। पथ भ्रष्ट = पथ से भ्रष्ट, यहाँ अपादान कारक है अतः यहाँ 'अपादान तत्पुरुष' या 'पंचमी तत्पुरुष' समास होगा।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**50. (b)**
जिस समस्त पद में पूर्व पद संख्यावाचक विशेषण हो तथा जिसके समस्त पद से समूह का बोध हो तो उसे द्विगु समास कहते हैं। जैसे अष्टाध्यायी ⟹ आठ अध्यायों का समाहार। इसी प्रकार चौपाया, पंचवटी, पसेरी, त्रिगुण द्विगु समास के उदाहरण हैं।

**51. (d)**
सुमित्रानंदन पंत को इनकी श्रेष्ठ कविता संग्रह 'चिदम्बरा' के लिए वर्ष 1961 में ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। यह कविता संग्रह सुमित्रानंदन पंत की काव्य-चेतना के द्वितीय उत्थान की परिचायिका है, इसमें 'युगवाणी' से लेकर 'अतिमा' तक की रचनाओं का संग्रह है।

**52. (a)**
आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं पश्चिमी हिन्दी, राजस्थानी तथा गुजराती उपभाषा की बोलियाँ जैसे– ब्रजभाषा, बुंदेली, कन्नोजी, खड़ी बोली, जयपुरी, मेवाती, मालवी इत्यादि का विकास शौरसेनी अपभ्रंश से हुआ है। पूर्वी हिन्दी की बोलियों (अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी) का विकास अर्द्धमागधी अपभ्रंश द्वारा हुआ है।

**53. (b)**
उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार, राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए चरित्र निर्माण परम आवश्यक है। जिस प्रकार वर्तमान में भौतिक निर्माण कार्य अनेक योजनाओं के माध्यम से तीव्र गति से उत्पन्न हो रहा है वैसे ही वर्तमान की सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि देश वासियों के चरित्र निर्माण के लिए प्रयत्न किया जाए।

**54. (c)**
उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार, जनतंत्र के लिए उत्तम चरित्रवान व्यक्ति लाभकारी हो सकते हैं। उत्तम चरित्रवान व्यक्ति ही राष्ट्र की सर्वोच्च संपदा है।

**55. (a)**
उपर्युक्त गंद्यांश के अनुसार,
राष्ट्र में व्याप्त समग्र भ्रष्टाचार के प्रति निषेधात्मक वातावरण का निर्माण करना ही चरित्र निर्माण का प्रथम सोपान है।

**56. (d)**
उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार, आज जो व्यक्ति पुरातन संस्कारी विद्यार्थी, संध्यावंदन, या शिखा-सूत्र रखकर भारतीय संस्कृतिमय जीवन व्यतीत करता है, तो अन्य छात्र उसे बुद्धू या अप्रगतिशील कहकर उसका मजाक उड़ाते हैं। आज हम अपने भारतीय आदर्शों का परित्याग करके पश्चिम के अंधानुकरण को प्रगति मान बैंठे हैं।

**57. (b)**
भारतीयता के प्रति हीनता के भाव का कारण लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति है। पाश्चात्य शिक्षा और संस्कृति का प्रभाव आज हमारे मस्तिष्क पर इस प्रकार छा गया है कि ऋषिकुल, गुरुकुल तथा आचार्य की शिक्षा हमें पुरातन तथा अप्रगतिशील प्रतीत होता है तथा इसके प्रति हीन भावना उत्पन्न होती है।

**58. (b)**
'रामचरितमानस' भक्ति काल की श्रेष्ठतम रचना मानी जाती है, या 'रामचरितमानस' भक्ति काल की सबसे श्रेष्ठ रचना है, वाक्य शुद्ध है। शब्द 'श्रेष्ठतम' में शब्द 'सबसे' समाहित है अतः दोनों का प्रयोग एक साथ करना अनुचित है।

**59. (b)**
शब्द 'प्रातः काल' के साथ शब्द 'समय' का प्रयोग नहीं किया जाता है क्योंकि प्रातः काल स्वयं समय का सूचक है।

**60. (c)**
'जब मोहन सभा स्थल पर पहुँचा तब सभा विसर्जित हो चुकी थी' शुद्ध वाक्य होगा। अतः विसर्जन (क्रिया) की जगह विसर्जित (विशेषण) होगा।

**61. (d)**
वाक्य में कोई त्रुटि नहीं है।

**62. (b)**
'उसने लिखा था कि उसकी दुकान पर गाय का शुद्ध घी मिलता है।' वाक्य शुद्ध है।

**63. (d)**
पत्थर को जोंक नहीं लगती कहावत का अर्थ 'हठी/निर्मम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता' है।

**64. (d)**
'विहंगम दृष्टि' या 'विहंगावलोकन' का अर्थ 'सरसरी नज़र' है।

**65. (a)** 'वाणी + औचित्य' का सन्धि 'वाण्यौचित्य' है यह यण संधि है। ( ई + औ = यौ)

**66. (a)** अन्वीक्षण का सन्धि विच्छेद 'अनु + ईक्षण' (उ+ई = वी) यह यण सन्धि है।

**67. (c)** 'शीतर्तु' का सन्धि विच्छेद 'शीत + ऋतु'(अ + ऋ = अर) यह गुण संधि है।

**68. (c)**
सही क्रम है- 'समय को परखने वाला रंक से धनाढ्य और समय की उपेक्षा करने वाला करोड़पति से भिखारी हो जाता है।'

**69. (b)**
सही क्रम है – 'भारतीय गाँवों के सुधार के लिए अभी भारत सरकार और राज्य सरकारों को बहुत प्रयत्न करना होगा।'

**70. (d)**
सही क्रम है- समाचार-पत्रों में प्रकाशित विज्ञापनों द्वारा लोग उपयोगी आवश्यक तथा उत्तमोत्तम पदार्थों से परिचित होते हैं।

**71. (b)**
''राम सीता से सुन्दर है।'' इस वाक्य में अपादान कारक हैं। संज्ञा के जिस रूप से तुलना, समानता, अलगाव का भाव प्रकट हो, उसे अपादान कारक कहते हैं। जैसे–
(1) हिमालय से गंगा निकलती है।
(2) वह घर से बाहर आया।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**72. (a)**
क-वर्ग, च-वर्ग, ट-वर्ग, त-वर्ग तथा प-वर्ग को स्पर्श व्यंजन कहा जाता है। इनमें च-वर्ग (च, छ, ज, झ, ञ) के उच्चारण में अधिक संघर्ष होता है। अर्थात मुख से निकलने वाली वायु अधिक घर्षण करती है। यही कारण है। कि इन्हे स्पर्श संघर्षी व्यंजन कहते हैं। अतः 'ज' स्पर्श संघर्षी व्यंजन है। य, व, र, ल कोशल अन्तस्थ तथा श,ष, स, ह को ऊष्म या संघर्षी व्यंजन कहते हैं।

**73. (c)**
आकृति की दृष्टि से हिन्दी 'श्लिष्ट योगात्मक' या 'वियोगात्मक' प्रकार की भाषा है। चीनी भाषा मंदारिन 'अयोगात्मक' प्रकार की तथा द्रविड़ भाषा 'अश्लिष्ट योगात्मक' प्रकार की भाषा है।

**74. (c)**
सकल-शकल का अर्थ-संपूर्ण और अंश, कला-कृति का अर्थ - कौशल और रचना, 'सन् -संवत्' का अर्थ - वर्ष और देशी वर्ष, सबल-निर्मल का अर्थ- शक्तिशाली और साफ होता है।

**75. (b)**
'ऐ राकेश! यहाँ आओ'' में सम्बोधन कारक है।

| **कारक** | **चिन्ह** |
|---|---|
| कर्ता | ने |
| कर्म | को |
| करण | से या के द्वारा |
| सम्प्रदान | को, के लिए |
| अपादान | से (अलगाव के अर्थ में) |
| संबंध | का, की के, रा , री, रे |
| अधिकरण | में, पर |
| **सम्बोधन** | **हे! ऐ! हो!, अरे!** |

**76. (a)**

$$A+B=\frac{1}{9}+\frac{1}{12}$$

$$\Rightarrow\frac{4+3}{36}=\frac{7}{36} \text{ भाग}$$

$$\text{लगा समय} = \frac{36}{7}\Rightarrow 5\frac{1}{7} \text{ दिन}$$

**77. (c)**
माना अंकित मूल्य = 100x

छूट = 40x,

तब थोक विक्रेता का विक्रय मूल्य = फुटकर विक्रेता का क्रय मूल्य = 60x,

वस्तु को अंकित मूल्य पर फुटकर द्वारा बेचा जाता है

$$\text{लाभ \%} =\frac{40x}{60x}\times100 =\frac{200}{3}=66\frac{2}{3}\%$$

**78. (c)**
माना स्पिरिट की मात्रा = 3x

पानी की मात्रा = 2x

प्रश्नानुसार,

$$3x-2x = 3$$

$$x = 3$$

स्पिरिट की मात्रा = 3x = 3 × 3 ⇒ 9 लीटर

**79. (b)**
∵ 25 क्रय मूल्य = 20 विक्रय मूल्य

$$\therefore \frac{\text{क्रय मूल्य}}{\text{विक्रय मूल्य}}=\frac{20}{25}$$

$$\text{लाभ \%} =\frac{25-20}{20}\times100\Rightarrow\frac{5}{20}\times100\Rightarrow25\%$$

**80. (d)**
माना संख्या = 100x

$$=100x\times\frac{100-10}{100}\times\frac{100-20}{100}$$

$$= x\times90\times\frac{80}{100} = 72x$$

$$\text{अंत में कमी\%} =\frac{100x-72x}{100x}\times100 =\frac{28x}{100x}\times100 = 28\%$$

**81. (c)**




माना दोनो गाडी C पर मिलती है।

गाडी B से चलने के लिए दूरी = BC

$$25=\frac{BC}{t} \quad \left[\because \text{चाल}=\frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}\right]$$

BC = 25t

गाड़ी A से चलने के लिए

$$35=\frac{AB+BC}{t}$$

$$35t=60+25t \quad [\because BC=25t\ AB=60]$$

35t–25t = 60 ⇒ 10t = 60 ⇒ t = 6 घंटे

**82. (a)**

$$\because SI = \frac{P\times R\times T}{100}$$

$$60=\frac{P\times6\times5}{100} \Rightarrow P = 200 \text{ रु.}$$

**83. (c)**
A और B के कार्य करने की क्षमता का अनुपात = 2:3

तब A तथा B द्वारा लिये गये समय का अनुपात $=\frac{1}{2}:\frac{1}{3}=3:2$



GET IT ON Google Play
Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**84. (a)**

माना संख्याएँ 3x, 4x है।

प्रश्नानुसार,

$(3x)^2 + (4x)^2 = 400$

$9x^2 + 16x^2 = 400$

$25x^2 = 400$

$x^2 = 16 \Rightarrow x = 4$

संख्याएँ = $3x = 3 \times 4 = 12$

$4x = 4 \times 4 = 16$

संख्याओं का योग = $12 + 16 = 28$

**85. (b)**

माना विक्रय मूल्य = ₹100x

हानि $= 100x \times \frac{10}{100}$ = ₹10x

लागत = विक्रय मूल्य + हानि

$= 100x + 10x = 110x$

लागत मूल्य पर हानि % $= \frac{10x}{110x} \times 100 = \frac{100}{11} = 9\frac{1}{11}\%$

**86. (d)**

1 प्रतिशत = 100 आधार बिन्दु

तब (82.5–62.5)% = 20.0%

= 20 × 100= 2000 आधार बिन्दु

**87. (b)**

चाल = $\frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}$

$330 = \frac{\text{दूरी}}{10}$

दूरी = 3300 मी.

$= \frac{3300}{1000} = 3.3$ किमी.

**88. (c)**

$\because SI = \frac{P \times R \times T}{100}$

$\therefore \quad R = \frac{P \times R \times 2}{100}$

$P = 50$

अत: राशि = ₹ 50

**89. (c)**

$P^2 + \frac{1}{P^2} = 47$

$P^2 + \frac{1}{P^2} + 2 = 49$ (दोनों पक्षों में 2 जोड़ने पर)

$\left(P + \frac{1}{P}\right)^2 = (7)^2$

$P + \frac{1}{P} = 7$

**90. (b)**

माना 1 वस्तु का लागत मूल्य = ₹ 1

∴ प्रश्नानुसार,

तब 21 वस्तुओं का विक्रय मूल्य = ₹ 28

21 वस्तुओं का लागत मूल्य = ₹ 21

लाभ = 28-21= ₹ 7

अत: लाभ % = $\frac{7}{21} \times 100 = 33\frac{1}{3}\%$

**91. (d)**

पिछले वर्ष बेची गयी कुल कारें = 41,800

नये वर्ष में बेचने का लक्ष्य = 51,300

% वृद्धि $= \left(\frac{51300 - 41800}{41800}\right) \times 100$

$= \frac{9500}{41800} \times 100 = \frac{250}{11} = 22\frac{8}{11}\%$

**92. (c)**

नाव की गति = 20 किमी./घण्टा

धारा की गति = 5 किमी./घण्टा

धारा की दिशा में नाव की चाल = 20 + 5 = 25 किमी./घण्टा

100 किमी. की यात्रा तय करने में लगा समय = $\frac{100}{25} = 4$ घण्टे

**93. (d)**

माना धनराशि = ₹ x

मिश्रधन = ₹2x

सा.ब्याज = 2x–x

$\frac{x \times \text{दर} \times 8}{100} = x$

दर $= \frac{100}{8} = \frac{25}{2} = 12\frac{1}{2}\%$

**94. (c)**

शृंखला इस प्रकार है:-




**95. (b)**

शृंखला = 3, 13, 31, 58, 91, 111

= (1 × 2 + 1), (3 × 4 + 1), (5 × 6 +1),

(7 × 8 + 1), (9 × 10 + 1), (10 × 11 + 1)

= 3, 13, 31, 57, 91, 111

अत: शृंखला में 58 के स्थान पर 57 होना सही है।

**96. (c)**

सुरंग की लंबाई = 4 किमी.

रेलगाड़ी की लंबाई $= \frac{4}{8}$ किमी. = 0.5 किमी.

सुरंग पार करने में लगा समय = 6 मिनट $\Rightarrow \frac{1}{10}$ घंटा



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

रेलगाड़ी की चाल $= \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}$

$= \frac{4+0.5}{1/10}$

$= 4.5 \times 10$

= 45 किमी./घंटा

**97. (a)**

मूल शब्द ENTERTAINING से शब्द TERTIARY नहीं बनाया जा सकता है क्योंकि मूल शब्द में अक्षर 'Y' नहीं है।

**98. (a)**

मूल शब्द में अक्षर 'T' नहीं है।

**99. (b)**

केवल निष्कर्ष II सत्य है।

**100. (d)**

विकल्प (d) से

$9 - 7 \div 7 + 7 = 64$

प्रश्नानुसार चिन्ह बदलने पर,

$\Rightarrow 9 \times 7 + 7 \div 7 = 64$

$\Rightarrow 9 \times 7 + 1 = 64$

$\Rightarrow 64 = 64$

अतः विकल्प (d) का समीकरण सही है।

**101. (c)**

विकल्प (c) ये

$25 \div 7.2 - 5 = 22$

प्रश्नानुसार चिन्ह बदलने पर

$25 + 7 - 2 \times 5 = 22$

$\Rightarrow 25 + 7 - 10 = 22$

$\Rightarrow 32 - 10 = 22$

$22 = 22$

अतः विकल्प (c) का समीकरण सही है।

**102. (c)**




जोसेफ़ के घर जाने के लिए हनीफ द्वारा चली गयी दूरी (DE)

$= BC - AO$

$= 9 - 5 = 4$ किमी. बायें दिशा में

**103. (c)**

भौतिक विज्ञान तथा जीव विज्ञान दोनों चुनने वाले विद्यार्थियों की संख्या = 6 + 20 = 26

**104. (b)**

$\because$ 10 तारीख को शनिवार

$\therefore$ $10 + 2 \times 7 = 24$ तारीख को भी शनिवार होगा

$\therefore$ 27 तारीख को दिन = शनिवार + 3 $\Rightarrow$ मंगलवार

**105. (a)**

दिए गए कथन से यही निर्णय निकलता है कि केवल निष्कर्ष I सही है।

**106. (d)**

बड़े भाई की उम्र = 15 वर्ष

$\therefore$ छोटे भाई की उम्र = 15 – 5 = 10 वर्ष

$\because$ छोटे भाई के जन्म लेने के समय माता की उम्र

= 37 वर्ष

$\therefore$ बड़े भाई के जन्म लेने के समय माता की उम्र

= 37– 5 = 32 वर्ष

$\therefore$ बड़े भाई के जन्म लेने के समय पिता की उम्र

= 32 + 5 = 37 वर्ष

$\therefore$ बड़े भाई के जन्म के समय उनकी (माता और पिता) की उम्र

= 32 + 37 = 69 वर्ष

**107. (a)**

प्रश्नानुसार,

सभी फलों के पेड़ों की लंबाइयों की स्थिति निम्न है।

आम = नारियल < अमरुद < केला < ताड़

स्पष्ट है कि 'ताड़' का पेड़ सर्वाधिक लम्बा है।

**108. (b)**

$5^3 \rightarrow 125,$

$4^3 \rightarrow 32\ \boxed{64},$

$3^3 \rightarrow 27,$

$2^3 \rightarrow 8$

अतः विकल्प (b) अन्य से भिन्न है क्योंकि अन्य विकल्पों में पहली संख्या का घन दूसरी संख्या है, जबकि ($4^3$=32) नहीं होगा।

**109. (b)**

$PA\boxed{I}R \rightarrow 12\boxed{3}4$

$LA\boxed{I}R \rightarrow 52\boxed{3}4$

$L\boxed{I}MP \rightarrow 5\boxed{3}96$

दिये गये कूट से स्पष्ट है कि, I अक्षर का कूट 3 है।

**110. (a)**

शृंखला निम्नवत है-

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 27 | 64 | 125 | $\boxed{216}$ | 343 |
| $\downarrow$ | $\downarrow$ | $\downarrow$ | $\downarrow$ | $\downarrow$ | $\downarrow$ | $\downarrow$ |
| $1^3$ | $2^3$ | $3^3$ | $4^3$ | $5^3$ | $6^3$ | $7^3$ |

अतः दी गई शृंखला में खाली स्थान पर 216 होगा।

**111. (c)**

दिया गया है-

$+ = \div$

$- = \times$

$\div = -$

तथा $\times = +$

प्रश्नानुसार,

$65 - 10 + 5 \div 3 \times 4 = ?$

चिन्हों को परिवर्तित करने पर-

$\Rightarrow \quad 65 \times 10 \div 5 - 3 + 4 = 65 \times 2 + 1 = 130 + 1 = 131$



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**112. (d)**

a. $1^2 + 1 = 2$

b. $5^2 + 1 = 26$

c. $7^2 + 1 = 50$

d. $6^2 - 1 = \boxed{35}$

**113. (c)**

दिया है- 45–25= 2, 78–45 = 3

यहाँ पर हम देखते हैं कि दिये गये समीकरण में पहले दहाई के स्थान के अंक को दूसरे दहाई के स्थान के अंक से घटा करके कोड किया गया है। उसी प्रकार 61–40= 2 ।

**114.** (b)

$$\text{औसत आयात} = \frac{410+450+375+425+550}{5}$$

$$= \frac{2210}{5} = 442 \text{ करोड़}$$

अतः 3 वर्ष ऐसे हैं जिनमें किया गया निर्यात औसत आयात से अधिक है।

**115.** (d)

2014, 2016 और 2017 का कुल आयात

$= 410 + 375 + 425 = 1210$

2015 और 2016 का कुल निर्यात $= 560 + 540 = 1100$

अभीष्ट अनुपात $= 1210 : 1100 = 11 : 10$

**116.** (a)

वर्ष 2016 और 2017 में कुल आयात,

$= 375 + 425 = 800$

वर्ष 2014, 2015 और 2018 में कुल निर्यात

$= 500 + 560 + 440 = 1500$

$$\text{अभीष्ट कमी \%} = \frac{(1500-800)}{1500} \times 100 = 46.7\%$$

**117.** (a)

B, D और E शहर में समाचार पत्र P की कुल दैनिक बिक्री $= 560 + 750 + 550 = 1860$

शहर A, C, D और E में समाचार पत्र Q की कुल दैनिक बिक्री

$= 450 + 650 + 680 + 620 = 2400$

$$\text{अभीष्ट कमी प्रतिशत} = \frac{2400-1860}{2400} \times 100$$

$$= \frac{540}{2400} \times 100 = 22.5\%$$

**118.** (c)

शहर A और C में समाचार पत्र P की दैनिक बिक्री

$= 640 + 480 = 1120$

तथा शहर B और D में समाचार पत्र Q की दैनिक बिक्री,

$= 600 + 680 = 1280$

अनुपात $= 1120 : 1280 = 7 : 8$

**119.** (c)

शहरों A, B, C, D और E में समाचार पत्र Q की औसत बिक्री =

$$\frac{450+600+650+680+620}{5}$$

$$= \frac{3000}{5} = 600$$

∴ शहरों A, B, C, D तथा E में समाचार पत्र Q की औसत बिक्री का 1.25 गुना $= 600 \times 1.25 = 750$

अतः शहर D में समाचार पत्र P की दैनिक बिक्री शहरों A, B, C, D तथा E में समाचार पत्र Q के औसत बिक्री की 1.25 गुना है।

**120.** (c)

वर्ष 2010 से वर्ष 2014 तक गेहूँ के आयात में % परिवर्तन

$$= \frac{25}{150} \times 100 = 16.67$$

**121.** (b)

$$\text{औसत} = \frac{100+150+200+165+225}{5}$$

$$= \frac{840}{5} = 168$$

**122.** (c)

4 वर्षों में आयात वर्ष 2012 से अधिक था।

अतः विकल्प (c) सही है।

**123. (c)**

जिस प्रकार, जपान की मुद्रा येन है। उसी प्रकार भारत की राष्ट्रीयता भारतीय है।

**124. (c)**

जिस प्रकार,

$P \xrightarrow{+1} Q$

$R \xrightarrow{+2} T$

$A \xrightarrow{+3} D$

$G \xrightarrow{+4} K$

उसी प्रकार,

$S \xrightarrow{+1} \boxed{T}$

$T \xrightarrow{+2} \boxed{V}$

$O \xrightarrow{+3} \boxed{R}$

$P \xrightarrow{+4} \boxed{T}$

**125. (c)**

जिस प्रकार,

$$562 = 5 \times 6 \times 2 = \frac{60}{2} = 30$$

उसी प्रकार,

$$663 = 6 \times 6 \times 3 = \frac{108}{2} = 54$$

**126. (a)**

कैरम, टेबल टेनिस तथा शतरंज सभी इनडोर गेम है जबकि क्रिकेट आउटडोर गेम है। अतः क्रिकेट अन्य सभी से विषम है।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**127. (c)**

(a) I M X: $\lfloor +4 \uparrow \lfloor +11 \uparrow$ (b) D H S: $\lfloor +4 \uparrow \lfloor +11 \uparrow$

(c) G W K: $\lfloor +16 \uparrow \lfloor -12 \uparrow$ (d) K O Z: $\lfloor +4 \uparrow \lfloor +11 \uparrow$

अतः विकल्प (c) अन्य सभी से विषम है।

**128. (b)**

(a) 122 – 1331 → $11^2+1$, $11^3$ (b) 173 – 2197 → $13^2+4$, $13^3$

(c) 197 – 2744 → $14^2+1$, $14^3$ (d) 290 – 4913 → $17^2+1$, $17^3$

अतः विकल्प (b) अन्य सभी से विषम है।

**129. (a)**

शब्दकोश के अनुसार क्रम निम्नवत है–

(3) Xanthic → (4) Xenians → (1) Xenons → (2) Xylyls → (5) Xyst

**130. (a)**

$L \xrightarrow{+7} S \xrightarrow{+7} Z \xrightarrow{+7} \boxed{G}$

$O \xrightarrow{+7} V \xrightarrow{+7} C \xrightarrow{+7} \boxed{J}$

$Q \xrightarrow{+7} X \xrightarrow{+7} E \xrightarrow{+7} \boxed{L}$

**131. (d)**

संख्या श्रृंखला का क्रम निम्नवत् है–

13 → 27 → 56 → 115 → $\boxed{234}$

$\times2+1$, $\times2+2$, $\times2+3$, $\times2+4$

**132. (c)**

सुमित्रा के अनुसार उसकी माता का जन्मदिन 13 फरवरी के बाद लेकिन 16 फरवरी के पहले है अर्थात् 14 या 15 फरवरी को है। परन्तु सुमित्रा के भाई के अनुसार माता का जन्मदिन 14 फरवरी के बाद 17 फरवरी के पहले है।

अर्थात् 15, 16

अतः उभयनिष्ठ तारीख = 15 फरवरी

**133. (c)**

मोटो > रेड > बुल > एनर्जी > लॉयन

अतः दूसरी सबसे अधिक चीनी की मात्रा रेड में है।

**134. (b)**

दिये गए शब्द में 'N' का प्रयोग एक ही बार हुआ है जबकि TANING शब्द में N का प्रयोग दो बार हुआ है। अतः दिये गये शब्द से TANING नहीं बनाया जा सकता है।

**135. (d)**

जिस प्रकार,

W I L D H O R N

(23+ 9+ 12+ 4+ 8+ 15+ 18+ 14) = 103

$= 103 + (103 \times 10)$

$= 103 + 1030$

$= 1133$

R A P T U R E

18+ 1+ 16+ 20+ 21+ 18+ 5 = $99 + 99 \times 10$

$= 99 + 990$

$= 1089$

उसी प्रकार,

P O R T L O U I S

16+ 15+ 18+ 20+ 12+ 15+ 21+ 9+ 19 = 145

$= 145 + (145 \times 10)$

$= 145 + 1450$

$= 1595$

**136. (c)**

A ⟶ –

B ⟶ +

C ⟶ ÷

D ⟶ ×

विकल्प (c) से,

प्रश्नानुसार,

$13 \div 13 - 13 + 13 \times 13$

$= 1 - 13 + 169$

$= -12 + 169$

$= 157$

अतः विकल्प (c) सही है।

**137. (b)**

$\Rightarrow 9*2*5 = 23$

$= (9+5) \times 2 - 5$

$= 14 \times 2 - 5$

$= 28 - 5 = 23$

$\Rightarrow$ $1*4*8 = 28$

$(8+1) \times 4 - 8$

$9 \times 4 - 8 = 28$

$36 - 8 = 28$

$\Rightarrow$ $1*6*3$

$\Rightarrow$ $(1+3) \times 6 - 3$

$= \boxed{24 - 3 = 21}$



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**138. (d)** जिस प्रकार,

$9^2 + 6^2$

$81 + 36 = 117$

तथा

$8^2 + 2^2$

$64 + 4 = 68$

उसी प्रकार,

$7^2 + 3^2$

$\boxed{49 + 9 = 58}$

**139. (a)**




8 त्रिभुज + Δ (1 + 2) + Δ(3 + 4) + Δ(5 + 6) + Δ(8 + 7) + Δ ABE + Δ DCE + Δ CEB + Δ DEA + Δ ADC + Δ ABC + Δ DBC + Δ DAB = 20 त्रिभुज

**140. (c)**




अतः न तो निष्कर्ष I तथा न ही निष्कर्ष II सही है।

**141. (b)**




(ii) (iii)

दोनों पासों की तुलना करने पर,

| | | |
|---|---|---|
| θ | δ | β |
| ↕ | ↕ | ↕ |
| θ | α | η |

अतः α के विपरीत फलक पर δ चिन्ह होगा।

**142. (c)**




क्योंकि सभी पालतू जानवर बिल्ली नहीं होती और न ही सभी पालतू जानवर कुत्ते होते है।

**143. (b)**

उत्तर आकृति विकल्प (b) प्रश्न आकृति के प्रतिरूप को पूरा करेगी।

**144. (b)**

उत्तर आकृति विकल्प (b) में प्रश्न आकृति निहित है।

**145. (d)**

प्रश्नानुसार,

कागज को मोड़कर छेदने तथा खोलने पर वह उत्तर आकृति विकल्प (d) जैसी दिखाई देगी।

**146. (b)**

इस प्रकार उपरोक्त प्रश्न में दी गई प्रश्न आकृति का दर्पण में सही दिखाई देने वाला प्रतिबिंब उत्तर आकृति 'A' के समान होगा।

**147. (a)**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| M ⟶ | [00], | 12, | 24, | 31, | 43 |
| A ⟶ | 03, | 10, | 22, | 34, | [41] |
| Z ⟶ | 56, | 68, | 75, | 87, | [99] |
| E ⟶ | 58, | 65, | 77, | 89, | [96] |

अतः $\boxed{\text{MAZE} \to 00, 41, 99, 96}$

**148. (a)**

शृंखला निम्नवत है-




अतः अगली संख्या 24 होगी।

**149. (c)**

शृंखला निम्नवत् है–




**150. (c)**

शृंखला निम्नवत है-






GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

@GKTrickbyNitinGupta
Nitin-Gupta.com

# हमारे Telegram Channel को Join करें

CLICK HERE

## यहाँ आपको मिलेगा -

- Daily Current Affairs
- All Subject PDF
- Motivational Post

COME ON JOIN US

@GKTrickByNitin